फाल्गुन कृष्ण पक्ष, षष्ठी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 1 मार्च 2024
वर्ष -34, अंक -36, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

भारत ने कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान को फटकारा 16

तेरा क्या होगा लवली में इलियाना और रणदीप 15

भाजपा ने डेढ़ सौ सीटों पर उम्मीदवार तय किए

नई दिल्ली, एजेंसी

- पार्टी एक-दो दिन में जारी कर सकती है पहली सूची

भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की गुरुवार शाम महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें लोकसभा चुनाव के लिए पांच राज्यों की करीब 150 सीटों पर उम्मीदवारों के नामों पर विचार किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में हुई बैठक की अध्यक्षता भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने की।

बैठक में केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह के अलावा राजस्थान, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ प्रदेशों के चुनाव प्रभारी, सह प्रभारी, पांचों भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश संगठन महामंत्री भी मौजूद थे। बैठक में उत्तर प्रदेश की 80, उत्तराखंड की पांच, राजस्थान की 24, मध्य प्रदेश की 29 एवं छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों पर चर्चा हुई। इन 149 सीटों में 122 सीटें भाजपा के पास हैं। हारी हुईं 27 सीटों में से अधिकांश नए चेहरे होने की संभावना है। उम्मीद है कि एक दो दिन में पहली सूची जारी हो जाएगी।

अक्टूबर-दिसंबर में 8.4 प्रतिशत रही आर्थिक वृद्धि दर

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनएसओ ने जारी किए आंकड़े, समूचे वित्त वर्ष में 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान

देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष (2023-24) की तीसरी अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में तेजी से बढ़कर 8.4 प्रतिशत हो गई, जिसमें विनिर्माण, खनन और निर्माण क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन की अहम भूमिका रही है। आर्थिक वृद्धि का यह अनुमान जताए गए विभिन्न अनुमानों से कहीं अधिक है। आरबीआई ने तीसरी तिमाही में वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत और पूरे वित्त वर्ष के लिए सात प्रतिशत रहने की संभावना जताई थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत रही है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 4.3 प्रतिशत रही थी। जीडीपी वृद्धि एक निश्चित अवधि में वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य में वृद्धि को दर्शाती है। इसके साथ ही एनएसओ ने राष्ट्रीय खातों के अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए देश की वृद्धि दर के बढ़कर 7.6 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया है। इस साल जनवरी में जारी पहले अग्रिम अनुमान में जीडीपी वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था। एनएसओ ने पिछले वित्त वर्ष 2022-23 के लिए जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को भी संशोधित कर सात प्रतिशत कर दिया है। पहले इसके 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में सकल मूल्य-वर्धन (जीवीए) के हिसाब से विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 11.6 प्रतिशत बढ़ा, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में इसमें 4.8 प्रतिशत की गिरावट आई थी। वहीं, आलोच्य अवधि में खनन और उत्खनन में 7.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो एक साल पहले सिर्फ 1.4 प्रतिशत थी। निर्माण क्षेत्र ने अपनी वृद्धि दर को एक साल पहले की तरह 9.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है।

यह वृद्धि अर्थव्यवस्था की ताकत को दर्शाती है : प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि दर भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती और उसकी क्षमता को दर्शाती है। प्रधानमंत्री मोदी ने ''एक्स'' पर एक पोस्ट में कहा कि 2023-24 की तीसरी तिमाही में 8.4 प्रतिशत की मजबूत जीडीपी वृद्धि भारतीय अर्थव्यवस्था की ताकत और इसकी क्षमता को दर्शाती है। हमारे प्रयास तेज आर्थिक विकास लाने के लिए जारी रहेंगे, जिससे 140 करोड़ भारतीयों को बेहतर जीवन जीने और एक विकसित भारत बनाने में मदद मिलेगी।

एक नजर

चालक रहित ट्रेन मामले में लोको पायलट बर्खास्त

नई दिल्ली। उत्तर रेलवे ने जम्मू के कठुआ से पंजाब के उच्ची बस्सी तक लगभग 78 किलोमीटर तक बिना चालक के चलने वाली एक मालगाड़ी के लोको पायलट को सेवा से हटा दिया है। उन्होंने कहा कि उसकी लापरवाही के कारण एक बड़ा हादसा हो सकता था जिससे लोगों की जान जा सकती थी। रेलवे सूत्रों ने कहा कि इस मामले में एक उच्च स्तरीय जांच जारी है तथा कुछ और लोगों के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। बता दें कि घटना के तुरंत बाद उत्तर रेलवे ने लोको पायलट समेत छह लोगों को निलंबित कर दिया था।

ओपीएस लागू नहीं होने पर हड़ताल की दी धमकी

नई दिल्ली। ज्वाइंट फोरम फॉर रिस्टोरेशन ऑफ ओल्ड पेंशन स्कीम (जेएफआरओपीएस) के तहत एकजुट हुईं रेलवे कर्मचारियों व श्रमिक यूनियनों ने धमकी दी है कि अगर पुरानी पेंशन योजना लागू करने की उनकी मांग नहीं मानी गई तो वे एक मई से देश भर में सभी ट्रेन सेवाओं का संचालन बंद कर देंगी, हड़ताल किया जाएगा। जेएफआरओपीएस के संयोजक शिव गोपाल मिश्रा ने कहा कि हम 19 मार्च को आधिकारिक तौर पर रेल मंत्रालय को एक नोटिस देंगे, जिसमें 1 मई से ट्रेनों का संचालन रोकने के बारे में सूचित किया जाएगा।

बनभूलपुरा हिंसा का वांछित मोईद गिरफ्तार

हल्द्वानी। बनभूलपुरा हिंसा के आखिरी वांटेड और हिंसा के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक के बेटे अब्दुल मोईद को एसओजी ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। तड़के टीम ने उसके ठिकाने पर दबिश दी। कई राज्यों में फरारी काटने के बाद उसने दिल्ली के एक मुस्लिम बाहुल्य इलाके में छिपने का ठिकाना बनाया था। 8 फरवरी को हुई हिंसा के बाद 21वें दिन उसकी गिरफ्तारी हुई।

केंद्रीय कैबिनेट ने दी पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी

देश में 1 करोड़ घरों को मिलेगी 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली

छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए 78,000 रुपये तक मिलेगी सब्सिडी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दे दी। इस पर 75,021 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। योजना के तहत एक करोड़ घरों को छतों पर सौर संयंत्र लगाने के लिए 78,000 रुपये तक सब्सिडी और 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी।

केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि छत पर सौर संयंत्र लगाने और एक करोड़ परिवारों को हर महीने प्रति परिवार 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त देने की योजना को मंजूरी दी गई है। प्रधानमंत्री ने 13 फरवरी, 2024 को यह योजना शुरू की थी। योजना के तहत दो किलोवाट क्षमता की सौर प्रणाली के लिए लागत का 60 प्रतिशत और दो किलोवाट से तीन किलोवाट क्षमता के बीच प्रणाली के लिए अतिरिक्त लागत के 40 प्रतिशत की केंद्रीय वित्तीय सहायता मिलेगी। यह सहायता तीन किलोवाट तक के लिए है।

मौजूदा मानक कीमतों पर देखा जाए तो एक किलोवाट क्षमता की सौर प्रणाली के लिए 30,000 रुपये, दो किलोवाट क्षमता की सौर प्रणाली के लिए 60,000 रुपये और तीन किलोवाट क्षमता या उससे अधिक के लिए सब्सिडी 78,000 रुपये होगी। योजना के तहत प्रत्येक जिले के एक गांव को 'मॉडल सोलर' गांव के रूप में विकसित किया जाएगा। यह ग्रामीण क्षेत्रों में छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए 'रोल मॉडल' के रूप में कार्य करेगा। इसके अलावा, स्थानीय शहरी निकायों और पंचायती राज संस्थानों को भी अपने क्षेत्रों में छतों पर सौर संयंत्र लगाने को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

पीएम सूर्य घर पोर्टल पर करवा सकते हैं पंजीकरण

परिवार राष्ट्रीय पोर्टल पीएम सूर्य घर डॉट गॉव डॉट इन (https://pmsuryaghar.gov.in) के माध्यम से सब्सिडी के लिए आवेदन करेंगे और छत पर सौर ऊर्जा स्थापित करने के लिए एक उपयुक्त विक्रेता का चयन कर सकेंगे। राष्ट्रीय पोर्टल के जरिए उपयुक्त सौर प्रणाली, लाभ आकलन, विक्रेता रेटिंग आदि जैसी जरूरी जानकारी उपलब्ध होगी। परिवार रिहायशी मकानों में छतों पर तीन किलोवाट तक की क्षमता के सौर संयंत्र लगाने के लिए करीब सात प्रति ब्याज पर बिना किसी गारंटी के कर्ज ले सकेंगे।

अधिशेष बिजली की बिक्री से कर सकेंगे कमाई

इस योजना के माध्यम से, परिवार बिजली बिल बचाने के साथ-साथ वितरण कंपनियों को अधिशेष बिजली की बिक्री के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित कर सकेंगे। घर में अगर तीन किलोवाट क्षमता की सौर प्रणाली लगाई जाती है, तो इससे प्रतिमाह औसतन 300 से अधिक यूनिट बिजली पैदा की जा सकेगी। अनुमान है कि इस योजना से प्रत्यक्ष रूप से लगभग 17 लाख नौकरियां सृजित होंगी।

अन्य फैसले...

- बाघों के संरक्षण को इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस का होगा गठन
- तीन सेमीकंडक्टर इकाइयां स्थापित किए जाने पर भी लगी मुहर
- 12 महत्वपूर्ण एवं सामरिक खनिजों पर रॉयल्टी दर तय की गई
- राष्ट्रीय एक स्वास्थ्य संस्थान, नागपुर में निदेशक पद सृजन को मंजूरी

पीएंडके उर्वरकों पर 24,420 करोड़ रुपये सब्सिडी : सरकार ने आगामी खरीफ सत्र के लिए फॉस्फेटिक एवं पोटाश (पीएंडके) उर्वरकों पर 24,420 करोड़ रुपये की सब्सिडी देने की घोषणा की। कहा है कि किसानों को प्रमुख पोषक तत्व डीएपी 1,350 रुपये प्रति क्विंटल के दाम पर मिलती रहेगी। कैबिनेट बैठक में पीएंडके उर्वरकों पर 1 अप्रैल से 30 सितंबर तक के खरीफ सत्र के लिए पोषक तत्व-आधारित सब्सिडी दरें तय करने के लिए उर्वरक विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि आगामी खरीफ सत्र के लिए नाइट्रोजन पर सब्सिडी 47.02 रुपये, फॉस्फेटिक पर 28.72 रुपये, पोटाश पर 2.38 रुपये और सल्फर पर 1.89 रुपये प्रति किलोग्राम तय की गई है।

सीरियल बम विस्फोट केस में करीम टुंडा बरी

जयपुर, एजेंसी

- 1993 में देशभर में पांच ट्रेनों में हुए थे सिलसिलेवार धमाके
- अजमेर की टाडा कोर्ट ने दो अन्य आरोपियों को दी उम्रकैद

अजमेर की एक विशेष अदालत ने 1993 में कई ट्रेनों में हुए सिलसिलेवार बम विस्फोटों के मामले में मुख्य आरोपी अब्दुल करीम टुंडा को गुरुवार को यह कहते हुए बरी कर दिया कि अभियोजन पक्ष आरोपों को साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत पेश नहीं कर सका।

न्यायाधीश महावीर प्रसाद गुप्ता की टाडा अदालत ने दो अन्य आरोपियों-इरफान और हमीदुद्दीन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। भारत में वांछित आतंकवादी दाऊद इब्राहिम के घनिष्ठ सहयोगी टुंडा (81) पर दिसंबर 1993 में बाबरी मस्जिद विध्वंस की पहली बरसी पर विभिन्न शहरों में पांच ट्रेनों में विस्फोट करने का आरोप है। इन बम धमाकों में दो लोगों की मौत हो गई थी और कई घायल हुए थे। टुंडा के वकील शफकतुल्लाह सुल्तानी ने अजमेर में संवाददाताओं से कहा कि अदालत ने अब्दुल करीम टुंडा को उसके खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों से बरी कर दिया। टाडा अदालत ने 5-6 दिसंबर 1993 की रात लखनऊ, कानपुर, हैदराबाद, सूरत और मुंबई में यात्री ट्रेनों में हुए विस्फोटों के मामले में मुख्य आरोपी टुंडा और सह आरोपियों इरफान उर्फ पप्पू और हमीदुद्दीन- के खिलाफ 30 सितंबर 2021 की आरोप तय किए थे।

धमाकों में हुई थीं दो मौतें, 22 लोग हुए थे घायल

नई दिल्ली और हावड़ा जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेनों, नई दिल्ली-मुंबई राजधानी एक्सप्रेस, सूरत-बड़ौदा फ्लाइंग क्वीन एक्सप्रेस और हैदराबाद-नई दिल्ली एपी एक्सप्रेस में हुए विस्फोटों में दो लोग मारे गए थे और कम से कम 22 घायल हो गए थे। आरोपियों के खिलाफ आतंकवादी और विघटनकारी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के साथ ही विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान की रोकथाम अधिनियम और भारतीय रेलवे अधिनियम के तहत आरोप लगाए गए थे।

भाजपा के प्रकोष्ठ के तौर पर काम कर रही है सीबीआई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सीबीआई के समन पर अखिलेश यादव का भाजपा पर पलटवार
- बोले-पांच साल तक क्यों नहीं भेजा समन, चुनाव के करीब ही क्यों

अमृत विचार : सपा प्रमुख अखिलेश यादव अवैध खनन मामले में गुरुवार को पूछताछ के लिए सीबीआई के सामने हाजिर नहीं हुए, लेकिन जवाब जरूर दिया है। सपा प्रमुख ने सीबीआई से जांच दिल्ली की जगह लखनऊ में कराने की मांग की है। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़ने का भी प्रस्ताव रखा है।

सूत्रों के मुताबिक, अखिलेश यादव ने समन के जवाब में कहा कि जांच में सहयोग के लिए तैयार हूं, लखनऊ में जांच हो या फिर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से भी जुड़ सकता हूं। साथ ही सवाल भी उठाया कि चुनाव से पहले ही नोटिस क्यों भेजा है? 2019 के बाद यानी पिछले 5 सालों में कोई जानकारी क्यों नहीं मांगी गई? अखिलेश ने गुरुवार को लखनऊ में पार्टी कार्यालय पर पीडीए की बैठक को संबोधित किया। बैठक में उन्होंने कहा, भाजपा इस समय सबसे कमजोर स्थिति में है। वह संवैधानिक संस्थाओं को अपने प्रकोष्ठ की तरह प्रयोग कर रही है। अखिलेश की पत्नी और सपा सांसद डिंपल यादव ने भी कहा, वे ऐसे पहले नेता प्रतिपक्ष नहीं हैं जिन्हें समन भेजा गया है। लगातार नेताओं, उद्योगपतियों, व्यापारियों, छोटे व्यापारियों पर दबाव बनाया जा रहा है।

अवनीश अवस्थी का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुख्य सलाहकार सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अवनीश कुमार अवस्थी का कार्यकाल शासन ने एक साल के लिए बढ़ा दिया है। गुरुवार को जारी नए आदेश के बाद अवनीश अवस्थी का कार्यकाल एक मार्च 2024 से 28 फरवरी 2025 तक के लिए बढ़ा दिया गया है। उप्र. कैडर के 1987 बैच के आईएएस अधिकारी अवनीश अवस्थी का कार्यकाल दूसरी बार बढ़ाया गया है। इससे पहले उनका कार्यकाल 1 मार्च 2023 से 29 फरवरी 2024 तक बढ़ा था।

संदेशखालि : शाहजहां शेख गिरफ्तार तृणमूल से छह साल के लिए निलंबित

- ईडी टीम पर हमले के मामले में फरार था बाहुबली नेता
- हाईकोर्ट की सख्ती पर की गई गिरफ्तारी की कार्रवाई

बशीरहाट, एजेंसी। पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के नेतृत्व में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन और कई दिनों तक चले सियासी संग्राम के बाद गुरुवार तड़के 55 दिनों से फरार तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख को गिरफ्तार कर लिया गया। शेख पर यौन उत्पीड़न एवं जमीन हड़पने का आरोप है। हालांकि उसकी गिरफ्तारी ईडी की टीम पर हमला करने के मामले में हुई है। इस बीच तृणमूल कांग्रेस ने शेख को पार्टी से छह साल के लिए निलंबित कर दिया है।

पार्टी नेता डेरेक ओ''ब्रायन ने कहा कि महिलाओं के यौन शोषण और जमीन हड़पने के आरोपी शाहजहां शेख को छह वर्ष के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया गया। संदेशखालि विधानसभा क्षेत्र का पार्टी संयोजक शेख उत्तर 24 परगना जिला परिषद के सदस्य भी था। एडीजी (दक्षिण बंगाल) सुप्रतिम सरकार ने कहा कि शेख को उत्तर 24 परगना जिले के सुंदरवन के बाहरी इलाके में संदेशखालि से लगभग 30 किमी दूर मिनाखान थाना क्षेत्र में एक घर से गिरफ्तार किया गया। शेख कुछ साथियों के साथ उस घर में छिपा था। गिरफ्तारी के बाद उसे बशीर हाट कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। सफेद कुर्ता-पायजामा पहने शेख सुबह करीब 10 बजकर 40 बजे हवालात से बाहर आया और अदालत कक्ष की ओर गया। उसने वहां इंतजार कर रहे मीडियाकर्मियों की तरफ हाथ हिलाया। मुश्किल से दो मिनट तक चली अदालती सुनवाई के बाद उसे कोलकाता के भवानी भवन ले जाया गया, जो पुलिस मुख्यालय है।

पहली मार्च से शुरू होगी गेहूं की सरकारी खरीद

- 2275 रुपये प्रति कुंतल तय किया गया है समर्थन मूल्य

लखनऊ। पहली मार्च यानी आज से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू होगी, जो 15 जून तक चलेगी। सरकार ने 2275 रुपये प्रति कुंतल गेहूं का समर्थन मूल्य निर्धारित किया है। राज्य सरकार ने निर्देश दिया है कि इस दौरान किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने चाहिए। गेहूं की बिक्री हेतु किसानों को खाद्य व रसद विभाग के पोर्टल पर विभाग के मोबाइल एप पर पंजीकरण-नवीनीकरण कराना अनिवार्य है।

वहीं, विभाग की ओर से किसानों से अनुरोध किया गया है कि गेहूं को ओसाकर, मिट्टी, कंकड़, धूल आदि को साफकर अच्छी तरह से सुखाकर ही क्रय केंद्र पर बिक्री के लिए लेकर जाएं। इस वर्ष बटाईदार किसानों द्वारा भी पंजीकरण कराते हुए गेहूं की बिक्री की जा सकेगी। खाद्य एवं रसद विभाग के पोर्टल पर अब तक 1,09,709 किसान पंजीयन करा चुके हैं। किसी भी विषम परिस्थितियों के लिए खाद्य व रसद विभाग ने टोल फ्री नंबर 18001800150 जारी किया है।

हिमाचल में कांग्रेस के छह विधायक अयोग्य करार, जाएंगे सुप्रीम कोर्ट

शिमला, एजेंसी

- विधानसभा अध्यक्ष ने दल बदल कानून के तहत की कार्रवाई
- राज्यसभा के लिए वोटिंग में भाजपा प्रत्याशी को दिया था वोट

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने राज्य की एकमात्र राज्यसभा सीट के लिए हाल ही में हुए चुनाव में 'क्रॉस वोटिंग' करने के लिए गुरुवार को छह कांग्रेस विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया। बागी विधायकों ने इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने का निर्णय लिया है। बागी विधायकों ने वित्त विधेयक पर सरकार के पक्ष में मतदान करने के पार्टी व्हिप की अवहेलना करते हुए विधानसभा में बजट पर मतदान से भी परहेज किया था।

अयोग्य घोषित किए गए विधायकों में राजेंद्र राणा, सुधीर शर्मा, इंद्रदत्त लखनपाल, देवेंद्र कुमार भुट्टो, रवि ठाकुर और चैतन्य शर्मा शामिल हैं। बागी विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने के बाद सदन में कुल विधायकों की संख्या 68 से घटकर 62 रह गई है। इससे कांग्रेस विधायकों की संख्या 40 से घटकर 34 हो गई है।

पार्टी में सभी मतभेद दूर, संकट खत्म : शिवकुमार

शिमला। कांग्रेस के केंद्रीय पर्यवेक्षक डीके शिवकुमार ने गुरुवार को घोषणा की कि सभी मतभेद दूर हो गए हैं। सभी आंतरिक मामलों को सुलझाने के लिए एक समन्वय समिति बनाने का निर्णय लिया गया है। दावा किया कि राज्य की कांग्रेस सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी। शिवकुमार ने ये बातें संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहीं, जिसमें दो अन्य केंद्रीय पर्यवेक्षक भूपेंद्र सिंह हुड्डा और भूपेश बघेल, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और हिमाचल कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह भी शामिल थीं।

पाकिस्तान भाजपा के लिए दुश्मन, हमारे लिए पड़ोसी देश

बेंगलुरु। कर्नाटक राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवारों की जीत के बाद पाकिस्तान समर्थक नारे लगने का मामला बढ़ता जा रहा है। इस मामले पर विधानसभा में भाजपा नेताओं ने हंगामा भी किया। इस बीच कांग्रेस नेता बीके हरिप्रसाद ने पाकिस्तान को लेकर एक ऐसा बयान दिया, जिसने मामले को और बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान भाजपा के लिए दुश्मन हो सकता है, लेकिन कांग्रेस के लिए एक पड़ोसी देश है। हरिप्रसाद के इस बयान पर भाजपा ने कांग्रेस पर देश विरोधी भावनाएं उकसाने का आरोप लगाया है।

'प्रतिभा' से ग्रामीण क्षेत्रों में लाएंगे नवाचार

विशेष

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- ग्रामीण विकास मंत्रालय का विकसित किया गया पोर्टल जल्द होगा लागू
- फ्लैगशिप कार्यक्रमों को मिलेगा बढ़ावा, सभी जिलाधिकारियों को पत्र

अमृत विचार : प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में विकास के लिए अनुसंधान और नवाचार अपनाया जाएगा। इसके प्रोत्साहन के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय ने प्रोग्राम फॉर एक्शन थ्रू इंटर्नशिप भारत (प्रतिभा) पोर्टल विकसित किया है।

ये पोर्टल जल्द ग्रामीण इलाकों में लागू होगा। इससे माध्यम से विकास मंत्रालय के फ्लैगशिप यानी महत्वाकांक्षी कार्यक्रमों को बढ़ावा मिलेगा। संचालन के लिए ग्राम पंचायतों में प्रशिक्षित युवक (इंटर्न्स) रखे जाएंगे। इन्हें ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्रालय से जुड़े सभी कार्यक्रम का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह ग्रामीणों को प्रेरित करेंगे और विकास के क्षेत्र में नवाचार पर काम करेंगे। गांव की बेहतरी के लिए क्या जरूरी है, इसकी खोज कर क्रियान्वयन भी करेंगे। शासन ने सभी जिलाधिकारी को पोर्टल के क्रियान्वयन के लिए पत्र जारी किया है। लखनऊ में इसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है।

हर ग्राम पंचायत पर रखे जाएंगे दो युवक

हर ग्राम पंचायत पर दो युवक रखे जाएंगे। इनका चयन दो माह के अंदर जिले स्तर पर होना है। विभाग युवाओं को कौशल उन्नयन के लिए प्रशिक्षित करेगा। इसके बाद राज्य, जिला, ब्लॉक, उत्पादक, उद्यम, क्लस्टर, ग्राम पंचायत या फिर ग्रामीण विकास मंत्रालय की किसी योजना में तैनात किए जाएंगे। जो विकास के क्षेत्र में काम करेंगे। जिला स्तर पर इंटर्नशिप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी जिलाधिकारी बनाए गए हैं।

> ग्रामीण विकास मंत्रालय की यह पहल है। नवाचार से गांव के विकास में और बेहतरी आएगी। योजनाओं का क्रियान्वयन होगा और ग्रामीणों को उसका लाभ मिलेगा। इस पर काम करेंगे। - **हिमांशू शेखर ठाकुर**, जिला पंचायत राज अधिकारी, लखनऊ

एक नजर

प्रदेश में लोकसभा प्रत्याशी उतारेगी एआईएमआईएम

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव में ओसुविददीन औवैसी की ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) भी मैदान में होगी। औवैसी ने इंडिया गठबंधन पर सौतेले व्यवहार का आरोप लगाते हुए प्रदेश की सात सीटों पर प्रत्याशी उतारने का एलान किया है। आजमगढ़, समेत बदांयू, संभल, मुरादाबाद, अमरोहा, मेरठ सीटों पर प्रत्याशी उतारने की घोषणा की है।

माध्यमिक शिक्षा की मजबूती को 25 करोड़ रुपये

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री रविवार को गोरखपुर में माध्यमिक शिक्षा की मजबूती के लिए करीब 25 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उपहार देंगे। वह 26 माध्यमिक विद्यालयों में प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों और 141 माध्यमिक विद्यालयों में प्रीमियम स्मार्ट क्लास रूम का शिलान्यास करेंगे।

मांगा था वीआरएस, मिल गई नई तैनाती

प्रशासनिक पदों से हटाए गए डॉक्टरों को बनाया गया वरिष्ठ परामर्शदाता

पदमाकर पाण्डेय, लखनऊ

अमृत विचार : स्वास्थ्य विभाग में प्रशासनिक पदों पर तैनात 62 साल उम्र पूरी कर चुके कुछ डॉक्टरों ने स्वैच्छिक सेवानिवृति (वीआरएस) मांगी थी। सरकार ने उनके प्रार्थनापत्र अस्वीकार कर नई जगह तैनात कर दिया। गुरुवार को दो सूचियां जारी कर 31 ऐसे डॉक्टरों की दूर दराज के जिलों में भेजा गया। कई को उनसे जूनियर डॉक्टरों के अधीन तैनाती दी गई है।

कई माह से प्रशासनिक पदों से सेवा मुक्त हुए ग्रेड चार के चिकित्सकों को बतौर वरिष्ठ परामर्शदाता नई तैनाती दी गई है। इनमें से कई अक्टूबर, कुछ

▸▸ 62 वर्ष की आयु पूरी कर चुके 31 डॉक्टरों की दो सूचियां की गईं जारी

नवम्बर, दिसम्बर व जनवरी में 62 साल के हुये हैं। इनमें ज्यादातर डॉक्टरों ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्त के साथ तुरंत सेवाएं देने के दिशा निर्देश मांगे थे। स्वास्थ्य महानिदेशालय से कोई निर्देश जारी न होने से ढ़ाई दर्जन से ज्यादा डॉक्टर संबंधित कार्यालयों के चक्कर लगाते रहे। समायोजित सूची में शामिल ज्यादातर चिकित्सकों ने सूची पर असंतोष व्यक्त किया है।

स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.ब्रजेश राठौर का कहना है डॉक्टरों की मांग के मुताबिक शासन ने जिलों में तैनाती दी है।

सेवानिवृत्त हुए पांच अधिकारी

स्वास्थ्य विभाग में 62 साल की आयु पूरी करने वाले ग्रेड पांच व छह के पांच अधिकारी गुरुवार को सेवानिवृत्त हुए हैं। इनमें ग्रेड छह के बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ.अविनाश कुमार सिंह, मेरठ की डॉ.ईश्वर देवी बत्रा व अपर निदेशक डॉ.अर्चना त्यागी, लखनऊ में अपर निदेशक डॉ.संघमित्रा और प्रयागराज में प्रशिक्षण केन्द्र के प्रधानाचार्य डॉ.अशोक कुमार मिश्रा शामिल हैं।

नोशनल पदोन्नति मिलनी चाहिए

अधिवर्षता आयु 62 से 65 साल किये जाने के जारी निर्देश में ग्रेड पांच व ऊपर के ग्रेड के चिकित्सकों को अनिवार्य सेवा निवृत्ति दी गई है। साथ ही ग्रेड चार के डॉक्टरों को प्रशासनिक पद से मुक्त रखते हुए चिकित्सकीय सेवाओं में रखने के निर्देश हैं। चिकित्सकों का कहना है कि अगर सरकारी सेवा लगातार जारी है तो 62 साल के बाद की सेवा के दौरान नियमानुसार डीपीसी या नोशनल पदोन्नति मिलनी चाहिये, ताकि ग्रेड पांच में पहुंचने पर चिकित्सक रिटायर हो सकें।

शादी शून्य घोषित हो जाने के बाद भी दाखिल कर सकते हैं परिवाद

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक महत्वपूर्ण निर्णय पारित करते हुए कहा है कि शादी के शून्य घोषित हो जाने के बावजूद पत्नी घरेलू हिंसा का मुकदमा दाखिल कर सकती है। न्यायालय ने कहा कि भले ही सक्षम न्यायालय द्वारा शादी को समाप्त किया जा चुका हो, इसका घरेलू हिंसा अधिनियम की धारा 12 के तहत दाखिल परिवाद पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

यह निर्णय न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने पति की ओर से दाखिल याचिका को खारिज करते हुए पारित किया है।

▸▸ हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने महत्वपूर्ण निर्णय किया पारित

प्रतापगढ़ के इस मामले में याची पति का कहना था कि उसकी और शिकायतकर्ता पत्नी की शादी को 26 मार्च 2021 को सक्षम न्यायालय द्वारा डिक्री पारित करते हुए शून्य घोषित किया जा चुका है। कहा गया कि उक्त पति-पत्नी के सपिण्ड होने के कारण उनका विवाह हिन्दू विवाह अधिनियम की धारा 5(वी) के तहत प्रतिबंधित था तथा पत्नी बायपोलर डिसॉर्डर से पीड़ित थी, इस तथ्य को छिपा कर उसने शादी की थी।

दलील दी गई कि परिवार न्यायालय द्वारा उनकी शादी शून्य घोषित हो चुकी है लिहाजा घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत पति के खिलाफ मुकदमा नहीं चलाया जा सकता।

न्यायालय ने अपने निर्णय में इस दलील को खारिज करते हुए कहा कि अलग होने से पूर्व याची व विपक्षी पति-पत्नी की तरह ही रह रहे थे तथा एक घरेलू नातेदारी में थे, शादी के शून्य घोषित होने तक दोनों एक-दूसरे से शादी के रिश्ते में बंधे थे।न्यायालय ने और स्पष्ट करते हुए कहा कि यहां तक कि शादी के शून्य घोषित होने से पूर्व वे वैवाहिक रिश्ते में ही रहे, लिहाजा पत्नी घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत पीड़िता मानी जाएगी तथा उसे धारा 12 के तहत परिवाद दाखिल करने का पूर्ण अधिकार है।

तहसील स्तर पर फायर स्टेशन वाला पहला राज्य होगा यूपी

कालिदास मार्ग स्थित सरकारी आवास के बाहर आयोजित अग्नि सुरक्षा कवच के सुदृढ़ीकरण संबंधी कार्यक्रम में लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्यमंत्री योगी, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, साथ में अन्य। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संकट के समय अग्निशमन सेवाओं की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रदेश सरकार ने अग्निशमन से जुड़े कानूनों के व्यापक रिफॉर्म तथा इन सेवाओं के आधुनिकीकरण के लिए समयबद्ध तरीके से कार्य किया है।

उन्होंने कहा 1944 से 2017 के बीच 73 वर्षों में केवल 288 फायर स्टेशन स्थापित किये गये जबकि पिछले 7 वर्षों में 71 नए फायर स्टेशन स्थापित किए गये। आज प्रदेश, तहसील स्तर पर एक-एक फायर स्टेशन स्थापित करने की दिशा में तेजी के साथ अग्रसर हो चुका है।

उन्होंने कहा कि जल्द ही उत्तर प्रदेश पूरे देश में ऐसा राज्य होगा, जहां तहसील स्तर पर फायर स्टेशन

▸▸ मुख्यमंत्री ने 35 अग्निशमन वाहनों का फ्लैग ऑफ भी किया

▸▸ विभाग की ओर से लगाई गयी प्रदर्शनी का किया अवलोकन

होंगे। उन्होंने बताया कि विभाग की सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए अब तक लगभग 1400 करोड़ रुपये दिये हैं।

मुख्यमंत्री गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित अग्निशमन सुरक्षा कवच के सुदृढ़ीकरण के लिए 25 जिलों के 34 अग्निशमन केन्द्रों का वर्चुअल लोकार्पण, 4 नए अग्निशमन केन्द्रों का शिलान्यास तथा 35 अग्निशमन वाहनों के फ्लैग ऑफ कार्यक्रम में बोल रहे। इस दौरान उन्होंने ने विभाग की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया और अधिकारियों से अग्निशमन उपकरणों की जानकारी हासिल की।

लोगों को करें प्रशिक्षित, मदद के लिए करें प्रेरित : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्कूल और कॉलेज में बच्चों के प्रशिक्षण के लिए भी प्रयास करना चाहिए। उनकी काउंसिलिंग को भी कार्यक्रम का हिस्सा बनाना चाहिए, क्योंकि सामान्य दिनों में केवल विभाग के भरोसे ही रहकर नहीं बल्कि घटना घटित होते ही बचाव शुरू हो, यह महत्वपूर्ण है।

इसके प्रति लोगों को पहले से तैयार कर सकें तो घटना के बाद जब तक सहायता पहुंचती है तब तक लोग स्वयं भी अपने स्तर पर बचाव अभियान की शुरुआत कर सकते। कार्यक्रम में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, डीजीपी प्रशांत कुमार, महानिदेशक अग्निशमन एवं आपात सेवा अविनाश चंद्र आदि शामिल थे।

टेक्सटाइल सेक्टर में दुनिया को भारत का इंतजार

अमृत विचार, लखनऊ : टेक्सटाइल सेक्टर में हमारे हुनर, इनोवेशन और टेक्नोलॉजी का इंतजार दुनिया का बाजार कर रहा है। भारत से 17 हजार करोड़ का कार्पेट एक्सपोर्ट होता है, जिसमें से 60 प्रतिशत कार्पेट उप्र. के भदोही, मीरजापुर और वाराणसी से भेजा जाता है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित 'भारत टेक्स 2024' के चौथे दिन मीडिया से बातचीत के दौरान कही। वहीं प्रगति मैदान में योगी आदित्यनाथ को देखते ही लोगों ने भारत माता की जय और जय श्रीराम का नारा लगाकर उनका स्वागत किया। योगी ने 'भारत टेक्स 2024' के यूपी पॉवेलियन में आए सभी बायर्स और विजिटर्स का अभिनंदन किया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इतने महत्वपूर्ण इवेंट में यूपी को पार्टनर स्टेट के रूप में भागीदार होने का अवसर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने यहां बताया कि लखनऊ की चिकनकारी, सीतापुर की दरी, बरेली की जरी जरदोजी और भदोही की कालीन को प्रमोट करने के लिए बीते सात साल में काफी कार्य हुआ है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने यहां देश के अलग अलग हिस्सों से आए और उत्तर प्रदेश के हस्तशिल्पियों एवं कारीगरों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। इस मौके पर एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

रीयल एस्टेट में 50 हजार करोड़ का निवेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

अमृत विचार: हाल ही में संपन्न ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) के माध्यम से रीयल एस्टेट सेक्टर में देश और दुनिया के कई बड़े निवेशकों ने अपनी योजनाओं को जमीन पर उतारने की शुरुआत कर दी है। इस सेक्टर में 50 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के प्रोजेक्ट्स की शुरुआत हो चुकी है।

इन प्रोजेक्ट्स के जरिए उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में युवाओं को बड़े पैमाने पर सेवायोजन का लाभ मिलेगा। सर्वाधिक 14 हजार से

▸▸ बड़े स्तर पर राज्य में युवाओं को मिलेंगी नौकरियां

ज्यादा रोजगार के अवसर तो अकेले रीयल एस्टेट कंपनी एम3एम ही अपने प्रोजेक्ट के जरिए देने जा रही है। एम3एम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने पश्चिमांचल (गौतम बुद्ध नगर) में रेजिडेंशियल, कॉमर्शियल, ऑफिशियल, रिटेल और सर्विस अपार्टमेंट विकसित करने के लिए 7500 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इस निवेश का उद्देश्य गौतमबुद्धनगर में रीयल एस्टेट सेक्टर को और अधिक बढ़ावा देना है, बल्कि वृहद पैमाने पर रोजगार सृजित करना भी है। माना जा रहा है कि इस निवेश के माध्यम से 14,000 से अधिक नौकरियां सृजित होंगी जो यूपी को रोजगार के बड़े केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगा।

इसके अलावा, अभिनंदन लोढ़ा हाउस ने मध्यांचल (अयोध्या) में 3000 करोड़ रुपए के एक लग्जरी रेजिडेंशियल और कॉमर्शियल रियल एस्टेट प्रोजेक्ट की शुरुआत की है, जिसमें 100 से अधिक नौकरियों के अवसरों का वादा किया गया है।

सिपाही भर्ती परीक्षा में ब्लूटूथ से नकल कराने का आरोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। सिपाही भर्ती परीक्षा में ब्लूटूथ डिवाईस का प्रयोग कराकर नकल कराने के वांछित अभियुक्त को एसटीएफ ने गुरुवार को गिरफ्तार किया है। वांछित अभियुक्त कपिल तोमर के खिलाफ गाजियाबाद में मुकदमा दर्ज था। इस मामले में चार अभियुक्त पहले ही पकड़े जा चुके है।

एसटीएफ के मुताबिक उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा में धांधली व फर्जीवाड़ा करने वाले गिरोह के सम्बन्ध में सूचनाएं प्राप्त हो रही थी। इसी क्रम में मुखबिर से कपिल तोमर के लोनी क्षेत्र (गाजियाबाद) में मौजूद होने की सूचना पर दबोचा लिया गया है। पूछताछ में कपिल तोमर ने बताया कि उसके रिश्तेदारी का लड़का

▸▸ 18 फरवरी को होने वाली द्वितीय पाली का पेपर अपने सहयोगी को कराया था उपलब्ध

प्रदीप निवासी चंदोडी थाना बुढाना मुजफ्फरगगर से घनिष्ठता थी। प्रदीप पूर्व से ही प्रतियोगी परीक्षाओं में सॉल्वर बैठाकर एवं पेपर लीक कराकर धांधली करने का काम करता था। 2022 में रेलवे की ग्रुप डी की परीक्षा में धांधली करते हुए पकड़ा गया था और जेल गया था। जेल से बाहर आने पर इसकी मुलाकात मिन्टू उर्फ प्रवीन बालियान निवासी ग्राम फुटबा थाना शाहपुर मुजफ्फरनगर से हुई थी, जो प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली का काम करता था। कपिल तोमर ने यह भी बताया कि उसने 18 फरवरी को होने वाली द्वितीय पाली का पेपर अपने सहयोगी गुरुवचन निवासी ग्राम बेहडा थाना सिखेडा मुजफ्फरनगर को भेजा था।

यूपी बोर्ड की जीव विज्ञान परीक्षा दोबारा कराई जाए

अमृत विचार, लखनऊ : यूपी बोर्ड 12वीं के दो पेपर लीक हो जाने को लेकर आम आदमी पार्टी के शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह राठौड़ ने योगी आदित्यनाथ को नाकाम मुख्यमंत्री बताया। साथ ही कहा कि मुख्यमंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिये।

उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई हो और यूपी बोर्ड की जीव विज्ञान की परीक्षा रद्द कर करके दुबारा कराई जाए। आप के शिक्षक प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष ने गुरुवार को जारी विज्ञप्ति में कहा कि प्रदेश सरकार नौनिहालों और प्रतियोगी छात्रों के भविष्य के साथ लगातार खिलवाड़ कर रही है। व्हाट्सएप पर पेपर वायरल हो रहे हैं, बिना पेपर लीक हुए परीक्षा कराने में सरकार फेल हुई है। लगातार पेपर लीक की घटनाए सामने आ रही है। ऐसा मुख्यमंत्री जो बोर्ड की परीक्षा भी ढंग से न करवा सके, ऐसे मुख्यमंत्री को तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए।

पहले राज्य इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर के प्रशिक्षण केंद्र राहत गुरुकुलम की शुरुआत

अमृत विचार,लखनऊ : उप्र. में आपदाओं से निपटने के लिए अब एसडीआरएफ के साथ-साथ बड़ी संख्या में प्रशिक्षित वर्क फोर्स को तैयार किया जा सकेगा। इसके लिए राज्य सरकार ने गुरुवार को प्रदेश के पहले राज्य इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर के प्रशिक्षण केंद्र ''राहत गुरुकुलम'' की शुरुआत कर दी है। इस अत्याधुनिक केंद्र के माध्यम से एसडीआरएफ के साथ ही प्रदेशभर के आमजनमानस को भी आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके जरिये प्रदेश में आपदा से निपटने के लिए प्रशिक्षित लोगों की पूरी फौज तैयार की जाएगी ताकि आपदा से होने वाली जनहानि और धनहानि को न्यूनतम किया जा सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरुप गुरुवार को देवा रोड चिनहट स्थित मंडलीय राजस्व प्रशिक्षण केन्द्र में राज्य इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर के प्रशिक्षण केन्द्र के रूप में 'राहत गुरुकुलम्' की शुरुआत की गई। इसका शुरुआत मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने की। आपदाओं के न्यूनीकरण के लिए विभिन्न विभागों, संस्थानों, अन्य स्टेकहोल्डर्स को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण देने के लिए अभी तक विभाग का अपना कोई स्थायी प्रशिक्षण केंद्र नहीं था।

डीजी मुकुल गोयल सेवानिवृत

अमृत विचार,लखनऊ : उप्र कैडर के वरिष्ठतम आईपीएस डीजी नागरिक सुरक्षा, मुकुल गोयल गुरुवार को सेवानिवृत हो गए। 1987 बैच के आईपीएस अफसर मुकल गोयल डीजीपी के पद से हटाए जाने के बाद 11 मई 2022 से डीजी नागरिक सुरक्षा के पद पर तैनात थे।केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस आने के बाद जून 2021 में उन्हें डीजीपी के पद पर तैनाती मिली थी। वह करीब 11 महीने तक डीजीपी के पद पर रहे। बाद में प्रदेश सरकार ने 11 मई 2022 को उन्हें डीजीपी पद से हटा दिया था। उसके बाद 13 मई को देवेंद्र सिंह चौहान को कार्यवाहक डीजीपी बनाया गया था।

एक नजर

जुआ खेलने के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे दो आरोपियों को कोठी पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। सराय हिजरा निवासी रियाज व गुफरान के खिलाफ पुलिस ने जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की। दोनों आरोपियों के पास से 860 रुपये बरामद किये गये।

17 वांछितों को पुलिस ने भेजा जेल

बाराबंकी, अमृत विचार : विभिन्न थानों की पुलिस ने गुरुवार को एक वारंटी और 17 वांछितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं विभिन्न मामलों में थाने लाए गए 23 आरोपियों पर शांतिभंग की कार्रवाई के साथ पाबंद किया गया।

55 ग्राम स्मैक व 35 ग्राम मार्फीन के साथ दो बंदी

बाराबंकी, अमृत विचार : नगर कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को 55 ग्राम स्मैक के साथ जैदपुर थाने के पनिहज निवासी श्यामू गौतम तथा टिकैतनगर थाने की पुलिस ने 35 ग्राम मार्फीन के साथ बेलखरा गांव निवासी राशिद को गिरफ्तार किया।

दबोचा गया दुष्कर्म का आरोपी

बाराबंकी, अमृत विचार : दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे मोहम्मदपुर खाला थाने के सूरतगंज निवासी शुभम जायसवाल को रामनगर पुलिस ने गुरुवार को दबोचा। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।

जिला बदर आरोपी बंदी

बाराबंकी, अमृत विचार : नगर कोतवाली पुलिस ने जिला बदर किए गए रामनगर थाने के महादेचा निवासी आरोपी रियाज अहमद को गुरुवार को शहर के मुगल दरबार के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई कर जिला बदर को जेल भेज दिया।

घर में फंदे से लटकता मिला युवक का शव

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव घर के दूसरी मंजिल पर बने कमरे में फंदे से लटकता मिला। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

घटना सतरिख थाना क्षेत्र के बडापुरा गांव का है। यहां के निवासी प्यारे लाल गौतम का बेटा बृजेश गौतम (25) बुधवार की शाम को खाना खाने के बाद अपने कमरे में दूसरी मंजिल पर सोने चला गया। गुरुवार ककी सुबह काफी समय बीतने के बाद भी वह नीचे नहीं उतरा तो परिजन उसके कमरे में गए। जहां छत के हुक से युवक का शव दुपटे के फंदे से लटकता मिला। इसके बाद घर में कोहराम मच गया। आनन-फानन में परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। थानाध्यक्ष अमर चौरसिया ने बताया कि युवक के सुसाइड करने की सूचना मीडिया के माध्यम से मिली है। इसकी जांच कराई जाएगी।

80 वर्ष बाद रक्षा संपदा विभाग ने ली अपनी भूमि की सुधि

चिह्नांकन शुरू

- दरियाबाद ब्लाक के चार गांवों में है करीब 40 बीघा भूमि
- ब्रिटिशराज में 1943 में रक्षा मंत्रालय को दी गयी थी जमीन

दरियाबाद, बाराबंकी

अमृत विचार : रक्षा संपदा विभाग ने लगभग 80 वर्ष बाद जिले में स्थित अपनी भूमि की सुधि ली है। रक्षा संपदा कार्या लय लखनऊ की ओर से बीते बुधवार को एसडीएम रामसनेहीघाट को दिए गए पत्र के आधार पर दरियाबाद विकास खंड के जेठौती कुर्मियान, मुरारपुर, रामपुर राय साहब व मिर्जा का पुरवा गांव में रक्षा संपदा विभाग के नाम दर्ज करीब 40 बीघा भूमि का सीमांकन राजस्व टीम व रक्षा मंत्रालय की टीम ने गुरुवार को किया।

जमीन की नाप-जोख को पहुंचे रक्षा संपदा कार्यालय के कर्मचारी। अमृत विचार

आजादी से पहले सन् 1943 में राज्य सरकार के नाम दर्ज जमीन का रक्षा संपदा कार्यालय ने चिह्नांकन शुरू कर दिया है। रक्षा मंत्रालय व तहसील रामसनेहीघाट द्वारा गठित टीम ने उपरोक्त गांवों में चिह्नांकन किया। टीम द्वारा जेठौती कुर्मियान, मुरारपुर, रामपुर रायसाहब व मिर्जा का पुरवा गांव में विभिन्न गाटा संख्या पर दर्ज जमीन का चिह्नांकन किया।

जानकारी के मुताबिक, यह भूमि अंग्रेज सरकार के तत्कालीन जिलाधिकारी द्वारा 14 मार्च 1943 को रक्षा मंत्रालय को दी गई थी। इसी क्रम में 20 अप्रैल 1943 को जिलाधिकारी ने रामपुर राय साहब में करीब 15 बीघा भूमि रक्षा मंत्रालय को सौंपी थी। उक्त चारों गांव की भूमि करीब 40 बीघे रक्षा मंत्रालय के अभिलेखों में उसके नाम दर्ज है। रक्षा मंत्रालय के नाम दर्ज चार गांव में जमीन की पैमाइश रक्षा मंत्रालय व तहसील प्रशासन की टीम ने किया। इस दौरान रक्षा मंत्रालय की टीम व तहसील प्रशासन की गठित टीम में कानूनगो कमलेश वर्मा, अश्वनी मिश्र, सुधीर वर्मा व निशांत श्रीवास्तव मौजूद रहे।

सामने आए केडी सिंह बाबू की कोठी के नौ खरीदार

7 मार्च तक कोठी खाली करेंगे किराएदार, 11 को होगी नीलामी, पांच करोड़ से शुरू होगी बोली

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : भारत को हॉकी में ओलंपिक का पहला पदक दिलाने वाले देश के पहले और अंतिम हेल्म्स ट्राफी विजेता बाबू केडी सिंह का जिस कोठी में बचपन बीता था वह 11 मार्च को नीलाम हो जाएगी। इस कोठी के 9 खरीदार सामने आए हैं। बोली 5 करोड़ से शुरू होनी है। इसकी सार्वजनिक नीलामी की नोटिस चस्पा कर दी गई है।

हॉकी खिलाड़ी केडी सिंह बाबू की कोठी। अमृत विचार

अदालत ने संभावित खरीदारों को गुरुवार को कोठी देखने का अवसर प्रदान किया था। कोर्ट के प्रतिनिधि की उपस्थिति में खरीदारी के इच्छुक लोग कोठी देखने पहुंचे। इस विशाल कोठी से न केवल बाबू केडी सिंह की यादें जुड़ी हुई हैं। बल्कि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला के समकालीन कवि एवं साहित्यकार उनके बड़े भाई कुंवर राजेंद्र सिंह का बचपन भी इसी कोठी में बीता था। कुंवर राजेंद्र सिंह ने कई किताबें लिखीं। कोठी का निर्माण उनके पिता राय बहादुर रघुनाथ सिंह ने कराया था। उनके 6 पुत्र थे। जिनमें से कुंवर दिग्विजय सिंह यानी बाबू केडी सिंह पांचवें स्थान पर थे। उनके अन्य पांच भाई कुंवर राजेंद्र सिंह, कुंवर भूपेंद्र सिंह, कुंवर सुखदेव सिंह, कुंवर नरेश सिंह तथा कुंवर सुरेश सिंह का परिवार इस कोठी के दावेदारों में शामिल है। परिजनों के अनुरोध पर ही अदालत ने कोठी की नीलामी के आदेश दिए हैं। अब कोर्ट ने नीलामी की तारीख मुकर्रर कर दी है।

कोठी को राष्ट्रीय स्मारक बनाने की उठी मांग

अब जबकि कोठी की नीलामी तय हो चुकी है जिले के साहित्यकारों, समाजसेवियों और राजतीतिज्ञों ने इस कोठी को राष्ट्रीय स्मारक बनाए जाने की मांग मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर की है। यह मांग करने वालों में खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा, सांसद उपेंद्र रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य, वरिष्ठ साहित्यकार और राष्ट्रभाषा परिषद के अध्यक्ष अजय सिंह, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, पूर्व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भारत सिंह, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष रामनाथ मौर्य, पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष भारत लाल सिंह, अधिवक्ता श्रवण सिंह, सलाहुद्दीन व बलराम सिंह ने मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। इस संदर्भ में वरिष्ठ साहित्यकार अजय सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को डीएम सत्येंद्र कुमार से मिलकर उनसे केडी सिंह बाबू की कोठी को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने के प्रयास करने का अनुरोध किया। अजय सिंह का कहना है कि प्रभारी मंत्री जितिन प्रसाद ने भी उन्हें आश्वासन दिया है कि कोठी को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने के लिए वह पूरा प्रयास करेंगे। इस संदर्भ में भाजपा नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही मुख्यमंत्री से मिलेगा।

विश्व के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी थे केडी सिंह बाबू

केडी सिंह बाबू का अंतरराष्ट्रीय हॉकी जगत में बड़ा नाम है। महज 14 वर्ष की उम्र में देवा मेला के खेल मैदान से अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया था। उन्हें दुनिया का सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी माना जाता है। उन्हें हेल्म्स थर्ड फाउंडेशन ने उन्हें हेल्म्स ट्रॉफी प्रदान की थी। इसे अंतरराष्ट्रीय जगत में खेल का नोबेल पुरस्कार माना जाता है।

तस्कर जासिम की 11 करोड़ की कुर्क होगी संपत्ति

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: करीब दो दशक से मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गैंगस्टर एक्ट के आरोपी जासिम की 11 करोड़ से अधिक की संपत्ति पुलिस व प्रशासन की टीम कुर्क करेगी। इसको लेकर जैदपुर और सफदरगंज पुलिस द्वारा भेजी गई आख्या पर जिला मजिस्ट्रेट ने अपनी स्वीकृति दे दी है। शीघ्र ही पुलिस व प्रशासन की टीम सिद्धौर कस्बे में स्थित तस्कर के दो बेशकीमती भूखंडों का कुर्क करने की तैयारी कर रही है।

बाराबंकी पुलिस द्वारा जिले में संगठित होकर अपराध करने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गैंगस्टर एक्ट के तहत इनके द्वारा अपराध से स्वयं एवं परिजनों के नाम पर अर्जित चल/अचल सम्पत्तियों को डीएम के आदेश पर जब्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत जैदपुर थाने में दर्ज यूपी गैंगस्टर के गिरोह के सरगना राजा कटरा निवासी मुनव्वर के गिरोह के सक्रिय सदस्य असंद्रा थाने के हटिया सिद्धौर निवासी तस्कर जासिम करीब दो दशक से तस्करी में लिप्त था। इसके द्वारा आर्थिक व भौतिक लाभ के लिए अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मादक पदार्थ की तस्करी की जाती थी। तस्कर जासिम ने अपने नाम पर नगर पंचायत सिद्धौर में दो कृषि योग्य भूखंड जिलकी कीमत 11 करोड़ से अधिक है। उसको गैंगस्टर की धारा 14(1) के तहत कुर्क किया जाएगा। जासिम पर असंद्रा और जैदपुर थाने में गैंगस्टर समेत छह मुकदमें दर्ज है।

दूल्हे व उसके पिता को बनाया बंधक

फतेहपुर, बाराबंकी

बढ़ा विवाद

- विदाई के समय हर्ष फायरिंग से भड़का आक्रोश
- काफी मान-मनौव्वल के बाद उठी बेटी की डोली

अमृत विचार : बरात के विदा होने के समय वर पक्ष द्वारा हर्ष फायरिंग करने के बाद वधू पक्ष आक्रोशित हो गया। दूल्हे और उसके पिता को बंधक बनाने के साथ बेटी का विदा करने से मना कर दिया गया। इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई। हालांकि काफी मान-मनौव्वल के बाद बेटी की डोली उठी। वहीं पुलिस ने हर्ष फायरिंग की घटना से इनकार कर दोनों पक्षों में मारपीट में सुलह-समझौता होने की बात कर रही है।

मामला फतेहपुर कोतवाली के धौंसार गांव का है। यहां के निवासी मो. उमर की बेटी कमीजा का गुरुवार को निकाह था। बरात सीतापुर जिले के दुघरा गांव से आई थी। यहां पहुंची बरात का स्वागत सत्कार किया गया। उसके बाद निकाह की रस्म पूरी की गयी। विदाई के समय दूल्हे जहीर के मामा शेख फारूक अहमद ने अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से हर्ष फायरिंग कर दी। इसके बाद वहां भगदड़ मच गई।

दुल्हन के चचेरे भाई फरमान और जान मोहम्मद ने हर्ष फायरिंग का विरोध विरोध किया तो बरातियों ने दोनों की पिटाई कर दी। कन्या पक्ष की ओर से इस घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। वहीं कन्या पक्ष के लोगों ने दूल्हे और उसके पिता को बंधक बना लिया। उधर, पिता ने बेटी को विदा करने से इनकार कर दिया।

इसके बाद वर पक्ष ने काफी मान मनौव्वल की। इसके बाद गांव के बड़े-बुजुर्गों ने दोनों पक्षों को किसी तरह समझा-बुझाकर यह विवाद शांत कराया।

इसके बाद मोहम्मद उमर ने अपनी बेटी की विदाई कर दी। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी निरीक्षक डीके सिंह ने बताया कि बरात में विवाद की सूचना मिली थी। हर्ष फायरिंग की घटना की कोई पुष्टि नहीं हुई है। बाद में दोनों पक्षों ने सुलह-समझौता कर लिया है।

घर से जेवर-नकदी उठा ले गए बदमाश

सुबेहा, बाराबंकी, अमृत विचार : क्षेत्र के अहिरगांव में बुधवार की रात एक घर का दरवाजा खुलवाकर सात-आठ बदमाश जेवर व छह हजार की नकदी उठा ले गए।

गांव निवासी राजू के अनुसार बुधवार की रात सात से आठ लोग उसके घर पहुंचे और जबरन दरवाजा खुलवाकर घुस गए। बदमाश घर में रखी 250 ग्राम चांदी की पायजेब, सोने की नथुनी व छह हजार रुपये की नकदी लेकर चले गये।

वहीं सुबेहा पुलिस ने इस घटना को नकारते हुए किसी भी प्रकार की तहरीर न मिलने की बात कहते हुए इस घटना से अपना पल्ला झाड़ लिया।

शत-प्रतिशत वोट करने वाला गांव होगा पुरस्कृत

हैदरगढ़, बाराबंकी

अमृत विचार : स्थानीय विधानसभा क्षेत्र में चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय पूरे चौबे में मतदाता जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीणों को जानकारी दी गयी कि जिस गांव में शत-प्रतिशत मतदान होगा उसे पुरस्कृत किया जाएगा।

बैठक में मतदाताओं को संबोधित करते हुए तहसीलदार शशि कुमार त्रिपाठी ने कहा कि वोट देना हम सबका अधिकार है। इसलिए मतदान के दिन शत- प्रतिशत मतदान करें और अच्छे प्रतिनिधियों का चुनाव करें जिससे देश का सर्वांगीण विकास हो सके। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बच्चों की कॉपी में स्लोगन लिखकर आप सबको जागरूक किया जा रहा है। जिस ग्राम के शत-प्रतिशत मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे, उस ग्राम को पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर एसआरजी राहुल कुमार शुक्ल, प्रधानाध्यापक आशीष कुमार त्रिवेदी, सतगुर, दीपक, सत्यनाम, अब्दुल असगर, रामसेवक, सन्तराम, राजवती, बाबूलाल, जगदीश त्रिवेदी, हौसिला, रंजीत कुमार, खुशबू, अभिजीत आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

भारतीय जन जन पार्टी लड़ेगी लोकसभा चुनाव

भारतीय जन जन पार्टी की बैठक में मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : क्षेत्र के मोहम्मदपुर चौराहे पर एक निजी होटल पर गुरुवार को भारतीय जन जन पार्टी की बैठक हुई। इसमें लोकसभा चुनाव लड़ने पर चर्चा की गई। सभी बूथ अध्यक्षों को सुझाव दिया गया। साथ ही पार्टी विस्तार पर अधिक ध्यान देने पर बल दिया गया ताकि पार्टी के विचारों पर अमल किया जा सके। बैठक के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजित राम प्रजापति एवं अतिविशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष अनुज कुमार पाल का स्वागत किया गया। इस मौके पर युवजन जिलाध्यक्ष राममिलन पाल, प्रदेश कार्यकारी सदस्य अतुल द्विवेदी, पृथ्वीराज सिंह, प्रदीप यादव, रामस्वरूप पाठक, राम प्रकाश विश्वकर्मा, लालू चौहान, अवधेश कुमार बंसल, विकास प्रजापति, ब्लॉक अध्यक्ष बनी कोडर प्रदीप गौतम, सौरभ, अजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

नौकरी के नाम पर ठगे सवा तीन लाख रुपये कराये वापस

बाराबंकी, अमृत विचार : मर्चेण्ट नेवी में नौकरी दिलाने के नाम पर फ्रॉड कर सवा तीन लाख रुपये से अधिक की धनराशि गुरुवार को साइबर थाने की टीम ने पीड़ित के खाते में वापस कराई। लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के अर्जुनगंज नई बस्ती निवासी ललित राज अब मसौली थाना क्षेत्र में रहते है। उन्होंने 13 फरवरी को पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि साइबर ठगो ने मर्चेंट नेवी में नौकरी दिलाने के नाम पर आरटीजीएस और फोन पे के माध्यम से धोखाधड़ी कर तीन लाख 28 हजार पांच सौ रुपये की रकम ले ली। उसके बाद उसे ठगी होने की जानकारी हुई। साइबर थाने के प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह सिरोही की टीम ने तत्परता दिखाते हुए पीड़ित के खाते में तीन लाख 28 हजार पांच सौ की धनराशि वापस कराई।

100 दिव्यांगों को आज मिलेगी उपकरणों की सौगात

बाराबंकी, अमृत विचार : 100 दिव्यांगों को शुक्रवार को ट्राईसाइकिल और व्हीलचेयर की सौगात मिलेगी। कार्यक्रम का आयोजन दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा सिरौलीगौसपुर ब्लॉक के बरदरी स्थित राजकीय ममता विद्यालय में किया जाएगा। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी एजाज खान ने बताया कि इस कार्यक्रम में रामनगर विधानसभा क्षेत्र के चिह्नित दिव्यांगों को बुलाया गया है। जिन्हें सांसद उपेंद्र सिंह रावत और एमएलसी अंगद सिंह द्वारा उपकरण प्रदान किये जाएंगे। विधानसभावार आयोजन को लेकर श्री खान ने बताया कि जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांगों को दूर-दराज क्षेत्र से आने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में सौ दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल और व्हीलचेयर उपलब्ध करायी जाएगी।

सेवानिवृत्त छह पुलिसकर्मियों को दी गयी विदाई

बाराबंकी, अमृत विचार : चार दरोगा, उर्दू अनुवादक समेत छह पुलिस कर्मी गुरुवार को सेवानिवृत्त हुए। पुलिस लाइन में आयोजित समारोह में एएसपी दक्षिणी डॉ. अखिलेश नारायण ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को स्मृति चिह्न भेंट कर विदाई दी। सेवानिवृत्त होने वालों में उप निरीक्षक कृष्ण देव सिंह, राज किशोर दूबे, कुमारी अजरा सिद्दीकी, रानी देवी, उर्दू अनुवादक जहीर असलम और अनुचर रामकुमार शामिल हैं। पुलिस लाइन के सभागार में आयोजित समारोह में एएसपी दक्षिणी व एएसपी उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने माला पहनाने के साथ स्मृति चिह्न भेंट कर सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को विदाई दी। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक सुभाष चंद्र मिश्र व अन्य मौजूद रहे।

सेवानिवृत्त पोस्टमास्टर को दी गई विदाई

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : उप डाकघर हैदरगढ़ में पोस्टमास्टर के पद पर तैनात हरीलाल के सेवानिवृत्त होने पर गुरुवार को पोस्ट ऑफिस में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल के डाक अधीक्षक घनश्याम ने हैदरगढ़ मंडल के निरीक्षक कपिल वर्मा, योगेंद्र नाथ श्रीवास्तव, आशीष सोनी, अरविंद शुक्ला, मजीत वर्मा, अमित वर्मा, पवन यादव, शैलेंद्र, विजय सिंह, रामकिशोर, अंजनी वर्मा आदि मौजूद रहे

नुक्कड़ नाटक से पर्यावरण के प्रति किया जागरूक

बाराबंकी, अमृत विचार : पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण तथा पॉलीथिन से पर्यावरण को हो रहे नुकसान के प्रति आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से नवाबगंज तहसील परिसर में वन विभाग की देखरेख में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण व प्रदूषण नियंत्रण व पॉलीथिन के प्रयोग पर रोकन लगाने के बारे में लोगों को जानकारी दी गयी। इस मौके पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

गैर इरादतन हत्या के दोषी को 5 वर्ष की कैद

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : गैर इरादतन हत्या के अभियुक्त को दोषी मानते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने पांच वर्ष के साधारण कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

मामला मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र का है। यहां के लोहारपुर निवासी धर्मेंद्र ने 29 जुलाई 2018 को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि टेनवा गांव निवासी कृष्ण कुमार उर्फ दुर्योधन ने उसकी बहन के सिर पर ईंट मार कर घायल कर दिया। जिसकी इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। इस पर पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

इसके बाद विवेचक ने साक्ष्यों को संकलित कर अदालत में इस मामले का आरोप पत्र दाखिल किया। मामले की सुनवाई कर रही अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने गवाहों के बयान और साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त कृष्ण कुमार उर्फ दुर्योधन को गैर इरादतन हत्या का दोषी मानते हुए पांच वर्ष के साधारण कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

छेड़छाड़ के दोषी को 5 साल की सजा

बाराबंकी, अमृत विचार: नाबालिग से छेड़छाड के अभियुक्त को दोषी मानते हुए अपर सत्र न्यायाधीश ने पांच वर्ष का कठोर कारावास और दो हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

मामला बड्डूपुर थाना क्षेत्र का है। यहां के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने 25 जुलाई 2018 को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी नाबालिग बेटी से घर में घुसकर अकबरपुर निवासी राम विलास ने छेड़छाड़ की। पुलिस ने आरोपी को जेल भेजकर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने अभियुक्त राम विलास को दोषी मानते हुए पांच वर्ष के कठोर कारावास दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

डीएम-एसपी ने फिर खंगाली जेल

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : डीएम और एसपी ने एक बार फिर गुरुवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था परखी। कैदियो की समस्याओं और सुविधाओं की जानकारी करने के साथ कारागार कर्मियों को दिशा निर्देश दिए। वहीं स्वास्थ्य सुविधाओं पर ध्यान देने की आवश्यकता जताई।

जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार और पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से पुलिस बल के साथ जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर जेल के बैरक, मेस, जेल परिसर और अस्पताल को खंगाला। उसके बाद कैदियों से समास्याओं और सुविधाओं के संबंध में जानकारी की। डीएम ने साफ-सफाई आदि के बारे में कारागार कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उसके बाद जेल अस्पताल में बंदियों के स्वास्थ्य की जानकारी कर आवश्यक उपचार और परीक्षण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जेल के अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप मचा रहा।

निरीक्षण कर जेल से निकलते डीएम सत्येंद्र कुमार व एसपी दिनेश कुमार सिंह।

कार्यक्रम | कबीर विशाल कल्याण कुंज में जुटे श्रद्धालु

धूमधाम से मना विशालदेव का जन्म महोत्सव

फतेहपुर, बाराबंकी

अमृत विचार : सद्गुरु विशालदेव का 121 वां जन्म महोत्सव धूमधाम से गुरुवार को मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम सरैयां में पर्यटन स्थल कबीर विशाल कल्याण कुंज में संत विशाल तपोभूमि बंधियाबाग में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़. मध्यप्रदेश, गुजरात, राजस्थान, बिहार, दिल्ली एवं प्रदेश के विभिन्न जनपदों से संत-साधकों, श्रद्धालुओं और विचारकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये। संतों ने अपने वक्तव्य में विशेष रूप से सद्गुरु विशालदेव के त्याग- तपस्या, संयम-साधना, ज्ञान- ध्यान और जन-कल्याण पर प्रकाश डाला। महोत्सव में दोनों ही दिन विशाल वचनामृत का पाठ -पठन किया गया। सत्संग-प्रवचन, भजन आदि का कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। संत सद्भाव दास ने इस कार्यक्रम का प्रबंध किया एवं संत उत्साह दास ने इस कार्यक्रम व महोत्सव की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संत प्रशांत, अविनाशी, यतींद्र, निर्मद ,साध्वी सीमा, गुरशरण तथा भक्त कौशलचंद्र सत्यविकास, बिंद्राप्रसाद जयसिंह, अनुज, जगदंबाप्रसाद, रंजीत, कुलदीप, अंकित, विश्रामलाल, सुमेरचंद, रामप्रताप, गुरुमिलन, जियालाल, श्रीगणेश, मोहनलाल, जगरूप आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

सद्गुरु विशाल देव के जन्म महोत्सव में मंचासीन संत। अमृत विचार

नृसिंह अवतार का प्रसंग सुन श्रद्धालु भावविभोर

बनीकोडर, बाराबंकी

अमृत विचार : सिल्हौर में प्रधान जवाहर लाल तिवारी के निवास पर चल रही भागवत कथा के तीसरे दिन गुरुवार को चित्रकूट से पधारे कथा व्यास मनोज शास्त्री ने नृसिंह अवतार का प्रसंग सुनाया। इसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। उन्होंने बताया कि हिरण्यकश्यप ने ब्रह्माजी के वर से संपूर्ण त्रिलोक को अपने वश में कर लिया था। भक्त प्रह्लाद एक दिन अपने गुरु के साथ पिता के पास गए। उस समय पिता मद्यपान कर रहे थे। प्रह्लाद ने पिता से हरि का नाम लेने को कहा तो दैत्यराज ने उसे गोद से उठाकर दूर फेंक दिया। उसे मारने के अनेक प्रयास किए। एक दिन भक्त प्रह्लाद अपने सह पाठियों के साथ हरि का नाम ले रहा था। उसकी आवाज दैत्यराज के कानों में पहुंची। तब दैत्यराज ने आकर कहा कि तेरा हरि कहां है तो प्रह्लाद ने कहा कि मेरा हरि तो कण-कण में विद्यमान है। दैत्यराज ने कहा कि इस पत्थरनुमा खंभे में हरि कहां हैं। तभी प्रह्लाद की लाज रखने के लिए उस खंभे से प्रभु नृसिंह ने अवतार लिया और दैत्यराज का वध कर दिया। इस अवसर पर तेज नारायण तिवारी, अमित, रोहित, राम गोपाल, नंदकुमार, रामू, आदर्श, सूर्यनारायण, अनुज, अरविन्द, विवेक आदि थे।

एक नजर

3470 ने छोड़ी बोर्ड परीक्षा, नकल करते धरी गई छात्रा

बाराबंकी, अमृत विचार : यूपी बोर्ड की परीक्षा गुरुवार को सभी केंद्रों पर दोनों पालियों में हुई। 61043 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दी तो 3470 अनुपस्थित रहे। वहीं पहली पाली में नकल करते एक छात्रा पकड़ी गई। माध्यमिक शिक्षा परिषद की गुरुवार को पहली पाली में हाईस्कूल के विज्ञान तथा इण्टर मीडिएट के अरबी, फारसी तथा लेखाशास्त्र विषय की परीक्षा हुई। वहीं दूसरी पाली में हाईस्कूल के कृषि व इंटर के जीव विज्ञान व मैथ्स की परीक्षा हुई। दोनों पालियों में मुख्य विषय की परीक्षा होने को लेकर सचल दल व सेक्टर मजिस्ट्रेट की टीम अलर्ट रही। वित्त एवं लेखाधिकारी माध्यमिक संतोष कुमार मौर्य के सचल दल ने खिलाड़ी दास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हसवापुर में सुबह की पाली में एक छात्रा को नकल करते पकड़ा।

जेल भेजे गए दहेज हत्या के दो आरोपी

बाराबंकी, अमृत विचार : लोनीकटरा और असंद्रा थाने की पुलिस टीम ने दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। लोनीकटरा थाने की पुलिस टीम ने गुरुवार को रूकनापुर निवासी सूरज कुमार गौतम और असंद्रा थाने की पुलिस टीम ने दुल्लापुर निवासी लोकनाथ उर्फ सोनू यादव को दबोचा।

मार्ग डायवर्जन करना भूल गए जिम्मेदार

रामनगर, बाराबंकी : मेला परिसर से गन्ना लाद कर ओवरलोडे ट्रकों का निकलना अब भी जारी है। प्रशासन द्वारा इन भारी वाहनों का मार्ग डायवर्जन अभी तक नहीं किया गया है। तेज रफ्तार ओवरलोड ट्रकों से दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

महादेवा में उमड़ रहा आस्था का सैलाब

बम भोले के जयघोष के साथ दूरदराज से आने वाले कांवरियों की संख्या में दिन-प्रतिदिन हो रही है वृद्धि

आस्था

रामनगर बाराबंकी

अमृत विचार: लोधेश्वर महादेवा के फाल्गुनी मेले में बम बम भोले के जयघोष के साथ कांवरियों की संख्या में दिन-प्रतिदिन इजाफा होता जा रहा है। मंदिर के गर्भगृह में आदिदेव लोधेश्वर महादेवा के जलाभिषेक के लिए दूरदराज से शिवभक्त कंधे पर कांवर लेकर आ रहे हैं।

लोधेश्वर के दरबार में कांवर चढ़ाने का सिलसिला लगातार जारी है । खानपुर मऊ से आए 24 कांवरियों के जत्थे में शामिल दिव्यांग श्रद्धालु हेमराज ने बताया कि महादेव के दर्शन के 24 भक्तों के साथ वह ट्राई साइकिल से पहली बार आए हैं। साथी अनिल का बहुत सहयोग रहा। उन्होंने अपने कंधे पर बिठाकर बाबा के दरबार में दर्शन कराया है।

मेले की व्यवस्थाएं पूर्ण प्रशासन ने कसी कमर : फाल्गुनी मेले की तैयारिया पूर्ण हो गयी है। अभरन सरोवर की सफाई कर पंपिंग सेट से पानी भरा गया है। अभरन में श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु जाल लगाया गया है। यहां पर महिलाओं के लिए अस्थाई चेंजिंग रूम बनाए गए। बाग व मार्गो पर उचित प्रकाश व्यवस्था की गयी है। मेला क्षेत्र में कीचड़ व जल भराव वाली जगह पर मिट्टी की पटाई करवाई गई है। बहोनिया तालाब की सफाई हो गयी। अस्थायी चेंजिंग रूम बनाये गए हैं लेकिन जाल नहीं लगाया है।



दिव्यांग साथी को महादेवा ले जाता युवक।

मेला परिसर में पहुंचने लगी पुलिस फोर्स : मेले की सुरक्षा के लिए लगायी फोर्स का निरंतर आना जारी है। एसडीएम, सीओ और कोतवाल सुरक्षा व्यवस्था बनाने में जुटे हुए हैं। पुलिस द्वारा सभी दुकानदारों को परिचय पत्र जारी कर दिए गए हैं। गुरुवार को एसडीएम पवन कुमार, सीओ आलोक पाठक, प्रभारी निरीक्षक रत्नेश पांडेय मेला परिसर में व्यवस्था से जुड़े विभागों के द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

शहर से लोधेश्वर महादेवा के लिए गुजरता कांवरियों का जत्था। अमृत विचार

शहर की सड़कों पर कांवरियों का रेला

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: रामनगर के प्रसिद्ध लोधेश्वर महादेवा मंदिर में दर्शन करने के लिए इन दिनों दूर-दराज के जिलों से पैदल चलकर आने वाले कांवरियों के जत्थे शहर से गुजर रहे हैं। शहर की सड़कों पर कांवरियों के जत्थे ही दिख रहे हैं। ट्रैक्टर ट्रॉली को सजाकर उस पर रखे डीजे पर भक्तिगीत बजाते कांवरियों के जत्थे अपने गंतव्य की ओर में भगवा रंग के झंडे के बीच तिरंगा भी लहरा रहा है।

भक्ति के आगे थकान का नहीं होता अहसास

उन्नाव के जालिम खेड़ा निवासी शत्रोहन ने बताया कि वह जाजमऊ से गंगाजल लेकर पैदल ही लोधेश्वर धाम पहुंच रहे हैं। उनकी यह तीसरी यात्रा है। र कहा कि बाबा की भक्ति के आगे थकान का अहसास नहीं होता।

कई साल से जल चढ़ाने आ रहे पैदल

हसनगंज, उन्नाव के सुमित कुमार देवांश ने बताया कि वह 25 फरवरी को गंगाजल लेकर पैदल निकले थे। 27 को महादेवा पहुंचे। वह कई सालों से बाबा के दर्शन व जलाभिषेक करने यहां पैदल आते हैं।

जिला मुख्यालय से लगभग 30 किमी दूर रामनगर क्षेत्र के प्रसिद्ध लोधेश्वर महादेवा मंदिर में 28 फरवरी से शुरू फाल्गुनी मेला महाशिवरात्रि 8 मार्च तक चलेगा। महाशिवरात्रि से पहले प्रदेश ही नहीं, अन्य प्रदेशों से कांवरिये सैकड़ों किमी पैदल जलकर महादेवा का जलाभिषेक करने पहुंच रहे हैं। शहर के रास्ते कांवरिये महादेवा पहुंच रहे हैं। कोई कांवरिया उन्नाव से पैदल गंगाजल लेकर आ रहा है तो कोई कानपुर और जालौन से। कोई आगरा से चला आ रहा है तो कोई सैकड़ों मील दूर से। बीते 22 जनवरी को राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद राममय हुआ जिला अब शिवमय हो चुका है।

सार-संक्षेप

बार एसोसिएशन की बैठक में रखा गया आय-व्यय का ब्योरा

बार एसोसिएशन की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी। अमृत विचार

फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : दि बार एसोसिएशन के सभागार में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदीप कुमार निगम ने की। बैठक में कई विषयों पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। बैठक में बार एसोसिएशन के महामंत्री संजय सिंह नंबरदार ने आय व्यय का लेखा जोखा रखा। बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता योगेंद्र सिंह बल्लू, तीर्थ प्रसाद मिश्रा, हरिनाम सिंह वर्मा, राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, प्रेम चंद्र पाल, राजीव नयन तिवारी, अली उद्दीन शेख, श्रवण कुमार वर्मा, सतीश वर्मा, राम लाल वर्मा, नफीस अहमद, के के मिश्रा रानू, पौरुष कुमार श्रीवास्तव, महेन्द्र सिंह, राम कृष्ण श्रीवास्तव, कन्हैया लाल यादव, अवधेश श्रीवास्तव आदि अधिवक्ता उपस्थित थे।

राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मार्च को, प्रचार वाहन रवाना

प्रचार वाहन को रवाना करते जनपद न्यायाधीश दिनेश चंद्र। अमृत विचार

बाराबंकी अमृत विचार : दीवानी न्यायालय परिसर में 9 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया है। इसके प्रचार प्रसार और जागरूकता के लिए गुरुवार को एलईडी प्रचार वाहन रवाना किया गया। जनपद न्यायाधीश दिनेश चंद्र ने इसे हरी झंडी दिखाई। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नाजनीन बानो ने बताया कि एलईडी प्रचार वाहन जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत से सम्बन्धित प्रचार सामग्री को वितरित कर प्रचार-प्रसार करेगा एवं आम जनमानस को राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जागरूक करेगा। प्रचार वाहन के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी की ड्यूटी लगायी गयी है जो उक्त कार्य में सहयोग करेगे। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में सुलह-समझौता के माध्यम से विभिन्न प्रकार के वाद जैसे मोटर दुर्घटना के मामले, बिजली, पानी से संबंधित वाद, बैंको के लोन संबंधित वाद, मोटर वाहन की चालानी, प्री-लिटिगेशन स्तर पर वैवाहिक वादों का निस्तारण के वाद, राजस्व वाद, आर्बीट्रेशन वाद, उपभोक्ता अधिनियम के वाद, इत्यादि वाद जो सुलह योग्य है उन मामलों का निस्तारण किया जायेगा। इसके अतिरिक्त आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के पूर्व लघु वाद की विशेष लोक अदालत 5 मार्च से 7 मार्च तक आयोजित की जायेगी।

रोजगार मेले में 187 युवाओं को मिली नौकरी

चयनित अभ्यर्थी को प्रमाण पत्र देते ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि चंद्रशेखर वर्मा।

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : ब्लॉक बनीकोडर अंतर्गत जे पी फार्मेसी कॉलेज कोटवासड़क में गुरुवार को कौशल विकास मिशन, जिला सेवा योजन व राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के द्वारा रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में 11 निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि चंद्र शेखर वर्मा व विशिष्ट अतिथि राधे लाल वर्मा ने किया । मेले में 378 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया। इनमें से चयनित 187 बेरोजगार युवाओं को नियुक्तिपत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर जिला कौशल प्रबंधक अंजेश शुक्ला, राजकीय आईटीआई से अखिलेश वर्मा, प्रीतम सिंह व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

सांसद ने विकास कार्यों का किया लोकार्पण

बाराबंकी

अमृत विचार : गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार विकास खंड देवां में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में क्षेत्र पंचायत निधि से कराए जा रहे विकास कार्यों का मुख्य अतिथि सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने बटन दबाकर लोकार्पण किया।

इससे पूर्व सांसद ने सभागार में उपस्थित क्षेत्र पंचायत सदस्यों, ग्राम प्रधानों, अधिकारियों व अन्य सभी सम्भ्रान्तजनों के समक्ष भाजपा सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए देवा ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र यादव की तारीफ़ की।

उन्होंने कहा कि आपके 100 बीडीसी में से करीब 70 से अधिक बीडीसी क्षेत्रों में कार्य करा चुके हैं। कार्यक्रम को खंड विकास अधिकारी नेहा शर्मा, ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र सिंह यादव, अवर अभियंता भीष्म यादव, प्रधान संघ के महामंत्री इजहार अहमद एडवोकेट, पशु चिकित्साधिकारी डाक्टर खेलाड़ी शंकर आदि ने भी सम्बोधित किया।

विकास कार्यों का लोकार्पण करते सांसद उपेंद्र रावत व मौजूद अन्य लोग।

92 लीटर शराब के साथ नौ गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार: अवैध व मिलावटी शराब के खिलाफ अभियान में गुरुवार को फतेहपुर, सुबेहा और देवा की पुलिस टीम ने 92 लीटर शराब के साथ नौ आरोपियों को दबोचा। फतेहपुर कोतवाली पुलिस की टीम ने कस्बे के निवासी अरमान, तूफान उर्फ नूर आलम, जाहिद, अलीम व धरौली निवासी समीर को पकड़कर 52 लीटर शराब बरामद की। वहीं सुबेहा पुलिस की टीम ने 20 लीटर शराब के साथ बदीपुर मजरे शहरी इस्लामपुर निवासी रमकला व गोसियामऊ निवासी.बालकराम गौतम को दबोचा। देवा कोतवाली की पुलिस टीम ने विशुनपुर निवासी रितेश कुमार व रिजवान को 20 लीटर शराब के साथ पकड़ा। सभी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गयी।

शादी के लिए पटेल पार्क में लगेगा 11 हजार का शुल्क

नगर पंचायत की बैठक

फतेहपुर, बाराबंकी

अमृत विचार : नगर पंचायत की बोर्ड बैठक में सड़क निर्माण कराये जाने के साथ पूरे नगर पंचायत में डंप पड़े कूड़े का उठान कराने के पश्चात् जिला मुख्यालय पर निस्तारण के लिए भेजने का प्रस्ताव पास किया गया है। इसके अलावा वैवाहिक समारोह के लिए पटेल पार्क का शुल्क 11 रुपये तय किया गया। कई अन्य प्रस्ताव भी बैठक में दिये गये।

नगर पंचायत फतेहपुर के सभागार में आयोजित बोर्ड बैठक के दौरान ईओ विनय कुमार अवस्थी ने बैठक का एजेंडा प्रस्तुत किया।

नगर पंचायत के सभी वार्डों के सभासदों ने अपने वार्डों में कराये जाने वाले विकास कार्यों का प्रस्ताव रखा। अध्यक्ष इरशाद अहमद कमर ने कहा कि कस्बे में आयोजित शादी विवाह समारोह को सम्पन्न कराने के लिए पटेल पार्क 11 हजार रुपये में मुहैया कराया जाएगा। कस्बे में कई लोगों द्वारा बिना एनओसी व साइट प्लान के प्लॉटिंग की जा रही है। ऐसे लोगों को नोटिस दी जायेगी। इस मौके पर लिपिक नदीम अहमद, हरीश कुमार, सभासद संतोष मिश्रा, अनिल मिश्रा, राहिल आदि थे।

अखिलेश को नोटिस भाजपा की हताशा का परिणाम:तनुज

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : प्रदेश कांग्रेस के महासचिव तनुज पुनिया ने गुरुवार को कहा कि इण्डिया गठबन्धन की लोकप्रियता से भाजपा को अपनी हार का एहसास हो गया हैं। गठबन्धन को कमजोर करने के लिए सरकार सीबीआई और ईडी का इस्तेमाल कर रही है। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश में इण्डिया गठबन्धन के सशक्त सहयोगी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को सीबीआई का नोटिस भाजपा की हार के अहसास का परिणाम हैं।

बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इण्डिया गठबन्धन का कोई सहयोगी या कांग्रेस पार्टी और समाजवादी पार्टी का नेता कार्यकर्ता भाजपा की गन्दी राजनीति से भयभीत होने वाला नहीं है। देश और प्रदेश की जनता भाजपा के असली चेहरे को पहचान गयी हैं और चुनाव में उनका करारा जवाब देकर परास्त करेंगी। इस अवसर पर पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया व अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

घाघरा में घड़ियाल के 75 बच्चे छोड़े गए

बाराबंकी, अमृत विचार : वन विभाग द्वारा बुधवार को घाघरा नदी में घड़ियाल के 75 बच्चों को छोड़ा गया। ये बच्चे घड़ियाल पुनर्वास केंद्र कुकरैल लखनऊ से उपलब्ध कराए गए थे। प्रभागीय वनाधिकारी आकाशदीप वधावन के नेतृत्व में घाघरा नदी में घड़ियाल के 75 बच्चों को छोड़ा गया है। इनमें 10 नर और 65 मादा शामिल हैं। इन सभी की उम्र लगभग ढाई वर्ष है। इस मौके पर ग्राम प्रधान दुर्गापुर सुशी गुप्ता, प्रधान बड़नपुर राकेश वर्मा, जिला पर्यावरण समिति के सदस्य आशीष जयकरन वर्मा समेत पुनर्वास केंद्र कुकरैल व वन विभाग के कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

अमृत विचार : डायल 112 पुलिस ने गुरुवार को तहसील रामसनेहीघाट के प्रांगण के पास नुक्कड़ नाटक के जरिये जागरूकता अभियान चलाया।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया कि केवल झगड़े व मारपीट में ही नहीं बल्कि किसी भी आपात स्थिति जैसे आग लगने, महिलाओं से छेड़छाड़, चलती ट्रेन में सहायता, चाइल्ड हेल्प, संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना, प्राकृतिक आपदा, मेडिकल इमरजेंसी में भी आप 112 नंबर डायल कर मदद प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही एस्कार्ट सुविधा, जिसमें रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक अकेली महिला को उनके गंतव्य तक पहुंचने की व्यवस्था है। पुलिस 112 के कर्मचारी किशन चौहान, राकेश कुमार, खुशी शर्मा एकता सिंह अभिषेक पाल सावन आदि ने नाटक के जरिये 112 का प्रचार किया।

नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते डॉयल-112 के कर्मचारी। अमृत विचार

बैठक मसौली ब्लॉक प्रधान संघ की नई कार्यकारिणी का किया गया गठन

सोमनाथ अध्यक्ष व नीरज बने महामंत्री

मसौली, बाराबंकी

अमृत विचार : विकास खण्ड मसौली के सभागार में गुरुवार को प्रधानों की एक बैठक हुई। बैठक में वर्तमान प्रधान संघ की कार्यकारिणी को भंग करते हुए पुनः संगठन का चयन करते हुए सर्वसम्मति से ब्लॉक अध्यक्ष और महामंत्री का चयन किया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए ग्राम पंचायत चिलौकी के प्रधान सोमनाथ राजपूत को ब्लॉक अध्यक्ष तो नीरज को महामंत्री चुना गया। नितिन, अनिल, धर्मेन्द्र सिंह , रंजित सचिन, अनिल, निरेन्द्र को को उपाध्यक्ष चुना गया। कोषाध्यक्ष पद पर अनुपमा को चुना गया तथा उपमंत्री विजय बहादुर, सुमन राय, फूलन देवी चुने गए। कार्यकारिणी गठन के बाद अध्यक्ष सोमनाथ राजपूत ने बताया कि जो वर्तमान में ब्लॉक अध्यक्ष थे वह प्रधानों की समस्या पर नहीं आते थे। जिस कारण कार्यकारणी भंग करके नए हमें अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस मौके पर शमशेर, उमाकांत, सन्तोष, अनील, अजय, श्रीकांत, राम सिंह, विनोद, सुनील, सुरेश, मीरा, नीतू, नीलम, देशराज आदि मौजूद थे।

मसौली ब्लाक सभागार में प्रधान संघ की नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारी। अमृत विचार

रामलीला के मंचन से जीवित होती हैं पुरानी परंपराएं

बाराबंकी

अमृत विचार : विकासखंड देवा के ग्राम उदवतपुर मजरे टेरा कला स्थित जारक बीर बाबा स्थान पर आयोजित तीन दिवसीय रामलीला महोत्सव का समापन हो गया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता व सुप्रसिद्ध नेत्र सर्जन डॉ.विवेक वर्मा ने कहा कि सबको राम के आदर्शों पर चलना चाहिए। विशिष्ट अतिथि धर्म कुमार यादव ने कहा कि राम लीला मंचन से हमारी पुरानी परंपराएं जीवित रहती है।रामलीला मंचन दरभंगा की राधा कृष्ण राम लीला पार्टी के कलाकारों द्वारा विभिन्न प्रसंगों का मंचन किया गया। इस अवसर पर गिरीश चंद्र वर्मा मंडल उपाध्यक्ष अयोध्या भाकियू, राम मिलन वर्मा, अजय कुमार, अजेंद्र कुमार, शिव विशाल, सरोज कुमारी, नंदिनी देवी, सुशील आदि थे।



रामलीला का मंचन करते कलाकार।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

मेरा नाम SATYA WATI सर्विस रिकार्ड में गलत लिख गया है। सही नाम SATYA VATI W/O Late Shiv Bahadur Singh निवासी ग्राम मझिगवां करन, पोस्ट चौहनिया थाना हरचंदपुर, जिला रायबरेली 229303 होना चाहिए।

सूचना

सूचित हो कि मेरे मुंशी व कामिल की मार्कशीट मदरसा शिक्षा परिषद लखनऊ में मुंशी का रोल न. 841/1998 व कामिल का रोल न. 3078/2006 है। वास्तव में कही खो गई है। मो. सलीम पुत्र मेहंदी लाल निवासी बनबीर पुर पो. सदरपुर तहसील महमूदाबाद जिला सीतापुर।

सूचना

सूचित किया जाता है कि वैभव दीक्षित पुत्र विष्णु कुमार दीक्षित निवासी कितूली थाना जगतपुर मै प्रयागराज अपने निजी कार्य से गया हुआ था। तभी बस में मेरा बैग छूट गया जिसमें मेरे हाई स्कूल की अंक पत्र सन 2020 अनुक्रमांक 1213345 कहीं वास्तव में खो गया है।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं वैभव दीक्षित पुत्र विष्णु कुमार दीक्षित निवासी कितूली थाना जगतपुर मै प्रयागराज अपने निजी कार्य से गया हुआ था। तभी बस में मेरा बैग छूट गया जिसमें मेरे इंटरमीडिएट की अंक पत्र सन 2022 अनुक्रमांक 2225902575 वास्तव में कहीं खो गया है

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र अंकित पाल को उसके गलत कृत्यों से परेशान होकर अपनी व अपने पूर्वजो की समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हू और भविष्य में उनके द्वारा किए गए कृत्यों के लिए स्वंय जिम्मेदार होगा मुझसे व मेरे अन्य परिवार वालों से कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। अशोक कुमार पुत्र कढ़ीलेराम निवासी ग्राम गदियाखेड़ा मव तिलन मलिहाबाद लखनऊ। हाल पता मोहन रोड बुद्धेश्वर काकोरी लखनऊ। मो न व 8573926290

सूचना

सूचित किया जाता है कि मुझे ओमप्रकाश गुप्ता व घनश्याम गुप्ता दोनों ही नामों से जाना व पहचाना जाता है। ये दोनों ही नाम मेरे हैं। ओमप्रकाश गुप्ता पुत्र विश्वनाथ गुप्ता निवासी-रमईपुर कलां, पोस्ट-सरेनी, तहसील-लालगंज, जनपद-रायबरेली।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे जन्मेजय बुधौलिया पिता का नाम विनोद कुमार तथा माता का नाम वंदना है। मेरे हाई स्कूल अंक पत्र में माता पिता का यही नाम दर्ज है। मेरे इंटर के अंक पत्र में माता का नाम वंदना बुधौलिया पिता का नाम विनोद बुधौलिया कर दिया है। दोनो नाम मेरे माता पिता के है।माता का नाम वंदना पिता का नाम विनोद कुमार के नाम से जाना जाए। जन्मेजय बुधौलिया समदनगर महोबा।

सूचना

सूचित हो कि मेरे समस्त मूल प्रमाण पत्र व बी यू एम एस की डिग्री वास्तव में कही खो गई है। डॉ0 शबनम परवीन पत्नी अहसान पुत्री कत जमील अहमद निवासनी सी 2483 मिनी एल आई जी राजाजीपुरम थाना तालकटोरा जिला लखनऊ।

राज्यमंत्री ने रेलवे बाईपास पुल को लेकर अधिकारियों से की वार्ता

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला के आग्रह पर उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने नेशनल हाईवे के उच्च अधिकारियों से लालगंज बाईपास रेलवे पुल के निर्माण की प्रगति के बाबत जानकारी ली। उन्होंने एनएच के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि रेलवे लाइन पर बना पुल टूट जाने से लालगंज के लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।
इसे जल्द से जल्द बनाया जाए। रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण लगभग साढ़े चार वर्षों से बंद पड़ा है। प्रदेश सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह से हुई वार्ता के बाद एनएच के अधिकारियों ने उन्हें बताया कि अगर रेलवे से एनओसी मिल जाए तो पुल का निर्माण 15 अप्रैल तक हो जाएगा। मामले में मंत्री ने नेशनल हाईवे के अधिकारियों को एनओसी दिलाई जाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि वह केंद्रीय रेल मंत्री से कहकर अविलंब एनओसी दिला देंगे। रेलवे ओवर ब्रिज के बाबत मंत्री की दिलचस्पी लेने के बाद अब रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण जल्द हो सकेगा और लालगंज के लोगों को जाम आदि से निजात भी मिल सकेगा।
बताते चलें कि फतेहपुर रायबरेली नेशनल हाईवे के लालगंज बाईपास पर रेलवे लाइन पर ओवर ब्रिज का निर्माण हुआ था। रेलवे पुल में दरार आ जाने से एनएच के अधिकारियों ने उसे तोड़ दिया था, जो 2019 से बंद पड़ा है।

श्रम विभाग: वेबसाइट तीन महीने से बन्द, लाखों श्रमिक परेशान

- साइट बन्द होने से श्रमिकों को नहीं मिल पा रहा योजनाओं का लाभ
- पंजीकरण व नवीनीकरण का भी कार्य बाधित

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश श्रम एवं विनिर्माण कल्याण बोर्ड की वेबसाइट लगभग तीन महीने से बंद चल रही है। इससे श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिक विभिन्न योजनाओं के लिए न तो आवेदन ही कर पा रहे है और न ही पंजीकरण व नवीनीकरण का ही कार्य हो पा रहा है। बोर्ड की वेबसाइट बन्द होने से रायबरेली जिले सहित पूरे प्रदेश के लाखों श्रमिक परेशान है। जिले स्तर पर पूछने पर अधिकांशतः यही जवाब मिलता है कि साइट ऊपर से बन्द है, हम लोग इसमें कुछ नहीं कर सकते है।

> साइट बन्द होने की वजह से श्रमिकों को परेशानी उठानी पड रही है, जिसकी वजह से प्रतिदिन कई श्रमिक आ रहे है। पूछने पर बताया कि कल ही उच्चाधिकारियों से वार्ता कर साइट को शीघ्र ही चालू कराने का अनुरोध किया है। जिससे श्रमिकों को लाभ मिल सके। किन्तु यह पूछने पर साइट चालू नही होती तब तक वैकल्पिक व्यवस्था क्या है, इस पर उन्होंने चुप्पी साध ली।
>
> –आर एल स्वर्णकार
> उप श्रमायुक्त रायबरेली

कोई भी अधिकारी यह बताने के लिए तैयार नही है कि साइट कब तक बन्द रहेगी? कभी चलेगी भी कि नही! उत्तर प्रदेश श्रम एवं विनिर्माण कल्याण संगठन में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का पंजीकरण कर उन्हें विभिन्न योजनाओं के माध्ययम से लाभान्वित किया जाता है। जिले में जितने भी प्रकार के निर्माण होते हैं उन भवन स्वामियों को भवन की लागत का एक प्रतिशत धनराशि बतौर शुल्क बोर्ड में जमा करानी पड़ती है। तभी श्रम विभाग उन्हें अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करता है उसके बाद ही भवन स्वामी अपना निर्माण शुरू करा सकता है।

श्रम विभाग का कार्यालय।

इसी धनराशि से श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के जरिये लाभ दिया जाता है। उत्तर प्रदेश श्रम एवं विनिर्माण कल्याण में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को पंजीकृत कर उन्हें बच्चों की छात्रवृती योजना, पुत्री के लिए कन्या विवाह योजना, अपंग हो जाने पर पेंशन योजना, कौशल विकास योजना सहित लगभग 14 योजनाएं चल रही है।

प्रदेश सरकार द्वारा भ्रष्टाचार को कम करने के लिए आनलाइन से आवेदन करना व योजनाओं का लाभ लेना सुनिश्चित कर दिए जाने के बाद पंजीकृत श्रमिक विभिन्न जन सेवा केन्द्रों के माध्यम से योजनाओं में आवेदन करने के साथ पंजीकरण व नवीनीकरण का भी कार्य करवाते है। बोर्ड की वेबसाइट बन्द होने के कारण जिले के हजारों पंजीकृत श्रमिक न तो योजनाओं के लिए आवेदन ही कर पा रहे हैं और न ही पंजीकरण व नवीनीकरण करवा पा रहे है।

सहायक श्रमायुक्त कार्यालय में पसरा सन्नाटा

इस संबंध में जब सहायक श्रमायुक्त कार्यालय में जानकारी करने का प्रयास किया गया तो सहायक श्रमायुक्त रामलखन सहित कोई भी जिम्मेदार अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध नही था। यह पूरे दिन का हाल है। श्रमिक आते तो हैं, लेकिन किसी के नहीं होने पर बैरंग लौट जाते है।

आज आएंगे नितिन गडकरी योजनाओं की देंगे सौगात

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के आगमन की तैयारी को लेकर बैठक करतीं डीएम हर्षिता माथुर। अमृत विचार

- शहर के जीआईसी मैदान में जनसभा को भी करेंगे सम्बोधित, तैयारी पूरी

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। केंद्र सरकार में सड़क परिवहन, राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी आज जिले को हजारों करोड़ की लागत से बनी कई परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। शहर के जीआईसी मैदान में होने वाले कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारी पूरी कर ली गई है। देर रात तक श्रमिक पंडाल को अंतिम रूप देने के लिए लगे रहे। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, एसपी अभिषेक अग्रवाल ने भी कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखा।

केंद्रीय मंत्री 14 सौ करोड़ की रायबरेली रिंग रोड फेस टू, रायबरेली- प्रयागराज फोर लेन, फिरोज गांधी चौराहे से सई नदी तक सड़क, पराग डेयरी से आईटीआई मोड़ तक ओवर ब्रिज का शिलान्यास के साथ ही कई अन्य परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम में लगभग 35 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद की गई है।

पुलिस लाइन में उतरेगा हेलीकॉप्टर

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी 4 बजकर 5 मिनट में हेलीकाप्टर से पहुंचेगे। उसके बाद वह 04:10 पर कार्यक्रम स्थल पर पहुंच जाएंगे। लगभग वह 50 मिनट कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। इस दौरान शिलान्यास के साथ ही जनसभा को भी सम्बोधित करेंगे। पुलिस लाइन से अस्पताल चौराहा होते हुए वह कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। सुरक्षा को लेकर साढ़े तीन बजे से इस मार्ग पर जरुरी काम से आने-जाने वालों को ही इजाजत रहेंगी।

स्मार्ट क्लॉस से बदलेगी परिषदीय विद्यालयों की सूरत: बीईओ

- पूर्व माध्यमिक विद्यालय बालिका किला बाजार में हुआ नैट रिजल्ट का वितरण

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। परिषदीय विद्यालयों में बच्चों का स्तर परखने के लिए सितंबर महीने में हुई निपुण असेसमेंट टेस्ट (नैट) का परिणाम जारी हो गया है। परिणाम जारी होने के बाद विद्यालयों में बच्चों को रिजल्ट कार्ड दिया जा रहा है। गुरुवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय बालिका किला बाजार में बच्चों को नैट का रिजल्ट कार्ड वितरित किया गया। बच्चों को रिजल्ट कॉर्ड का वितरण बीईओ मुख्यालय व राही बृजलाल ने किया।

आयोजित कार्यक्रम में मौजूद खंड शिक्षा अधिकारी व अन्य।

बीईओ ने कहा कि विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों का आखिर क्या स्तर है, इसको परखने के लिए 12 सितंबर को निपुण असेसमेंट टेस्ट (नैट) आयोजित किया गया था। उन्होंने बताया कि कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों का गणित एवं विज्ञान विषयों का सरल एप के माध्यम से निपुण एसेसमेंट टेस्ट किया गया था। उन्होंने बताया कि परिषदीय विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने के लिए लगातार काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि विद्यालय को स्मार्ट क्लॉस की सौगात दी गई है। जल्द सेटअप होने के बाद में क्लॉस का संचालन शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा अन्य कई नवाचार विभाग की तरफ से किए जा रहे हैं।

प्रधानाध्यापक शांती अकेला ने बताया कि विद्यालय में पढ़ने वाली 200 छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि ने रिजल्ट कॉर्ड अपने हाथों से दिया। मीना मंच की छात्रा शिफा बानो, सूफिया बानो, अरीबा महमूद, माहिया और रुमैशा कि तरफ से स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। छात्रा खुशी ने महिला सशक्तिकरण पर ओजस्वी भाषण दिया। अतिथि का स्वागत जूनियर शिक्षक संघ के नगर अध्यक्ष आशीष तिवारी, प्रधानाध्यापक शांति अकेला, सीमा दीक्षित ने किया।

इस मौके पर अभिभावक रेशमा, निशा, कन्हैयालाल, पार्वती, सुमन, मो. अमीन, बृजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

शस्त्र दुकानों और थानों में हथियार जमा कराकर भूले लाइसेंस धारक

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। एक जमाने में लोगों के बीच अपनी धमक दिखाने के लिए शस्त्र के लाइसेंस के लिए लोग बेताब रहते थे। लाइसेंस पाने के लिए लोगों ने सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाए और मंत्रियों, नेताओं से भी खूब सिफारिशें लगवाई। अब वही असलहे गन हाउसों व थानों के मालखानों में धूल फांक रहे हैं। गन हाउस के मालिक व पुलिस अब इन असलहों की सुरक्षा कर रही हैं, लेकिन लाइसेंसधारी अपने ही हथियार लेने को तैयार नही हैं। जिले में 12313 शस्त्र धारक है, जबकि 12536 असलहे है।

ऐसे में सैकड़ों ऐसे शस्त्र है जिसे लोगों ने चुनाव या फिर किन्ही कारणवश जमा किए थे, जो अब सालों से दुकानों व स्थानीय थानों पर पड़े हैं। शहर के गन हाउसों पर हजारों की संख्या में असलहा पड़े हुए हैं। दुकानदार लाइसेंस धारक को फोन कर शास्त्र उठाने के लिए गुजारिश भी करते है, लेकिन ज्यादातर लोग इसे अनदेखा कर रहे हैं। जिले में पांच गन हाउस है जिनमें शस्त्र जमा करने का हर माह दो सौ रुपये शुल्क है। लेकिन दुकानदारों की माने तो बड़ी संख्या में लोग शस्त्र जमा करते हैं लेकिन किराया समय से नहीं देते है।

सार-संक्षेप

अनियंत्रित गिट्टी लदा डंपर गड्ढे में पलटा

अटौरा, रायबरेली। रायबरेली-कानपुर राजमार्ग पर अटौरा मोड़ के समीप बुधवार की रात एक गिट्टी लदा डंपर अनियंत्रित होकर खंती में पलट गया। घटना में डंपर चालक को मामूली चोटें आयी, जिसे उपचार के लिए ले जाया गया। परमानंद (28) पुत्र लक्ष्मी नारायण निवासी लोकेपुर, कूरेभार कबरई से गिट्टी लादकर डंपर गोण्डा लेकर जा रहा था। अटौरा मोड़ के समीप रायबरेली की तरफ से ओवरटेक करते ट्रक को बचाने के प्रयास में डंपर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में घुस कर पलट गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे उपचार के लिए स्थानीय डॉक्टर के पास भेज दिया।

सड़क पर पलटा गिट्टी भरा डंपर।

पत्नी से नाराज होकर पति ने खाया जहरीला पदार्थ

महराजगंज रायबरेली। पत्नी के मायके जाने से नाराज़ पति ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे गंभीर हालत में परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के कुसमहुरा गांव निवासी चांद अली (26) पुत्र अनवर अली का किसी बात को लेकर पत्नी से विवाद हो गया। नाराज होकर पत्नी मायके चली गई। इससे खफा होकर मंगलवार की देर शाम चांद अली ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत गंभीर होने पर परिजनों ने उसे सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि चांद अली के खिलाफ दहेज उत्पीड़न के मामले में चार्जशीट दाखिल हुई थी।

बाइक और स्कूटी में टक्कर, एक घायल

राही, रायबरेली। भदोखर थाना क्षेत्र में बाइक और स्कूटी की आमने सामने टक्कर हो गई, जिसमें बाइक सवार अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। गुरुवार को थाना क्षेत्र के पितंबरपुर मजरे कनोली निवासी जितेंद्र सिंह (50) बाइक से मेजरगंज से घर वापस आ रहे थे। तभी मेजरगंज के निकट सामने से आ रही तेज रफ्तार स्कूटी की सीधी टक्कर हो गई, जिससे बाइक सवार अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने एंबुलेंस से दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां जितेन्द्र की हालत गंभीर बनी हुई है।

बुजुर्ग पर युवती के साथ छेड़छाड़ का आरोप

ऊंचाहार, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में युवती के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने सलोन कोतवाली क्षेत्र के बुजुर्ग के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है। एक गांव निवासी महिला का कहना है कि बुधवार को पड़ोसी के घर में सलोन कोतवाली क्षेत्र का एक बुजुर्ग आया था। उसकी 20 वर्षीय बेटी देर रात नित्य क्रिया के लिए दरवाजे निकली थी। तभी आरोप है कि बुजुर्ग ने उसे पकड़कर छेड़छाड़ शुरू कर दी। बेटी के शोर मचाने पर वो पड़ोसी के घर में घुस गया। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि सलोन कोतवाली क्षेत्र के रोहनियां निवासी रमेश विश्वकर्मा के विरुद्ध संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है।

पदोउन्नति के बाद सहायिकाओं को बांटे गए नियुक्ति पत्र

नियुक्ति पत्र मिलने पर खुशी जताती आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां।

डलमऊ, रायबरेली। बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केंद्रो में काफी दिनों से रिक्त चल रहे कार्यकर्त्री के पदों पर सहायिका से पदोन्नति के बाद बुधवार को सहायिकाओं को नियुक्त पत्र का वितरण किया गया। डलमऊ तहसील क्षेत्र के डलमऊ एवं दीनशाह गौरा ब्लाक में काफी दिनों से आंगनबाड़ी एवं सहायिका के पद रिक्त चल रहे थे। जिससे केंद्रो के संचालन में परेशानी हो रही थी। विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का सही प्रकार से क्रियान्वयन भी नहीं हो पा रहा था। शासन के निर्देश पर केंद्रो पर तैनात सहायिकाओं को कार्यकर्त्री के पद पर पदोन्नति की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। बुधवार को लखनऊ स्थित लोग भवन में मुख्यमंत्री के द्वारा जनपद की कुल 66 एवं डलमऊ ब्लॉक से चार एवं दीनशाह गौरा ब्लाक से दो सहायिकाओं को पदोन्नति देते हुए उन्हें नियुक्त पत्र सौपा गया है। परियोजना अधिकारी बाल विकास पुष्टाहार आशुतोष तिवारी ने बताया कि जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद डलमऊ तहसील क्षेत्र से कुल छह सहायिकाओं को पदोन्नति देते हुए उन्हें नियुक्त पत्र सौपा गया है।

अराजकतत्वों ने होटल में लगाई आग

अमावां, रायबरेली। मिल एरिया थाना क्षेत्र में बुधवार की रात अराजक तत्वों ने छप्पर में चल रहे एक होटल में आग लगा दी। आसपास के लोगों की सूचना पर जब तक दुकानदार मौके पर पहुंचता, तब तक होटल में रखा सारा सामान जलकर खाक हो चुका था। भुक्तभोगी दुकानदार ने सूचना पुलिस को दी है। पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी। घटना रायबरेली-अयोध्या हाईवे पर कोड़रस बुजुर्ग मोड़ के पास की है। कोड़रस गांव का नन्नू लाल साहू पुत्र बाबूलाल साहू छप्पर की मड़ैया में होटल चलाता है। बीती रात करीब 11 बजे उसके होटल पर रखा छप्पर धूं-धूंकर जलने लगा। लेकिन जब तक नन्नू लाल मौके पर पहुंच कर आग बुझाने का प्रयास करता। होटल में रखा सारा सामान जलकर राख हो चुका था।

निबंधन कार्यालय में हंगामा

संवाददाता, रायबरेली। निबंधन विभाग में गुरुवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब जमीन का बैनामा कराने आए कुछ लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। जोर-जोर की आवाज़ सुनकर आसपास लोगों का मजमा लग गया। मौके पर पहुंचे निबंधन कार्यालय के कर्मचारियों ने किसी तरह उन्हें कक्ष से बाहर किया। करीब आधा घंटे तक हंगामा चलता रहा। बाद में दोनों पक्ष बाहर चले गए।

चोरी का सामान व असलहे के साथ तीन को दबोचा

सतांव, रायबरेली, अमृत विचार। गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र की अटौरा चौकी पुलिस ने गुरुवार की सुबह तीन शातिर चोरों को चोरी के सामान और अवैध असलहा के साथ दबोचा है। उनके पास से कारतूस भी बरामद किया है।

चौकी के इंचार्ज चमन सिंह को गुरुवार की सुबह करीब 11 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि नकदिल पुर गाँव के समीप तीन शातिर चोर मौजूद है। चौकी इंचार्ज ने आनन-फानन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये और नकदिलपुर नहर पुलिया के पास तीनों शातिर चोरों मो. इस्तियाक उर्फ मन्नू पुत्र मो. इकबाल निवासी देदौर, सोनू पुत्र शीतलदीन निवासी पूरे लाल जी का पुरवा मजरे सुल्तानपुर खेड़ा व रणविजय सिंह उर्फ शानू सिंह पुत्र जंग बहादुर सिंह निवासी पूरे कछवाहन मजरे अटौरा खुर्द को चोरी के छह मोबाइल फोन, 2500 रुपये, एक तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष प्रवीर गौतम ने बताया कि गिरफ्तार किये गये तीनों आरोपियों में से इस्तियाक और सोनू का पुराना अपराधिक इतिहास है। दोनों के विरुद्ध पहले से ही कई अपराधिक मुकदमें पंजीकृत हैं। अभियुक्तगणों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए रिमाण्ड के लिए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

सम्मेलन में सरकारी कार्यों व योजनाओं पर चर्चा

संवाददाता, रायबरेली। जिला पंचायत सभागार में पंचायत प्रतिनिधियों के सम्मेलन का आयोजन दो पालियों में किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने किया। प्रथम पाली में विकास खंड हरचंदपुर, सतांव और द्वितीय पाली में खीरों एवं बछरावां के जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने हिस्सा लिया। जिससे उन कार्यों को एमएलसी निधि, जिला पंचायत अथवा राज्य सरकार से सहयोग करा कर जनपद के समग्र विकास में अपना योगदान दिया जा सके। साथ ही सभी उपस्थित सदस्यों से रायबरेली के सम्पूर्ण विकास में एक साथ मिलकर योगदान व सहयोग देने का आह्वान किया गया। सम्मेलन में जनपद वासियों को अधिक से अधिक सरकारी कार्यों और योजनाओं का लाभ मिल सके इसके लिए एक साथ मिलकर कार्य करने पर चर्चा हुई।

सीएचसी में मरीजों से अवैध धन वसूली का आरोप

बछरावां, रायबरेली

अमृत विचार। निरंतर अपने रोचक कारनामों से चर्चा में बना रहने वाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां एक बार फिर स्वास्थ्य मंत्री के आदेशों पर कालिख पोतने का काम कर रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पर तीन महिला चिकित्सक तैनात हैं, जिनमें से एक भी महिला चिकित्सक यहां रात्रि विश्राम नहीं करती हैं।

जिसके कारण प्रसव पीड़िताओं को एएनएम या आशा बहू के द्वारा ही अपना प्रसव कराना पड़ता है। बछरावां भाजपा मंडल अध्यक्ष परवेश वर्मा ने बताया कि बीते दिनों मैं जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचा तो मुझे स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में एक भी महिला डॉक्टर रात के समय मौजूद नहीं मिली। उक्त स्थान पर उपस्थित कर्मचारियों ने बताया कि कोई महिला डॉक्टर उपस्थित नहीं है। मरीजों एवं तीमारदारों द्वारा पता चला कि यहां पर प्रसव करने के नाम पर कर्मचारियों के द्वारा महिला चिकित्सकों की शह पर हजारों रुपए की अवैध वसूली भी की जाती है। अगर मरीज का तीमारदार पैसा नहीं देता है तो उसे रेफर कर दिया जाता है। मजबूरन वह निजी अस्पतालों में शरण लेता है और उसका वहां पर विधिवत तरीके से आर्थिक शोषण भी किया जाता है।

राम कथा सुनने से कष्टों से मिलती मुक्ति: धर्मेश महाराज

परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार। छतोह ब्लॉक के ग्राम निनावां में साम्ब सदाशिव प्रतिष्ठा महोत्सव पर आयोजित तीन दिवसीय श्रीराम कथा का गुरुवार को शुभारंभ हुआ। पहले दिन कथा व्यास धर्मेश महाराज ने कहा कि राम कथा का श्रवण कर हर मनुष्य अपने जीवन को आनंदमय, मंगलमय बनाकर अपना आत्म कल्याण कर सकता है। राम कथा श्रवण मात्र से मन को शांति व मुक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि राम कथा श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होते हैं। कलियुग में कथा सुनने मात्र से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। मनुष्य का सोया हुआ ज्ञान वैराग्य कथा श्रवण से जाग्रत हो जाता है। उन्होंने कहा कि जिसके जीवन में गुरु नहीं, वो मानव अहंकारी और असंस्कारी है। गुरु के बिना कोई भी मानव भव सागर से पार नहीं हो सकता।

बछरावां चिकित्सा केंद्र व रेलवे स्टेशन का होगा उद्धार: अजय अग्रवाल

बछरावा, रायबरेली

अमृत विचार। बछरावां क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता अजय अग्रवाल को रेलवे एवं स्थानीय समस्याओं को अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपकर निस्तारण कराए जाने की मांग की। भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने भरोसा दिलाते हुए कहा कि बछरावां चिकित्सा केंद्र और रेलवे स्टेशन का जल्द उद्धार होगा।

इससे पहले भाजपा नेता एवं सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता अजय अग्रवाल ने कस्बे में जनसंपर्क किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बताया कि लखनऊ से रायबरेली के मध्य दो मेमो ट्रेन चलाने, सुबह बनारस से चलकर रायबरेली-बछरावां होते हुए इंटरसिटी एक्सप्रेस सहित अर्चना एवं नीलांचल एक्सप्रेस का दो मिनट का ठहराव कराया जाए। स्थानीय लोगों ने बताया कि क्षेत्र में काफी संख्या में काशी विश्वनाथ, जगन्नाथ पुरी और गया धाम में काफी भक्त दर्शन करने जाया करते हैं।

भाजपा नेता एवं सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता अजय अग्रवाल को ज्ञापन सौंपते लोग।

वहीं माता वैष्णो देवी एवं महाकाल दर्शनार्थियों की संख्या काफी रहती है। इसी के साथ भाजपा नेता ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां का आकस्मिक निरीक्षण भी किया। इस दौरान तमाम खामियां पाई गई। मौके पर महिला डॉक्टर सहित कई जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारी नदारद मिले। परिसर में पर्याप्त सफाई न होने के कारण इलाज कर रहे मरीजों में नाराजगी दिखी।

आयोजन | प्रादेशिक मछुआ कल्याण सम्मेलन में कैबिनेट मंत्री ने मत्स्य पालकों को किया प्रोत्साहित

फिशमैन सुजीत को उच्चतम मत्स्य उत्पादन के लिए मिला सम्मान

महराजगंज, रायबरेली

अमृत विचार। लखनऊ के किसान भवन में आयोजित प्रादेशिक मछुआ कल्याण सम्मेलन में सुजीत कुमार चौधरी को प्रदेश में उच्चतम मत्स्य पालन के लिए उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री (मत्स्य विभाग) संजय निषाद ने सम्मानित किया। इस दौरान प्रदेश के प्रत्येक जिले से आये हुए मत्स्य पलकों को सुजीत चौधरी की मत्स्य पालन में की गयी प्रगति पर एक वीडियो फिल्म भी चलाकर दिखाई गई।

कैबिनेट मंत्री (मत्स्य विभाग) ने प्रधान मंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत मत्स्य पालन के लिए विभिन्न योजनाओं के लाभार्थिओं को हरी झंडी दिखा कर उनके परियोजनाओं का शुभारम्भ किया। सम्मेलन में अपर मुख्य सचिव - मत्स्य, उत्तर प्रदेश रजनीश दुबे (आईएएस), विशेष सचिव - मत्स्य, उत्तर प्रदेश सुनील वर्मा (आईएएस), निदेशक मत्स्य, उत्तर प्रदेश एनएस रहमानी, उप-निदेशक, मत्स्य (लखनऊ) हरेन्द्र प्रसाद, उप-निदेशक, मत्स्य (कानपुर) सुनीता वर्मा, उप-निदेशक, मत्स्य (परियोजना) अंजना वर्मा एवं अन्य मत्स्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

इस अवसर पर अपनी अभी तक के प्रगति के लिए उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार और कैबिनेट मंत्री (मत्स्य) संजय निषाद सहित पूरे मत्स्य विभाग उत्तर प्रदेश का धन्यवाद दिया। बताया कि उनके और रायबरेली जिले के लिए यह सम्मान, गौरव एवं ख़ुशी की बात है। वह आगे और भी मेहनत कर इसी तरह अपने किसान भाइयों को मत्स्य पालन करने के लिए प्रेरित करते रहेंगे।

भारत सरकार से मिल चुका सम्मान

सुजीत कुमार चौधरी रायबरेली में पिछले ढाई वर्षों से मत्स्य पालन कर रहे हैं और इन्हे नेशनल बेस्ट फिश फार्मर (इनलैंड) के अवार्ड से भारत सरकार ने सम्मानित भी किया है। वह मूलतः बस्ती जिले के वाल्टरगंज के निवासी हैं। वर्ष 2020-21 में उन्होंने अमेरिका से लौट कर रायबरेली जिले में कुछ किसानो के साथ मत्स्य पालन शुरू किया। आज वह रायबरेली के साथ-साथ दो अन्य जिलों में मत्स्य पालन कार्य कर रहे हैं।

मत्स्य पालन की जानकारी देते सुजीत चौधरी।

गरीब किसानों को मत्स्य पालन में कर रहे मदद

सुजीत चौधरी अपने साथ साथ अब गरीब किसानों को भी मत्स्य विभाग या बैंक से वित्तीय सहायता दिला कर उनको मत्स्य पालन का कार्य करवा रहे हैं, जिससे इन किसानों की आय में वृद्धि भी रही है और साथ-साथ उत्तर प्रदेश का मत्स्य उत्पादन भी बढ़ रहा है। इनका लक्ष्य है कि रायबरेली जिले को फिश हब बनाकर 25 हजार किसानों को मत्स्य पालन शुरू करवाना।

नपं में 3.84 करोड़ के कार्यों का शिलान्यास

शिवगढ, रायबरेली

अमृत विचार। मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना अंतर्गत किए गए कार्यों का नगर पंचायत कार्यालय में लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम नगर पंचायत अध्यक्ष सुमन रावत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के संवाद का लाइव प्रसारण दिखाया गया। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शिवगढ़ राजभान शुक्ल ने बताया कि नगर क्षेत्र में कराए जाने वाले कार्यों में 11 शिलान्यास 1.65 करोड़ की लागत से हैं। 16 लोकार्पण 2.19 करोड़ की लागत से हैं। कुल 3.84 करोड़ की लागत से कार्य कराए जाने हैं। इस अवसर पर सभासद कमलेश कुमारी, अनिल कुमार, रामेंद्र बाजपेई, ममता, रामरतन, काजल कृपाशंकर, वरिष्ठ भाजपा नेता नंदकिशोर तिवारी, उमाकांत अवस्थी, प्रधान संघ अध्यक्ष पवन सिंह, रणविजय सिंह, शैलेंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

होर्डिंगों के माध्यम से प्रियंका गांधी को चुनाव लड़ाने की मांग

संवाददाता, रायबरेली

▸▸ **शहर के कई स्थानों से रायबरेली की यही पुकार, प्रियंका गांधी अब की बार, की लगी होर्डिंग**

अमृत विचार। जिले में लोकसभा चुनाव से पहले सियासी पारा चढ़ने लगा है। कांग्रेस की पारम्परिक सीट पर एक बार फिर गांधी परिवार के सदस्य को चुनाव लड़ाने की मांग जिले में उठने लगी है। इसके लिए शहर के कई जगहों पर होर्डिंग भी लग गई हैं।

प्रदेश में आगामी लोकसभा चुनाव का वक्त नजदीक आ रहा है। सियासी दलों के नेताओं के साथ कार्यकर्ता भी अपनी-अपनी पार्टियों में जान फूंकने के लिए मैदान में उतर आए है। अपने-अपने पसंद के नेता को चुनाव लड़ाने के लिए होर्डिंग के जरिये मांग कर रहे है। यूपी में अपनी सियासी जमीन तलाश रही कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पार्टी का बेड़ा पार करने के लिए गांधी परिवार की पारम्परिक लोकसभा सीट से प्रियंका गांधी वाड्रा को चुनाव लड़ने की मांग की है।

गौरतलब है कि सांसद सोनिया गांधी के राज्यसभा जाने के बाद रायबरेली में कांग्रेस की तरफ से दावेदारी को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे है। ऐसे में लोग उम्मीद लगा रहे है कि इस बार मां की विरासत उनकी बेटी प्रियंका गांधी संभालेंगी। बीते दिनों राहुल की भारत जोड़ो यात्रा में प्रियंका गांधी तो नहीं आई लेकिन उनको देखने के लिए बड़ी संख्या में कार्यकर्ता आए थे। उन्हें लगा था की शायद प्रियंका रायबरेली से अपनी राजनीतिक सफर की शुरुआत कर सकती है, लेकिन वह नहीं आई थीं। इधर चुनावी माहौल मे अब प्रियंका गांधी की मांग बढ़ गई है। शहर के कई जगहों पर रायबरेली की यही पुकार, प्रियंका गांधी अबकी बार की नाम से बड़ी-बड़ी होर्डिंग लग गई है।

प्रियंका गांधी की लगी होर्डिंग। अमृत विचार

परीक्षा देकर लौट रहे छात्रों की कार पेड़ से टकराई, कई छात्र घायल

▸▸ **हालत गंभीर होने पर चार छात्रों को पहुंचाया एम्स, रायबरेली-डलमऊ मार्ग पर हुआ हादसा**

खागीपुर सड़वा, रायबरेली

अमृत विचार। भदोखर थाना क्षेत्र के रायबरेली-डलमऊ मार्ग पर गुरुवार शाम परीक्षा देकर लौट रहे छात्रों से भरी स्कॉर्पियो साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में चार छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार एम्स लाया गया। वहीं अन्य चुटहिल छात्रों को घर जाने दिया।

भदोखर थाना क्षेत्र के भारती शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज खागीपुर संड़वा से इंटर की परीक्षा देकर छात्र स्कार्पियों से वापस लौट रहे थे। तभी सैदनपुर गांव के पास एक साइकिल सवार अचानक रास्ते में आ गया, जिसको बचाने के प्रयास में स्कार्पियों अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। घटना में कार में सवार आदित्य सिंह यादव, अभिषेक, आशु यादव व सूरज यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल छात्रों की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। आसपास के लोगों ने किसी तरह कार में फंसे छात्रों को बाहर निकाला। घायल सभी छात्रों को एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल भिजवाया गया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। हादसे में एक छात्र की हालत अधिक गंभीर बताई जा रही है। कोतवाल शिवाकांत पाण्डेय ने बताया कि घटना की जानकारी होते ही सभी घायलों को अस्पताल भिजवाया गया है। जांच की जा रही है।

हादसे में क्षतिग्रस्त वाहन।

हादसे से भयभीत होकर रोता छात्र।

घायल छात्र को अस्पताल ले जाते लोग।

सड़क हादसे में बुजुर्ग समेत तीन घायल

ऊंचाहार, रायबरेली : कोतवाली क्षेत्र के कंदरांवा चौराहे के पास दो बाइकों की भिड़ंत में एक बाइक सवार बुजुर्ग समेत तीन लोग घायल हो गये, जिसमें एक घायल को सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। क्षेत्र के भवानीदीन पुर मजरे मुरारमऊ गाँव निवासी अनूप कुमार अपने पिता रामनरेश और तीन वर्षीय बेटे एकांश को बाइक से लेकर बुधवार को कंदरावां गाँव में अपनी बहन के घर गया हुआ था। देर में घर वापस लौट रहा था, तभी चौराहे के पास ही सामने से आ रहे बाइक सवार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। घटना में तीनों लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गये। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायलों को सीएचसी लाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद रामनरेश को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज शुक्ल ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल तीन लोग सीएचसी आये थे, जिसमें एक घायल को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

दहेज हत्या के आरोपित को भेजा जेल

डलमऊ, रायबरेली। दहेज हत्या के आरोप में पुलिस ने पति एवं सास ससुर को गिरफ्तार का जेल भेज दिया है। डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के सराय दिलावर अडाना गांव के रहने वाले कमलेश कुमार पटवा ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि मेरी बेटी का विवाह 4 फरवरी 2024 को बाराबंकी जनपद के मोहम्मद कीरतपुर गांव के रहने वाले संदीप कुमार पुत्र राम लखन के साथ हुई थी। विवाह में विदा होकर मेरी बेटी ससुराल गई थी, जहां पर ससुर राम लखन व सास दहेज मांग कर रहे थे। मेरी बेटी ने नाराजगी जाहिर की तो लड़की का पति संदीप कुमार एवं सास ससुर ने उपरोक्त दहेज की मांग को लेकर मारा पीटा। 25 फरवरी 2024 को मेरे मोबाइल पर एक काल आई कि तुम्हारी बेटी की तबीयत खराब है। उसे ले जाओ। सूचना पर मैं और मेरे रिश्तेदार बेटी के ससुराल पहुंचे, जहां देखा कि मेरी बेटी जमीन पर पड़ी मिली। उसी समय मैं अपनी बेटी को ले कर चला आया। इलाज के दौरान मेरी बेटी की मौत हो गई। डलमऊ कोतवाल पवन कुमार सोनकर का कहना है कि मृतक के पिता की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

नायब तहसीलदार के चालक और वकीलों में हाथापाई, मची भगदड़

▸▸ **कोतवाली में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ दी तहरीर दिनभर गहमागहमी का माहौल**

डलमऊ, रायबरेली

अमृत विचार। डलमऊ तहसील में तैनात नायब तहसीलदार के प्राइवेट वाहन के चालक और अधिवक्ताओं के बीच आपसी कहासुनी के बाद हाथापाई हो गई। इसके बाद तहसील परिसर में जमकर हंगामा हुआ। इस दौरान काफी देर तक अधिवक्ता तहसील में हंगामा करते रहे। बाद में दोनों पक्षों की ओर से डलमऊ कोतवाली में दी गई। तहरीर के आधार पर पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

बुधवार को डलमऊ अधिवक्ता संघ द्वारा विभिन्न कार्यालय और न्यायालय में कार्यरत प्राइवेट कर्मियों को हटाने के लिए तहसीलदार डलमऊ को दिए गए ज्ञापन के क्रम में गुरुवार को नायब तहसीलदार के प्राइवेट वाहन के चालक और अधिवक्ताओं के बीच आपसी कहासुनी होने लगी। देखते ही देखते चालक और अधिवक्ताओं में हाथापाई हो गई।

विवाद का मंजर देख तहसील परिसर में अफरा-तफरी मच गई। शोर गुल सुनकर मौके पर पहुंचे तहसीलदार द्वारा मामले को शांत कराया गया। वहीं अपने प्राइवेट ड्राइवर का पक्ष लेने पर अधिवक्ताओं और नायब तहसीलदार से भी तीखी नोकझोंक होने लगी। अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अमरेंद्र बहादुर ने बताया कि डलमऊ तहसील के विभिन्न कार्यालय और न्यायालयों में तैनात प्राइवेट कर्मियों के चलते भ्रष्टाचार व्याप्त है, जिन्हें हटाने के लिए कई बार ज्ञापन दिया गया, लेकिन निराकरण नहीं हो सका। चौकी प्रभारी डलमऊ संजय शर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर दी गई है। जांच कर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

नायब तहसीलदार के निजी वाहन चालक और अधिवक्ताओं के बीच होती कहासुनी।

एक नजर

फंदा लगाकर दी जान

सतांव, रायबरेली। गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के कोरिहर गांव में गुरुवार को बीमारी से त्रस्त एक 65 वर्षीय बुजुर्ग ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिवारजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोरिहर गांव निवासी हरिशंकर लोध लम्बे समय से बीमारी से पीड़ित था। परिजनों के मुताबिक वह मानसिक अवसाद से ग्रसित हो गया था। गुरुवार की दोपहर जब परिवारजन खेतों में काम करने गये थे। तभी हरिशंकर ने घर के बरामदे में फंखा के हुक से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिवारजनों को जानकारी हुई तो कोहराम मच गया।

पांच खिलाड़ियों का चयन

संवाददाता, रायबरेली। खेल निदेशालय द्वारा आयोजित राज्य ओपन आमंत्रण पुरुष एवं महिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जिले के पांच खिलाड़ियों को मौका मिला है। यह चैंपियनशिप 2 व 3 मार्च को गोरखपुर में आयोजित किया जाएगा। केडी सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में मंडलीय टीम का चयन कराया गया, जिसमें जनपद रायबरेली से ऊषा, उपासना, लक्ष्मी, मोहित और आदित्य चौधरी के चयनित किया गया।

वन स्टॉप सेंटर का किया गया निरीक्षण

संवाददाता, रायबरेली। अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमाशंकर कहार ने वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान मैनेजर से वन स्टाप सेंटर के बारे में जानकारी ली गयी। मैनेजर आस्था ज्योति के द्वारा वन स्टाप सेंटर में महिलाओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं से अपर जिला जज को अवगत कराया गया। सचिव द्वारा मैनेजर को निर्देशित किया गया कि यदि किसी प्रकार की समस्या के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र प्राप्त हो तो अविलम्ब उसे कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रेषित करें।

नपं सीमा विस्तार के लिए सीएम को लिखा पत्र

लालगंज, रायबरेली

अमृत विचार। नगर पंचायत लालगंज के वरिष्ठ सभासद राघवेंद्र सूर्यवंशी ने नगर पंचायत की सीमा विस्तार को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। जनपद की नगर पंचायत लालगंज की स्थापना सन् 1935 को हुई थी, तब से आज तक एक भी बार विस्तार नहीं हुआ है। जिसकी वजह से नगर पंचायत लालगंज अपेक्षित विकास से वंचित रह गया है।

नगर पंचायत लालगंज के पास अपनी कोई भूमि नही है। सरकार की महत्वपूर्ण योजना कान्हा गौशाला व डम्पिंग ग्राउण्ड की स्थापना भी पड़ोसी ग्रामसभाओं की जमीनों पर करवाया जा रहा है। नगर पंचायत के पास बच्चों के खेलने के लिये न तो कोई खेल का मैदान है न ही बुजुर्गो को खुली हवा में सांस लेने के लिये कोई पार्क तक नहीं।

वही लालगंज नगर से आलमपुर, दतौली, गोविंदपुर वलौली कोरिहरा, धनाभाद, मलपुरा, तौधकपुर, कुम्हरौड़ा ग्राम पंचायते तो बिल्कुल मिल चुकी है। यहां रहने वाले लोगों के आवास इन ग्राम पंचायतों में बने हैं, लेकिन वह अपने को लालगंज का ही निवासी बताते हैं।

समूह की महिलाओं को मिली जिम्मेदारी

संवाददाता, रायबरेली

▸▸ **ठोस अपशिष्ट शोधन संयंत्र का संचालन करेंगी महिलाएं**

अमृत विचार। समूह की महिलाएं घरों से निकलकर शहर के विकास में भी योगदान देने के लिए दावेदारी पेश कर चुकी है। जिला नगरीय विकास अभिकरण की ओर से समूह की महिलाओं को ठोस अपशिष्ट शोधन संयंत्र के संचालन का दायित्व सौंपा गया है। डूडा के अधिकारियों का मानना है कि पुरुषों की अपेक्षा महिलाएं अधिक लगन से इसका संचालन व रख-रखाव कर सकेंगी।

ठोस अपशिष्ट शोधन संयंत्र का निर्माण जल निगम की ओर से अमृत योजना के तहत लगभग 4.7 करोड़ की लागत से किया गया है। इस संयंत्र में शहर के जिन मोहल्लों व वार्डों में सीवर लाइन नही है, उस क्षेत्र के भवन स्वामियों के सीवर टैंक में एकत्रित होने वाले ठोस अपशिष्ट को निकालकर इसमें एकत्रित कर उर्वरक तैयार की जाएगी। इस उर्वरक से किसानों को अधिक अन्न उत्पादन में मदद मिलेगी वहीं भवन स्वामियों को भी ठोस अपशिष्ट के निस्तारण की चिंता से राहत मिलेगी।

शहर के बाहरी इलाकों में कई मोहल्ले ऐसे हैं, जहाँ नगर पालिका की ओर से अभी तक सीवर लाइन नही डाली गई है। इन मोहल्लों के भवन स्वामियों को सीवर टैंक के ठोस अपशिष्ट को निकालने के लिए अक्सर कई समस्याओं से दो-चार होना पड़ता है। ठोस अपशिष्ट शोधन संयंत्र के शुरू हो जाने से सीवर लाइन रहित मोहल्लों के भवन स्वामियों की चिंता दूर हो गई है।

साक्षात्कार से हुआ चयन

ठोस अपशिष्ट शोधन संयंत्र के संचालन के लिए जिला नगरीय विकास अभिकरण की ओर से साक्षात्कार का आयोजन किया गया था। साक्षात्कार में एक दर्जन समूह की महिलाओं ने भाग लिया। डूडा के अधिकारियों ने संचालन के लिए चार महिलाओं का ही चयन होना है। शहर मिशन प्रबंधक नेहा श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए डूडा निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में उन्हें रोजगार का अवसर प्रदान किया गया है।

सार-संक्षेप

निर्धन कन्याओं का धूमधाम से हुआ विवाह

श्री राधारानी सेवा समिति द्वारा आयोजित कन्या विवाह में शामिल जोड़े।

सूची, रायबरेली। सलोन ब्लाक क्षेत्र के अन्तर्गत श्री राधारानी सेवा समिति सूची द्वारा 12 निर्धन परिवार की कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। इसमें समाजसेवियों ने कन्याओं को गृह उपयोगी सामान देकर विदा किया। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों ने कन्या दान किया। सलोन ब्लॉक के सूची कस्बे में गुरुवार को निर्धन परिवार की 12 कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया, जिसमें आशू का चांदनी के साथ, रोहित का सुमन के साथ, मोनू पटेल का रामसजी के साथ, रंजीत का प्रियांशी के साथ, संजीत का चांदनी के साथ, लवकुश का श्रीमती के साथ, अरूण का शिल्पा के साथ, हरीलाल का देवमती के साथ, विनय का शुभासिनी के साथ, अखिलेश का रीना के साथ, अर्जुन का चांदनी के साथ, प्रदीप का अंतिमा के साथ सात फेरे लिए। पं. बाल गोपाल त्रिपाठी ने मंत्रोच्चारण के साथ विवाह सम्पन्न कराया। सभी वर वधू को पायल, बिछिया, मंगलसूत्र सहित घर में उपयोग होने वाली सामग्री के साथ विदा किया। समिति अध्यक्ष दिनेश शुक्ल के बताया कि चार साल से निर्धन परिवार की कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह समिति द्वारा समाजसेवियों के सहयोग से सम्पन्न कराया जा रहा है। कार्यक्रम में अर्जुन पासी, मनोज कुमार, आनंद सिंह, मातादीन यादव आदि मौजूद रहे।

समाज कल्याण से संचालित विद्यालयों में प्रवेश प्रारंभ

संवाददाता, रायबरेली। समाज कल्याण विभाग से संचालित विद्यालयों में प्रवेश प्रारंभ हो गया है। यह जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. वैभव त्रिपाठी ने दी। उन्होंने बताया है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा जनपद में संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय शेषपुर समोधा बछरावां, मोहम्मदाबाद सलोन एवं बालिका विद्यालय रैन बछरावां में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 6, 7, 8 एवं 9 में रिक्त स्थानों पर नियमानुसार आरक्षण व्यवस्था के अन्तर्गत जनपद स्तरीय प्रवेश परीक्षा के आधार पर प्रवेश लिया जायेगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने कहा कि जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय सलोन (बालक) कक्षा 06 में 70, कक्षा 07 में 20, कक्षा 08 में 09 एवं कक्षा 09 में 13 पद रिक्त है। जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, शेषपुर समोधा बछरावां (बालक) कक्षा 06 में 70, कक्षा 07 में 14, कक्षा-8 में 25 एवं कक्षा 9 में 28 पद रिक्त है। जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय रैन, बछरावां में (बालिका) कक्षा 6 में 70, कक्षा-7 में 19, कक्षा-8 में 16 एवं कक्षा-9 में 19 पद रिक्त है।

मनाया गया पितामह-पितामही दिवस

संवाददाता, रायबरेली। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में दादा-दादी, नाना-नानी दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की प्रतिमा पर प्राचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव, उप-प्राचार्य प्रथम पाली राजेश त्रिपाठी एवं उप प्राचार्य द्वितीय पाली रमेश चंद्र दुबे, प्रधानाध्यापक प्रथम पाली आरबी शर्मा, प्रधानाध्यापक द्वितीय पाली कमलेश कुमार और उपस्थित बच्चों के पितामह पितामही के प्रतिनिधियों द्वारा माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया।

अतिथियों का स्वागत कक्षा एक के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा स्वागत नृत्य द्वारा किया गया। प्राचार्य ने समाज के उत्थान के लिए परिवार के बुजुगों को समुचित सम्मान देने की प्रेरणा दिया। प्रधानाध्यापक आरबी शर्मा ने वरिष्ठ नागरिकों से अपने पोते-पोतियों में अच्छे संस्कार डालने की आवश्यकता पर जोर दिया। बताया कि दादा-दादी, नाना-नानी हमारे समाज के और हमारे परिवार के जड़ हैं, जिनकी उचित देखभाल किए बिना हम परिवार या समाज को समृद्ध नहीं कर सकते हैं। इस मौके पर सूर्य प्रसाद शर्मा 'निशिहर", ओपी शुक्ला, विल्किश फ़ातिमा, पूनम शुक्ला, अमृत त्रिपाठी, उपासना सिंह, आशुतोष मिश्रा, एसए खान, पी के सिंह, त्रयंबकेश, अनूप अग्रवाल, राहुल, स्वाति, सौरभ पांडेय आदि मौजूद रहे।

केंद्रीय विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

जल बचाओ, भविष्य बचाओ का बच्चों ने दिया संदेश

सलोन, रायबरेली

▸▸ **सरोजनी कांवेंट स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन बच्चों ने खूब मचाया धमाल**

अमृत विचार। सरोजनी कांवेंट स्कूल का 10वां वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया है। छोट-छोटे बच्चों ने खूब धमाल मचाया। उनकी कला-संस्कृति से जुड़ी प्रस्तुति मनमोहक लगी। कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों, अभिभावकों व अतिथियों ने बच्चों की प्रस्तुति को खूब सराहा। बच्चों ने जल बचाओ, भविष्य बचाओ अभियान के तहत आने वाले भविष्य के लिए उपस्थित दर्शकों को एक प्रेरणादायक संदेश दिया। विद्यालय की छात्रा फलक, संध्या, मान्या, सौम्या, आरुषि, गरीमा, अंतिमा आदि ने विभिन्न गीतों लोक नृत्य, संगीत नाट्य, विद्या, कला, संस्कृति, भाषण में अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय के प्रबंधक अशोक कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को संस्कार देना बहुत जरूरी है। बच्चों के प्रथम गुरु मां-बाप होते हैं। उनकी कामयाबी के पीछे माता-पिता एवं अध्यापक की समान भूमिका होती है। सरोजनी कांवेंट शाखा लालगंज के प्रबंधक अजय कुमार श्रीवास्तव ने बच्चों में नैतिक मूल्यों को विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने एक सामाजिक संदेश देते हुए अभिभावकों से अपील की है कि उन सभी को अपने बच्चों के जन्मदिन पर अनाथालय या गरीब बच्चों के घर में जाकर उनकी मदद करनी चाहिए, ताकि वचिंत बच्चों को भी अवसर मिले और वे समाज की मुख्य धारा में शामिल हो सकें। इस मौके पर शिक्षिका सायमा, सबा, रश्मि, फरहीन, रिचा तिवारी, चांदनी, इरम, सिमतन, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

युवाओं के मनोनयन से समाजवादी आन्दोलन को मिलेगा बल: इं. वीरेन्द्र

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की स्वीकृति से समाजवादी युवा फ्रंटल के पदाधिकारी घोषित किए गये है। जिला अध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव ने कहा कि समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष पद पर सुरेश चन्द्र पटेल, समाजवादी लोहिया वाहिनी के पद पर फहीम अहमद एवं मुलाय सिंह यूथ बिग्रेड के अध्यक्ष पद पर अजय कुमार यादव को मनोनीत किया गया है।

नवमनोनीत पदाधिकारियों को विधायक सरेनी देवेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक बछरावां श्याम सुंदर भारती, विधायक हरचन्दपुर राहुल लोधी, जिला महासचिव मो. अरशद खान, जिला उपाध्यक्ष मुनेश्वर पासी, हसीन अहमद, डीपी पाल, मिश्रीलाल चौधरी, जिला सचिव अरूण यादव पप्पू ने बधाई दी। कहा कि युवा प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों के मनोनयन से और अधिक उत्साह के साथ समाजवादी पार्टी कार्य करेगी।

इस मौके पर मुशीर अहमद, सुरजीत सिंह, शिवबरन यादव छात्र सभा अध्यक्ष शुभम लोहिया, प्रदेश सचिव अधिवक्ता सभा गोविन्द सिंह, रंजीत यादव, शिवमूर्ति सिंह राना, राजेश मौर्या, शिव दुलारी यादव, सौरभ सिंह, विनायक सोनकर, संदीप शुक्ला, सुरेश कुमार निर्मल, जेपी यादव, विनय यादव आदि मौजूद रहे।

टूटे रेलवे पुल को लेकर व्यापार मंडल ने किया प्रदर्शन

लालगंज, रायबरेली

अमृत विचार। केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के रायबरेली आगमन की पूर्व संध्या पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा, जिला अध्यक्ष रोहित सोनी, जिला उपाध्यक्ष मृत्युंजय वाजपेई, जिला महामंत्री अप्पू शर्मा, कोषाध्यक्ष दीप चंद्र गुप्ता, नगर महामंत्री शिवम गुप्ता, अर्पित गुप्ता, कौशलेंद्र सोनी, शीलू त्रिवेदी ने लालगंज बाईपास पर टूटे रेलवे ओवर ब्रिज के पास जाकर प्रदर्शन किया। नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा ने कहा कि 2018 में प्रधानमंत्री जी ने रेल कोच पहुंचकर एक बड़ी रैली के जरिए फतेहपुर रायबरेली नेशनल हाईवे और रेलवे ओवर ब्रिज का लोकार्पण किया था।

आठ माह के बाद ही पुल में दरार आने के चलते रेलवे ने बाईपास से आवागमन बंद कर दिया था। तब से आज तक रेलवे ओवर ब्रिज टूटा पड़ा है, जबकि क्षेत्रवासियों को टोल देना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हम लोग रायबरेली जाकर केंद्रीय मंत्री को रेल ओवर ब्रिज के निर्माण के बाबत ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द निर्माण की मांग करेंगे।

आयोजन विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता सम्पन्न

शिवगढ़, रायबरेली

अमृत विचार। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान प्रतिभागी 100 छात्रों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

गुरुवार ब्लॉक सभागार शिवगढ़ में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में 33 कंपोजिट एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के 177 छात्रों ने प्रतिभाग किया, जिसमें तीन चरण की परीक्षा में प्रथम स्थान प्रिंस प्रताप कंपोजिट विद्यालय बेड़ारु, द्वितीय स्थान शैलेश कुमारी, कक्षा 8 कंपोजिट विद्यालय शिवगढ़, तृतीय स्थान आस्था कक्षा 8 कंपोजिट विद्यालय बंकागढ़, चतुर्थ स्थान मोहम्मद अयाज कक्षा 8 कंपोजिट विद्यालय बेड़ारु, पांचवा स्थान कुलदीप कक्षा 8 कंपोजिट विद्यालय बंकागढ़, छठवां स्थान शिवांगी कंपोजिट विद्यालय कुम्भी ने अर्जित किया। 100 छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार मिश्रा, खण्ड विकास अधिकारी साबिर अनवर, मनोज कुमार यादव, मुकेश प्रताप डॉक्टर चंद्र प्रकाश वर्मा रमेश कुमार, महेश कुमार, धर्मेंद्र वर्मा, दिनेश वर्मा, विजय मिश्रा, बृजकिशोर वर्मा आदि मौजूद रहे।

प्रमाणपत्र दिखाते प्रतिभागी छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

एक नजर

गैंगस्टर एक्ट में अभियुक्त को दो साल की कैद

हरदोई, अमृत विचार। अपर सत्र न्यायाधीश निरुपमा विक्रम ने एक फैसले में गैंगस्टर के मामले में आरोपी को जुर्म साबित होने पर दो साल की कैद पांच हजार रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता घनश्याम शुक्ला ने बताया कि थाना संडीला क्षेत्र के किसान टोला निवासी लईक अहमद पर गैंगस्टर का आरोप रहा। मामले की रिपोर्ट थानाध्यक्ष संडीला धीरेंद्र प्रताप सिंह ने दर्ज कराई। न्यायाधीश ने अदालत के समक्ष पेश हुए सबूत के आधार पर और दोनों पक्षों को सुनकर आरोपी पर जुर्म साबित पाया।

मांझे से कटी युवक की गर्दन, दी तहरीर

शाहाबाद, हरदोई। कोतवाली के मोहल्ला गढ़ी में अपने गांव मोटरसाइकिल से जा रहे युवक की गर्दन मांझे से कट गई। युवक ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर गयंद निवासी सुमित सिंह ने बताया वह कस्बे में किसी कार्य से आया था। कस्बे से वापस अपने गांव जाते समय मोहल्ला गढ़ी में बीएसएनएल टावर के समीप प्रतिबंधित चाइनीज मांझे से उसकी गर्दन कट गई।

पिहानी में सोशल ऑडिट का आयोजन कल

हरदोई, अमृत विचार। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत दो मार्च को नगर पालिका परिषद पिहानी में लाभार्थियों के सामाजिक मूल्यांकन हेतु सोशल ऑडिट का आयोजन किया गया है। जिसमें नगर पालिका के अधिकारी एवं सभासद समेत स्थानीय लाभार्थी भी प्रतिभाग करेंगे। गोष्ठी का आयोजन सरकार की संस्था क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केंद्र लखनऊ एवं राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूडा) उत्तर प्रदेश द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) हरदोई के सिविल इंजीनियर आशुतोष गुप्ता ने दी।

निधन पर हुई शोक सभा

हरदोई, अमृत विचार। शहीद उद्यान में पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी हरिवंश सिंह ने प्रात:काल योग के बाद एक शोक सभा की। जिसमें जनपद के होम्योपैथी के प्रमुख डॉ. रेवती रमण के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया गया।

मंद बुद्धि बालक से कुकर्म में 20 साल का कारावास

हरदोई

अमृत विचार। अपर सत्र न्यायाधीश अबुल कैश ने एक फैसले में एक मंद बुद्धि बालक के साथ कुकर्म करने के मामले में आरोपित को जुर्म साबित होने पर 20 साल की कड़ी कैद की सजा सुनाई है। जज ने आरोपी पर 25 हजार का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष की पैरवी करते हुए शासकीय अधिवक्ता अमित शुक्ला ने बताया कि थाना कछौना क्षेत्र के बालामऊ गांव निवासी पुर्णेश उर्फ अनुज ने 16 जून 2021 को मंद बुद्धि आठ वर्षीय एक बालक के साथ जबरिया कुकर्म किया। इस मामले की रिपोर्ट बालक के पिता ने आरोपित के खिलाफ दर्ज कराई। कहा कि घटना के पूर्व बालक को आरोपित टा फी खिलाने के बहाने बुला ले गया और उसके साथ कुकर्म किया। सत्र न्यायाधीश ने अदालत के समक्ष पेश हुए सबूत के आधार पर और दोनों पक्षों के दलीलों को सुनकर आरोपी पर कुकर्म का जुर्म साबित पाया और उसे 20 साल की कड़ी कैद की सजा और 25 हजार रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है। जज ने शासन की ओर से चलने वाली विभिन्न योजनाओं के तहत पीड़ित बालक को 20 हजार की धनराशि बतौर क्षतिपूर्ति दिलाई जाने का आदेश भी दिया है।

सैकड़ों मरीजों की नि:शुल्क जांच कर बांटी दवाएं

हरदोई

अमृत विचार। विनायक समिति अग्रवाल धर्मशाला में चरक हेल्थ केयर एवं रूरल डेवलपमेन्ट सोसायटी के तत्वावधान में चरक हास्पिटल लखनऊ द्वारा चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया।

शिविर का उद्घाटन गणेश जी प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर प्रेमावती जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया। उन्होंने चरक हॉस्पिटल से आये हुए डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव हृदय रोग विशेषज्ञ एमबीबीएस एमएस जनरल सर्जरी कार्डियो थोरेसिस एंड वैस्कुलर सर्जरी अध्यक्ष संस्थान से एवं विष्णु शंकर शुक्ला गुर्दा रोग विशेषज्ञ एमबीबीएस एमडी मेडिसिन (बीएचयू) गुर्दा प्रत्यारोपण फिजिशियन विशेषज्ञ को पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कहा कि डाक्टर भगवान का दूसरा रूप होते हैं। कोरोना कॉल में अपनी जान की परवाह बिना किए हुए पीड़ित मरीजों की सेवा की। आज चरक हेल्थ केयर एवं रूरल डेवलपमेन्ट सोसायटी एवं श्री विनायक समिति द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाना सराहनीय है। समिति के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने कहा कि श्री विनायक समिति हमेशा समय समय पर समाज के जरूरतमंद व पीड़ित मानव की सेवा के लिये कार्य करती है। उन्होंने चरक संस्था से आये सभी डॉक्टरों व अन्य कर्मियों का आभार व्यक्त किया। कोविड काल और उसके बाद लगातार किये जा रहे कार्यो पर चरक हॉस्पिटल के मार्केटिंग डायरेक्टर नदीम अहमद ने प्रकाश डाला और समिति के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। समिति के माध्यम से कोई भी मरीज अगर चरक हॉस्पिटल व पैथालॉजी जाता है, तो उसे विशेष रियायत प्रदान की जाएगी। शिविर में 296 मरीजों की निःशुल्क परामर्श व जांच हुई। चरक हॉस्पिटल विमल सिंह, मार्केटिंग डायरेक्टर अभिषेक श्रीवास्तव, सीनियर मैनेजर सीनियर मैनेजर हॉस्पिटल मैनेजर मोहसिन मलिक, हॉस्पिटल मैनेजर के नेतृव में स्वास्थ्य शिविर में मरीजो की जांच हुई।

विशेषज्ञ को स्मृति चिन्ह भेंट करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती। अमृत विचार

आयोजन

▸▸ **विनायक समिति अग्रवाल धर्मशाला में किया गया आयोजन**

बेकाबू कार ने ऑटो में मारी टक्कर चालक की मौत व सवारियां घायल

लग्जरी कार पर लिखा था विधायक, बुधवार की रात हुई दुर्घटना

हरदोई

अमृत विचार। तेज रफ्तार में जा रही विधायक लिखी लग्ज़री कार ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो चालक की मौके पर ही हो गई जबकि उसमें बैठी सवारियां घायल हो गईं। पुलिस ने कार को कब्ज़े में लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

माधौगंज थाने के हसनपुर ज्योली निवासी नन्हेलाल (38) सीएनजी ऑटो चलाता था। बुधवार की रात में सवारियां लेकर माधौगंज-बघौली रोड पर पहुंतेरा गांव के पास पहुंचा, तभी तेज़ रफ्तार में आ रही लग्ज़री कार ने ऑटो में टक्कर मार दी। इस हादसे में ऑटो ड्राइवर नन्हेलाल के साथ ऑटो सवार कई सवारियां ज़ख्मी हो गई। हादसे के बाद कार पर लोग कार छोड़कर वहां से फरार हो गए। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस ने शव और कार को अपने कब्ज़े में लेते हुए ज़ख्मी हुए लोगों को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां पर ऑटो ड्राइवर नन्हेलाल की मौत हो गई। बरामद कार पर विधायक लिखा हुआ था।

हादसे में क्षतिग्रस्त ऑटो व विधायक लिखी बरामद कार। अमृत विचार

शिक्षक की निकली कार, मौसा हैं विधायक

विधायक लिखी लग्जरी कार की टक्कर से ऑटो चालक की मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब जांच शुरू की तो पता चला कि कार का मालिक शिक्षक है। लेकिन उनके मौसा भाजपा से विधायक हैं। इस वजह से शिक्षक ने अपनी कार पर विधायक लिखवा रखा था और रौब दिखाता घूम रहा था, लेकिन उसी बीच हुए हादसे ने उसे फंसा दिया। कार सुरसा ब्लाक में तैनात शिक्षक डा. संदीप वर्मा की है, बांगरमऊ से भाजपा विधायक श्रीकांत कटियार डा.वर्मा के मौसा हैं। मौसा विधायक हुए तो शिक्षक को भी रौब गालिब करने का शौक चस्का लग गया। बस फिर क्या, शिक्षक बेसिक शिक्षा के अधिकारियों पर रौब गांठने के लिए कार पर विधायक लिखा कर हूटर बजाते हुए घूमने लगे। एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार का कहना है कि सारे मामले की गहराई से जांच-पड़ताल की जा रही है।

ई-रिक्शा और बाइक में टक्कर, चालक गंभीर

बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के म्योरा मोड़ गांव के पास एक तेज गति से आ रहे ई-रिक्शा व बाइक में जोरदार टक्कर हो गई, जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बाइक सवार बलराम (22) पुत्र छोटे निवासी ग्राम डसोली थाना हरपालपुर जो कन्नौज से रिश्तेदारी से वापस अपने घर जा रहा था तभी यह हादसा हो गया। ग्रामीणों की मदद से बाइक सवार घायल को आनन फानन में उपचार के लिए सीएचसी लाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा घायल का उपचार किया जा रहा है।

पीली ईंटों से बन रही पानी की टंकी, जिम्मेदार अधिकारी बने मौन

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। तहसील अंतर्गत टोडरपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत फैजुल्लापुर में बनाई जा रही पानी की टंकी में पीले ईंट का प्रयोग किया जा रहा है। हर घर नल योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन टंकी में ठेकेदार द्वारा की जा रही मनमानी पर अधिकारी भी मौन हैं। टोडरपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत फैजुल्लापुर में पानी की टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। फैजुल्लापुर गांव के ठीक पीछे सुनसान इलाके में पानी की टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को दी गई है लेकिन कोई कुछ बोलने को तैयार नहीं है।

लखनऊ निवासी दो युवक हादसे में घायल

संडीला, हरदोई, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के अंतर्गत प्राइवेट बस से मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दोनो युवक बुरी तरह से घायल हो गए। लखनऊ के थाना ठाकुर गंज मोहल्ला मालीखासराय निवासी नीरज (22) अपने मित्र आजम (20) निवासी हुसैनाबाद थाना ठाकुरगंज गुरुवार की सुबह संडीला आये थे। वापस जाते समय ग्राम बेगमगंज के पास सामने से आ रही प्राइवेट बस ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने दोनों को संडीला सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने दोनों की हालत गंभीर होने पर ट्रामा रेफर कर दिया।

कार की टक्कर से घायल बालिका की मौत

हरदोई

अमृत विचार। आंगनबाड़ी केंद्र से घर लौट रही बालिका को तेज़ रफ्तार आर ने टक्कर मार दी, जिससे वह ज़ख्मी हो गई। उसे सीएचसी से मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां से लखनऊ ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई।

सुरसा थाने के जगतपुरवा निवासी अखिलेश की 7 वर्षीय पुत्री नित्या बुधवार को गांव के आंगनबाड़ी केंद्र से घर लौट रही थी, वह घर के पास पहुंचती, उसी बीच तेज़ रफ्तार आर कार ने उसे टक्कर मार दी। जिससे नित्या बुरी तरह से ज़ख्मी हो गई। उसी बीच ड्राइवर कार ले कर वहां से भाग निकला। ज़ख्मी नित्या को सीएचसी ले जाया गया, जहां से उसे मेडिकल कालेज भेज दिया गया। जहां के डाक्टरों ने उसे लखनऊ के लिए रिफर कर दिया। नित्या को उसके घर वाले लखनऊ ले जा रहे थे, उसी बीच उसकी रास्ते में ही मौत हो गई। नित्या से बड़ी उसकी बहन और एक भाई है। हादसे में मौत होने की खबर सुनते ही नित्या के घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में ले कर उसका पोस्टमार्टम कराया है।

सड़क हादसे में घायल बुजुर्ग की मौत

हरदोई, अमृत विचार। दवाई लेने के बाद बुज़ुर्ग अपने घर जा रहा था, उसी बीच शहर के सिनेमा चौराहे पर उसे बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे वह ज़ख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए लखनऊ ले जाया गया, जहां से बुधवार को उसे घर वाले वापस ला रहे थे, उसी बीच उसकी रास्ते में मौत हो गई। टड़ियावां थाने के एजुआ मजरा पाला निवासी सुबेदार (60) 23 फरवरी को दवाई लेने के बाद घर जाने के लिए शहर के सिनेमा चौराहे पर खड़ा था, उसी बीच एक बाइक उसे टक्कर मारती हुई निकल भागी। हादसे में ज़ख्मी हुए बुज़ुर्ग सुबेदार को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां से उसे अगले दिन लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया। बुधवार को घर वाले उसे वापस गांव ला रहे थे, उसी बीच उसकी रास्ते में मौत हो गई। बुज़ुर्ग के परिवार में उसकी पत्नी जनका के अलावा दो बेटे अवधेश व संदीप और 6 बेटियां हैं। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में ले कर उसका पोस्टमार्टम कराया है।

बाइक की टक्कर से ससुर की मौत, दामाद ज़ख्मी

हरदोई, अमृत विचार। दवा लेने के बाद ससुर अपने दामाद की बाइक से गांव जा रहा था, उसी बीच हरदोई-शाहजहांपुर हाईवे पर दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी, जिसमें ससुर की मौत हो गई और दामाद ज़ख्मी हो गया। शाहाबाद कोतवाली के नगला गणेश निवासी राम औतार (73) बुधवार को दामाद रवि शंकर के साथ उसकी बाइक से दवाई लेने शहर आए थे। शाम को वापस गांव जाते समय हरदोई-शाहजहांपुर हाई-वे पर बेहटा गोकुल थाने के सैदपुर पुल पर दूसरी बाइक ने उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे बुरी तरह से ज़ख्मी हुए राम औतार की मौत हो गई, जबकि उसका दामाद रवि शंकर ज़ख्मी हो गया।

बीमारियों से बचाती है स्वस्थ जीवन शैली और स्वच्छता

हरदोई

अमृत विचार। हरदोई मेडिकल कालेज में गुरुवार को गर्भाशय के मुख के कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने और एचपीवी टीकाकरण पर दो दिवसीय जागरूकता अभियान, नुक्कड़ नाटक और रैली का आयोजन किया गया। एडीजे सुधाकर दुबे ने वहां मौजूद लोगों के बीच स्वच्छता और स्वस्थ जीवन शैली पर खुल कर बात की। शहर में निकाली गई रैली में 'स्वास्थ्य भारत मिशन हमारा-कैंसर मुक्त हो देश हमारा' का नारा दिया गया।

मुख्य अतिथि एडीजे सुधाकर दुबे ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। साथ ही मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डा.आर्य देश दीपक तिवारी की गाइडलाइन पर सीएमएस डा. जेके वर्मा, डा. सुबोध कुमार व डा. नरेंद्र कुमार और डा.मधुलिका शुक्ला ने सर्वाइकल कैंसर के कारण, उसके बचाव, इलाज और एचपीवी टीकाकरण के बारें में हर ज़रूरी जानकारी साझा की। एडीजे श्री दुबे ने कहा कि बड़ी से बड़ी कोई भी बीमारी हो उसे स्वच्छता के साथ स्वस्थ जीवन शैली से रोका जा सकता है। उन्होने आगे कहा कि बीमारी के लक्षणों को छुपाएं नहीं बल्कि इलाज के लिए डाक्टर की सलाह लें।

सार-संक्षेप

सेवानिवृत्त होने पर लेखाकार का हुआ स्वागत

हरदोई, अमृत विचार। नगर पालिका परिषद हरदोई के लेखाकार व स्वायत्त शासन कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष व आल इंडिया म्युनिसिपल वर्कर्स फेडरेशन नईदिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष बालेश्वर मिश्रा व चतुर्थ श्रेणी कर्मी इनायतउल्ला के सेवानिवृत्त होने पर नगर पालिका परिषद में उनके लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र मधुर व ईओ विनोद कुमार सोलंकी के अलावा प्रांतीय महामंत्री चंद्रशेखर व पूर्व अवर अभियंता त्रिभुवन सिंह, सांडी के ईओ जयप्रकाश के अलावा सभासद अभिषेक मिश्र, हफीज अहमद, अजय शर्मा व उनके प्रतिनिधि प्रभाकर अग्निहोत्री और फैसल हुसैन मौजूद रहे। अध्यक्ष श्री मिश्र ने बालेश्वर मिश्रा को चांदी का मुकुट पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी इनायतउल्ला को सेवानिवृत्त होने पर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में चंद्रकांत मौर्य, आदित्य श्रीवास्तव, कमल किशोर मिश्र, अनिल यादव, अशोक सिंह, विद्याभूषण सिंह, मोहित सिंह, संतोष यादव, विमलेश यादव, आशीष अवस्थी, राजेंद्र अवस्थी, दुलीचंद्र व विनोद कुमार आदि पालिका कर्मी मौजूद रहे।

फूस के बने बंगले में लगी आग, सामान जला

माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत शुक्लापुर भगत मजरा दानेपुरवा निवासी हुकुमचंद का बंगला अचानक आग के आगोश में बंगला आ गया। घटना बुधवार रात समय लगभग 11 बजे की है। जब परिवारीजन सोने जा रहे थे, तभी आग की उठती लपटें देख ग्रामीणों में भगदड़ मच गई है। चीख पुकार की आवाज सुनकर लोगों की नींद उड़ गए, सभी ने मिलकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। वहीं मौके पर पहुंची डायल 112 व दमकल कर्मियों व गांव के लोगों ने साथ मिलकर आग को बुझा लिया, लेकिन बंगले में रखी खाद्य व घरेलू सामग्री जलकर राख हो गई। आग बुझाने व रखी सामग्री को बचाने को लेकर दौड़े हुकुमचंद व राधेश्याम दो लोग बुरी तरह झुलस गए। जिसे इलाज के लिए सीएचसी लाया गया है। शुक्लापुर निवासी राधेश्याम पुत्र मिट्ठू की हालत नाजुक होने के चलते चिकित्सक ने लखनऊ रेफर कर दिया गया है। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक ध्रुव कुमार ने घटना का निरीक्षण किया।

बेकाबू ट्रैक्टर ने फुटपाथ पर खड़ी बाइकों में मारी टक्कर

पाली, हरदोई। शाम के वक्त बिना बगैर नंबर प्लेट का ट्रैक्टर बेकाबू हो गया और फुटपाथ पर खड़ी तीन बाइकों को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। चालक के नियंत्रण खोने से ऐसा हादसा हुआ। सड़क पर बेकाबू ट्रैक्टर देखकर वहां भगदड़ गई। पुलिस ने किसी तरह ट्रैक्टर को काबू में कराकर कब्जे में ले लिया और जांच पड़ताल शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम को रूपापुर की तरफ से तेज़ रफ़्तार से चले आ रहे ट्रैक्टर ने कस्बे के बरगद तिराहे क़े करीब पहुंचते ही बेकाबू हो गया और दुकान क़े सामने फुटपाथ पर खड़ी तीन बाइकों को क्षतिग्रस्त कर दिया। जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। ट्रैक्टर इसी थाने के कहार कोला निवासी विमल का बताया जा रहा है। ट्रैक्टर पर उसका नंबर भी नहीं था, साथ ही उसका बीमा भी न होने की बात कही जा रही है।

घटना की जानकारी लेते सीओ सिटी। अमृत विचार

शहर की बुक शॉप में हुई चोरी, जांच में जुटी पुलिस

हरदोई, अमृत विचार। शहर में सिनेमा चौराहे के पास लखनऊ रोड पर बुक शॉप में पीछे से घुसे चोर वहां से इंवर्टर और बैट्रियां उठा कर भाग गए। इसका पता होते ही वहां आस-पड़ोस के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। पुलिस सारे मामले की छानबीन कर रही है। बताया गया है कि कोतवाली शहर के सिनएमा चौराहा, लखनऊ रोड पर जायसवाल बुक डिपो के नाम से बुक शॉप है। वहां पीछे की तरफ तोड़फोड़ कर निर्माण चल रहा है। बुधवार की देर रात चोर उसी तरफ से दुकान में दाखिल हो गए और वहां लगा इंवर्टर व बैट्रियां चोरी कर भाग निकले। गुरुवार की सुबह उसके मालिक गौरव जायसवाल ने दुकान खोली तो उसे वहां बुकें बिखरी हुई पड़ी मिली, जबकि वहां लगा इंवर्टर और उसकी बैट्रियां गायब थी। गौरव ने इधर-उधर देखा तो उसे सारा कुछ समझते देर नहीं लगी। गौरव ने तकरीबन 25 से 30 हज़ार की चोरी होने की बात कही है। पुलिस ने गौरव की तहरीर पर छानबीन शुरू कर दी है।

मांगों को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन सौंपा ज्ञापन

हरदोई, अमृत विचार। भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति की जिला इकाई ने गुरुवार को अपनी 29 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में जमकर प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष लल्ला सिंह के नेतृत्व में जुटे किसानों ने अपनी मांगों को लेकर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर शिवराज सिंह भाटी के दिशा निर्देश पर गुरुवार को कलेक्ट्रेट में तमाम किसान जुटे। जिलाध्यक्ष लल्ला सिंह ने कहा कि आजादी के 77 साल बाद भी देश में किसान, मजदूर व ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार नहीं हो पा रहा है। पूरा जीवन वह कर्ज के बोझ तले ही गुजार देता है। इस दौरान यूनियन ने अपनी 29 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट प्रशांत तिवारी को सौंपा।

कारोबारी के ठिकानों पर जीएसटी की छापेमारी

हरदोई

अमृत विचार। जीएसटी अफसरों की टीम ने प्रतापनगर चौराहे पर प्लाईवुड कारोबारी ज़ाकिर हुसैन के ठिकानों पर छापेमारी की। बुधवार की सुबह वहां पांच गाड़ियों से पहुंची जीएसटी टीम गुरुवार को दूसरे दिन भी दस्तावेज़ को खंगालती रही।

बेनीगंज कोतवाली के झरोइया निवासी ज़ाकिर हुसैन काफी बड़े कारोबारियों में गिने जाते है। बेनीगंज कोतवाली के प्रतापनगर चौराहे पर उनकी प्लाईवुड फैक्ट्री के अलावा और भी कई फर्म हैं। बुधवार की सुबह वहां एका-एक पांच गाड़ियां पहुंचीं। काफी देर बाद पता चला कि जीएसटी की टीम जांच करने पहुंची। बस इसका पता होते ही वहां लोगों के हाथ-पांव हिल गए। जीएसटी टीम वहां गुरुवार को दूसरे दिन भी कारोबार से जुड़े दस्तावेज़ खंगालने में जुटी रही। इस बारे में फिलहाल कोई भी कुछ बोलने से मना कर रहा है।

सांडी नगर पालिका में पेश किया गया बजट

साण्डी, हरदोई, अमृत विचार। नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक मे बजट पेश किया गया। बैठक मे अधिशासी अधिकारी जय प्रकाश ने बताया कि शासन द्वारा प्राप्त राज्य वित्त 15वां वित्त एवं दीनदयाल योजना तथा जल निकासी मद से प्राप्त धनराशि से विकास कार्य कराये जाएंगे। नगर पालिका कि आय बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयास किये जाएंगे। चेयरमैन रामजी गुप्ता ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में नगर पालिका की कुल आय 38 करोड़ 37 लाख एवं व्यय लगभग 37 करोड़ है।

84 हजार से अधिक लोगों को बनवाया ब्रांड एंबेसडर

हरदोई

अमृत विचार। नमो ऐप पर 100 दिनों के चैलेंज में संडीला विधानसभा के वरिष्ठ भाजपा नेता के ब्रांड एंबेसडर ऑफ़ द वीक बनने पर नरेंद्र मोदी ने अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उनको इस मुहिम को आगे बढ़ाने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया है।

19 से 25 फरवरी के बीच अजय कुमार सिंह आदित्य ने 84 हजार से अधिक लोगों को जोड़कर ब्रांड एंबेसडर बनवाया। प्रधानमंत्री मोदी ने उनके ब्रांड एंबेसडर बनने पर अपने ऑफिशियल एक अकाउंट से इसकी घोषणा करते हुए बधाई के साथ फोटो भी शेयर किया है। अजय कुमार सिंह आदित्य ने कहा कि मेरे जैसे कार्यकर्ता को प्रधानमंत्री ने इतना सम्मान दिया यह मेरे लिए ही नहीं पूरे हरदोई क्षेत्र के लिए के लिए गर्व की बात है मैं उसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एवं अपने समर्थकों व क्षेत्र वासियों का हृदय से आभारी हूं, जिन्होंने मुझे इतना समर्थन दिया।

आयोजन | डीसीएम श्रीराम लिमिटेड लोनी चीनी मिल में की गई शुरुआत

सुरक्षा सप्ताह के दौरान दिलाई गई शपथ

शाहाबाद हरदोई

अमृत विचार। डीसीएम श्रीराम लिमिटेड लोनी चीनी मिल में सुरक्षा सप्ताह की शुरुआत हुई। सुरक्षा पहल का उद्घाटन यूनिट प्रमुख राजा श्रीवास्तव द्वारा सुरक्षा ध्वजारोहण एवं शपथ दिलाकर किया गया। यह अपने कार्यबल के बीच सुरक्षा और कल्याण की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कंपनी की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। ईएचएस हेड कपिल गुप्ता द्वारा सुरक्षा का महत्व एवं सुरक्षा सप्ताह के दौरान किए जाने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा बताई गई। 11 मार्च, 2024 तक चलने वाले सुरक्षा सप्ताह में संगठन के सभी स्तरों पर सुरक्षा जागरूकता को मजबूत करने के उद्देश्य से आकर्षक गतिविधियों और पहलों की एक श्रृंखला देखी जाएगी। इंटरैक्टिव कार्यशालाओं और प्रशिक्षण सत्रों से लेकर सुरक्षा प्रदर्शनों और जागरूकता अभियानों तक, कर्मचारियों को उनके दैनिक कार्यों में सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए शिक्षित और सशक्त बनाने के लिए गतिविधियों की एक विविध श्रृंखला की योजना बनाई गई है।

लोनी में डीसीएम श्रीराम लिमिटेड की शुगर यूनिट के यूनिट हेड राजा श्रीवास्तव ने कहा हमें अपने कर्मचारियों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए, लोनी में अपनी शुगर यूनिट में सुरक्षा सप्ताह शुरू करते हुए खुशी हो रही है। सुरक्षा और ई एस जी हमारी संगठनात्मक संस्कृति में अंतर्निहित एक मुख्य मूल्य है, और यह सप्ताह एक सुरक्षित कार्यस्थल वातावरण को बनाए रखने में हमारी सामूहिक जिम्मेदारी की याद दिलाता है। डीसीएम श्रीराम लिमिटेड सुरक्षा उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है, और सुरक्षा सप्ताह इस प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करता है। जिससे सुरक्षा प्रथाओं और मानकों में निरंतर सुधार होता है।

एक नजर

सेवानिवृत्त ग्राम विकास अधिकारी को दी विदाई

बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार। विकास खंड में ग्राम विकास अधिकारी शिवकुमार सिंह के सेवानिवृत होने पर गाजे बाजे के साथ उनको विदाई दी गई। गुरुवार को ब्लॉक मुख्यालय पर खंड विकास अधिकारी एके काजमी की अध्यक्षता में ब्लॉक मुख्यालय पर उनकी विदाई समारोह किया गया। जिसमें उपस्थित सभी कर्मचारियों ने ग्राम विकास अधिकारी शिवकुमार सिंह को फूल माला पहनकर गाजे बाजे के साथ विदाई दी इस दौरान खंड विकास अधिकारी ने कहा कि शिव कुमार सिंह ने अपने कार्यकाल के दौरान सत्य और निष्ठा के साथ आमजन के कार्यों को सर अंजाम दिया उन्होंने सरकारी कार्यों को बखूबी निर्वहन किया है उनके कर्तव्य निष्ठा सभी के लिए प्रेरणा स्रोत रहेगी हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। इस मौके पर ब्लॉक के एडीओ पंचायत समेत ग्राम पंचायत अधिकारी सहित समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

बहन की हत्या के आरोपी भाई को भेजा गया जेल

हरदोई। पुलिस ने आनर किलिंग को अंजाम देने वाले आनर किलर भाई को पकड़ कर उसे जेल भेज दिया है। भाई-भाभी के साथ ईट-भट्ठे पर मज़दूरी करने वाले ने वहीं साथ में रह रही अपनी बहन की हत्या कर उसका शव झाड़ियों में फेंक दिया था। ननद की हत्या के बाद उसकी भाभी का मुंह खुला तो पुलिस के हाथ कातिल भाई तक पहुंच गए। हालांकि पुलिस का कहना है कि पूछताछ में कई और चौकानें वाली बातें सामने आ रहीं है। बताते चलें कि बुधवार की सुबह कछौना कोतवाली के रैंसों में एक ईट-भट्ठे पर मज़दूरी करने वाले मज़दूर वहीं झोपड़ी डाल कर रहते है। बताते है कि पिहानी कोतवाली के सिमौर निवासी मदनू की 20 वर्षीय पुत्री साहिबा अपने भाई साजिद और भाभी के साथ ईंट-भट्ठे पर मज़दूरी कर वहीं झोपड़ी डाल कर रहती थी। साहिबा का वहीं मज़दूरी करने वाले जलील पुत्र भुल्ले के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। साजिद को जब इसका पता चला तो उसने अपनई बहन को एक बार नहीं बल्कि कई बार रोका-टोका लेकिन साहिबा नहीं मानी। इसके बाद बीते मंगलवार की रात साजिद ने बहन साहिबा की गला रेतकर हत्या कर दी और शव झाड़ियों में फेंक दिया।

हरदोई स्टेडियम की टीम ने जीता मैच

खेल विभाग की ओर से जिला स्तरीय नॉकआउट क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

हरदोई

अमृत विचार। खेल विभाग उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में आयोजित जिला स्तरीय नॉकआउट क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ अधिशासी अभियंता खंड शारदा नहर विभाग अखिलेश गौतम के द्वारा संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में कुल आठ टीम प्रतिभाग कर रही हैं।

गुरुवार को प्रथम मैच हरदोई स्टेडियम व ब्लैक राइडर के मध्य हुआ। टॉस हरदोई स्टेडियम ने जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में एक विकेट खोकर 80 रन बनाए। स्टेडियम की तरफ से आशीष ने सर्वाधिक 30 रन बनाए जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी ब्लैक राइडर पूरी टीम 7.5 ओवर 42 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। स्टेडियम की तरफ से राम सिंह ने सर्वाधिक चार विकेट लिए तथा स्टेडियम की टीम ने इस मैच 38 रन से जीत दर्ज की।

जिला स्तरीय नॉकआउट क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले दिन मैदान पर शॉट लगाता बल्लेबाज। अमृत विचार

दिन का दूसरा मैच श्रीश चंद्र अग्रवाल क्रिकेट अकादमी तथा हेरीटेज क्लब के मध्य हुआ जिसमें टास हेरीटेज क्लब ने जीता तथा पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 6 विकेट 50 रन बनाए इस आसान लक्ष्य को श्रीश चंद्र अग्रवाल क्रिकेट अकादमी ने पांच ओवर में दो विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया व 8 विकेट से इस मैच में जीत दर्ज की। दिन का तीसरा मैच राजा क्लब व यंगस्टर क्लब के मध्य हुआ राजा क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 105 रन बनाए जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी यंगस्टर क्लब की पूरी टीम 10 ओवर खेल कर 6 विकेट के नुकसान पर 86 रन ही बना सकी तथा राजा क्लब ने इस मैच में 19 रन से जीत दर्ज की।

दिन का चौथा मैच सक्सेस क्रिकेट अकादमी तथा योगी क्लब के मध्य खेला गया। जिसमें योगी क्लब ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में सभी विकेट खोकर 90 रन बनाए तथा सक्सेस क्रिकेट अकादमी ने एक विकेट खोकर 7.5 ओवर में 1 विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया व 9 विकेट से जीत दर्ज की। शुक्रवार को इस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मैच होंगे ,जो 20-20 ओवर के होंगे। मैच में अंपायरिंग शिवम मिश्रा व सूर्य प्रताप सिंह ने की स्कोरिंग सूरज तिवारी ने की। यह जानकारी जिला क्रीडा अधिकारी मंजू शर्मा ने दी।

पाठशाला सुपर स्टार बनी विजेता

हरदोई

अमृत विचार। पाठशाला द ग्लोबल स्कूल के तत्त्वावधान में सम्पन्न हो रही पाठशाला प्रीमियर लीग गुरुवार को फाइनल मैच खेला गया। यह फाइनल मैच पाठशाला सुपर स्टार और एस के स्क्वाड सत्तारखेड़ा के मध्य खेला गया, जिसमें पाठशाला सुपर स्टार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 102 रनों का लक्ष्य दिया। जिसके जवाब में सत्तारखेड़ा की टीम 85 रन ही बना सकी और 16 रनों से पाठशाला सुपर स्टार की टीम विजयी रही।

गुरुवार का खेल काफी रोमांचक था। मैच में मो. अम्मार ने 19 रनों के महत्वपूर्ण योगदान दिया। साथ तीन विकेट अपनी झोली में डाले। इस उत्कृष्ट खेल के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। पूरी सिरीज़ में अच्छी गेंदबाजी तथा अच्छी बल्लेबाजी की बदौलत पाठशाला सुपर स्टार की ओर से खेल रहे पुष्पेन्द्र कुमार को मैन ऑफ द सिरीज़ का खिताब दिया गया।

पुरस्कृत विजयी टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

पाठशाला द ग्लोबल स्कूल की ओर से चल रहे पाठशाला प्रीमियर लीग (पीपीएल) का आयोजन कहली गौसगंज में स्थित विद्यालय के मैदान में सम्पन्न हो रहा था। आज के मैच में अतिथि के तौर पर अविनाश डायरेक्टर सुभाष चन्द्र बोस महाविद्यालय, समाजसेवी सहस्त्रांश तथा पाठशाला द ग्लोबल स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ गार्गी श्रीवास्तव ने सभी खिलाड़ियों से हाथ मिलाया तथा टॉस करके मैच को प्रारंभ कराया। विद्यालय के अध्यक्ष व वर्तमान विधान परिषद सदस्य इंजी अवनीश कुमार सिंह ने खेल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जनपद के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का यह अनोखा कार्य शुरू किया है। बताते चलें कि पाठशाला प्रीमियर लीग में कुल 29 टीमों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह सीरीज ज़ीरो प्रवेश शुक्ल पर सम्पन्न हो रही थी। सभी टीमों ने अच्छा खेल खेला लेकिन कुछ टीमों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत आगे के सफर में अपना योगदान दिया। खेल निर्णायक शक्ति सिंह तथा शुभ मंडल जी रहे। कमेंटेटर का कार्य आशीष सिंह ने किया।

पति सहित पांच लोगों पर दहेज उत्पीड़न का केस

शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। कोतवाली के मोहल्ला चौक की निवासी महिला ने पति समेत पांच लोगों पर दहेज प्रताड़ना कि केस दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला चौक निवासी प्रियंका यादव पुत्री हरिनाम सिंह यादव ने बताया उसका विवाह 23 नवंबर 2017 को शाहजहांपुर जनपद के थाना निगोही अंतर्गत ग्राम उदारा निवासी ब्रजमोहन पुत्र वीरेंद्र सिंह यादव के साथ हुआ था जिसमें उसके पिता ने हैसियत के मुताबिक दान दहेज दिया था। शादी के कुछ दिन बाद ही पति और ससुर वीरेंद्र यादव, देवर देव यादव,भवेश यादव रिंकू, सोमेश यादव आदि ने दहेज के लिए दो लाख रुपए और चार पहिया गाड़ी की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे। उसका पति आर्मी में सर्विस करता है लेकिन उसने सर्विस बुक में अपने को अविवाहित दर्शा रखा है। 26 जुलाई 23 को विपक्षियों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। उसके बाद पिता ने पंचायत भी बैठाई, लेकिन विपक्षी बिना मांग पूरी किए उसे नहीं रखेंगे। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है।पुलिस जांच कर रही है।

दबंगों ने महिला को लाठी से पीटा

हरदोई

अमृत विचार। बीच गांव में ज़मीन पर सिर पकड़े बैठी महिला के ऊपर ताबड़तोड़ लाठियां बरसाने का वीडियो सोशल मीडिया पर बड़ी तेज़ी से वायरल हो रहा है। एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह ने बेहटा गोकुल थाने के साबिरपुर गांव के इस वायरल वीडियो के बारे में कहा है कि सारे मामले की गहराई से जांच करा कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में एक महिला को तीन-चार लोग लाठियो से पीट रहे है। महिला के सिर से खून निकल रहा है। साबिरपुर की फातिमा पत्नी बबलू ने बताया कि गांव के ही

घायल पीड़ित महिला।

कार्रवाई की मांग

▸▸ बीच गांव में हुई घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

जमील, नाज़िम, सतीश और जरीन ने 19 फरवरी को उसे लाठियों से बुरी तरह मारा-पीटा था। बीच गांव में पीटी जा रही फातिमा का वहीं किसी ने उसकी पिटाई का वीडियो बनाया और उसे वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होते ही खलबली मच गई। इस बारे में एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह का कहना है कि सारे मामले की गहराई से जांच कर हमलावरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

151 में किया चालान

एसपी ऑफिस पहुंची फातिमा का आरोप है कि बेहटा गोकुल पुलिस हमलावरों को बचाने में लगी हुई है। उसका कहना है कि वह अपना फूटा सिर ले कर थाने पहुंची और वहां सारी बात बताई,लेकिन पुलिस ने हमलावरों में सिर्फ एक हमलाकर के खिलाफ 151 में चालान कर अपनी ज़िम्मेदारी पूरी कर दी। हमलाकर उसे जान-माल की धमकी दे रहें है,लेकिन फिर भी पुलिस सख्त कार्रवाई से बच रही है।

कैदी की ईसीजी जांच के लिए जेल अधीक्षक ने लिखी चिट्ठी

हरदोई

अमृत विचार। जेल में बंद कुख्यात अपराधी ने कोर्ट के सामने लीवर और हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत की थी। जिस पर देवबंद (सहारनपुर) की सिविल जज (सी.डि.)/ एसीजेएम कोर्ट ने जेल प्रशासन को जांच के लिए आदेश दिया था, जिस पर जेल अधीक्षक ने मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल/ सीएमएस को जेल में बंद कुख्यात अपराधी की इलेक्ट्रो कार्डियोग्राम की जांच कराने के लिए चिट्ठी भेजी है।

जेल अधीक्षक ने मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल/सीएमएस को भेजी चिट्ठी में कहा है कि कुख्यात अपराधी शकील पुत्र बशीर ने सिविल जज(सी.डि.)/एसीजेएम की देवबंद (सहारनपुर) की कोर्ट में लीवर और हाई ब्लड प्रेशर के बारे में शिकायत की थी। जिस पर कोर्ट ने उसकी जांच कराने का आदेश दिया।

जेल अधीक्षक ने मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल/सीएमएस को भेजी चिट्ठी में कहा है कि कुख्यात अपराधी को जेल से बाहर निकालना खतरे से खाली नहीं है,इस वजह से जेल के अंदर ही उसकी जांच की जाए। इसके लिए ईसीजी (इलेक्ट्रो कार्डियोग्राम मशीन और उसके टेक्नीशियन को जेल भेज कर कुख्यात अपराधी और साथ ही कुछ और बंदियों की जांच करने के लिए कहा है।

वेलनेस सेंटर पर मिलीं अव्यवस्थाएं

हरदोई

अमृत विचार। ग्रामीण क्षेत्रों में दी जा रहीं स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत जाने के लिए प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक कछौना सीएचसी डॉ. किसलय बाजपेई ने स्वास्थ्य टीम के साथ हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर गाजू का औचक निरीक्षण किया। सामग्री का उचित रखरखाव न होने के कारण परिसर में गंदगी, डस्टबिन सही तरीके से न रखे जाने, चादर गंदी होने, परिवार में अवैध कब्जा और यहां-वहां लगे कूड़े के ढेर देखकर उन्होंने नाराजगी जताई। स्वास्थ्य कर्मियों को फटकार लगाते हुए तत्काल व्यवस्थाएं ठीक करने का निर्देश दिया। प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. श्री बाजपेई ने बताया कि कछौना के सभी स्वास्थ्य केंद्र हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों का निरीक्षण जारी रहेगा। व्यवस्थाएं दुरुस्त कराई जाएंगी। बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में ढिलाई बरतने वाले कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी।

सेंटर का निरीक्षण करने पहुंचे प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक सीएचसी कछौना।

विज्ञान की बोर्ड परीक्षा में 5003 छात्र अनुपस्थित

हरदोई, अमृत विचार। बोर्ड परीक्षा में गुरुवार को हाईस्कूल विज्ञान वर्ग में कुल 54277 परीक्षाओं में से 49274 परीक्षार्थी उपस्थित हुएएजबकि 5003 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। डीआईओएस बाल मुकुंद प्रसाद के मुताबिक सचल दल सभी 138 परीक्षा केन्द्रों पर नज़र बनाए हुए। बोर्ड परीक्षा की शुचिता का पूरा ख्याल रखा जा रहा है। डीआईओएस श्री प्रसाद ने बताया कि गुरुवार को हाईस्कूल के विज्ञान वर्ग के 5003 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इण्टर की सुबह की पाली में लेखाशास्त्र की परीक्षा में 285 परीक्षार्थियों में सें 260 ही उपस्थित हुए।

बेसिक स्कूलों में मनाया गया विज्ञान सप्ताह

शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। शुगर यूनिट लोनी के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय कठमा व लोनी में राष्ट्रीय विज्ञान सप्ताह दोपहर बड़े धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की हेड टीचर शाइस्ता परवीन ने फीता काटकर की किया।

जिसमे विभिन्न प्रकार के माडल जैसे। संतुलन, ध्वनि,उत्तोलक प्रथम, द्वितीय, तृतीय श्रेणी, गतिविषयक नियम,हल्दी पेपर का कमाल, उदासीनीकरण, उष्मा दायी अभिक्रिया, पानी का लेंस,गुब्बारे को गिलास से उठाना, हवा कहां से कहां को जायेगी, अनंत पथ आदि पर प्रयोग करके बच्चों को दिखाया गया। जिसे बच्चे, स्वयंसेवी और शिक्षकों ने भी करके देखा और बच्चों को बहुत आनंद आया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को स्वल्पाहार देकर मुंह मीठा कराया गया। स्वंयसेवी को पेन देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिक्षक,अभिभावक, स्वयंसेवी व प्रथम सदस्य राम औतार उपस्थित रहे।

सार-संक्षेप

अग्निशमन केंद्र के आवासीय भवन का लोकार्पण करते विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह।

अग्निशमन केंद्र का किया गया उद्घाटन

पाली, हरदोई, अमृत विचार। तहसील सवायजपुर में अग्निशमन केंद्र का प्रशासनिक भवन और आवासीय भवन बनकर तैयार हो गया है। जिसका लोकार्पण कार्यक्रम गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से वर्चुअली किया। अग्निशमन केंद्र का स्थलीय लोकार्पण सवायजपुर विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह 'रानू' की मौजूदगी में फीता काटकर कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। विधायक ने कहा कि तहसील सवायजपुर क्षेत्र में लोगों को अब आग लगने पर हरदोई मुख्यालय का मुंह ताकना नहीं होगा। अब सवायजपुर से ही तत्काल दमकल की मदद मिल जायेगी। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी डॉ अरुणिमा श्रीवास्तव, तहसीलदार सचिंद्र शुक्ला, दमकल विभाग के प्रभारी चौहान गौतम सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला अज्ञात युवक का शव

हरदोई, अमृत विचार। अनंग बेहटा गांव के बाहर से होते हुए निकली रेलवे लाइन के अप ट्रैक पर गुरुवार की दोपहर एक युवक का शव कई टुकड़ों में पड़ा हुआ देखा गया। उसकी उम्र लगभग 35 साल के आस-पास बताईं जा रही है। उसने काली पैंट और टी-शर्ट के अलावा एक हाथ मे कड़ा पहन रखा था। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेकर जांच शुरू कर दी। बताया गया है कि पुलिस ने कोतवाली देहात के अनंग बेहटा गांव के बाहर रेलवे ट्रैक पर पड़े मिले शव की जामा तलाशी ली। हालांकि इस दौरान पुलिस को कोई ऐसा क्लू हाथ नही लगा जिससे उसकी शिनाख्त हो सकती थी। पुलिस ने फिलहाल शव मर्च्यूरी में रखवा दिया है।

खंड विकास अधिकारी ने किया गांव का निरीक्षण

रुपईडीह, गोंडा : ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव ने ग्राम पंचायत कौड़िया का स्थलीय भ्रमण किया। यहां पर उन्होंने पंचायत सचिवालय में जाकर पंचायत सचिव राजेश कुमार चौधरी से पंचायत भवन में उपलब्ध संसाधन और साफ सफाई के बारे में जानकारी हासिल की, ग्रामीणों भी योजनाओं की जानकारी ली। प्रधान रिंकू मिश्र व पंचायत सहायक मीनाक्षी त्रिपाठी भी उपस्थित रही।

डा.राघवेन्द्र मिश्र 'प्रणय' को दिया जाएगा जयशंकर प्रसाद पुरस्कार

हरदोई

अमृत विचार। शहर के लक्ष्मी पुरवा निवासी ज़िले के प्रसिद्ध कवि और साहित्यकार डा. राघवेन्द्र मिश्र 'प्रणय' की प्रथम काव्यकृति 'अंजुरी भर प्यास'(गीत-संग्रह) को प्रदेश की योजना के तहत राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान उ.प्र.द्वारा एक लाख रुपये के 'जयशंकर प्रसाद पुरस्कार'के लिए चयनित किया गया है। यह पुरुस्कार उन्हे 3 मार्च को लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में राज्यसभा सांसद व पूर्व उपमुख्यमंत्री डा.दिनेश शर्मा के हाथों पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। फरवरी माह में उनके इस गीत संग्रह का लोकार्पण जनपद की साहित्यिक-सांस्कृतिक संस्था 'सरस्वतीसदन' में हुआ था। डा. मिश्र वर्तमान में लखनऊ के महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय आशियाना में असिस्टेंट प्रोफेसर,हिन्दी के पद पर कार्यरत हैं।

बालिकाओं से साझा किए अचार बनाने के तरीके

हरदोई, अमृत विचार। इनर व्हील क्लब डीओडी ने प्राथमिक विद्यालय ककराई खेड़ा में राजकीय फल सरक्षण व प्रशिक्षण केंद्र व इनर व्हील क्लब के सहयोग द्वारा आठ दिवसीय प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया। जिसमें इनर व्हील क्लब डीओडी की सदस्या संगीता श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण दिया। जिसमें 55 बालिकाओं को जैम, मुरव्वा,चटनी, अचार, सॉस का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

ट्रैक्टर के नीचे दबकर किशोर की मौत मामले में अज्ञात पर केस दर्ज

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। गत दिनों ट्रैक्टर के नीचे दबकर किशोर की मौत हो गई थी। एक घायल हो गया था। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम बिराइचमऊ निवासी सगीर ने बताया कि उनका पुत्र अरमान उर्फ फैसल 24 फरवरी के शाम ग्राम मटिया मऊ आया था। साथ में उसका साथी जैद भी था। माधवगंज कन्नौज रोड पर किराए के पास खड़े होकर आपस में बातचीत कर रहे थे। तभी एक ट्रैक्टर-ट्राली के चालक ने तेज रफ्तार में बिना हॉर्न बजाए लापरवाही से माधवगंज की तरफ से आकर दोनों को टक्कर मार दी। जिसमें गंभीर रूप से घायल अरमान को लखनऊ के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया, जहां मौत हो गई। जैद का संडीला के अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

अभियान घरों से लेकर रिश्तेदारों तक की जा रही खोज खबर

लापता हिस्ट्रीशीटरों की तलाश में जुटी पुलिस

हरदोई

अमृत विचार। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस काफी सतर्क है। 41 लापता हिस्ट्रीशीटरों की तलाश में लगी पुलिस हर हाल में उनकी खोज खबर को तत्पर है। सत्यापन व निगरानी में लगी पुलिस कोई भी रिस्क नहीं लेना चाहती। लापता हिस्ट्रीशीटरों का पता लगाने के लिए पुलिस उनके संभावित ठिकानों पर पहुंचने के साथ रिश्तेदारों व नजदीकियों से भी पूछताछ कर रही है।

जिले में हिस्ट्रीशीटरों की संख्या 2229 है। 26 की मौत हो चुकी है।

118 मौजूदा समय में जेल में हैं, जबकि 403 गांव छोड़कर अन्य जगहों पर रह रहे हैं। 41 ऐसे हैं जो पुलिस के रेकार्ड में लापता है। जिन्हें पुलिस रातदिन खोज रही है वह कहां है और किन गतिविधियों में लिप्त हैं, पुलिस इस बात का पता लगा रही है। लोकसभा चुनाव की तारीख अभी नहीं आई है। पुलिस को अंदरखाने लापता हिस्ट्रीशीटरों को लेकर चिंता सताने लगी है। पुलिस अब नए सिरे से इनकी तलाश में लग गई है। कुछ भी हो पुलिस इनको ढूंढकर ही दम लेगी।

एसपी केशवचन्द गोस्वामी ने बताया कि सभी थानों को निर्देश दिए गए हैं कि भागे हिस्ट्रीशीटरों का शीघ्र पता लगाकर उन्हें पाबंद करते हुए निगरानी शुरू की जाए। इस कार्य की जिम्मेदारी अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी नृपेन्द्र कुमार और अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी एमपी सिंह को सौंपी गई है। इनकी देखरेख में जनपद के थानेदारों से हिस्ट्रीशीटरों के वर्तमान में पते और चाल-चलन के बारे में रिपोर्ट जुटाई गई। लापता हिस्ट्रीशीटरो की तलाश में टीमें गठित की गई है। लोकसभा चुनाव के नोडल अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी नृपेन्द्र कुमार ने बताया कि चुनाव के इस दौर में सभी हिस्ट्रीशीटरों के बारे में पूरी जानकारी है। गायब चल रहे 41 हिस्ट्रीशीटरो का पता करने के लिए होमवर्क चल रहा है। जल्द ही उनके बारे में भी पूरी सूचना पुलिस के पास होगी। अपराधियों पर पुलिस लगातार नजर रखे है। अभियान चलाकर अपराधियों का पता लगाया जा रहा है।

बालिका को भगाने का लगाया आरोप, केस

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले के रहने वाले पिता ने अपनी 12 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए एक युवक पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले के रहने वाले पीड़ित पिता के अनुसार उसकी 12 वर्षीय पुत्री को बदायूं जनपद के छोटा पारा दातागंज निवासी अतुल पुत्र करिया 16 फरवरी को शाम के वक्त बहला फुसला कर कहीं ले गया है। काफी ढूंढने के बाद भी उसकी पुत्री का पता नहीं चला। गुरुवार को पीड़ित पिता ने शाहाबाद कोतवाली में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया।

539 छात्र-छात्राओं को वितरित किए गए स्मार्टफोन

हरदोई, अमृत विचार। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत गुरुवार को सीएसएन महाविद्यालय के सभागार में बीए चतुर्थ सेमेस्टर में अध्ययनरत 539 छात्र-छात्राओं में स्मार्टफोन का वितरण किया गया। स्मार्टफोन वितरित करते हुए महाविद्यालय के प्रभारी अधिकारी व नगर मजिस्ट्रेट प्रशांत तिवारी ने कहा कि स्मार्टफोन के द्वारा युवा ज्ञान- विज्ञान, संचार, पर्यावरण व नित नई सूचनाओं से परिचित होकर स्वयं तथा समाज का बहुमुखी विकास करेंगे। स्मार्टफोन के सदुपयोग से युवा डिजिटल एवं सशक्त भारत का नवनिर्माण करेंगे। प्राचार्य प्रो . केके सिंह ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि आज हम अंतरिक्ष विज्ञान, सूचना तकनीकी, कृषि व पर्यावरण के क्षेत्र में नवीन कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। आज के स्मार्ट युवा ही कल का विकसित भारत बनाएंगे।

एक नजर

होली से पूर्व मानदेय दिलाने की मांग

सीतापुर। विकासखंड पिसावां इलाके में रसोइयों शिक्षामित्रों व अनुदेशकों को होली से पहले मानदेय भुगतान किए जाने की मांग राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने की है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ इकाई के संजीव रावत ने कहा कि समस्त त्योहारों पर सभी व्यक्तियों को पैसे की नितांत आवश्यकता होती है। ऐसे में शिक्षा विभाग से जुड़े जितने भी मानदेय कर्मी है। उन सभी को समय से मानदेय मिल सके। यह सुनिश्चित किया जाए। आयोजित मीटिंग मे उन्होंने कहा की राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का प्रदेश नेतृत्व बेसिक विभाग के चारों स्तम्भो के हक और समस्याओं को लेकर सदैव से संकल्पित है। इस अवसर पर ब्लॉक कार्यालय का भी उद्घाटन भी किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक संरक्षक महेंद्रपाल शर्मा, महामंत्री सुधाकर यादव, ब्लॉक संगठन मंत्री छत्रपाल यादव, ब्लॉक उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार, ब्लॉक मंत्री रामनाथ, कोषाध्यक्ष कृष्णवीर सहित ब्लॉक कार्यकारिणी एकत्रित हुई।

सीएचसी का निरीक्षण कर सीएमओ ने जानी हकीकत

तंबौर/सीतापुर। विकास खंड इलाके में मुख्य चिकित्साधिकारी डा हरपाल सिंह ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तंबौर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने लेबर रूम, ओपीडी, एक्सरे रूम के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही वार्डो की साफ सफाई के साथ साथ बाउंड्री वाल, नए वार्डो का निर्माण, तथा कर्मचारियों की उपस्थिति चेक की। सीएमओं द्वारा इस दौरान इलाके के गुड़ पुरवा में टीकाकरण सत्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधीक्षक सर्विलांस मेडिकल ऑफीसर डॉ पीयूष रंजन, डिस्ट्रीक्ट मोबिलीजेर कोऑर्डिनेट मुन्तकिब खान समेत सी एच सी अधीक्षक डॉ मनोज कुमार उपस्थित थे।

यज्ञ से मनुष्य के पापों का होता है नाश : महेश चंद्र

तालगांव/सीतापुर। विकास खंड परसेंडी के कन्नपुर में आयोजित गुरु गोरखनाथ महायज्ञ एवं विराट संत सम्मेलन में यज्ञ आचार्य उमाशंकर तिवारी ने वैदिक मंत्र के संग यज्ञ यजमान, पूर्व प्रधान महंत श्री कृष्णा समेत अन्य भक्तों से हवन कुंड में आहुतियां डलवाई। इस दौरान आयोजित सत्संग में कथा व्यास गुरु महेश चंद्र रघुनाथ बड़ीगददी जिला इटावा के मुखारविंद से भक्तों को कथा श्रवण कराते हुए बताया कि यज्ञ करने से मनुष्य के संपूर्ण पापों का नाश होता है। तथा अंत में भगवान का धाम प्राप्त होता है। वक्ता जयप्रकाश अवस्थी महाराज ने अपने प्रवचन में प्रभू राम के भाई भरत की महिमा की कथा का श्रवण कराते हुए भक्तों को बताया कि भगवान राम और भरत जैसा प्रेम आज संपूर्ण समाज में आवश्यकता है। पुजारी राम भूषण महाराज ने गुरु गोरखनाथ बाबा की कथा श्रवण कराई। बताया कि गुरु गोरखनाथ की पूजा करने से सभी कष्ट दूर होते हैं।

लाभार्थी संपर्क अभियान में गिनाईं उपलब्धियां

झरेखापुर/सीतापुर। हरगांव विधानसभा में भाजपा की लाभार्थी संपर्क अभियान योजना के अंतर्गत झरेखापुर मंडल के अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह ने अपनी टीम के साथ लाभार्थियों से संपर्क कर केन्द्र व प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से समझाया। बृहस्पतिवार को विधानसभा हरगांव के मंडल झरेखापुर के बूथ सरैंया राह, बड़ेलिया, पगुरोई, उमरी, शाहपुर, बडखेरवा, निगोहा, देना, उमरी, मुबारकपुर आदि गांवों मे लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया गया। जिसमें मुख्य रूप से हरगांव विधानसभा के भाजपा झरेखापुर मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह, अनुज शुक्ल, पंकज पांडेय, अर्पित सिंह, अभय सिंह, चन्द्रभाल कनौजिया आदि लोग शामिल रहे।

फर्जी मुकदमे दर्ज कर किसानों की आवाज दबाने का आरोप

▸▸ **किसान नेताओं के ट्रैक्टर ट्रॉली निकालने पर कोतवाली में दर्ज हुआ था केस**

सीतापुर, अमृत विचार। संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले किसान नेताओं ने गुरुवार को शहीद पार्क सीतापुर में इकठ्ठा होकर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपा। किसान मंच राष्ट्रीय सचिवध्प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह ने कहा कि भाजपा शासन में किसानों के प्रति अपनाया जा रहा हिटलर शाही रवैया तानाशाही का प्रतीक है। हम इसकी भर्त्सना करते हुए चेतावनी देते हैं कि फर्जी मुकदमे वापस लिए जाएं अन्यथा की स्थिति में हम सभी एकजुट होकर सड़कों पर संघर्ष के लिए बाध्य होंगे।

प्रदर्शन के दौरान किसान नेता पिंदर सिंह सिद्धू ने कहा कि यह कैसा दुर्भाग्य है कि सच के लिए अपनी बात उठाने पर मुकदमें पंजीकृत किए जा रहे हैं। किसान मंच महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अल्पना सिंह ने कहा कि इस तरह के फर्जी मुकदमे दर्ज कर हमारी आवाज को दबाने का जो प्रयास भाजपा कर रही है, उसे भविष्य के लोकसभा चुनाव में इसका परिणाम भुगतना होगा।

जिला पंचायत सदस्य कामरेड अर्जुन लाल ने कहा कि पूर्व में हम सभी द्वारा की गई गलतियों के परिणाम स्वरूप चुनी गई भाजपा लोकतंत्र की हत्या कर रही है! मैं जनता जनार्दन से सचेत रहकर लोकतंत्र को बचाने का निवेदन करता हूं। ज्ञापन देने वालों में दिव्य सिंह, राम चंद्र मौर्य, विजय कुमार सिंह, हसीना खातून, आनन्द सिंह, तनवीर सिंह, राम सनेही वर्मा, कुलदीप सिंह, सतनाम सिंह, नफीस गाजी, जमील खां, अनवर सिद्दीकी, एवन सिंह, सहित सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

सड़कों पर नारेबाजी कर कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देने जाते किसान नेता। अमृत विचार

सीडीओ ने एनएचएआई को ओवरब्रिज से पूर्व संकेतक लगाने के दिए निर्देश

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के दौरान स्कूली वाहनों के फिटनेस पर जोर

▸▸ **ओवरलोड वाहनों पर एआरटीओ द्वारा कार्रवाई के दिए निर्देश**

सीतापुर, अमृत विचार। कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा के उपायों के संबंध में व्यापक जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जाये तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई भी अमल में लाई जाये।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने नेशनल हाईवे पर बढ़ते हादसों को लेकर एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिये कि लखनऊ सीतापुर मार्ग पर बिजवार क्रासिंग पर ओवरब्रिज से पूर्व संकेतक स्थापित कराये जाये। जिससे वाहन चालकों को मार्ग की सही जानकारी मिल सके। चिन्हित ब्लैक स्पाट पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के निर्देश भी मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक के दौरान दिये। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि विद्यालयों में विद्यालय यान सुरक्षा समितियों की बैठकें समय से आयोजित करायी जायें। जिससे स्कूली वाहनों का फिटनेस समय से हो सके। इसके साथ ही वाहन के चालकोंध्परिचालकों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं पुलिस सत्यापन भी समय से कराया जाये। स्कूली वाहनों में स्थापित अग्निशमन यन्त्रों के संचालन का प्रशिक्षण कराये जाने के निर्देश भी मुख्य विकास अधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि मानक विहीन एवं असुरक्षित वाहनों से स्कूली बच्चों को कदापि न ले जाया जाये। बैठक के मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिये कि वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर अवश्य लगवाया जाये। विशेषकर गन्ने की ढुलाई में लगे वाहनों में रिफ्लेक्टर अवश्य लगवायें। ओवरलोडिंग करते पाये जाने पर ट्रैफिक पुलिस कार्रवाई करे। इस दौरान एआरटीओ प्रशासन माला बाजपेयी, क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सीतापुर वैभव त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक के सड़क सुरक्षा समिति की बैठक करतीं सीडीओ निधि बंसल। अमृत विचार

शादी का झांसा देकर किया युवती का शोषण, केस दर्ज

तंबौर/सीतापुर। थाना इलाके के शादी का झांसा देकर एक युवक युवती ने युवक पर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि जब उसने शादी की बात की तो युवक ने शादी से इंकार करते हुए युवती को युवक के परिजनों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

क्षेत्र के एक गांव की रहने वालो 20 वर्षीय युवती का गांव के ही रहने वाले युवक से काफी लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। आरोप है कि युवक ने शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण करता रहा। आरोप है कि युवती ने जब शादी की बात कही तो युवक ने शादी करने से इंकार कर दिया। युवती ने बताया कि जब इसकी शिकायत करने पीड़िता युवक के घर पहुची तो युवक के परिजनों ने उसके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने इस मामले को तंबौर थाने में तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर युवक समेत पिता व भाई के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है।

बिजली के पोल से टकराई कार

बाल-बाल बचे लोग

▸▸ **बिजली का पोल टूटने से सप्लाई बाधित, कार सवार लोग फरार**

संवाददाता, लहरपुर/सीतापुर

अमृत विचार। कोतवाली इलाके में तेज रफ्तार कार बिजली के पोल से टकरा कर क्षतिग्रस्त हो गई। कार की टक्कर से बिजली का पोल टूट गया। हादसे में कार में सवार लोग बाल-बाल बच गये और मौके से कार छोड़कर फरार हो गये। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, गुरुवार को क्षेत्र के ग्राम बेलवा बाजार के निकट शाहपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे लगे बिजली के पोल से टकरा गई। कार की टक्कर से बिजली का पोल टूट गया और कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना के बाद सवार लोग मौके से भाग निकले।

इस हादसे में किसी को भी चोट नहीं आई। घटना की जानकारी मिलते ही भारी संख्या में आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। इस संबंध में अवर अभियंता विद्युत विभाग अवनीश कुमार वर्मा ने बताया कि पोल के टूटने की खबर मिली है। आपूर्ति को बंद कर पोल को ठीक कराया जा रहा है।

बिजली के पोल से कार के टकराने के बाद टूटा पोल व मौजूद स्थानीय लोग।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

झरेखापुर/सीतापुर, अमृत विचार। कोतवाली देहात इलाके में बुधवार देर रात काम करके घर वापस आ रहे मजदूर की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के ग्राम धरनाग नेवादा निवासी लालता (25) नैपालापुर में सीमेंट सरिया की दुकान पर मजदूरी करता था। बताया जाता है कि बुधवार की देर रात बाइक से घर वापस जाते समय रास्ते मे सीतापुर लखीमपुर मार्ग पर नानकारी पेट्रोल पंप के सामने अज्ञात वाहन में बाइक को टक्कर मार दी। दर्दनाक हादसे में बाइक सवार युवक की टक्कर लगने से मौके पर मौत हो गयी। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी विमल गौतम ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। हादसे में शामिल वाहन की तलाश जारी है।

टावर पर चढ़ा मानसिक विक्षिप्त युवक, हंगामा

महमूदाबाद/सीतापुर, अमृत विचार। कोतवाली इलाके के गुरुवार को मानसिक रूप से विक्षिप्त एक युवक ने मोबाइल टावर पर चढ़कर हंगामा काटा। श्स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने करीब 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद समझा-बुझाकर करीबी रिश्तेदारों की मदद से युवक को नीचे उतारा। जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के ग्राम केदारपुर गांव निवासी अनिल पुत्र स्व रामकीरत काफी समय से मासनिक रूप से विक्षिप्त है। बताया जाता है कि बृहस्पतिवार को अनिल गांव के पश्चिम लगे मोबाइल टावर के बीच चढ़कर बैठ गया। ग्रामीणों की सूचना पर पैतेपुर चैकी प्रभारी अमित पांडेय दमकलकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और और उसे उतरने का प्रयास करने लगे। करीब 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद चैकी प्रभारी ने अनिल के रिश्तेदारों की सहायता ली। जिसके बाद अनिल को टावर से नीचे उतारा जा सका। युवक के टावर से नीचे उतरने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। बताते चले कि अनिल कुछ वर्ष पूर्व महमूदाबाद कोतवाली में लगे पेड़ पर भी चढ़ गया था। जिसके बाद पुलिस के काफी समझने पर वह पेड़ से उतरा था। गांव के लोगों का कहना है कि अनिल मानसिक रूप से परेशान रहता है। इसलिए वह आए दिन इस तरीके के कृत्य करता रहता है।

मोबाइल टावर पर चढ़े युवक को समझाने का प्रयास करता पुलिसकर्मी।

सार-संक्षेप

पिछड़ा वर्ग कल्याण के लिए सरकार ने किए कई कार्य: नरेन्द्र

कार्यक्रम को सम्बोधित करते अतिथि व मंच पर मौजूद कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही।

सीतापुर। भाजपा पिछड़ा वर्ग सामाजिक सम्मेलन को उप्र के मंत्री पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांग सशक्तीकरण (स्वतंत्र प्रभार) ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिए केंद्र व प्रदेश सरकारों के द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। ब्लाक के ग्राम पंचायत हैदरपुर में पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल हरगांव में पिछड़ा वर्ग सामाजिक सम्मेलन का आयोजन गुरूवार को किया गया। जिसके मुख्य अतिथि नरेन्द्र कश्यप राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार उप्र एवं प्रदेश अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण व विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक एवं कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही रहे। इस अवसर पर कारागार राज्य मन्त्री सुरेश राही ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों से उपस्थित जनसमूह को बताई। इसके साथ ही राज्य मन्त्री नरेंद्र कश्यप ने समाज के सभी वर्गो के लिए चलाई जा रही योजनाए बताई व पिछडा वर्ग का उत्थान भाजपा सरकार मे हुआ। आज पिछडे वर्ग के समाज का जो स्थान प्रगति में है। वह वर्तमान सरकार की देन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछड़े समाज को सम्मान देकर आरक्षण के अंतर्गत मेडिकल में 6000पिछड़े वर्ग के छात्रों को दाखिला देकर इतिहास रचकर पिछड़े वर्ग को सम्मान से जीने की राह दिखाई है। राज्य मंत्री ने बताया कि केन्द्र व प्रदेश की डबल इंजन की सरकार ने दस वर्षों में पिछड़ावर्ग समाज को सम्मान दिया है। इस अवसर पर भाजपा पिछडा वर्ग महामन्त्री धर्मेन्द्र यादव, प्रधान प्रतिनिधि खमौना श्याम कुमार राठौर, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश वर्मा, अकील अंसारी, राम प्रसाद यादव, त्रिभुवन वर्मा, अमरसिंह वर्मा, कुलदीप यादव सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

सरकार की योजनाओं से विपक्षी पार्टियां परेशान : सांसद

लाभार्थी संपर्क अभियान के दौरान लाभार्थी को माला पहनाकर स्वागत करते सांसद राजेश वर्मा।

रामपुर मथुरा /सीतापुर, अमृत विचार। विकासखंड के ग्राम पंचायत चांदपुर लोधौनी बीजेपी द्वारा में लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद राजेश वर्मा रहे। कार्यक्रम के दौरान सांसद का भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। सांसद ने इस दौरान केंद्र सरकार की उपलब्धियों का बखान किया। लाभार्थियों को सम्बोधित करते हुए सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों को मुफ्त राशन देने का कार्य किया है और आगामी 5 वर्ष तक राशन देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी बिना किसी भेदभाव को सभी को आवास, गैस कनेक्शन, आयुष्मान कार्ड देने का कार्य किया है। वही 10 वर्षों में गरीबी रेखा से नीचे रह रहे लोगों को आगे बढ़ने का कार्य किया है। प्रत्येक व्यक्ति को शुद्ध जल मिल सके जिसके तहत प्रत्येक व्यक्ति के घर नल से जल पहुंचने का कार्य किया जा रहा है। सांसद ने कहा कि रामपुर मथुरा का सर्वांगीण विकास करने के लिए दृढ़ संकल्प है और जिले के प्रत्येक बॉर्डर तक चैड़ी सड़क करवाने का मेरा लक्ष्य है। सांसद ने सम्बोधन के दौरान कहा कि पीएम मोदी और सीएम योगी सरकार की योजनाओं को देखकर विपक्षी पार्टियों घबराई हुई है। लाभार्थी सम्पर्क अभियान के दौरान प्रधान सहरा नानकारी साबिर अली तथा पूर्व प्रधान चांदपुर लोधौनी मोहम्मद लतीफ, करनापुर प्रधान राम तीरथ मौर्य, मोनिश अपने समर्थकों के साथ सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए। इस अवसर पर चंद्रभूषण शुक्ला, संतोष सिंह, गिरजेश गुप्ता, जयप्रकाश वर्मा, मोहन प्रसाद बारी, रमेश गुप्ता डी पी सिंह, शैलेन्द्र विक्रम सिंह, शिवदास शुक्ला, सुनील वर्मा, रामयश बीडीसी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

बार और बेंच एक ही सिक्के के दो पहलू : मनीष रावत

शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान तहसील सभागार में मौजूद अधिवक्ता व पदाधिकारी।

सिधौली। गुरुवार को तहसील सभागार में तहसील बार एसोसिएशन 2024 की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बीजेपी विधायक मनीष रावत मौजूद रहे। तहसील बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह को निर्तवर्मान अध्यक्ष जयकरन सिंह यादव ने शपथ दिलाई। इसके पश्चात वर्तमान अध्यक्ष ने महामंत्री शिवशंकर यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जीवन पाण्डेय, कनिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष यादव तथा अरविंद कुमार गौतम अनिल कुमार शुक्ला, संयुक्त मंत्री आशुतोष अवस्थी तथा कमल कुमार कोषाध्यक्ष मिथिलेश कुमार तथा ऑडिटर अरुणेश कुमार सिंह को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनीष रावत ने कहा कि अधिवक्ता समाज के गरीब और अशक्त वर्गों को न्याय दिलाने का कार्य करते हैं। वादकारियों को सस्ता और सुलभ न्याय के लिए सामंजस्य के साथ काम करें। उपजिलाधिकारी, सिधौली अनिल कुमार ने बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों से कहा कि वे उन्हें समस्याओं से अवगत करायें। कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत सिधौली के अध्यक्ष गंगाराम राजपूत ने कहा कि नगर पंचायत सिधौली क्षेत्र में विकास और स्वच्छता के लिए प्रतिबद्ध है। बार एसोसिएशन, सिधौली के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने तहसील परिसर में अधिवक्ताओं और वादकारियों की विभिन्न समस्याओं पर बोलते हुए कहा कि परिसर में अधिवक्ताओं के लिए बना टीनशेड टूटा हुआ है। इसके अतिरिक्त शौचालय की सफाई, अधिवक्ताओं के व्यक्तिगत वाहनों के लिए पार्किंग निकास आदि की व्यापक समस्या है।

उपलब्धि विश्व क्षय रोग दिवस (24 मार्च) को जिलाधिकारी जारी करेंगे प्रमाण-पत्र

10 ग्राम पंचायतें हुईं टीबी मुक्त, मास्क लगाकर रोकथाम की अपील

सीतापुर, अमृत विचार। स्वास्थ्य विभाग ने जिले की 10 ग्राम पंचायतों में टीबी का एक भी मरीज न होने से इन्हें टीबी मुक्त घोषित कर दिया गया है। इन सभी ग्राम पंचायतों को जिलाधिकारी अनुज सिंह द्वारा आगामी विश्व क्षय रोग दिवस (24 मार्च) के मौके पर प्रमाण-पत्र जारी कर टीबी मुक्त होने की घोषणा की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2025 तक देश को टीबी (क्षय) रोग से मुक्त करने के संकल्प को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान चलाया गया, जिसके तहत इन ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है।

सीएमओ डॉ. हरपाल सिंह ने बताया कि पंचायतों की टीबी मुक्ति की घोषणा से पहले कई मानकों की जांच की गई। इस क्रम में प्रति हजार आबादी पर 30 संम्भावित टीबी मरीजों की जांच, प्रति एक हजार की आबादी पर एक टीबी मरीज का पंजीकरण होने पर, कम से कम 60 फीसद मरीजों की ड्रग सेंस्टिवटी की जांच हो चुकी हो, पिछले वर्ष पंजीकृत कुल टीबी मरीजों में से 85 फीसद मरीज ठीक हो चुके हों, जैसे मानकों की जांच की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ), आशा कार्यकर्ता और एनटीईपी के सदस्यों के प्रयासों से ही हम इन ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त करने दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. मनोज देशमणि ने बताया कि जिले में कुल 1601 ग्राम पंचायतें हैं, जिनमें से 10 को टीबी मुक्त कर लिया गया है। प्रधानमंत्री ने पिछले साल विश्व क्षय रोग दिवस पर टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान की शुरुआत की थी। उन्होंने यह भी बताया कि इस अभियान के प्रथम चरण में जिले की 13 ग्राम पंचायतें चयनित हुई थीं। इन सभी का एक जिला स्तरीय तीन सदस्यीय वेलीडेशन कमेटी ने भौतिक सत्यापन किया। जिसके बाद 10 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त होने की सहमति कमेटी द्वारा की गई। इस कमेटी में सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी मानवेंद्र यादव, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. मनोज देशमणि और राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के जिला समन्वयक आशीष दीक्षित शामिल रहे।

ग्राम सभाएं हुईं टीबी मुक्त : टीबी मुक्त होने वाली ग्राम पंचायतों में हरगांव की पीतपुर, कसमंडा की चैरिया, महमूदाबाद की नबीगंज, परसेंडी की उमरिया खानपुर, रामपुर मथुरा की सरैया मसूदपुर, सकरन की पचदेवरा, खैराबाद की सिपाह और परसेहरा कला तथा पहला ब्लॉक की दिल्ली-आगरा और कंडारी शामिल हैं।

टीबी के लक्षण

दो हफ्ते या उससे अधिक समय से लगातार खांसी का आना, खांसी के साथ बलगम और बलगम के साथ खून आना, वजन का घटना एवं भूख कम लगना, लगातार बुखार रहना, रात में पसीना आना, सीने में दर्द होना टीबी के लक्षण हैं। यह लक्षण होने पर मरीज को क्षय रोग केंद्र पर टीबी की जांच करानी चाहिए।

मास्क का करें प्रयोग

टीबी की बीमारी जीवाणु से होती है। यह अधिकतर फेफड़ों को प्रभावित करती है। हालांकि टीबी शरीर के किसी भी अंग में हो सकती है। फेफड़ों की टीबी संक्रामक होती है। यह हवा के जरिए एक से दूसरे व्यक्ति में फैलती है। इसलिए यदि टीबी रोगी के संपर्क में कोई व्यक्ति आए तो वह मास्क का प्रयोग करे। एक क्षय रोगी यदि मास्क का प्रयोग करता है तो वह 10 से 12 लोगों को संक्रमण से बचा सकता है।

कार्यालय ग्राम पंचायत दहावा– कसमंडा, सीतापुर

पत्रांक मेमो/सचिव/पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त आयोग/मनरेगा/निविदा आ./2023–2024 दिनांक 27/02/2024

निविदा आमंत्रण सूचना–अल्पकालीन

कार्यालय ग्राम पंचायत दहावा विकासखंड कसमंडा पंजीकृत ठेकेदारों एवं फर्मो को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित निर्माण कार्य की अल्पकालिक मोहरबंद निविदाएं समस्त पंजीकृत ठेकेदारों व फर्मो से दिनांक 05/03/2024 को अपरान्ह 4:00 बजे तक पंजीकृत ठेकेदारों व फर्मो के सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जाएगी। किसी भी टेंडर को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 27/02/2024 से दिनांक 05/03/2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत दहावा से प्राप्त किए जा सकते हैं। प्रत्येक निविदा के साथ दो प्रतिशत की जमानत धनराशि एनएससी/एएफडीआर के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा। जो कार्यालय ग्राम पंचायत दहावा के नाम बंधक होगा। अन्य शर्तों आदि की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। ठेकेदारों व फर्मो द्वारा निविदा प्रपत्र पर अंकित की गई धनराशि अंकों एवं शब्दों में लिखना अनिवार्य होगा।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित लागत	प्राक्कलन के अनुसार सामग्री जिसकी आपूर्ति होनी है	सामग्री की लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1	दहावा में जाबिर के घर से तालाब तक नाली निर्माण कार्य	196694.06	सीमेंट 79 बोरी, मौरंग 3.15 घनमी0 बालू 7.57 घनमी0, गिट्टी 2.87 घनमी0 रोड़ा 6.56 घनमी0, सरिया 1.6 क्विंटल ईंट 8538.75 No.	154780.00	200.00
2	नन्दू के घर से दहावा बाजार तक इण्टरलॉकिंग कार्य	235477.93	ईंट 3302.80 No., सीमेंट 55 बोरी मौरंग 6.24 घनमी0, बालू 2.33 घनमी0 गिट्टी 0.54 घनमी0, रोड़ा 13 घनमी0 सरिया –, इण्टरलाकिंग ईंटा 3731– No.	192577.83	200.00

जिस निविदादाता का टेंडर सबसे कम दर का होगा उसे टेंडर स्वीकृति दर के आधार पर आगणित सामग्री की कुल लागत का दो प्रतिशत जमानत धरोहर की धनराशि एनएससी/ एफडीआर जो ग्राम पंचायत दहावा के पक्ष में बंधक होगा जमा करने पर सामग्री की आपूर्ति का आदेश दिया जाएगा।

प्रधान– ग्राम पंचायत दहावा, कसमण्डा–सीतापुर

सचिव– ग्राम पंचायत दहावा, कसमण्डा–सीतापुर

हिंसाबबलमसाधूनां राज्ञा दण्डविधिर्बलम्।
शुश्रुषा तु बलं स्त्रीणां क्षमा गुणवतां बलम्॥

हिंसा दुष्ट लोगों का बल है, दंडित करना राजा का बल है, सेवा करना स्त्रियों का बल है और क्षमाशीलता गुणवानों का बल है।

संपादकीय

संदेशखाली और राजनीति

पश्चिम बंगाल की राजनीति में संदेशखाली का विवाद राष्ट्रीय आक्रोश का मुद्दा बना हुआ है। पिछले पखवाड़े तृणमूल कांग्रेस सरकार को संदेशखाली में हुई घटनाओं से असंवेदनशील तरीके से निपटने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा। तृणमूल कांग्रेस भाजपा पर मामले को तूल देने के आरोप लगाती रही है, वहीं भाजपा अपराधियों को बचाने के आरोप सत्तारूढ़ दल पर लगा रही है। दरअसल एक अनाज घोटाले में ईडी की कार्रवाई पर टीएमसी कार्यकर्ताओं के प्रतिरोध और उसके बाद ईडी अधिकारियों पर हमले के बाद संदेशखाली में नए-नए खुलासे होते रहे हैं। हिंसा व दबंगई के लिए कुख्यात इलाके में दबंग राजनेताओं द्वारा जमीन कब्जाने और आदिवासी महिलाओं के शोषण के मामले उजागर हुए। 8 फरवरी से स्थानीय महिलाओं ने शाहजहां शेख और उसके समर्थकों के खिलाफ प्रदर्शन शुरू किया। महिलाओं ने आरोप लगाया कि शाहजहां शेख और उसके लोग महिलाओं का यौन शोषण करते थे। आखिरकार संदेशखाली कांड के मुख्य आरोपी शेख शाहजहां को 55 दिन बाद बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके करीबी अमीर अली गाजी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

टीएमसी की ओर से शुरूआत में यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि शाहजहां सामाजिक कार्यकर्ता था जिसे प्रवर्तन निदेशालय और भाजपा द्वारा गलत तरीके से निशाना बनाया जा रहा था। मुख्यमंत्री के वफादारों ने जोर देकर कहा कि टीएमसी नेताओं के चरित्र पर कोई दाग नहीं है। यहां तक कि छेड़छाड़ और बलात्कार के आरोप लगाने वालों से वीडियोग्राफिक सबूत पेश करने को कहा गया। मांग की गई कि शाहजहां और उसके गुर्गों के खिलाफ आरोप लगाने वाली महिलाएं अपना चेहरा दिखाएं ताकि साबित हो सके कि वे स्थानीय थीं, बाहरी नहीं। लोकसभा चुनाव करीब आने के साथ, यह स्वाभाविक है कि ममता बनर्जी अपना ध्यान संदेशखाली से और विशेष रूप से स्थानीय टीएमसी नेताओं द्वारा महिलाओं के शोषण से, वह भी पार्टी कार्यालय के अंदर से हटाना चाहेंगी। संदेशखाली के प्रतिकूल प्रभावों को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री जवाबी कार्रवाई के अपने आजमाए और परखे हुए तरीकों पर भरोसा करती नजर आ रही हैं। सबसे पहले, उन्होंने लक्ष्मीर भंडार योजना के तहत महिलाओं को भुगतान दोगुना करने सहित कई अतिरिक्त कल्याणकारी लाभों की घोषणा की। राजनीतिक संरक्षण में अपराधियों का फलना-फूलना किसी भी समाज के लिए दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति ही है। जबकि संगीन अपराध के मुद्दे पर राजनीति करने के बजाय वास्तविक अपराधियों को दंडित कराना ही प्राथमिकता होनी चाहिए। पीड़ितों को न्याय दिलाने में तत्परता दिखानी चाहिए।

गंगा नदी का अस्तित्व खतरे में

अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

राष्ट्रीय नदी के रूप में सम्मानित गंगा देश की एक चौथाई जल की आपूर्ति करती है। हिंदुओं के लिए गंगाजल सर्वाधिक पवित्र है। धर्मग्रंथों के अनुसार मोक्ष दायिनी गंगा में डुबकी लगाने से ही जन्म जन्मांतर के पापों से छुटकारा मिल जाता है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने मार्च 2023 में उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के 94 जगहों से गंगा जल की जांच कराई थी जिसमें पाया गया कि अधिकांश स्थानों पर गंगा का पानी पीने योग्य क्या, नहाने लायक भी नहीं रह गया है। शहर के सीवरेज ने गंगा जल की ऐसी दुर्दशा कर दी है कि गंगा के पानी को फिल्टर तक नहीं किया जा सकता है। पिछले दो वर्षों में पटना के घाटों पर गंगा जल का प्रदूषण 10 गुना अधिक हो गया है। पानी के प्रदूषण, घटते जल स्तर, निरंतर कम होते नदी पाट, सिल्टों के जमाव से नदी सिमट रही है। स्वाभाविक रूप से गंगा नदी धीरे-धीरे मृतप्राय होने की स्थिति में आ रही है।

आईआईटी खड़गपुर के प्रोफेसर अभिजीत मुखर्जी के साथ कनाडियन शोधकर्ता सौमेंद्र नाथ भांजा और ऑस्ट्रिया के योशिहीदी वाडा ने 2015 से 2017 के मध्य गंगा नदी पर किए अपने अध्ययन में कहा कि गंगा नदी में हरिद्वार से लेकर बंगाल की खाड़ी तक पानी पीने योग्य नहीं रह गया है। लगभग दो दशकों से गर्मियों के सीजन में गंगा के पानी के स्तर में निरंतर कमी देखी जा रही है। मई महीने में प्रयागराज के पास फाफामऊ में गंगा के पानी का स्तर इतना कम हो जाता है कि लोग इसे आसानी से पैदल ही पार कर सकते थे।

वर्ष 1999 से 2013 के बीच गर्मी के सीजन में गंगा के पानी में प्रत्येक साल 0.5 से 38.1 सेमी तक की कमी दर्ज की गई है। शोधकर्ताओं ने यह भी कहा कि अगले तीस वर्षों तक गंगा में भूजल का हिस्सा लगातार घटता रहेगा। यह सिलसिला जारी रहने की स्थिति में नदी के पर्यावरण पर तो बेहद प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा ही, गंगा की घाटी में रहने वालों के सामने भोजन का गंभीर संकट भी पैदा हो सकता है। अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए ने वर्ष 1958 से लेकर वर्ष 1972 के बीच गंगा बेसिन की गुप्त तरीके से लगभग आठ हजार सैटेलाइट तस्वीरें ली थीं, जो वर्ष 2018 में पब्लिक की गई। उस समय की तस्वीरों के साथ आज के तस्वीरों के विश्लेषण से पता चलता है कि गंगा नदी ने अपना रंग, रूप और रास्ता अनेक स्थानों पर बदल लिया है। गंगा के बड़े- बड़े और चौड़े बहाव क्षेत्र अब पतली शाखाओं में बदल गए हैं। वर्ष 1965 में हरिद्वार में गंगा नदी की मुख्य धारा की लंबाई 3.63 वर्ग किलोमीटर थी, जो अब बढ़कर 6.67 वर्ग किलोमीटर हो गई है, लेकिन नदी का बहाव रोकने वाला किनारा 17.85 वर्ग किलोमीटर से घटकर 7.07 वर्ग किलोमीटर हो गया है। 1965 में बिजनौर में गंगा नदी की मुख्य धारा की लंबाई 15 वर्ग किलोमीटर थी, जो अब बढ़कर 19 वर्ग किलोमीटर हो चुकी है। कानपुर में गंगा नदी की लंबाई 1965 में 15.5 वर्ग किलोमीटर थी, जो अब बढ़कर 17.63 वर्ग किलोमीटर हो गई है, लेकिन कछार का इलाका तेजी से घट गया है। यह 20.62 वर्ग किलोमीटर से घटकर 4.98 वर्ग किलोमीटर हो चुका है। 1976 में प्रयागराज में नदी का कुल क्षेत्रफल 43.88 वर्ग किलोमीटर था, जो अब घटकर 19.02 वर्ग किलोमीटर हो गया है। भागलपुर में गंगा नदी की कई शाखाएं थीं, लेकिन मुख्य धारा काफी ज्यादा चौड़ा है। यहां पर मुख्य धारा की लंबाई 40 वर्ग किलोमीटर थी, जो बढ़कर 45 वर्ग किलोमीटर हो चुकी है यानी चौड़ाई कम होती जा रही है, नदी की लंबाई बढ़ती जा रही है। फरक्का में नदी की मुख्य धारा की लंबाई में काफी ज्यादा अंतर आया है। यह पहले 43.34 वर्ग किलोमीटर था, जो अब बढ़कर 56.85 वर्ग किलोमीटर हो गया है।

> आईआईटी खड़गपुर के प्रोफेसर अभिजीत मुखर्जी के साथ कनाडियन शोधकर्ता सौमेंद्र नाथ भांजा और ऑस्ट्रिया के योशिहीदी वाडा ने 2015 से 2017 के मध्य गंगा नदी पर किए अपने अध्ययन में कहा कि गंगा नदी में हरिद्वार से लेकर बंगाल की खाड़ी तक पानी पीने योग्य नहीं रह गया है।

वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड के अनुसार गंगा में डॉल्फिन की संख्या 1980 के दशक के 5,000 से घट कर अब 1,800 पर आ पहुंची है। शुद्ध गंगा नदी के पानी की कमी घनी आबादी वाले उत्तरी भारतीय मैदानों की घरेलू जल आपूर्ति, सिंचाई के लिए पानी की आवश्यकताओं, नदी परिवहन, पारिस्थितिकी आदि को खतरे में डाल सकती है। नदी के पानी में कमी का खाद्य उत्पादन पर सीधा प्रभाव पड़ता है, जो इस क्षेत्र में रहने वाली 100 मिलियन से अधिक आबादी के लिए खतरे का संकेत है। नदी का जल स्तर इस तरह घट रहा है कि हाल में गंगा नदी शुरू की गई क्रूज सेवा एक जगह कम पानी होने के कारण तथा सिल्ट होने के कारण कई दिनों तक एक ही जगह खड़ी रही। रिपोर्ट के अनुसार वाराणसी में गंगा नदी घाट से लगभग सात से दस फीट अंदर की ओर खिसक गई है। यहां गंगाजल का स्तर पूर्व से लगभग छह फीट नीचे गिर गया है। जाहिर है आज गंगा गंभीर संकट से गुजर रही है।

राष्ट्रीय नदी के रूप में सम्मानित गंगा देश की एक चौथाई जल की आपूर्ति करती है। हिंदुओं के लिए गंगाजल सर्वाधिक पवित्र है। धर्मग्रंथों के अनुसार मोक्ष दायिनी गंगा में डुबकी लगाने से ही जन्म जन्मांतर के पापों से छुटकारा मिल जाता है। गंगा को इस विकट स्थिति में पहुंचाने के पीछे शहरों के सीवरों का गंदा पानी, प्लास्टिक थैलियों का निस्तारण, उद्योगों से निकला रासायनिक कचरा, डैम और बैराज का निर्माण, लाशों को जलाना आदि जिम्मेदार है। हिमालय में चीन द्वारा निर्मित विभिन्न डैम परियोजनाओं का असर भी गंगा के जल स्तर पर पड़ रहा है। हिमालयी क्षेत्र में अनियंत्रित और अनियोजित विकास जिम्मेदार है। गंगा प्रदूषण से जैव विविधता पर खतरा उत्पन्न हो गया है जिससे कई जलीय जीव और पर्यावरणीय पदार्थों का अस्तित्व ही समाप्ति के कगार पर है। हरिद्वार में गंगा नदी से पत्थरों को निर्माण कार्य के लिए अवैध रूप से निकाला जा रहा है जिससे गंगा के तटबंधों को नुकसान हो रहा है। पर्यावरण को हो रही क्षति का आंकलन किए बिना उत्तरकाशी, अलखनंदा और भागीरथी नदी पर अनियोजित डैम के निर्माण से गंगा का प्राकृतिक प्रवाह प्रभावित हो रहा है।

कोलकाता में लगभग 26 सीवरों का पानी बिना शोधित हुए गंगा में प्रवाहित हो रहा है। बिहार के भागलपुर में सिंचाई बैराज और प्रदूषण ने गंगा के इको सिस्टम प्रभावित कर दिया है। नदी किनारे स्थित शहरों के सीवर से निकला गंदा पानी नदी को सबसे ज्यादा प्रदूषित कर रहा है। गंगा नदी की सफाई के लिए वर्ष 1985 में पंद्रह वर्षीय गंगा एक्शन प्लान को वाराणसी में लांच किया गया था जिसमें वर्ष 2000 तक गंगा को पूरी तरह प्रदूषण मुक्त करने का लक्ष्य था। सरकारी आंकड़ों के अनुसार गंगा एक्शन प्लान के अंतर्गत अब तक 36 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं, लेकिन 38 वर्ष के बाद भी गंगा को प्रदूषण की समस्या से छुटकारा नहीं मिला है। निश्चित रूप से इसके लिए सरकारों की दृढ़ इच्छाशक्ति का अभाव ही जिम्मेदार है। वर्ष 2009 में बनी नेशनल गंगा रीवर बेसीन अथारिटी का लक्ष्य था कि वर्ष 2020 तक गंगा को प्रदूषण मुक्त कर इसे संरक्षित करना। मिशन क्लीन गंगा प्रोग्राम के पहले चरण में शहरों में घरों और उद्योगों से निकलने वाले गंदे पानी और कचरे को साफ करने पर ध्यान दिया जाना था।

गंगा के प्रदूषण में लगभग 35 प्रतिशत जिम्मेदार राज्यों उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के सीवरों की निगरानी की जानी थी। गंगा संरक्षण के लिए गंगा नॉलेज सेंटर का गठन किया गया। परंतु 38 वर्षों के प्रयास के बाद भी गंगा में बिना किसी ट्रीटमेंट के 60 प्रतिशत सीवेज की निकासी जारी है। गंगा की स्वच्छता संबंधी पीएम की अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय गंगा परिषद भी लगभग निष्क्रिय हो गई है। नमामि गंगे योजना का उद्देश्य गंगा के बिगड़े रंग-रूप को बदलना और प्रदूषण पर रोक लगाना था। वर्ष 2014-15 से लेकर 2020-2021 तक इस नमामि गंगे योजना के अंतर्गत 30 हजार करोड़ रुपए खर्च कर दिया गया, परंतु स्थिति में बहुत सुधार नहीं हो पाया है।

नदियों के पुनर्जीवित करने का सबसे बड़ा उदाहरण टेम्स नदी है, जो वर्ष 1950 तक पूरी तरह सीवर में बदल गई थी। इसमें ऑक्सीजन की मात्रा लगभग समाप्त हो गई थी जिससे जलीय जीवों के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा था। गंभीरता को देखते हुए ब्रिटिश सरकार ने वर्ष 1964 में नदी सफाई अभियान चलाया। इस अभियान को सफलता पूर्वक 1970 के दशक के मध्य तक पूरा कर लिया गया। यदि टेम्स नदी को प्रदूषण मुक्त किया जा सकता है तो कोई कारण नहीं कि गंगा को स्वच्छ नहीं बनाया जा सकता है, बस राजनैतिक इच्छाशक्ति एवं सामाजिक सोच बदलने की आवश्यकता है।

प्रसंगवश

सामाजिक विवेक और चेतना

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

समाज शब्द सम+अज, सामंजस्य से बना है। समाज शब्द में साथ रहने का भाव निहित है। पारस्परिकता, सहयोग, सामीप्य, सेवा, स्नेह, सम्मान, सहनशीलता, सामंजस्य आदि का भाव। सभी दिशाओं में समान गतिशीलता। समाज में स्वभाव से ही लोग समता के भाव से परस्पर जुड़े हुए होते हैं। पारस्परिकता तभी दृढ़ हो सकती है, जब समानता का भाव हो। समानता का भाव ही न्याय का आधार है, न्याय न हो तो समाज बिखर जाएगा। न्याय से ही समाज में संतुलन बना रहता है। सामाजिक विवेक और सामंजस्य चेतना न हो तो समाज जीवित रह सकता है? भयावह स्थितियों में भी सामंजस्य और समष्टिचेतना ने हार नहीं मानी? यह सच है कि समाज में संघर्ष सदा चलता रहता है और आगे भी चलता ही रहेगा, किंतु समाज तो समायोजन से ही बना है। संघर्ष सच है, किंतु सामंजस्य उससे बड़ा सच है। धर्म का मूल तत्व समन्वय है, सामंजस्य है, सहिष्णुता है, सत्य, शिव और सुंदर है। समाज और सामाजिकता यदि निर्बल हुई तो वैसे ही नए नए सामाजिक दोष, समस्याएं, विसंगतियां, विषमताएं, अपराध और सामाजिक रोग पैदा होते रहेंगे, जैसे जब शरीर निर्बल होता है तो रोग उसे ग्रस लेते हैं। विचार करना होगा कि इस पारस्परिकता, सहयोग, सामीप्य, सेवा, स्नेह, सम्मान, सहनशीता, सामंजस्य आदि को कोई क्षति तो नहीं पहुंचा रहा? हमें गहराई से पहचान करनी है, समझना है कि कौन-कौन लोग हैं, जो किसी न किसी सिद्धांत के आवरण में सामाजिक भाव पर चोट कर रहे हैं, समानता के भाव पर चोट कर रहे हैं। समानता के भाव में इतनी बड़ी ताकत है कि उन असभ्य और अर्द्धसभ्य कहे जाने वाले कबीलों में जब उपनिवेशवादी ताकतें पहुंची तो तीर कमानों और पत्थर के हथियारों ने बंदूक और बमों के छक्के छुड़ा दिए थे। जहां विषमता होती हैं, वहां अन्याय होता है, अनीति होती है, अत्याचार होता है और सामाजिकता का भाव वहां कुंठित हो जाता है और तब वहां स्वतंत्रता भी खतरे में पड़ जाती है। राज्य समाज की रक्षा के लिए है। ऐसा न हो कि राज्य के लिए समाज को कमजोर बना दिया जाए। राज्य अपने कर्तव्य को भूल न जाए, इस पर समाज को निरंतर सोचना होगा।

डिजिटल इंडिया मिशन की ओर अग्रसर भारत

ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर
केआईटी, कानपुर

आईडीसी के डिजिटल बिजनेस सर्वे से संकेत मिलता है कि आज एक तिहाई से अधिक भारतीय कंपनियों में सीईओ डिजिटल रणनीति को आगे बढ़ाते हैं।

'न्यू इंडिया' के विचार ने हाल ही के वर्षों में सभी भारतीयों में बहुत अधिक आत्मविश्वास और आशावाद को प्रेरित किया है जिसमें से वैश्विक और क्षेत्रीय राजनीतिक परिदृश्य में कई मुद्दों पर आत्मविश्वास पूर्ण स्वतंत्र रुख अपनाने की हमारी क्षमता, ओलंपिक सहित सभी खेलों में असाधारण प्रदर्शन दर्ज कराना, और चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर (विश्व के किसी भी देश के द्वारा पहली बार) कामयाबी के साथ चन्द्रयान उतारना जैसे कई महत्वपूर्ण आयामों में से कुछ एक हैं, जो हमें यह विश्वास करने का कारण देते हैं कि अंततः न्यू इंडिया उभर रहा है।

वर्तमान में भारत का आर्थिक रूपांतरण जिसे डिजिटलीकरण द्वारा महत्वपूर्ण रूप से गति प्रदान की गई है, यह न्यू इंडिया का एक और जगमगाता हुआ उदाहरण है, जो विकसित हो रहा है। दुनियाभर के देशों और संगठनों में कोविड के कारण डिजिटल को अपनाने के लिए मजबूर होने से बहुत पहले ही वर्तमान सरकार ने डिजिटल अर्थव्यवस्था और डिजिटल वितरण मॉडल पर सक्रिय रूप से जोर दिया है। डिजिटल इंडिया मिशन 2015 में शुरू किया गया था। भारत सरकार ने न केवल सार्वजनिक कल्याण के लिए, बल्कि डिजिटल प्लेटफार्म और 'अवसंरचना का भारतीय समूह' (स्टैक) के निर्माण में भी क्रांति की शुरुआत की है, जो अर्थव्यवस्था के विभिन्न घटकों को लाभान्वित करते हुए विकास के लिए भी एक अनूठा मंच प्रदान करता है।

डिजिटलीकरण कृषि, परिवहन, स्वास्थ्य, सेवा और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण उद्योगों को नए व्यवसाय मॉडल की ओर ले जा रहा है, जो सभी मौलिक परिवर्तन के दौर से गुजर रहे हैं। यह डिजिटलीकरण हमारी व्यवस्था में खामियों को दूर कर वितरण में अनियमितताओं को कम करता है और अर्थव्यवस्था के औपचारिकरण को सक्षम बनाता है। जीएसटी के लिए बढ़ता पंजीकरण और जीएसटी संग्रहण में वृद्धि इसकी सफलता को परिलक्षित करता है। व्यापक वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र में वित्तीय संस्थान और संगठन संभवतः भारतीय 'स्टैक' को सबसे अधिक मजबूती से अपनाने वाले रहे हैं जिससे वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिला है तथा वित्तीय उत्पादों को अपनाने हेतु सुगम बनाया है।

डिजिटलीकरण के बढ़ते अवसरों के जवाब में हम उद्यमों द्वारा विशेष रूप से बीटूसी डोमेन में डिजिटल प्लेटफार्म और 'अवसंरचना का भारतीय समूह' (स्टैक) का व्यापक उपयोग देखते हैं, जो भारत के नागरिकों को प्रदान किए गए व्यापक लाभों को रेखांकित करता है। वास्तव में डिजिटल के लिए सरकार का जोर इतना आकर्षक रहा है कि भारत में अगस्त 2023 के डिजिटल बिजनेस सर्वे में 25 प्रतिशत मध्यम बड़े उद्यमों ने माना कि डिजिटलीकरण की दिशा में सरकार का जोर उनके द्वारा डिजिटल व्यवसाय मॉडल को अपनाने के प्रमुख कारकों में से एक था। इंटरनेट वितरण केंद्र (आईडीसी) एक डिजिटल व्यवसाय को उस रूप में परिभाषित करता है, जहां मूल्य निर्माण डिजिटल प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर आधारित होता है। इसमें कई पहलू शामिल हैं। जैसे आंतरिक और बाहरी प्रक्रियाएं, ग्राहकों, नागरिकों, आपूर्तिकर्ताओं और भागीदारों के साथ एक संगठन का जुड़ाव तथा कर्मचारियों को आकर्षित एवं प्रबंधित करना तथा उत्पाद सेवाएं और अनुभव प्रदान करना इत्यादि इसमें शामिल है।

आईडीसी के डिजिटल बिजनेस सर्वे से संकेत मिलता है कि आज एक तिहाई से अधिक भारतीय कंपनियों में सीईओ डिजिटल रणनीति को आगे बढ़ाते हैं। जबकि अन्य 25 प्रतिशत उद्यमों ने डिजिटल एजेंडा को आगे बढ़ाने के लिए पिछले दो वर्षों में मुख्य डिजिटल अधिकारी एवं मुख्य डेटा अधिकारी जैसे नए पद कायम किए हैं। उद्यमों को एहसास है कि डिजिटल व्यवसाय मॉडल, परिचालन क्षमता को आगे बढ़ाने, त्वरित निर्णय लेने तथा प्रतिस्पर्धा में आगे बने रहने में मदद करते हैं और सबसे महत्वपूर्ण रूप से ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने में मदद करते हैं।

85 करोड़ इंटरनेट ग्राहकों 63 करोड़ से अधिक स्मार्टफोन उपयोगकर्ता सहित 1.1 अरब मोबाइल ग्राहकों के साथ 39.8 करोड़ सोशल मीडिया यूजर के साथ भारत में पहले से ही डिजिटल से जुड़ी आबादी है। यह आबादी डिजिटल -4 को अपना रही है। डिजिलॉकर के 13.7 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता हैं। यूपीआई के 30 करोड़ सक्रिय उपयोगकर्ता हैं और कोविन ने 1.1 अरब लोगों का पंजीकरण किया है। उद्यमों और उपभोक्ताओं द्वारा डिजिटल को सक्रिय रूप से अपनाने के साथ यह स्पष्ट है कि भारत का डिजिटल की ओर रुख वास्तविक अपरिवर्तनीय और व्यापक है।

सोशल फोरम

जलवायु संकट से युवाओं में हताशा

सुशोभित

एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय- जो इन दिनों दुनिया को मथ रहा है, लेकिन हिंदी के गाफ़िल संसार में जिस पर कोई चर्चा नहीं हो रही है- यह है कि आसन्न जलवायु संकट को देखते हुए युवा जोड़ों- चाहे वे विवाहित हों या लिव-इन सहभागी- को संतान उत्पन्न करने का निर्णय लेना चाहिए या नहीं? क्योंकि वे अपने बच्चों को इस बात की गारंटी नहीं दे सकेंगे कि आने वाले 50 सालों में उन्हें जीवन-योग्य पर्यावरण मिल पाएगा।

पश्चिम में यह आंदोलन ज़ोर पकड़ चुका है। 'टाइम' पत्रिका ने हाल ही में इसको रिपोर्ट किया कि जलवायु संकट से युवाओं में हताशा घर कर गई है और वे अपने परिवार को बढ़ाना नहीं चाहते हैं। चीन और जापान के भी युवा संतानोत्पत्ति से कतराने लगे हैं। अगर आप इंगमार बर्गमान या आन्द्रे तारकोव्स्की का सिनेमा देखें तो पाएंगे कि 1960 और 70 के दशक में न्यूक्लियर-वॉर के ख़तरों के कारण भी ऐसी ही मनोदशा यूरोप के लोगों की निर्मित हो गई थी। बर्गमान की एक फिल्म ('वाइल्ड स्ट्रॉबेरीज़') की नायिका इसीलिए मां बनने से इनकार कर देती है। एक अन्य फिल्म ('विंटर लाइट') में एक पुरुष आसन्न सर्वनाश से अवसादग्रस्त होकर आत्महत्या कर लेता है। तारकोव्स्की की फिल्म 'द सैक्रिफ़ाइस' में नायक एटमी-सर्वनाश से अपने बच्चों को होने वाले कष्टों की कल्पना से पूरे समय सिहरता रहता है।

क्या आज जन्म लेने वाले बच्चे 70 वर्षों का अपना जीवनकाल उस तरह से पूरा करेंगे, जैसे हमारे पूर्वजों ने किया था और जैसे शायद हम- यानी उम्र की तीसरी या चौथी दहाई वाले लोग-करने जा रहे हैं- यह इस समय का सबसे बड़ा प्रश्न है।

कहीं ऐसा तो नहीं कि हमारे बच्चे आज से 50 साल बाद हमें कोसें कि हम पृथ्वी की जलवायु संकट संबंधी समस्याओं के बारे में जानते थे, अख़बारों में उस पर लेख आदि छपते थे, लेकिन इसके बावजूद हम उन्हें इस धरती पर लेकर आए और एक यंत्रणापूर्ण जीवन की विरासत सौंप गए? क्या वे अपने माता-पिता को जिम्मेदार अभिभावक समझेंगे?

-फेसबुक वॉल से

इंदिरा गांधी से मतभेद के बाद विरोधी खेमे का नेतृत्व कर रहे थे मोरारजी भाई

गोपेश मोहन जसवाल
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> 1971 के आम चुनाव से पहले मोरारजी भाई झांसी के सर्किट हाउस में ठहरे थे, जो कि हमारे बुंदेलखंड कॉलेज के बहुत नजदीक था। हम बीए द्वितीय वर्ष के आधा दर्जन छात्र उन्हें देखने सर्किट हाउस के गेट पर खड़े हो गए।

भारत रत्न मोरारजी देसाई भाई का जन्म 29 फरवरी, 1896 को हुआ था। मोरारजी भाई को पाकिस्तान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'निशान-ए-पाकिस्तान' से भी विभूषित किया गया था। मोरारजी भाई अपने जीवन में कुल छब्बीस 29 फरवरी भी नहीं देख पाए कि भगवान को प्यारे हो गए। यह बात दूसरी है कि इस अल्पायु में उन्होंने कुल 99 वसंत अवश्य देख लिए थे। स्वमूत्र चिकित्सा के पक्षधर और भारत में 14 कैरेट के स्वर्णाभूषणों के जन्मदाता, भोजन में अन्न के त्यागी किंतु दूध, मेवे और फलों के अनुरागी, मोरारजी भाई अपनी हठवादिता और गांधीवादी उसूलों (अपने बेटे कांति भाई के कारनामों की अनदेखी करने की कमजोरी को छोड़कर) के लिए प्रसिद्ध हैं।

मोरारजी भाई जब वृहत्तर बंबई प्रांत के मुख्यमंत्री थे तो उनके पास सरकारी कर्मचारी वाहन भत्ते की मांग लेकर गए थे। मोरारजी भाई ने उन्हें टहल कर ऑफिस तक आने-जाने की सलाह दी। जब कर्मचारियों ने घर से ऑफिस की ज़्यादा दूरी का हवाला दिया तो उन्होंने कहा-'कार या मोटर साइकिल-स्कूटर के लिए तो वाहन भत्ता आपको नहीं मिलेगा पर मैं आप सबको सरकार की ओर से मुफ्त साइकिल दिला सकता हूं।' 1962 के भारत-चीन युद्ध के बाद हमारे देश की गिरती हुई अर्थव्यवस्था को सहारा देने की नाकाम कोशिश में मोरारजी भाई ने बदनाम-'गोल्ड कंट्रोल' की नीति लागू की थी। इसके अंतर्गत 22 कैरट के स्वर्ण आभूषणों की जगह 14 कैरट के बदसूरत स्वर्ण आभूषणों ने ले ली थी। हजारों सुनार इस नई अव्यावहारिक नीति के कारण बेरोजगार हो गए थे। उन दिनों हम लोग रायबरेली में रहा करते थे। रायबरेली के एक सुनार रामचंद्र स्वर्णकार का सुनारी का धंधा घाटे में चल रहा था। उसने अपना पुश्तैनी धंधा छोड़कर भुने चने का एक ठेला लगा लिया था। रामचंद्र स्वर्णकार के ठेले पर रखे हुए एक बड़े से बोर्ड पर मोटे-मोटे अक्षरों में उसका अपना नाम अंकित था और साथ में एक सूचना भी दी गई थी-'भुने चने मोरारजी देसाई की कृपा से बने।' 1964 में हमारे पिताजी ने हमारी बहनजी की शादी में मां के घोर विरोध के बावजूद उनके लिए फीकी आभा वाले 14 कैरट के कड़े बनवाए थे, जो कि बहनजी ने अपने जीवन में कभी पहने ही नहीं। इस काले कानून के रद्द किए जाने के बाद मां ने अपनी तरफ से सोना लगाकर बहनजी के इन 14 कैरट वाले कड़ों को 22 कैरट के कड़ों में बदलवाया था। गोल्ड कंट्रोल लागू किए जाने के दिन से मां की और बहन जी की नजरों में ही क्या, हमारी नजरों में भी, मोरारजी भाई खलनायक हो गए थे। 1969 में राष्ट्रपति के चुनाव में मतभेद के बाद मोरारजी भाई इंदिरा गाधी के विरोधी खेमे का नेतृत्व कर रहे थे।

1971 के आम चुनाव से पहले मोरारजी भाई झांसी के सर्किट हाउस में ठहरे थे, जो कि हमारे बुंदेलखंड कॉलेज के बहुत नजदीक था। हम बीए द्वितीय वर्ष के आधा दर्जन छात्र उन्हें देखने सर्किट हाउस के गेट पर खड़े हो गए। हमको देखकर दो आदमी हमारी तरफ लपके तो हम खिसकने लगे, पर यह क्या? उन दोनों ने प्यार से हमको रोका और फिर वो हमको लॉन में बैठे मोरारजी भाई से मिलाने के लिए ले गए। पांच मिनट की इस संक्षिप्त भेंट में मोरारजी भाई द्वारा विद्यार्थियों के नाम संदेश का एक हर्फ भी मुझको याद नहीं है, पर यह याद है कि उनके साथ हमने समोसे, मिठाई और चाय का रसास्वादन किया था। यह बात और है कि मोरारजी भाई का नमक खाकर भी हम कभी उनके सगे न हुए। 1977 से 1979 तक के काल में प्रधानमंत्री के रूप में मोरारजी भाई के ढाई साल बहुत उठा-पटक और रस्साकशी में बीते थे। उनकी परेशानी का सबसे बड़ा सबब थे-1977 के चुनाव में रायबरेली में इंदिरा गांधी को धूल चटाने वाले राज नारायण। वैसे तो अपने निजी जीवन में राजनारायण मोरारजी भाई की स्वमूत्र चिकित्सा के अनुयायी थे, किंतु अपने राजनीतिक जीवन में मोरारजी भाई के अनुशासन का उनमें नामो-निशान तक नहीं था।

राजनारायण ने चौधरी चरण सिंह के साथ मिलकर अपने आराध्य मोरारजी भाई को सिंहासन से उतरवा दिया था। मोरारजी भाई ने राजनीतिक संन्यास में लगभग 16 वर्ष बिताए थे। उनके जीवन में ही कई बार उनके स्वर्गवास का समाचार प्रसारित हुआ था। अंत में जीवन का शतक लगाने से दस महीने पहले ही 10 अप्रैल 1995 को मोरारजी भाई ने विद्यार्थीगण को और कर्मचारीगण को छुट्टी दिलाने के लिए अपनी पारी समाप्ति की घोषणा कर दी। अपनी सनक और अपनी जिद के बावजूद मोरारजी भाई को आज के नेताओं की तुलना में दूध का धुला कहा जा सकता है।

नहीं मिली ट्यूशन से मुक्ति

अशोक मधुप
वरिष्ठ पत्रकार

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत सभी राज्यों में लागू कर दी। केंद्र सरकार नई शिक्षा नीति लागू करने के बाद भी छात्रों के बस्ते का बोझ कम नहीं कर सकी। शिक्षाविद और मनोवैज्ञानिक कई बार बस्तों के बोझ को लेकर चिंता जाहिर कर चुके हैं। हमारी पोती अमेरिका में पढ़ती है। कक्षा पांच तक उसे कोई किताब नहीं दी जाती। बस स्कूल में ही क्रिटीविटी सिखाई जाती है। कहानी की दो पुस्तकें घर जाकर पढ़ने को दी जाती हैं ताकि बच्चे की रीडिंग की आदत बढ़े।

भारत का कितना ही महंगा स्कूल हो, कक्षा पांच के बाद छात्र का ट्यूशन पढ़ना उसकी मजबूरी है। घर आकर होमवर्क में दो तीन घंटे लगाने के बाद प्रत्येक विषय के ट्यूशन के लिए उसे एक घंटा देना ही होता है। इस ट्यूशन में आने जाने में भी समय लगता है। पांच ट्यूशन हुए तो पांच घंटे ट्यूशन में लगेंगे। इस शिक्षा ने बच्चे को पढ़ाई के नाम पर मशीन बनाकर रख दिया। उससे बच्चे का मानसिक और शारीरिक विकास रूक गया। इसके लिए सोचने को न सरकार के पास समय है, न शिक्षाविदों के पास। देखने में आ रहा है कि कुछ अभिभावक आईएएस और आईपीएस बनाने की इच्छा और इरादा बच्चे पर लाद देते हैं। काफी बच्चे पढ़ाई का ये दबाव नहीं बर्दाश्त कर पाते। वे डिप्रेशन में चले जाते हैं। कुछ आत्महत्या तक कर लेते हैं।

ऐसे में सरकार को समान शिक्षा नीति बनाने पर भी सोचना होगा। सरकार को शिक्षा नीति में फिर से विचार करने की जरूरत है। जरूरत है ऐसी शिक्षा की जिसमें बच्चे का समुचित विकास हो। छात्र पर बस्ते का बोझ कम से कम हो। स्कूल से आने के बाद के घर पर बच्चे को ट्यूशन की जरूरत ही न महसूस हो।

एक नजर

मेडिकल कॉलेज में बनेगा नर्सिंग कॉलेज

अयोध्या। अमृत विचार : दर्शननगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग कॉलेज के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम परिसर में ही कॉलेज का निर्माण कराएगी। प्रिंसिपल डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि 10 करोड़ में नर्सिंग कॉलेज का निर्माण होगा। पहले पुराने भवन में बच्चों की पढ़ाई होती थी। नया भवन शुरू होने के बाद विद्यार्थियों की वहां पढ़ाई शुरू करा दी गई, लेकिन अब नया भवन बनने के बाद काफी सहूलियत मिल जाएगी।

उमा भारती व दो अफसर आज पहुंचेंगे अयोध्या

अयोध्या, अमृत विचार : मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती शुक्रवार को अयोध्या पहुंचेंगी। दर्शन-पूजन के बाद वह रात्रि में अयोध्या में विश्राम भी करेंगीं। जिलाधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक फॉरेन ट्रेड के एडिशनल डायरेक्टर गंगाधर पंडा व गृह मंत्रालय के डिजास्टर मैनेजमेंट के एडिशनल सेक्रेटरी संजीव जिंदल भी रामनगरी पहुंचेंगे।

राम मंदिर : निर्माण के लिए एलएंडटी उतारेगी वर्करों की टीम

परिसर में सप्त ऋषियों के मंदिरों का होगा निर्माण

अयोध्या कार्यालय

▸▸ दिसंबर 2024 तक मंदिरों का निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य

अमृत विचार : रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद अब राम मंदिर के शिखर, परकोटे में मंदिर व परिसर में सप्त ऋषियों के मंदिरों के निर्माण कार्य को दिसंबर 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके लिए कार्यदायी संस्था एलएंडटी ने वर्करों की टीम उतारने जा रही है। इसमें राजस्थान, गुजरात, बिजार व उत्तर प्रदेश के कई जनपदों के पांच हजार से अधिक वर्कर शामिल होंगे।

प्राण-प्रतिष्ठा के बाद मंदिर शेष बचे निर्माण कार्यों को पूरा करने का काम शुरू कर दिया गया है। परकोटे में भी छह देवी-देवताओं के मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा परिसर में अब महर्षि वाल्मीकि, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य के साथ निषाद राज, अहिल्या का का भी मंदिर बनाने का काम शुरू करने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए पांच हजार वर्करों और सैकड़ो इंजीनियरों को अलग-अलग जिम्मेदारी होगी।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि बीते दिनों हुए मंदिर निर्माण समिति की बैठक में राम जन्मभूमि परिसर में निर्माण कार्य को पूरा करने का निर्णय लिया गया है। दिसंबर 2024 तक सभी कार्य को पूरा करने के लिए एक योजना निर्माण संस्था एलएंडटी के द्वारा तैयार किया गया है। जिसके तहत बड़ी संख्या में वर्करों को उतार कर उसे पूरा करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने बताया कि मंदिर निर्माण का कार्य प्रारंभ हो गया है। इसके लिए लगभग 1500 वर्कर मंदिर निर्माण के कार्य में लगे हुए हैं। इसके अलावा राम जन्मभूमि परिसर में प्रारंभ होने वाली अन्य निर्माण कार्य की प्रक्रिया को भी शुरू कर दिया गया है। इसके तहत वर्करों की संख्या को भी निर्माण संस्था के की आवश्यकता के अनुसार बढ़ाया जाएगा।

राम मंदिर के दूसरे तल के निर्माण कार्य। (फाइल फोटो)

हम सबको रामलला के दर्शन के लिए रोका गया

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : यह बहुत दुखद है कि हमारे दल के नेता की ओर से हम सभी को रामलला के दर्शन के लिए रोका गया था। लेकिन आज परिवार के साथ रामलला का दर्शन-पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया। मन को असीम शांति की अनुभूति हो रही है। मैंने हमेशा उनका विरोध किया है, जिन्होंने प्रभु राम के बारे में, सनातन के बारे में अनर्गल विलाप किया है। यह देश राम का है, यहां के कण-कण में श्रीराम विराजमान हैं। यह बातें रायबरेली के ऊंचाहार से सपा के बागी विधायक मनोज पांडेय ने कहीं।

वे गुरुवार को यहां परिवार के साथ रामलला का दर्शन-पूजन करने पहुंचे थे। उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के फैसले पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि बैठक में मुख्य सचेतक के रूप में मैंने यह मांग की थी कि सभी विधायकों को दर्शन कराया जाए लेकिन अफसोस है कि हम सबको भगवान राम के दर्शन के लिए रोक दिया गया कितना दुखद हुआ। उन्होंने कहा कि रामलला का दर्शन-पूजन कर अपने क्षेत्र की जनता के लिए खुशहाली की कामना की है। कहा कि रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने से कई पीढ़ियों की मनोकामना आज पूरी हो गई है। बता दें कि राज्यसभा चुनाव में सपा से बागी हुए मनोज पांडेय ने पार्टी के सचेतक दल से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा देने के बाद अब उनके भाजपा में शामिल होने की अटकलें तेज हो गई हैं।

▸▸ रायबरेली के ऊंचाहार से विधायक ने परिवार के साथ किया दर्शन-पूजन

राम मंदिर दर्शन-पूजन के दौरान विधायक मनोज पांडेय व मौजूद अन्य लोग।

डॉ. राम मनोहर लोहिया ने की थी रामायण मेले की शुरुआत

रामनगरी पहुंचे सपा विधायक मनोज पांडेय ने कहा कि डॉ. राम मनोहर लोहिया को कैसे भूल सकते है, जिन्होंने अयोध्या में रामायण मेले की शुरूआत की थी। जिसका सर्मथन सपा संरक्षक स्व. मुलायम सिंह यादव ने भी किया था। सरकार में रहते हुए उन्होंने रामायण मेल के लिए बजट दिया था लेकिन मुझे बहुत दुख है कि हमे ऐसा भी दिन देखने को मिला जब हमें प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए रोका गया। मैं अपने आपको सौभाग्यशाली मानता हूं कि आज परिवार के साथ रामलला का दर्शन करने का अवसर मिला।

पीएम मोदी व सीएम योगी की प्रशंसा की

रामलला के दर्शन-पूजन करने परिवार के साथ यहां पहुंचे सपा विधायक मनोज पांडेय ने पीएम नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आज यहां व्यवस्थाएं बहुत अच्छी हैं। गरीबों को भोजन, आवास व हर घर में शौचालय की सुविधा मिल रही है। उन्होंने भाजपा में शामिल होने की अटकलों पर कुछ कहने से इनकार करते हुए कहा कि वर्तमान की बात करिए... भविष्य में अभी न जाएं।

पूर्व कार्यवाहक सीएम को याद आया अपना बचपन

वार्षिकोत्सव

▸▸ छात्रों को सम्बोधन के दौरान अम्मार रिजवी ने बताया शिक्षा का महत्व

▸▸ बच्चों ने मनमोहक झाकियां प्रस्तुत कर मोहा मन

महमूदाबाद/सीतापुर

मेरा बचपन स्कूल में वार्षिकोत्सव के दौरान कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

अमृत विचार। विकासखंड इलाके में गुरुवार को मेरा बचपन स्कूल में तृतीय वार्षिक समारोह संपन्न हुआ। इस दौरान बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियां देख अभिभावक भी थिरकते हुए दिखाई दिए। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डॉ अम्मार रिजवी मौजूद रहे। स्कूल में कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि आज के समय में महमूदाबाद शिक्षा जगत में नए आयामों को स्थापित कर रहा है। मैं भी एक शिक्षक रहा हूं और अब मैं राजनीति के क्षेत्र से जुड़ गया।

उन्होंने कहा कि मेरा बचपन स्कूल के इस वार्षिक समारोह को देखकर मुझे मेरा बचपन याद आ गया। गुरुवार को आयोजित वार्षिकोत्सव के दौरान मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रतीश जैन ने आए हुए अतिथियों, अभिभावकों व क्षेत्रीय लोगों का स्वागत करते हुए विद्यालय के संघर्ष की कहानियों को साझा किया। स्वागत गीत के माध्यम से विद्यालय की शिक्षिकाओं ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस दौरान प्रधानाचार्य के द्वारा मोमेंटो व सॉल देकर क्षेत्र के वरिष्ठ जनों का सम्मान भी किया गया। सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरुक करते हुए विद्यालय परिवार की बच्चियों ने ताइक्वांडो के माध्यम से अपना दमखम दिखाया जिसे देख सभी भौचक्के रह गए। सोशल मीडिया के अधिक प्रयोग के कारण होने वाले दुष्परिणामों को भी के माध्यम से विद्यार्थियों ने बखूबी जागरूकता का एहसास सभी को कराया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के साथ-साथ पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि अमरीश गुप्ता, प्रमोद जैन, नीरज जैन, धर्म जैन, विद्यालय की प्रधान शिक्षिका निखिला शुक्ला, अध्यापिका मधू शर्मा, मरियम रिजवी, लाइबा रिजवी, स्नेहा गुप्ता, प्रज्ञा मैम, संगीता मैम समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सौम्या मिश्रा ने किया।

राम नाम जपने से जीवन में सब सिद्ध जाएगा: मुरारी बापू

अयोध्या कार्यालय

▸▸ आजकल छोटी-छोटी बातों पर दुखी होना हो गई है आम बात

अमृत विचार : श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के तीर्थ क्षेत्र पुरम में चल रही रामकथा में छठवें दिन गुरुवार को प्रसिद्ध कथावाचक मुरारी बापू ने कहा कि राम का नाम जपो जीवन में सब सिद्ध हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रभु की कथा, प्रभु का रूप, प्रभु का नाम यह सब महामंत्र है। अयोध्यावासी इन दिनों राम के संयोग में है, इसलिए एक महीना कैसे बीत गया पता ही नहीं चला। ऐसा लग रहा है जैसे अयोध्या में रात ही नहीं हो रही है। जब संयोग में होते हैं तो वह दिन कैसे बीत जाते हैं पता ही नहीं चलता। वियोग का एक-एक दिन भारी होता है। उन्होंने कहा कि प्रसन्नता हमारी नियति है दुख हम स्वयं बनाते हैं। छोटी-छोटी बातों पर आजकल दुखी होना आम बात हो गई है। इसलिए खूब कथा सुनो, कथा का पाठ करो, जीवन में प्रसन्नता का मार्ग प्रशस्त होगा।

रामकथा कहते कथावाचक मुरारी बापू।

सार-संक्षेप

बच्चों से शौचालय की सफाई कराने का आरोप

रामपुरमथुरा/सीतापुर, अमृत विचार। विकासखंड रामपुर मथुरा इलाके के ग्राम पंचायत गोंडा देवरिया के पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश कुमार द्वारा बच्चों से शौचालय सफाई करवाने का मामला सामने आया है। शौचालय की बाउंड्रीवाल पर खड़े होकर पानी डालते छात्र की तस्वीर सामने आने के बाद जिम्मेदारों ने जांच कर कार्यवाई की बात का आश्वासन दिया है। बताया जाता है कि पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिससे पढ़ने वाले बालक बालिकाओं के स्वास्थ्य पर अत्यधिक प्रभाव पड़ता है। बाउंड्री वॉल के अंदर साफ सफाई न होने के कारण गंदगी फैली हुई है। सूत्रों की माने तो शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्रों को शिक्षा न देकर मनमानी तरीके से बाउंड्री वाल के अंदर साफ-सफाई का कार्य करवाया जा रहा है। गुरुवार की सुबह करीब 9 :50 बजे पर विद्यार्थी सूरज कक्षा 7 के द्वारा शौचालय की सफाई करवाई जा रही थी। जब सूरज से मीडिया कर्मी ने जानकारी ली तो विद्यार्थी ने बताया की सर जी ने कहा था तो हम साफ-सफाई कर रहे हैं। इस मामले पर जब खंड शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार से फोन पर जानकारी की गई तो उन्होंने बताया मामला मेरी जानकारी में नहीं है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

विद्यालय की बाउंड्रीवाल पर चढ़कर सफाई करता छात्र।

घर से निकला युवक लापता, तलाश जारी

महमूदाबाद/सीतापुर, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पुरानी बाजार के रहने वाले 24 वर्षीय मुन्ना नाग पुत्र स्वर्गीय काशी राम बुधवार की दोपहर 1 बजे से अपने घर से लापता है। युवक दिखने में दुबला पतला है जो सफेद शर्ट, नीली जींस पहने हुए घर से निकला था। जो खबर लिखे जाने तक यूवक का कोई सुराग नहीं लगा है। हालांकि गुमशुदा के भाई राजू ने उसे देर रात से ढूंढना शुरू कर दिया मगर कुछ भी पता नही चल पाया। गुमशुदा युवक के भाई ने मामले की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी है। पुलिस ने छानबीन भी शुरू कर दी है।

हरीश रस्तोगी उपभोक्ता संरक्षण के सदस्य मनोनीत

लहरपुर/सीतापुर, अमृत विचार। तहसील इलाके के मोहल्ला बेहटी निवासी प्रमुख समाजसेवी हरीश रस्तोगी को उत्तर प्रदेश राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद के तहत जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद का गैर सरकारी सदस्य जिलाधिकारी के निर्देश पर मनोनीत किया गया। हरीश रस्तोगी को जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद सीतापुर का सदस्य मनोनीत किए जाने पर क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई। क्षेत्र के पूर्व भाजपा विधायक सुनील वर्मा, पूर्व सभासद उमेश मेहरोत्रा, निरंकार मल्होत्रा, वीरेन्द्र पुरी, विशाल कपूर, अखिलेंद्र यादव, समाजसेवी हसीन अंसारी, मनोज गुप्ता, रामे बाजपेई नगर अध्यक्ष भाजपा, प्रमोद बाजपेई एडवोकेट, पूर्व पालिका परिषद अध्यक्ष हसीन खान, नारायण मल्होत्रा, रघुवंश अवस्थी, विवेक शुक्ला, मनमोहन गुप्ता, सहित भारी संख्या में लोगों ने उन्हें बधाई दी।

डीपीएस स्कूल में आर्ट एग्जिबिशन-फ्लावर शो का आयोजन

स्कूल में प्रदर्शनी के दौरान मौजूद शिक्षक व छात्र-छात्राएं।

सीतापुर, अमृत विचार। गुरुवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल में कला प्रदर्शनी और फ्लावर शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीपीएस की अध्यक्षा तनुश्री मेहरोत्रा एवं डॉक्टर कमल बैजल ने फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर सीमा कपूर तथा मिस अलका अग्रवाल उपस्थित रहे। कला प्रदर्शनी में दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए अनेक प्रकार की सुंदर कलाकृतियां प्रदर्शित की गईं। जिनमें पेपर ओरिगामी, पेपर कोलाज, गुजरात की लिप्पन कला, मुंबई की फेमस वर्ली आर्ट, प्लास्टिक बॉटल इंस्टॉलेशन आर्ट, पुरानी टी-शर्टों का प्रयोग करके बनाए गए सुंदर बैग, क्यूबिज्म, मोनोग्राम पेंटिंग, मूर्त कला ज्यामितीय और गैर ज्यामितीय नमूने प्रदर्शनी में आए हुए लोगों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहे। प्रदर्शनी में सीतापुर संस्थान के समस्त विभागों के बच्चों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने आकर कलाकृतियों का आनंद लिया और खूब सराहना भी की। प्रदर्शनी में छात्र छात्राओं के माता-पिता ने भी वहां पर प्रदर्शित की गई कला-कृतियों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य आर .के .सिंह ने बच्चों द्वारा बनाई गई कला-कृतियों की प्रशंसा की और उन्हें इसी तरह कला के क्षेत्र में आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में दिल्ली पब्लिक स्कूल सीतापुर की एच. एम. फराह ईमाम और सविता सिंह तथा शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

पूर्व सांसद जयाप्रदा की दो याचिकाएं हुईं खारिज

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फिल्म अभिनेत्री एवं पूर्व सपा सांसद जयप्रदा की दो अलग-अलग मामलों में जारी गैर जमानती वारंट के खिलाफ दाखिल याचिकाओं को वापस लिए जाने के आधार पर खारिज कर दिया। मंगलवार को न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष हुई सुनवाई के दौरान जयप्रदा के अधिवक्ताओं ने कोर्ट को बताया कि वह कुछ नए तथ्यों और दस्तावेजों के साथ नई अर्जी दाखिल करना चाहते हैं। रामपुर की जिला अदालत से दो मामलों में जारी गैर जमानती वारंट के खिलाफ दाखिल याचिकाओं को इसी आधार पर वापस लिए जाने की प्रार्थना की गई। मौजूदा दोनों मुकदमे वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान रामपुर में आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़े हुए हैं। रामपुर की जिला अदालत से समन जारी होने के बावजूद जयाप्रदा कोर्ट में उपस्थित नहीं हुईं। कई बार समन जारी होने के बाद भी अभिनेत्री की गैर मौजूदगी के कारण कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर दिया था। अंत में कोर्ट ने जयप्रदा के अधिवक्ताओं के अनुरोध को स्वीकार करते हुए याचिकाओं को वापस लेने की शर्त पर खारिज कर दिया।

दिव्यांग उपकरणों के प्रयोग की साझा की जानकारी

ब्लॉक संसाधन केंद्र पर शिक्षकों को प्रशिक्षण देते विशेषज्ञ।

लहरपुर/सीतापुर।

▸▸ पांच दिवसीय शिविर में विशेषज्ञों ने शिक्षकों को बताये टिप्स

अमृत विचार। विकासखंड इलाके में ब्लाक संसाधन केंद्र में चल रहे पांच दिवसीय समेकित शिक्षा प्रशिक्षण के चौथे दिन बृहस्पतिवार को शिक्षकों ने दिव्यांग छात्रों के प्रयोग करने वाले सहयोगी उपकरणों के प्रयोग एवं उनके रख रखाव के बारे में जानकारी दी। विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को सहायक उपकरणों के प्रयोग करने का अभ्यास भी कराया गया।

इस मौके पर दिव्यांगों हेतु बैसाखी, दृष्टि बाधित बच्चों के प्रयोग करने वाले सहयोगी उपकरण स्मार्ट स्टिक, व्हील चेयर, ट्राइ साइकिल और हिरिंग एड आदि के महत्व तथा उनके प्रयोग करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी प्रशिक्षण में संदर्भ दाता राजीव कुमार, इंदू देवी तथा दुर्गेश कुमार ने अपनी प्रस्तुति देते हुए कहा कि, दिव्यांग सहायक उपकरणों के सुचारू प्रयोग से बच्चे आसानी से सीख लेते हैं। इस मौके पर शिक्षक अनवर अली ने कहा कि, विद्यालय में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए उपलब्ध शिक्षण अधिगम सामग्री का आवश्यकता अनुसार सुचारू रूप से प्रयोग करने से दिव्यांग बच्चों की न सिर्फ उपस्थित बेहतर होती है, बल्कि सीखने में भी आसानी होती है। कक्षा का वातावरण आनंददायक एवं प्रभावी होता है। इस मौके पर संजय कुमार वर्मा, मोहम्मद उस्मान, रामचन्द्र वर्मा, अमिता वर्मा, रेखा देवी, मोहम्मद असद सिद्दीकी आदि मौजूद थे। प्रशिक्षण में कंप्यूटर ऑपरेटर सौरभ शुक्ला मोहम्मद इब्राहिम सिद्दीकी ने तकनीकी सपोर्ट प्रदान किया।

कुटीर उद्योग के रूप में हो रहा कच्ची शराब का कारोबार

▸▸ नदियों किनारे धड़ल्ले से बन रही कच्ची शराब, कार्रवाई शून्य

इमलिया सुल्तानपुर/सीतापुर

अमृत विचार। थाना इलाके में दर्जनों गांवों में कच्ची शराब का कारोबार कुटीर उद्योग के रूप में फल-फूल रहा है। जिम्मेदार पुलिस और आबकारी विभाग महज 5 से 10 लीटर की बरामदगी कर बड़े कारोबार पर हाथ डालने से गुरेज करते हुए नजर आ रही है। गांवों के अंदर शाम होते ही कच्ची शराब की बिक्री धड़ल्ले से शुरू हो जाती है। आये दिन यह कच्ची शराब ही वारदातों का अंजाम भी दे दी है। बावजूद इसके अभियान चलाने से आबकारी विभाग और पुलिस विभाग गुरेज करता है।

कच्ची शराब के कारोबार में लिप्त लोग बड़े पैमाने पर अपना कारोबार फैलाये हुए है। सूत्रों की मानें तो थाना इलाके के गंगापुर, भोगीपुर, पसनैका, बसेती, आलमपुर, मलिकापुर वहीं चौकी इलाके के तिहार, नवरंगपुर, सहादतनगर, हुसियापुर, बीबीपुर, जमलापुर, जार, भेलावां सहित अन्य दर्जनों गांवों में शाम होते ही शराबियों की महफिल सज जाती हैं। हर गांव व कस्बे में इस कुटीर उद्योग का प्रचलन काफी समय से अनवरत जारी है और स्थानीय पुलिस सब कुछ जानकर अनजान बनी है। एसओ इमलिया प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव से जब इस बारे में बात की गई तो उन्होंने बताया कि जहां भी कच्ची शराब बनने की सूचना मिलती है। वहां पुलिस टीम दबिश डालती है और ये दबिश लगातार जारी रहेगी। वहीं एसओ इमलिया का यह भी कहना है कि कच्ची शराब कहां बनती है यह जानकारी हमसे बेहतर आबकारी विभाग दे सकता है।

घरों के अंदर चूल्हे पर इस तरह से बनाई जाती है कच्ची शराब।

मृत वैवाहिक संबंध को जारी रखना मानसिक क्रूरता: हाईकार्ट

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विवाह विच्छेद के मामले से जुड़ी एक अपील को स्वीकार करते हुए कहा कि जब विवाह पूरी तरह से अव्यावहारिक और भावनात्मक रूप से मृत हो गया हो तो ऐसे रिश्ते को जारी रखना निश्चित रूप से पीड़ित पर मानसिक क्रूरता मानी जाएगी। भले ही विपक्षी ऐसे भावनात्मक रूप से मृत रिश्ते को जारी रखने पर जोर दे रहा हो। विवाह विच्छेद का कारण शिक्षा, आर्थिक स्वतंत्रता, जाति बंधनों का टूटना, आधुनिकीकरण, पश्चिमी संस्कृति का प्रभाव है।

प्रेम विवाह हो या अरेंज मैरिज, दोनों पक्षों में अलग रहने की भावना वैवाहिक विवाद का कारण बनती है। जिन मामलों में विवाह केवल नाम मात्र का है, वहां इसे जारी रखने का कोई लाभ नहीं है। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि ऐसे अव्यावहारिक वैवाहिक संबंधों को जारी रखना पक्षकारों पर विशेषकर याची पर मानसिक क्रूरता के अलावा कुछ नहीं है। न्यायालय न्याय चाहने वाले वादकारियों के प्रति जवाबदेह होता है। बदलते समय और अनुभव के साथ ऐसी क्रूर सच्चाई से कानून को तालमेल बैठाना पड़ता है। अतः कोर्ट विवाह विच्छेद के मामलों में विपक्षी द्वारा समझौते की कवायद करने के बावजूद अपूरणीय विवाह के साक्ष्य मिलने के बाद याची को तलाक देने के लिए बाध्य हो जाती है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति विवेक कुमार बिड़ला और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने कर्नल मनोज कुमार गुप्ता की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया। वर्तमान अपील प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, मुरादाबाद द्वारा पारित आदेश को चुनौती देते हुए दाखिल की गई है।

श्री कृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले की सुनवाई 13 को

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट में श्री कृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले में दाखिल याचिकाओं पर गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान मुख्य रूप से मुस्लिम पक्ष ने अपने तर्क दिए। मुस्लिम पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता तसनीम अहमदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बहस की। मुस्लिम पक्ष की ओर से हिंदू पक्ष द्वारा दाखिल याचिकाओं को पोषणीय न बताते हुए तर्क दिए गए। इसके साथ ही एमिकस क्यूरी के रूप में नियुक्त वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष गोयल को पदमुक्त (डिस्चार्ज) करने के लिए सीपीसी की धारा 151 के तहत एक आवेदन दाखिल किया गया, जिसका हिंदू पक्ष के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कड़ा विरोध करते हुए कहा कि वह इस आवेदन के खिलाफ आपत्तियां दाखिल करेंगे। इसके अलावा वर्ष 1968 में हुए समझौते को लेकर भी मुस्लिम पक्ष ने तर्क दिए। मालूम हो कि उक्त समझौते में केशव देव कटरा की 13 .7 एकड़ भूमि शाही ईदगाह मस्जिद को दी गई है। मामले की अगली सुनवाई आगामी 13 मार्च को दोपहर 2 बजे से सुनिश्चित की गई है।

विज्ञान दिवस | खंड शिक्षा अधिकारी ने बताई विज्ञान की जीवन में उपयोगिता

रैली निकालकर ग्रामीणों को किया गया जागरूक

पहला/सीतापुर

अमृत विचार। विकासखंड पहला इलाके के प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे शिक्षा के क्षेत्र में हमारा गांव कार्यक्रम के माध्यम से प्राथमिक विद्यालय बेनी माधोपुर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के मौके पर मेले का आयोजन किया गया। मेंले का उद्घाटन खंड शिक्षा अधिकारी ओंकार सिंह ने फीता काट कर किया। इस दौरान बच्चों और अध्यापकों के साथ गांव मुसैदाबाद और बेनी माधवपुर में विज्ञान दिवस जागरूकता रैली निकाली गई और गांव के सभी अभिभावकों को विज्ञान मेले में आमंत्रित किया।

विज्ञान मेले के दौरान मौजूद महिलाएं व जानकारी देते खंड शिक्षा अधिकारी।

विज्ञान दिवस के मौके पर आयोजित मेले के दौरान कार्यक्रम में सहयोगियों के माध्यम से रंगोली बनाई गई और गुब्बारे लगाकर सजावट की गई। साथ ही साथ खेल खेल में विज्ञान के माडलों से स्कूल के प्रांगण में रखा गया। इनमें पेन्सिल का संतुलन, सी डी का संतुलन, उत्तोलक, धनेश का संतुलन, प्रकाश एवं उसके गुण, अम्ल और क्षार के झगडे मे गुब्बारे की दावत, उदासीनीकरण एवं उसका उपयोग, हल्दी पेपर का उपयोग, विद्युत चुम्बक, अनंत पथ सतरंगी चकरी आदि को सम्मिलित किया गया। इस दौरान खंडशिक्षा अधिकारी द्वारा सीवी रमन के बारे में जानकारी दी गई और रमन प्रभाव को समझाया। इसके साथ ही बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजने और गांव में सीसीसी ग्रुप में बैठने को लेकर अभिभावकों से अपील की। कार्यक्रम के दौरान विज्ञान प्रोजेक्ट मेटेरियल का भी जायजा लिया और खेल खेल में विज्ञान के बारे में चर्चा की। गांव से आए हुए सभी माताएं और अभिभावकों ने प्रदर्शनी में लगे मेटेरियल को देखा और समझा और उसके उपयोगिता को जाना। कार्यक्रम के समापन के दौरान बच्चों को पुरुस्कार और मिष्ठान वितरण किया गया। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ओंकार सिंह, विद्यालय के प्रधानाध्यापक शैलेंद्र कुमार, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन से टीम लीडर हरिश्चंद्र, कम्युनिटी इंस्ट्रक्टर मोबिलाइजर प्रवीण कुमार और कविता देवी, अभिभावक गण और बच्चे मौजूद रहे।

एक नजर

अमेठी को दो और फायर स्टेशन की मिली सौगात

अमेठी। गुरुवार को प्रदेश सरकार योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में 34 अग्निशमन केन्द्रों का वर्चुअली लोकार्पण एवं 4 अग्निशमन केन्द्रों का शिलान्यास किया। इसी क्रम में अमेठी में अग्निशमन केन्द्र गौरीगंज एवं जगदीशपुर के अनावासीय व आवासीय भवनों का लोकार्पण किया। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश कुमार अग्रहरि व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा अग्निशमन केन्द्र गौरीगंज के अनावासीय, प्रशासनिक भवन का उद्घाटन किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार ने अग्निशमन केन्द्र जगदीशपुर के प्रशासनिक भवन व 8 आवासीय भवनों का उद्घाटन किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी गौरीगंज मयंक द्विवेदी, सीएफओ सुनील कुमार सिंह एवं अग्निशमन व नागरिक पुलिस के अन्य कर्मी मौजूद रहे।

तमंचे संग युवक गिरफ्तार

अमेठी। थाना जामो पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत राहुल पाण्डेय पुत्र सिद्धनाथ पाण्डेय निवासी ग्राम अहद थाना जामो उम्र करीब 22 वर्ष को सिंह का पुरवा मोड़ सूखीबाजगढ़ के पास से रात्रि में गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष विवेक सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

घर के बाहर से पिकअप चोरी

अमेठी। पीपरपुर कस्बा निवासी सतीश कुमार अपना पिकअप वाहन शाम चार बजे घर के सामने खड़ी कर दिए और सुबह जब देखा तो उनकी पिकअप लापता थी। तुरंत घटना की जानकारी पीआरवी पुलिस को दी। पीड़ित के घर के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे में देखा गया तो दो मोटर साइकिल सवार अज्ञात चोरों द्वारा पिकअप वाहन को चोरी कर ले जाया जा रहा है। वहीं पीड़ित की तहरीर व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पीपरपुर पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई है।

दुरदुरिया में शामिल हुई सैकड़ों महिलाएं

मुसाफिरखाना, अमेठी। आदिशक्ति मां देवी हिंगलाज मंदिर दादरा में चल रहे महायज्ञ महोत्सव में गुरुवार को विशाल एवं भव्य दुरदुरिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दुरदुरिया कार्यक्रम में क्षेत्र की हजारों मातृ-शक्तियां एवं भक्त जनों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। दुरदुरिया कार्यक्रम में आचार्य आशुतोष जी महाराज श्री धाम अयोध्या, साध्वी प्रीती जी रामायणी दिल्ली, श्री कृष्णानंद शास्त्री वृंदावन, संचालक आचार्य संजय शास्त्री बांदा, दलदपट बहादुर सिंह, रणवीर सिंह, हंसराज सिंह, रमाशंकर सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र कुमार मिश्र, जय विंद सहित सैकड़ों की संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

अग्निवीरों की रफ्तार तय करेगा विपुल का स्टार्टअप

एकेटीयू के छात्र ने बनाई देश की पहली डिवाइस जो रफ्तार व अन्य परीक्षण मापेगी

▸▸ **एकेटीयू के छात्र के शोध को मिली हरी झंडी**

जीशान कदीर, लखनऊ

अमृत विचार : एकेटीयू के छात्र का स्टार्टअप अग्निवीरों की रफ्तार तय करने जा रहा है। इसके लिए एकेटीयू के छात्र विपुल ने एक डिवाइस बनाई है। इसका स्थलीय परीक्षण अंतिम दौर में है। दावा है कि यह देश की पहली डिवाइस होगी जो रफ्तार व अन्य परीक्षण मापेगी। स्थलीय परीक्षण का नतीजा आने के बाद भर्ती हुए अग्निवीरों की रूटीन व्यवस्था मैनुअल के स्थान पर इस डिवाइस का प्रयोग किया जा सकता है।

अग्निवीर भर्ती परीक्षा में पास हुए अग्निवीरों के प्रारंभ में रूटीन टेस्ट कराए जाते हैं। इसमें पांच किमी दौड़, क्षैतिज और ऊर्ध्वाधर रस्सी कूद सहित अन्य गतिविधियां शामिल हैं। बताते हैं कि ये व्यवस्था अब तक मैनुअल आधारित रही है। ऐसे में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ से संबद्ध एमआईटी कॉलेज के छात्र विपुल के स्टार्टअप को हरी झण्डी मिल गई है। मेरठ निवासी शोधार्थी बताते हैं कि भारत के दो स्थानों पर उनके शोध का परीक्षण अपने अंतिम चरण में है, फिर ये व्यवस्था प्रभावी होने के लिए प्रस्तावित है।

तैयार किया गया स्टार्टअप

डिवाइस के सहारे अग्निवीर का होगा आकलन

एकेटीयू के छात्र विपुल का दावा करते हुए कहते हैं कि बड़ी डिवाइस के रूप में बना स्टार्टअप अग्निवीरों के आंकलन में वरदात साबित हो सकता है। इस डिवाइस में प्रत्येक अग्निवीरों का डाटा सुरक्षित रखा जा सकेगा। निश्चित समय पर इसका आंकलन भी विशेषज्ञों द्वारा किए जाने की व्यवस्था शामिल की गई है।

स्टार्टिंग यूपी योजना से पहला स्टार्टअप तैयार

नए आयाम और उद्यम स्थापित करने में केन्द्र सरकार की स्टार्टिंग यूपी योजना संजीवनी बन रही है। विपुल बताते हैं कि इंक्यूबेशन सेण्टर को योजना ने बड़ी राहत दी है। इसी का परिणाम रहा कि कई महीने सेण्टर में शोध के रूप में बिताकर भारत में पहला स्टार्टअप तैयार कर लिया है।

अग्निवीरों का डाटा एक क्लिक पर उपलब्ध

बैटल फिजिकल एफिशिएंसी टेस्ट (बीपीईटी) और फिजिकल प्रोफिशिएंसी टेस्ट (पीपीटी) के माध्यम से अग्निवीरों पर नजर रखी जाती है। मैनुअल व्यवस्था को ट्रैक पर लाने के लिए विपुल का स्टार्टअप कारगर रहेगा। शोधार्थी बताते हैं कि पेपर- पेन के स्थान पर डाटा ट्रैक पर लाया जाना प्रस्तावित है। ऐसे में एक क्लिक के सहारे हर जवान के डाटा का पता चल सकेगा।

31 मार्च तक अवश्य पूर्ण कराएं परियोजना का कार्य : वीपी सिंह

जल जीवन मिशन की बैठक में कार्यों की निगरानी पर जोर, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

▸▸ **वेलस्पन, गायत्री प्राइवेट लिमिटेड और वीटीएल कम्पनियों को काम तेज करने और गुणवत्ता सही रखने के निर्देश दिए**

अमेठी

अमृत विचार। अधिशासी अभियंता इंजीनियर वीपी सिंह ने गुरुवार को मासिक बैठक कर जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी अवर अभियंता और सहायक अभियंता पाइप लाइन निर्माण और वाटर टेस्टिंग के दौरान प्राप्त जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराएं और जिन परियोजनाओं का काम अभी तक 90 फीसदी हो गया, उनको 31 मार्च तक अवश्य पूर्ण कराएं। कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही अथवा शिथिलता सामने आने पर कार्रवाई का भी अल्टीमेटम दिया। कटारी, जामो में पाइप लाइन निर्माण के दौरान बने गड्ढों से आवागमन में हो रही कठिनाई के सम्बन्ध में शिकायत के निस्तारण को संयुक्त टीम भेजी।

जिले की 682 ग्राम पंचायतों के अन्तर्गत 944 गांवों में जल जीवन मिशन की 487 परियोजनाएं गतिमान हैं। 15 परियोजनाएं पूरी हो गई हैं। अन्य पर कार्य प्रगति पर है। 150 गांवों में नलकूपों से सीधे जलापूर्ति भी की जा रही है। बैठक में अधिशासी अभियंता ने जल जीवन मिशन का काम कर रही तीनों कम्पनियों के प्रतिनिधियों को एक महीने के भीतर 50 ओवर हेड टैंकों का निर्माण अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में डीपीएमयू के जिला समन्वयक एसआर गुप्ता, थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन एजेंसी के कोआर्डिनेटर राजीव श्रीवास्तव, राज्य स्वच्छता एवं पेय जल मिशन के सहायक अभियंता अर्चित त्रिपाठी, विपिन चन्द्र, जल निगम अमेठी के सहायक अभियंता अंशू गुप्ता, डीआर गौतम के साथ सभी अवर अभियंता मौजूद रहे।

जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक करते हुए अधिशासी अभियंता वीपी सिंह।

पानी की जांच को महिलाओं को दी गई है किट

अमेठी। अधिशासी अभियंता इंजीनियर वीपी सिंह ने कहा कि सभी प्रकार के पेयजल स्रोतों से उपलब्ध पानी की जांच को हर ग्राम पंचायत में स्वयं सहायता समूह की पांच पांच महिलाओं को फील्ड किट दी गई है। सभी अवर अभियंता अपनी तैनाती के विकास खंड में महिलाओं को पानी की जांच करके आनलाइन रिपोर्ट प्रेषित करने के लिए प्रेरित करें। टीपीआई निर्माण के कार्यों के साथ इसकी भी निगरानी करें। कार्यों के सत्यापन के बाद ही आगे के भुगतान किए जाने का निर्देश दिया।

सेवायोजित संस्थाओं ने 34 अभ्यर्थियों को दिया रोजगार

अमेठी। कौशल विकास मिशन के प्लेसमेंट अधिकारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय व राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के संयुक्त तत्वाधान में डीडीयूजीकेवाई योजना के तहत जनपद के तिलोई ब्लॉक में कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। उक्त आयोजित ब्लॉक स्तरीय रोजगार मेले में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया तथा 2 प्लेसमेंट कम्पनियों द्वारा रोजगार मेले में प्रतिभाग किया गया। जिसमें 90 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया एवं 34 प्रशिक्षुओं को रोजगार प्रदान किया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में जिला समन्वयक आर.के. अग्निहोत्री, प्लेसमेंट अधिकारी अजय कुमार सिंह, जिला कौशल प्रबन्धक संदीप कुमार सिंह, मृत्युन्जय तिवारी एवं सेन्टर इंचार्ज सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

अवसर की पहचान जरूरी : शान्तनु

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। गुरुवार को अमेठी के भेटुआ ब्लॉक के गोवर्धनपुर निवासी संतोष सिंह के यहां चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा में अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक राम कथा मर्मज्ञ आचार्य श्री शान्तनु जी महाराज ने श्रद्धालुओं को राम कथा रस पान कराते हुए 'पार्वती भलु अवसर जानी, गईं शम्भु पहिं मातु भवानी, की व्याख्या करते हुए बताया कि अवसर की पहचान जरूरी है। उचित अवसर पर किये गए कार्य में सफलता और अनुचित अवसर या अवसर खत्म होने पर किया गया असफल ही रहता है।

कथा के दूसरे दिन ताड़कासुर वध और श्रीराम जन्म की चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि देवताओं के प्रयास और अनुरोध के बाद मां पार्वती के साथ विवाहोपरांत हुए पुत्र से ताड़कासुर का वध हुआ। ताड़कासुर का अर्थ बताते हुए उन्होंने बताया कि तर्कासुर अर्थात तर्क करने वाले असुर प्रवृत्ति का वध। आज सनातन ग्रंथों के लिए तर्क करने वाले असुरों की फिर संख्या बढ़ गई है। उन्होने बताया कि पत्नी निःशुल्क दासिक नहीं बल्कि अर्धांगिनी है। 'जानि प्रिया आदरु अति दीन्हा, वाम भाग आसन प्रभु दीन्हा' चौपाई के द्वारा बताया कि पत्नी भी सम्मान व आदर की अधिकारी है। पत्नी का अपमान करने वाले के घर से लक्ष्मी चली जाती हैं। मनुस्मृति के श्लोक 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः' का अर्थ बताते हुये कहा कि जो मनुस्मृति को जलाते हैं वे उसे पढ़े ही नहीं है। हिन्दू और सनातन धर्म ग्रंथो को शैक्षणिक पाठ्यक्रम का अंग नहीं बनाया गया जिससे लोगों को इसकी समझ नहीं है। मुख्य यजमान आशा व प्रमोद सिंह, आयोजक परिवार संतोष सिंह, विनोद सिंह, शैलेन्द्र ने आगंतुकों व श्रद्धालुओं का स्वागत व आभार प्रकट किया।

कथा सुनते श्रद्धालु। अमृत विचार

दंपति ने नपा के सामने लेटकर किया विरोध

संवाददाता, जायस, अमेठी

▸▸ **वार्ड नंबर 20 के नगरवासियों के पास पेय जल का है भारी संकट**

अमृत विचार। पेय जल की समस्या को दूर करने के लिए मोहल्लेवासी अरसे से पालिका प्रशासन के चक्कर काट रहे थे। समस्या का निदान न होने पर गुरुवार को एक नेत्रहीन दंपति नगर पालिका जायस के मुख्य द्वार पर ही जमीन पर लेटकर विरोध किया। जमीन पर दंपति को लेटे होने की खबर मिलते ही हड़कंप मच गया। आनन फानन में दंपति के पास पहुंचकर लिपिक राम मोहन शुक्ल ने काफी मिन्नते की और समस्या का जल्द ही निस्तारण करने का भरोसा दिया। उसके बाद दंपति वापस घर गए। वार्ड नंबर 20 मोहल्ला अल्ताबगंज निवासी बुजुर्ग नेत्रहीन बकरीद सहित मोहल्ले के अन्य लोगों ने लंबे अरसे से पानी न आने की शिकायत पालिका प्रशासन से की थी। कस्बे की पाइप लाइन जर्जर होने की वजह से ऊंचाई वाले मोहल्लों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। जिससे नगर वासियों के सामने पेय जल की समस्या बरकरार है।

नगर पालिका जायस के मुख्य गेट पर लेटा नेत्रहीन बकरीद व उसके बगल बैठी उसकी पत्नी। अमृत विचार

एनपीएसएस से किसानों को होगा लाभ

▸▸ **कृषकों को नेशनल पेस्ट सर्विलांस सिस्टम के बारे में दिया गया प्रशिक्षण**

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के लखनऊ स्थित क्षेत्रीय केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र के प्रभारी डा. ज्ञान प्रकाश सिंह, संयुक्त निदेशक के निर्देशन एवं हरिओम मिश्रा जिला कृषि रक्षा अधिकारी के सहयोग से गौरीगंज स्थित एसडीओ कार्यालय में जिले के विभिन्न विकास खण्ड से आए हुए किसानों को नेशनल पेस्ट सर्विलांस सिस्टम (एनपीएसएस) ऐप के बारे में भारत सरकार की टीम द्वारा प्रशिक्षित किया गया।

हरिओम मिश्रा, जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने किसानों को संबोधित करते हुऐ कहा कि भारत सरकार के एनपीएसएस प्रशिक्षण कार्यक्रम से जनपद के किसान लाभान्वित होंगे और ऐप के माध्यम से फसलों में कीड़े-बीमारी का आईपीएम तकनीक से प्रबंधन कर कम लागत में दोगुनी आय प्राप्त करेंगे। रीजनल सेंट्रल आईपीएम सेंटर लखनऊ के वनस्पति संरक्षण अधिकारी के.पी. पाठक ने एन.पी. एस.एस. ऐप की वर्तमान उपयोगिता एवं प्रासंगिकता के बारे में बताया। सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि इस ऐप के माध्यम से प्रशिक्षित किसान फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले कीड़े-बीमारियों की पहचान आसानी से कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा तैयार किए गए एनपीएसएस ऐप के माध्यम से फसल को नुकसान पहुंचाने वाले कीड़े-बीमारियों की पहचान के साथ-साथ किसान अपने खेत से उन कीड़े-बीमारियों की फोटो के साथ आवश्यक डाटा फीडिंग करके सीधे कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार को अपने गांव से ही कीड़े-बीमारियों की सूचना भेज सकते हैं तथा उनके अत्यधिक प्रकोप की स्थिति में ऐप के माध्यम से ही उनके प्रबंधन से सम्बन्धित ऐडवाइजरी मोबाइल पर ही प्राप्त कर सकते हैं। सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी डा. केशवमूर्ति ने एनपीएसएस ऐप के उपयोग की विधि तथा पेस्ट सर्विलांस के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान किया।

नेशनल पेस्ट सर्विलांस सिस्टम के बारे में जानकारी देते विशेषज्ञ।

जागरुकता 5 मार्च तक जनपद में चलेगा अभियान, सीएमओ बोले कि खाली पेट नहीं खाएं दवा

18 लाख लोगों ने खाई फाइलेरिया रोधी दवा

अमेठी

अमृत विचार। फाइलेरिया रोधी दवा स्वास्थ्य टीम के सामने ही खानी है। साथ ही यह भी ध्यान रखना है कि यह दवा किसी को भी खाली पेट न खिलाई जाए। यह दवा दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती और गंभीर रूप से बीमार को छोड़कर सभी को खानी है। इसकी जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने दी है।

सीएमओ डॉ अंशुमान ने गुरुवार को एक बैठक के बाद बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन के लिए चलने वाला सर्वजन दवा सेवन अभियान की प्रगति काफी अच्छी है। पांच मार्च तक चलने वाले इस अभियान में 2216041 लोगों की लक्षित आबादी के सापेक्ष 1795443 लोगों यानि 81 फीसदी आबादी ने दवा का सेवन कर लिया है। अभियान को सफल बनाने के लिए 3566 स्वास्थ्यकर्मी, 1783 टीम और 304 पर्यवेक्षक अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं। सीएमओ ने बताया कि फाइलेरिया संक्रमित शरीर में कुछ प्रभाव देखने को मिलते हैं। जैसे सिरदर्द, मतली व चक्कर जैसी दिक्कत फाइलेरिया रोकथाम दवाएं खाने के बाद के सकारात्मक संकेत हैं। यह संकेत बताते हैं कि दवा असरदार है और माइक्रो फाइलेरिया को नष्ट कर रही है। जैसे कि टीकाकरण में हम बुखार के लक्षणों को एंटीबॉडी के आक्रमण होने के लक्षण के रूप में देखते हैं। फाइलेरिया के मामले में भी ऐसा होता है। इन प्रभावों से घबराने की आवश्यकता नहीं है।

डॉ. अंशुमान सिंह सीएमओ।

परिवार को भी दुर्बल बनाती है फाइलेरिया

जिला मलेरिया अधिकारी शेषधर द्विवेदी ने बताया कि करीब 15 वर्ष बाद पता चलने वाली फाइलेरिया बीमारी व्यक्ति के साथ परिवार को भी दुर्बल बनाती है। यह बीमारी अगर परिवार के ऐसे व्यक्ति को हो जाए जिसकी आमदनी पर पूरा परिवार पल रहा है और आय का कोई अतिरिक्त स्रोत नहीं है तो धीरे-धीरे पूरा परिवार का दुर्बल हो जाना स्वाभाविक है। ध्यान नहीं देने पर यह बीमारी पहले और फिर चौथे चरण पर पहुंचकर पूर्ण रूप से विकलांग बना देती है। इस अवस्था में व्यक्ति को कई और बीमारियां होने लगती हैं। दुनिया में विकलांगता पैदा करने में फाइलेरिया बीमारी दूसरे नंबर पर है।

अमेठी से ही चुनाव लड़ेंगे राहुल गांधी : अनिल

संवाददाता, अमेठी

▸▸ **कांग्रेस के प्रवक्ता और मीडिया प्रभारी अनिल सिंह का दावा**

अमृत विचार। अमेठी सांसद व केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर अमेठी आये पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को सिर्फ अमेठी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की चुनौती दी है। ऐसे में सवाल यह है कि जिसे खुद सहारे की जरूरत है, वह दूसरों के लिए सहारा कैसे बन सकता है।

कांग्रेस के प्रवक्ता और मीडिया प्रभारी अनिल सिंह ने दावा किया है कि हमारे नेता राहुल गांधी अमेठी से ही 2024 का लोक सभा चुनाव लड़ेंगे। हालांकि भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने के लिए कांग्रेस नेता व पार्टी कार्य कर्ताओं ने जी जान लगा दी थी, और पार्टी के कार्यकर्ताओं के प्रयास से भारत जोड़ो न्याय यात्रा सफल हुई थी। जन सभा के दौरान राहुल गांधी को सुनने आई भीड़ आतुर थी कि राहुल गांधी खुद ऐलान करेंगे कि 2024 का लोक सभा चुनाव अमेठी से ही लड़ेंगे। हालांकि जन सभा में एलान न होने से राहुल गांधी का अमेठी से चुनाव न लड़ने की अटकलें तेज है, और स्मृति ईरानी के बयान आने के बाद से राजनीति में हलचल और बढ़ गई है।

सार-संक्षेप

सेवा निवृत्त दरोगा को एसपी ने दी विदाई

सेवा निवृत्त दरोगा की विदाई करते एसपी अनूप सिंह।

अमेठी। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने गुरुवार को अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवा निवृत्त होने वाले उप निरीक्षक को विदाई दी। पुलिस अधीक्षक कार्यालय गौरीगंज में एसपी अनूप कुमार सिंह ने गुरुवार को जनपद अमेठी में नियुक्त उप निरीक्षक राम गोपाल को उनकी अधिवर्षता आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्त के उपरान्त उनको उत्कृष्ट सेवा के लिये प्रशस्ति पत्र प्रदान किया एवं उपहार देकर विदाई दी गई तथा आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई। साथ ही साथ वर्तमान समय में चल रहे फोन काल अथवा आनलाइन साइबर ठगी जैसे फर्जी ट्रेजरी अधिकारी बनकर अथवा पुलिस कार्यालय के कर्मचारी बनकर रिटायर्ड पुलिस अधिकारी व कर्मचारी गण को पेंशन प्रपत्र पूरा न होने बात कहकर पेंशन रोकने की बात कहकर उनसे पूरी जानकारी व ओटीपी आदि पूंछकर ठगी करने वालों से सावधान रहने व इस प्रकार के फोन काल पर कोई भी जानकारी न देने के बारे में जानकारी देकर जागरूक भी किया गया। जिससे किसी के साथ कोई साइबर ठगी न हो सके।

चार्ज संभालते ही एसपी ने शुरू किया आकस्मिक निरीक्षण

गौरीगंज कार्यालय का निरीक्षण करते नवागत एसपी व मौजूद सीओ और पुलिसकर्मी

अमेठी। नवागत पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने गुरुवार को पुलिस कार्यालय गौरीगंज का आकस्मिक निरीक्षण किया और मातहतों को दिशा निर्देश दिया। नवागत पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय गौरीगंज के वाचक कार्यालय, सीसीटीएनएस, आईजीआरएस कार्यालय, चुनाव सेल, आंकिक शाखा, मॉनीटरिंग सेल, प्रधान लिपिक शाखा एवं रेडियो शाखा आदि शाखाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने निरीक्षण के दौरान कार्यालय में लम्बित प्रपत्रों, अहकमातो के त्वरित निस्तारण हेतु कार्यालय में नियुक्त अधिकारी, कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने कार्यालय की साफ सफाई व अभिलेखों का रख रखाव संतोष जनक पाया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी, कोतवाली प्रभारी अमर सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

कथा के पूर्व निकाली गई भव्य कलश यात्रा

कलश यात्रा में मौजूद ग्रामीण महिलाएं। अमृत विचार

मुसाफिरखाना, अमेठी। हाजीगंज गांव स्थित शिव मंदिर पर अयोजित श्रीराम कथा के पूर्व बोल बम कांवरिया संघ द्वारा भव्य कलश यात्रा गुरुवार को बड़े धूम धाम से निकाली गई। कलश यात्रा का शुभारंभ हाजीगंज गांव के शिव मंदिर प्रांगण से किया गया। गाजे बाजे के साथ निकली कलश यात्रा जय घोष व अबीर गुलाल के साथ हनुमान गंज चौराहे पर पहुंचकर वहां स्थित हनुमान मंदिर पर मत्था टेकते हुए दादरा के हिंगलाज धाम पहुंची। हिंगलाज में दर्शन पूजन के बाद कलश यात्रा भद्दौर होते हुए निजामुद्दीनपुर के गोमती घाट पर पहुंची। यहां से गोमती का पवित्र जल कलश में भरकर यात्रा पुनः कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर समाप्त हुई। कलश यात्रा में राजू ओझा, राम धीरज यादव, जंग बहादुर यादव, रामबख्श सरोज, राणा प्रताप, अर्जुन, बृजलाल, जगदीश यादव, नरेंद्र यादव, जोखन निषाद, दिलीप साहू सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

नृत्य एवं गायन कार्यक्रम में बिखेरा जलवा

सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देते हुए

फुरसतगंज, अमेठी। फुटवेयर डिजाइनिंग एंड डेवलपमेंट इन्सिटियुट फुरसतगंज में प्रथम वर्ष के छात्रों के नेतृत्व में लीप ईयर के उपलक्ष्य में रंगा रंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों द्वारा गायन एवं नृत्य के विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। डांस प्रतियोगिता मे आर्ची को प्रथम एवं नेहा को द्वितीय पुरस्कार, गायन प्रतियोगिता आशीष प्रथम एवं यश सोनकर को द्वितीय, बेस्ट ड्रेस मे प्रथम अराध्या गुप्ता प्रथम एवं कुणाल द्वितीय रहे। कार्यक्रम में आये अतिथियों का स्वागत अरविंद श्रीवास्तव ने किया। एम्स रायबरेली के डॉ. मुकुल शर्मा, डॉ. केएल वर्मा, अमन कंप्यूटर के दीपेंद्र सिंह, स्टेशन डायरेक्टर आल इंडिया रेडियो अमावा के संजय पांडेय ने कार्यक्रम मे अतिथि के तौर पर सिरकत किया। डॉ. मुकुल शर्मा ने अपने भाषण में छात्रों से कहा अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहे एवं योजना बनाकर लक्ष्य की ओर बढ़ते रहे। कार्यक्रम में केंद्र प्रभारी वरुण गुप्ता, ओपी सिंह, नलिन पाण्डेय, विष्णु सिंह सहित छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

स्वास्थ्य पर्यवेक्षक को दी गई विदाई

स्वास्थ्य पर्यवेक्षक को विदाई देते सीएमओ के साथ सीएचसी अधीक्षक व सीबी सिंह

फुरसतगंज, अमेठी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य पर्यवेक्षक पद पर तैनात रहे देवेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी बृहस्पतिवार को सेवा निर्वत्त हुए हैं। इस मौके पर सीएचसी में विदाई समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमे अमेठी के मुख्य चिकित्साधिकारी डा. अंशुमान सिंह ने पहुंचकर बुकें व प्रतीक चिन्ह देकर उनको सम्मानित किया और कहा कि देवेन्द्र का कार्यकाल सराहनीय रहा है। सेवा निवृत्त स्वास्थ्य पर्यवेक्षक डीपी त्रिपाठी ने कहा कि आप लोगो के बीच रहकर जो स्नेह मिला है उसे कभी भी भूला नहीं जा सकता। इस मौके पर अधीक्षक डा. एच पी यादव, डा. विनय वर्मा, रामचंद, पूजा पटेल, मीनू रावत आदि स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत दौलतपुर वि.ख.जयसिंहपुर, जनपद सुल्तानपुर

पत्रांक मेमो / नि.का./ मनरेगा/ 2023–24 दिनांक–29.02.2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत दौलतपुर वि0 ख0 जयसिंहपुर जनपद सुल्तानपुर में मनरेगा योजना से कराये जाने वाले निम्न कार्य हेतु सामाग्री आपूर्ति किए जाने हेतु अनुभवी व पंजीकृत फर्मो से मुहरबंद निविदाये दिनांक 04/03/2024 तक अपरहान 3.00 बजे तक आमंत्रित कि जाती है एवं उसी दिन दिनांक 04/03/2024 को ग्राम पंचायत के कार्यालय में निविदा दाताओं अथवा उनके प्रतिनिधिओ के समक्ष खोली जाएगी कार्य की bill of quantity भी कार्य दिवस मे प्राप्त की जा सकती है।

कार्य का नाम

1– संजय यादव के घर से नागा बाबा तक नाली निर्माण कार्य

अनु.लागत: 421743 लाख रू0

2. पक्की सड़क से मीरा के घर इं. लां. निर्माण कार्य

अनु ला. 374061 रू0

श्रीमती सुन्दरी देवी
प्रधान
ग्राम पंचायत दौलतपुर
विकास खंड जयसिंहपुर सुल्तानपुर

रामकुमार यादव
सचिव
ग्राम पंचायत दौलतपुर
विकास खंड जयसिंहपुर सुल्तानपुर

सार-संक्षेप

कार्यशाला में एड्स से बचाव के प्रति किया जागरूक

रानीगंज प्रतापगढ़। अमृत विचार : एड्स विषय पर ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला प्रशिक्षण का आयोजन रानीगंज ट्रॉमा सेंटर के सभागार में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज से राहुल यादव आईसीटीसी काउंसलर, सूरज कुमार पांडेय एसटीएलएस रानीगंज, अनुज वर्मा बीएमसी, आलोक त्रिपाठी क्षेत्र पर्यवेक्षक एवं शिवगढ़ ब्लॉक की एएनएम एवं आशा बहू को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एचआईवी के लक्षण एवं बचाव के बारे में जागरूक किया गया। सीएचसी अधीक्षक रानीगंज डॉ. दिनेश सिंह ने प्रशिक्षण प्रशिक्षण में शामिल लोगों से समाज में एड्स के प्रति जनजागरुकता की बात कही।

समीक्षा अधिकारी पर हमला, बच्चे को भी पीटा

प्रयागराज। अमृत विचार : उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के समीक्षा अधिकारी शेखर सिंह समेत पूरे कुनबे को पीटने का मामला गुरुवार को संज्ञान में आया है। बताया जा रहा है कि इस विवाद का कारण पार्किंग है। मामले में समीक्षा अधिकारी ने धूमनगंज थाने में पांच नामजद व अन्य अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार, धूमनगंज के चौफटका, अंबेडकर नगर बिहार कॉलोनी में रहने वाले शेखर सिंह समीक्षा अधिकारी है। उन्होंने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया है कि बुधवार रात करीब 11:00 बजे अपार्टमेंट के रहने वाले केके पांडे सहित तीन अन्य लोग लोहे की राड, लाठी लेकर उनके घर में घुस गये और उन पर जानलेवा हमला कर दिया। शेखर सिंह ने बताया कि उनकी पत्नी और 5 साल के बेटे को भी पीटा गया है। इंस्पेक्टर धूमनगंज का कहना है कि अपार्टमेंट के रहने वालों के बीच पार्किंग को लेकर विवाद हुआ है। जिसमे समीक्षा अधिकारी से मारपीट की गई है। मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

उप डाकपाल को दी समारोह पूर्वक विदाई

कुंडा प्रतापगढ़। अमृत विचार : डाकघर कुंडा में तैनात उप डाकपाल अनिल कुमार सिंह को गुरुवार को डाक परिसर में समारोह पूर्वक विदाई दी गई। मुख्य अतिथि प्रवर अधीक्षक डाकघर प्रतापगढ़ संजय वर्मा व बाबागंज विधायक विनोद सरोज ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए भावी जीवन की शुभकामनाएं दी। विदाई समारोह में डॉ. केएन ओझा, राजा भइया प्रतिनिधि हरिओम श्रीवास्तव, पूर्व प्रमुख संतोष सिंह, शिवकुमार त्रिपाठी, पूर्व ब्लाक प्रमुख बाबागंज पंकज सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य बबलू सिंह, विनोद पटेल, अधिवक्ता भुवनेश्वर त्रिपाठी ने सम्बोधित किया। संचालन मनीष पाण्डेय ने किया।

गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

कुंडा प्रतापगढ़। अमृत विचार : रहवई मकोइया कुण्डा निवासी नंद किशोर यादव (24) लखनऊ में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। बुधवार की रात युवक लखनऊ से बाइक से अपने घर के लिए निकला था। मानिकपुर कस्बा स्थित उत्सव वाटिका गेस्ट हाउस के पास पहुंचते ही पीछे से आ रही तेज रफ्तार बोलेरों ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। बाइक समेत सड़क पर गिरने से गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे इलाज के लिए सीएचसी कुंडा ले आई, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर बिलखते परिजन अस्पताल पहुंचे। मृतक नंद किशोर चार भाई और दो बहनों में सबसे छोटा था। बेटे के मौत की खबर से पिता रामशंकर, मां राजपति समेत परिजन बेहाल हैं। गुरुवार को शव का करेंटी घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। पिता रामशंकर की तहरीर पर अज्ञात बोलेरों चालक पर केस दर्ज कर पुलिस पड़ताल कर रही है।

फर्जी डाक टिकट बेचने वाले गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

प्रयागराज। अमृत विचार : फर्जी टिकट बेचने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को धूमनगंज पुलिस ने गुरूवार को गिरफ्तार कर बड़ा खुलासा किया है। पकड़े गये सदस्यों के पास से भारी मात्र में फर्जी टिकट के साथ मोबाइल व अन्य सामान बरामद किये गये है। पुलिस सरगना की तलाश कर रही है। इनके पास से 29,100 टिकट बरामद किए गए हैं। आरोपी जाली टिकट बिहार के भागलपुर से लाते थे और प्रयागराज समेत लखनऊ, जौनपुर, प्रतापगढ़ में बेचते थे। इनका गिरोह काफी सक्रिय था। सरगना बिहार की एक महिला बताई जा रही है। जिसकी तलाश की जा रही है। तीनों को पकड़कर पुलिस ने काफी पूछताछ की। जिनके पास से जाली टिकट बरामद किए गए हैं। यह सभी गिरोह के सदस्य बताए जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपियों में यह बताया कि जाली टिकट उन्हें आधे दामों पर मिलते थे। जिसे वह खरीदकर अच्छे दामों पर स्टांप विक्रेताओं को सप्लाई करते थे। इसकी जानकारी फिलहाल पुलिस को नहीं थी, लेकिन पुलिस ने तफ्तीश शुरू कर दी है। धूमनगंज थाना प्रभारी वैभव सिंह ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में अनुमति से जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों में इमरोज आलम निवासी ग्राम बढ़पुरा थाना इरशाद चक जिला भागलपुर, रईसा पानी खुर्शीद निवासी इस्माइलपुर देवीगंज थाना कड़ा धाम कौशांबी और सबरीन पत्नी हसीन अहमद निवासी नीम सराय धूमनगंज शामिल है। रईसा वर्तमान में नीम सराय में ही रहती है। दोनों गिरोह की भागलपुर बिहार निवासी सरगना के रिश्तेदार बताये गये हैं। आरोपी इमरोज़ के कब्जे से एक बैग बरामद किया गया है। इस बैग में जाली टिकट काफी मात्रा में पाए गए हैं। जिन्हें सप्लाई करने के लिए लेकर आए थे।

विश्व में महक रही है भारतीय संस्कृति की खुशबू : राज्यपाल

तेजगढ़ में अवसान माता पूजन छठा महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य

संवाददाता, प्रतापगढ़

अमृत विचार : संडवा चंद्रिका के तेजगढ़ में भाजपा महिला मोर्चा काशी प्रांत की कोषाध्यक्ष प्रतिभा सिंह के संयोजन में अवसान माता पूजन छठा महोत्सव आयोजित किया गया। बतौर मुख्य अतिथि सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य ने सपत्नी पूजन कर शुरूआत किया।

उन्होंने कहा कि भारत के मिट्टी और यहां के संस्कृति की खुशबू पूरे विश्व में महक रही है। राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान है। विश्व में ज्ञान की देवी के रुप में मां सरस्वती, राक्षसों के नरसंहार में माता दुर्गा ने तलवार उठाया व सुख समृद्धि के लिए घर-घर माता लक्ष्मी की पूजा होती है। आज चारों ओर महिलाओं का सम्मान हो रहा है। जब भी देश को आवश्कता पड़ी है, महिलाएं डट कर राष्ट्र की एकता व अखंडता की रक्षा की है। प्रधानमंत्री मोदी ने नारी सशक्तीकरण नारी वंदन योजना लाकर महिलाओं को सम्मान दिया है। उन्होंने नारा दिया है कि बेटी बचाओ बेटी पढाओ, जहां नारियों की पूजा होती है वहां देव निवास करते हैं। जहां देव निवास करते हैं वह राष्ट्र मजबूत होता है। रामायण व महाभारत काल में भी नारियों की पूजा होती थी। नारी समाज व राष्ट्र को एक सूत्र में बांधती है। विशिष्ट अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सदस्य गीता शाक्य ने कहा कि आज महिलाएं सभी क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने महिलाओं के लिए कल्याणकारी योजनाओं को लागू कर समूहों के माध्यम से उन्हें स्वावलंबी बना रही है। सांसद संगमलाल गुप्ता ने कहा कि महिला सम्मान से राष्ट्र मजबूत होगा। सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य ने कहा कि महिलाओं का देश को प्रगति के रास्ते पर ले जाने में महत्वपूर्ण योगदान है। भाजपा के पूर्व जिला प्रभारी नागेंद्र रघुवंशी, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने भी सम्बोधित किया। संयोजक भाजपा नेत्री प्रतिभा सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। भाजपा नेता सुरेंद्र सिंह ने आगंतुकों के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता राजा अनिल प्रताप सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा केके सिंह, ओपी त्रिपाठी, सिंधुजा मिश्रा सेनानी, कुलवंत, छोटे सरकार, राघवेंद्र, रामजी, गिरधारी आदि मौजूद रहे।

अवसान माता पूजन कार्यक्रम की शुरूआत करते सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य एवं स्वागत करते वरिष्ठ भाजपा नेता राजा अनिल प्रताप सिंह।

पूजन में दिखी मातृशक्ति की एकजुटता

अवसान माता पूजन कार्यक्रम में महिलाओं की एकजुटता दिखी। आयोजक प्रतिभा सिंह ने हजारों महिलाओं के साथ अवसान माता का पूजन कर उन्हें प्रसाद के रुप में लाई- मिठाई सुहाग का सामान भेंट कर अवसान माता से राष्ट्र को विकसित व सुरक्षित रखने की कामना की। राज्यपाल ने गोबर से पेंट बनाने वाली श्रद्धा वर्मा, ई - रिक्शा चालक शैल कुमारी सरोज, ज्योति मिश्रा को उनकी कार्य कुशलता पर स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

महाकुंभ 2025: 18 अरब से नगर निगम करेगा प्रयागराज का विकास

संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ **पहले कार्यकारिणी में 16.56 अरब रुपये मिला था बजट, अब 1.45 अरब रुपये की हुई बढ़ोतरी**

अमृत विचार: नगर निगम महाकुंभ वर्ष में 18.01 अरब रुपये से शहर का विकास करने की तैयारी में है। इसके लिए एक सप्ताह पहले कार्यकारिणी की बैठक में 16.56 अरब रुपये का बजट स्वीकृत हुआ था। अब इसमें 1.45 अरब रुपये की बढ़ोतरी कर दी गई है। सदन की बैठक में जलकल विभाग के वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 2.69 अरब रुपये के बजट पर की अब मुहर लगी। जिससे महाकुंभ को सुबह बेहतर विकास कार्य होगा।

नगर निगम की कार्यकारिणी की बैठक में निगम व जलकल के 2023-24 के पुनरीक्षित बजट को भी मंजूरी दे दी गई। वर्तमान वित्तीय वर्ष का 15.89 अरब रुपये का बजट मिला है। 2024-25 के लिए 18.01 अरब रुपये मन बड़ा बजट तैयार हुआ है। वर्तमान की तुलना में आगामी वर्ष में 2.12 अरब अधिक खर्च किये जाएगे। निगम की ओर से प्रस्तावित बजट में महाकुंभ को ध्यान में रखते हुए ज्यादा कार्य किये जाएगे। जिसमे 4.50 अरब से महाकुंभ के बजट से ही मिले हैं। शहर को साफ रखने के साथ महाकुंभ आयोजन से पहले बसवार में डंप लाखों टन कूड़े के निस्तारण का भी लक्ष्य बनाया है। पुनरीक्षित बजट के अनुसार जलकल विभाग का वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए 2.66 अरब रुपये का बजट है। इस तरह से आगामी वर्ष के लिए तीन करोड़ अधिक का बजट रखा गया है। महाकुंभ-2025 में शहर की गलियों का भी विकास होना है। गलियों की मरम्मत, चौड़ीकरण, सुंदरीकरण और नालियों का निर्माण किया जायेगा। नगर निगम के इस प्रस्ताव को मेला प्राधिकरण की ओर से मंजूरी दी है।

ट्रेन की चपेट में आकर सगे भाइयों की मौत

नैनी, प्रयागराज। करछना के पचदेवरा गांव स्थित ओवर ब्रिज नीचे काम कर रहे दो मजदूरों की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। घटना से आसपास के लोगों में सनसनी फ़ैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके की औपचारिकताएं पूरी की। बुधवार रात लगभग दस बजे पचदेवरा के समीप ओवर ब्रिज के नीचे काम करने के बाद दो मजदूर पटरी पार कर रहे थे। उसी दौरान ट्रेन अचानक कोई ट्रेन आ गई। दोनों मजदूर ट्रेन की चपेट में आ गए। इससे उनकी मौत हो गई। इसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों की शिनाख्त मांजू भूरिया 37 एवं रामसू भूरिया 26 के रूप में की। यह दोनों नागनखेड़ी, कुंदनपुर, जिला झाबुआ, मध्यप्रदेश निवासी कमा भूरिया के पुत्र थे और यहां मजदूरी करते थे और परिवार समेत रहते थे। साथी मजदूरों में भी शोक की लहर है।

पतंग का लालच देकर बच्चे को किया अगवा, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, प्रयागराज नैनी

▸▸ **आप्राकृतिक दुष्कर्म करने की कोशिश में हुआ विफल तो कुएं में फेंका**

▸▸ **जीवित मिला बालक, सीसीटीवी फुटेज से पकड़ में आया आरोपी**

अमृत विचार: पतंग का लालच देकर 5 साल के एक बच्चे के साथ आप्राकृतिक दुष्कर्म करने की नियत से अगवा करने के बाद उसकी हत्या की कोशिश का मामला संज्ञान में आया है। मामला करछना थाना के भीरपुर अंतर्गत नीबी गांव का है। जहां एक कुएं में पांच साल के अबोध बालक को पुलिस ने मौत के मुंह से बाहर निकाल उसकी जान बचाई। बालक से पूछताछ के बाद पर आरोपी युवक को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के मुताबिक नैनी के काजीपुर क्षेत्र का एक बच्चा बुधवार की सुबह ग्यारह बजे घर के सामने खेल रहा था। इस बीच वो गायब हो गया। जिसके बाद घरवाले परेशान हो गये। घर के बाहर काफी खोजबीन की गयी लेकिन वह बच्चा नहीं मिला। परिजनों ने नैनी पुलिस से बुधवार को शिकायत की थी। जिसके बाद नैनी इंस्पेक्टर यशपाल सिंह और एसओजी टीम ने यमुनापार में सक्रियता से बच्चे की तलाश शुरू की की। रात भर सर्च आपरेशन चलाया। जिसके बाद बच्चे का सुराग करछना के भीरपुर अंतर्गत नीबी गांव में मिला। टीम ने सीसीटीवी फुटेज से आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया और साथ में लेकर घटनास्थल पर पहुंच गई। जिसके बाद मौके पर पहुंचकर बच्चे को सकुशल कुएं से बाहर निकाला और परिजनों को सौप दिया। बच्चे की मां ने बताया कि जिस आरोपी ने बच्चे को अगवा किया था वह पड़ोस में रहने वाली एक रिश्तेदार के घर आया हुआ था। कई दिनों वह बच्चे को पतंग देने का लालच दे रहा था। फिलहाल बच्चा अभी डरा और सहमा हुआ है। डीसीपी यमुनानगर श्रद्धा नरेंद्र पाण्डेय ने बताया कि बच्चा ठीक है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। खबर लिखे जाने तक पुलिस ने आरोपी का नाम उजागर नहीं किया।

यूपी बोर्ड परीक्षा : आंतरिक सचल दल ने पकड़े दो सॉल्वर, मुकदमा दर्ज

संवाददाता, प्रतापगढ़। अमृत विचार : यूपी बोर्ड परीक्षा में सेंध लगाने पहुंचे दो सॉल्वर को आंतरिक सचल दल ने पकड़ लिया। केंद्र व्यवस्थापक की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। कुंडा तहसील क्षेत्र के परीक्षा केंद्र मीरा देवी इंटर कॉलेज लोदीपुर देवरीपट्टी, बिहार प्रथम पाली में सुबह 8.30 बजे से हाईस्कूल की परीक्षा शुरू हुई। करीब 10 हाईस्कूल विज्ञान विषय की परीक्षा दे रहे परीक्षार्थी पर आंतरिक सचल दल को शक हुआ। सचल दल की टीम ने परीक्षार्थी के आधार कार्ड का केंद्र के अभिलेख से मिलान किया। सचल दल के दबाव पर परीक्षार्थी ने अपना नाम जय सिंह निवासी शिव प्रसाद का पुरवा, वेधनगोपालपुर बताया। वह ऋषभ ओझा के स्थान पर परीक्षा दे रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया। केंद्र व्यवस्थापक की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरी पाली में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सगरा सुंदरपुर में इंटर जीव विज्ञान विषय की परीक्षा के दौरान दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहे सॉल्वर को आंतरिक सचल दल ने पकड़ लिया। सचल दल ने परीक्षार्थी प्रवेश पत्र की जांच करनी शुरू की तो भागने का प्रयास करने लगा। शिक्षकों के साथ केंद्र पर मौजूद पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। लालगंज के बेलहा निवासी दीपक मिश्र इंटर जीव विज्ञान विषय की परीक्षा परीक्षार्थी आशीष मिश्र के स्थान पर दे रहा था। केंद्र व्यवस्थापक की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। डीआईओएस सरदार सिंह ने बताया कि दो केंद्रों पर दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहे युवक पकड़े गए। उनके खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। प्रथम पाली की परीक्षा में हाईस्कूल गृह विज्ञान विषय की परीक्षा हुई। 52059 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। 4795 परीक्षार्थियों ने अनुपस्थित रहे। इंटर की अरबी और लेखाशास्त्र परीक्षा में 215 परीक्षार्थी शामिल हुए। 10 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में हाईस्कूल कृषि विषय की परीक्षा में 190 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। डीआईओएस कार्यालय में बने कंट्रोल रूम से परीक्षा केंद्रों की निगरानी होती रही। डीआईओएस सरदार सिंह, जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते रहे।

वर्ग पहेली-358

बाएं से दाएं

1.1. व्यभिचारिणी स्त्री 2. बिना विवाह किए रखी हुई स्त्री, रखैल, उपपत्नी।

4.1. सूत्र 2. नियम, नुस्खा 3. विधि; सिद्धांत 4. किसी काम को करने का तरीका, गुर, तरकीब; जैसे- फ़िल्म हिट करने का फ़ॉरमूला 5. सांकेतिक भाषा में तथ्यों का विवरण 6. औषधि या दवाई के घटक तथा उसे बनाने की विधि 7. मतभेद सुलझाने या समझौता कराने का उपाय।

5.1. वह कर्मचारी जिसपर किसी कार्य का दारोमदार या पूरा दायित्व हो 2. स्तंभ 3. राज्य का प्रमुख

6. नट, कलाबाज़ी दिखाने वाला व्यक्ति।

ऊपर से नीचे

1. धरती पर गिरा हुआ, भूमिसात।

2.1. नागरमोथा घास की एक जाति 2. एक तृण जिससे चटाई बनाई जाती है 3. गोनरा या गोनी नामक घास।

3.1. जिसमें ज़ोर या शक्ति हो, ज़ोरवाला, बलशाली 2. तेज़, प्रबल, तीव्र 3. ज़बरदस्त, उत्साहवर्धक 4. आग्रहयुक्त, जैसे- ज़ोरदार अनुशंसा।

5. सामूहिक रूप से नमाज़ अदा करने के लिए मस्जिद से होने वाली पुकार या बुलावा।



वर्ग पहेली - 357 का हल

			1 के		2 धू	
	3 र		फ़े		पि	
	स		4 टि	कि	या	
	धा		रि			
5 क	र	छि	या		6 दि	
रे					खा	
7 ल	घु	चे	ता		ना	

सुडोकू -75

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	7	1				4		3
			2			7		
5	6			1		9		
9		6		3				8
		4				6		
1				7				5
		7		4			2	
		2			5			
8					1	3	9	

सुडोकू - 74 का हल

7	8	3	4	2	9	6	1	5
5	1	2	7	6	8	4	3	9
9	4	6	3	5	1	8	2	7
6	9	5	1	4	2	3	7	8
4	3	1	8	7	6	5	9	2
8	2	7	5	9	3	1	6	4
3	5	4	9	1	7	2	8	6
2	7	8	6	3	5	9	4	1
1	6	9	2	8	4	7	5	3

छात्रों ने शुरु की गांधीगिरी, कहा आपका ध्यान किधर है, सारे साक्ष्य इधर है

संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार : समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी पेपर लीक आउट मामले में प्रतियोगी छात्र और छात्राओं ने अब अपने प्रदर्शन में परिवर्तन करते हुए गांधीगिरी शुरु कर दी है। सिविल लाइन्स स्थित धरना स्थल एक बैठे छात्र री-एग्जाम कराने के लिए अब देशभक्ति गीत गाकर सरकार से मांग कर रहे है। समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा के पेपर लीक मामले में प्रतियोगी छात्रों का विरोध लगातार जारी है। एक सप्ताह से चल रहे आंदोलन और बवाल के बाद अब प्रतियोगी छात्रों ने पत्थर गिरजाघर के समीप धरना स्थल पर गांधी गिरी शुरु कर दिया है। छात्रों ने धरने पर बैठकर देशभक्ति गीतों को गाकर सरकार से परीक्षा कराई जाने की मांग कर रहे हैं। धरने पर 5 दिन से बैठे प्रतियोगी छात्र अब तख्ती लेकर अपनी मांग को सरकार तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे है। उन्होने उस तख्ती पर सारे साक्ष्य को चस्पा कर दिया है। तख्ती पर लिखा है, आपका ध्यान किधर है, सारे साक्ष्य इधर है। प्रतियोगी छात्रों ने सरकार से मांग किया है कि आरओ और एआरओ की परीक्षा को निरस्त करते हुए पुन: परीक्षा कराए जाने की तिथि घोषित किया जाए। धरने पर बैठी छात्रा हर्षिता का कहना है कि हम सभी यहां रात- दिन धरने पर बैठे हैं, लेकिन लोक सेवा आयोग के अधिकारी हमारी सुध नहीं ले रहे हैं। परीक्षा का पेपर लीक हुआ या सभी को जानकारी है। आयोग और सरकार री एग्जाम नहीं करना चाहती है। वह केवल इस मामले में टालमटोल कर रही है। वहीं गांधीगिरी तरीके से अपनी मांग रखने वाले छात्र-छात्राओं का कहना है कि आयोग इस पूरे मामले में चुप्पी साध रखी है। बता दें कि प्रतियोगी छात्र हाथों में स्लोगन लिखित तख्तियों को लेकर धरने पर बैठे हुए हैं। जिसमें लिखा हुआ है। बाबा तेरे राज में यह कैसे अन्याय। वहीं शनि कुमार ने कहा कि हम लोग कोई आंदोलन नहीं कर रहे हैं। केवल गांधीगिरी तरीके से अपनी मांगों को रख रहे हैं। ताकि प्रशासन और सरकार हमारी मांगों को पूरी कर दे उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग किया है कि छात्रों के करियर को देखते हुए परीक्षा को दोबारा कराया जाए।

पेपर लीक मामला

▸▸ **पांच दिन से धरने पर बैठे हैं प्रतियोगी छात्र**

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 मार्च, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-षष्ठी पूर्ण रात्रि तक।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-स्वाती 12.48 तक तत्पश्चात विशाखा।

मेष — आज नए व्यवसाय में आप निवेश कर सकते हैं। धन संबंधित परेशानियां सुलझ सकती हैं। रुके हुए कार्यों को पूरा करने के लिए दिन शानदार है। दूसरों के दबाव में आकर काम न करें। अधिकारी आपके काम की प्रशंसा करेंगे।

वृष — आज पारिवारिक जीवन काफी सामान्य रहेगा। अपने विचारों को सदैव सकारात्मक बनाए रखें। शाम के समय परिवार के साथ बहुत अच्छा समय बिताएंगे। आशा के अनुरूप परिणाम मिलने से मन हतोत्साहित हो सकता है।

मिथुन — आज प्रभावशाली लोगों के संपर्क में आएंगे। आगामी लक्ष्यों को लेकर थोड़े संशय में आ सकते हैं। संतान को लेकर मन अप्रसन्न हो सकता है। जॉब में उच्च पद प्राप्त हो सकता है। शिक्षा में आ रही परेशानियों का निवारण होगा।

कर्क — आज जिन लोगों का वजन बढ़ा हुआ है उनको स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। अपने काम में दूसरों का हस्तक्षेप न होने दें। ऐश्वर्य के साधनों पर आपका धन खर्च होगा। विवादों को समझदारी पूर्वक सुलझाने में सफलता मिलेगी।

सिंह — आज मनोरंजन में समय बीत सकता है। तकनीकी संबंधी परेशानियों का निवारण होगा। उत्साह और प्रसन्नता के समाचार प्राप्त होंगे। प्रेम संबंधों में निकटता बढ़ेगी। परिवार के हित को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं।

कन्या — आज जॉब में आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ेगा। पूर्व में लिए गए निर्णयों के कारण हानि हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपकी पहचान अच्छी बनेगी। मन की चंचलता दूर होगी। आय में अचानक कमी आ सकती है। पार्टनर के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

तुला — आज आपका मन शांत रहेगा। धन संबंधित समस्या सुलझ सकती है। कीमती वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। आय के नए साधनों में वृद्धि होगी। भाग्य आपका भरपूर साथ देगा। अचानक आए खर्चों में कमी आएगी।

वृश्चिक — आज मानसिक रूप से अशांत महसूस करेंगे। दूसरों से अपनी तुलना न करें। इससे आपमें हीन-भावना घर कर सकती है। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें। दौड़-धूप के कारण आपको समस्या होगी। शरीर में दर्द की शिकायत हो सकती है।

धनु — आज जॉब में काम का दबाव बढ़ने के बावजूद उसे अच्छी संभाल लेंगे। शेयर मार्केट के माध्यम से आपको धन लाभ हो सकता है। विपरीत लिंग के जातकों के प्रति आकर्षित रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है।

मकर — आज गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा। अटके हुए काम तेजी से पूरे होंगे। इससे आपका मनोबल बढ़ेगा। घर की महिलाओं की सेहत का ध्यान रखें। आप सभी कार्य संभल कर करेंगे। व्यापार में सहकर्मियों पर विश्वास करें।

कुंभ — आज बेवजह की चर्चाओं और विवादों से दूर रहें। बुद्धि व विवेक से काम करने से आपको लाभ होगा। मानसिक रूप से मजबूत रहेंगे। सामाजिक क्रियाकलापों में आपकी गतिविधियां बढ़ेंगी। आप थोड़े अव्यावहारिक हो सकते हैं।

मीन — आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। सेहत थोड़ी कमजोर रहेगी। यात्रा के दौरान आपको परेशानी होने की आशंका है। विवाहेतर संबंधों को लेकर थोड़े असहज हो सकते हैं। टालमटोल की प्रवृत्ति के कारण काम बिगड़ सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
घर में राम गली में श्याम — सुबह : 10.56
सत्य — शाम : 06.31

SONY MAX
एबीसीडी 2 — सुबह : 10.44
ता रा रम पम — रात : 07.02

SONY PIX
एक्वामैन — सुबह : 09.08
एज ऑफ टूमारो — रात : 08.50

ZEE CINEMA
कुछ लव जैसा — सुबह : 10.30
जवान — शाम : 04.30

colors CINEPLEX
बेमिसाल — दोपहर : 12.33
रंगून — रात : 09.28

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-04.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

सोनू नजर चेक करवाने गया। डॉक्टर ने एक नोट देकर पूछा- ये कितने का नोट है। सोनू ने कहा- बाहर धूप में देखकर आता हूं। बाहर निकला तो नोट 2000 का था। बस फिर क्या डॉक्टर आज तक सोनू को ढूंढ रहा है।

चिंटू- तुम्हारी बेटी की सगाई को पूरे दो साल हो गए हैं, विवाह में इतनी देरी क्यों? पिंटू- दरअसल लड़का एक वकील है, जैसे ही विवाह की तारीख पास आती है, वह कोई न कोई बहाना करके तारीख आगे बढ़ा देता है।

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	72,500.30	21,982.80
बढ़त	195.42	31.65
प्रतिशत में	0.27	0.14

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, शुक्रवार, 1 मार्च 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 995 फ्लैग 1105 डीएमओ 875 बोल्ड 1140, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल

गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूँ (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000

चावल प्रति कुन्तल

चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मंसूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500

दाल दलहन

चना देसी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राजमा सफेद	13000-14000
राजमा काला	11500-12500

तेल तिलहन

अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800
तेल सरसों (15 ली)	1475-1900।

देश में 3 सेमीकंडक्टर संयंत्र होंगे स्थापित

मंजूरी के बाद दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा-1.26 लाख करोड़ रुपये का होगा निवेश

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने बृहस्पतिवार को 1.26 लाख करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश के साथ गुजरात और असम में तीन सेमीकंडक्टर संयंत्र स्थापित करने के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी। इनमें टाटा समूह और जापान की रेनेसस इलेक्ट्रॉनिक्स की परियोजनाएं शामिल हैं। चिप की जरूरत को पूरा करने के लिए भारत की आयात पर निर्भरता को कम करने के लिए यह कदम महत्वपूर्ण है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल के प्रस्तावों को मंजूरी देने के बाद दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रक्षा, ऑटोमोबाइल और दूरसंचार जैसे क्षेत्रों के लिए चिप बनाने वाली इन इकाइयों का निर्माण कार्य अगले 100 दिनों में शुरू हो जाएगा। तीनों इकाइयां 'सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले विनिर्माण परिवेश का विकास' कार्यक्रम के तहत स्थापित की जाएंगी। इस कार्यक्रम के तहत 76,000 करोड़ रुपये तक की सरकारी सहायता दी जाती है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड ताइवान की पावरचिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कॉर्प (पीएसएमसी) के साथ साझेदारी में एक सेमीकंडक्टर फैब स्थापित करेगी। इस संयंत्र की स्थापना गुजरात के धोलेरा में की जाएगी। इसमें 91,000 करोड़ रुपये का निवेश होगा।

बाघों के संरक्षण के लिए 'इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस' का होगा गठन

केंद्रीय कैबिनेट ने बाघों और ऐसे अन्य वन्यजीवों के संरक्षण के लिए एक वैश्विक नेटवर्क 'इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस' (आईबीसीए) के गठन को मंजूरी दी। इस संस्था का मुख्यालय भारत में होगा। इसमें वन्यजीवों से संबंधित 96 देशों की बहु-एजेंसी संस्था के रूप में आईबीसीए की कल्पना की गई है। कुल सात वन्यजीवों (बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, प्यूमा, जगुआर और चीता) में से पांच बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ और चीता भारत में पाए जाते हैं। मंत्रिमंडल ने 2023-24 से 2027-28 तक पांच साल की अवधि के लिए आईबीसीए की खातिर 150 करोड़ रुपये की एकमुश्त बजटीय सहायता को मंजूरी दी है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 12 महत्वपूर्ण और सामरिक खनिजों पर रॉयल्टी दर तय की

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को 12 महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक खनिजों पर रॉयल्टी दर तय करने के लिए एमएमडीआर अधिनियम में संशोधन को मंजूरी दे दी। खान मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस बारे में फैसला किया गया। बयान के मुताबिक- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 12 महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक खनिजों के संबंध में रॉयल्टी की दर निर्दिष्ट करने के लिए खान एवं खनिज विकास और विनियमन (एमएमडीआर) अधिनियम, 1957 की दूसरी अनुसूची में संशोधन को मंजूरी दे दी है।

डीजीसीए ने एयर इंडिया पर 30 लाख रुपये का लगाया जुर्माना

नई दिल्ली। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने मुंबई हवाई अड्डे पर एक 80 साल के यात्री को व्हीलचेयर उपलब्ध नहीं कराने के मामले में एयर इंडिया पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। व्हीलचेयर नहीं मिलने के कारण यात्री को विमान से टर्मिनल तक चलना पड़ा था और वह गिर गया था। बाद में इस यात्री की मृत्यु हो गई थी। यह घटना 12 फरवरी को हुई थी। डीजीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को कहा कि एयर इंडिया पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है क्योंकि वह बुजुर्ग यात्री को व्हीलचेयर उपलब्ध कराने में विफल रही थी। अधिकारी ने कहा-इसके अलावा एयर इंडिया ने इस मामले में गलती करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ हुई कार्रवाई की भी जानकारी नहीं दी है।

सरकार ने गेहूं खरीद का लक्ष्य 3 से 3.2 करोड़ टन किया तय

नई दिल्ली, एजेंसी

- खाद्य मंत्रालय ने फैसले के बारे में दी जानकारी

सरकार ने 2024-25 रबी विपणन सत्र के लिए गेहूं खरीद का लक्ष्य 3 से 3.2 करोड़ टन तय किया है। खाद्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सरकार के गेहूं खरीद के लक्ष्य को कुछ कम माना जा रहा है।

कृषि मंत्रालय को फसल वर्ष 2023-24 (जुलाई-जून) में 11.4-11.5 करोड़ टन के रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन की उम्मीद है। इसके बावजूद सरकार द्वारा खरीद का लक्ष्य कम रखा गया है। बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा की अध्यक्षता में में राज्यों के खाद्य सचिवों की बैठक हुई थी। इसी बैठक में विचार-विमर्श के बाद गेहूं खरीद का लक्ष्य तय किया गया है। मंत्रालय ने बयान में कहा-विचार-विमर्श के बाद आगामी रबी विपणन सत्र 2024-25 के दौरान गेहूं की खरीद का अनुमान तीन से 3.2 करोड़ टन का तय किया गया है। गेहूं के अलावा, मंत्रालय ने चावल के मामले में रबी धान खरीद का लक्ष्य 90 लाख से एक करोड़ टन तय किया है। सरकार ने रबी मोटे अनाज/बाजरा (श्रीअन्न) के लिए 6,00,000 टन का खरीद लक्ष्य भी निर्धारित किया है। केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से फसलों के आहार में पोषण बढ़ाने के लिए बाजरा की खरीद पर ध्यान केंद्रित करने को कहा है।

सर्राफा

कानपुर

चांदी 999 (प्रति किलो)	71,850
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,025
गिन्नी (प्रति नग)	47,700-47,900

लखनऊ

सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,000
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,850
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42,500
चांदी (999)	71,500
चांदी तैयार	71,600
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000

बरेली

सोना जेवरात पक्के	63,800
सोना जेवरात गिन्नी	62,800
चांदी पक्की	708 (अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	64,050
चांदी आभूषण	71,800।

देश में एफडीआई प्रवाह 13% घटकर 32 अरब डॉलर पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह यानी अप्रैल-दिसंबर-2023 में 13 प्रतिशत घटकर 32.03 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया है। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

मुख्य रूप से कंप्यूटर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर, दूरसंचार, वाहन और फार्मा क्षेत्रों में कम निवेश के कारण एफडीआई घटा है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में देश में 36.74 अरब डॉलर का एफडीआई आया था। हालांकि, चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के दौरान एफडीआई प्रवाह 18 प्रतिशत बढ़कर 11.6 अरब डॉलर रहा है, जो 2022-23 की समान तिमाही के दौरान 9.83 अरब डॉलर था। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के आंकड़ों के अनुसार, कुल एफडीआई प्रवाह (जिसमें इक्विटी प्रवाह, पुनर्निवेश आय और अन्य पूंजी शामिल है) अप्रैल-दिसंबर, 2022 के 55.27 अरब डॉलर के मुकाबले चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में सात प्रतिशत घटकर 51.5 अरब डॉलर रह गया है।

राजकोषीय घाटा वार्षिक लक्ष्य के 63.6 प्रतिशत पर आ गया

नई दिल्ली। चालू वित्त वर्ष में जनवरी के अंत तक सरकार का राजकोषीय घाटा 11 लाख करोड़ रुपये के साथ संशोधित वार्षिक लक्ष्य के 63.6 प्रतिशत पर पहुंच गया है। बृहस्पतिवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। एक साल पहले की समान अवधि में सरकारी व्यय और राजस्व के बीच का अंतर यानी राजकोषीय घाटा केंद्रीय बजट 2022-23 के संशोधित अनुमान (आरई) का 67.8 प्रतिशत था। मौजूदा वित्त वर्ष 2023-24 में सरकार का राजकोषीय घाटा 17.35 लाख करोड़ रुपये यानी जीडीपी का 5.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

8 बुनियादी उद्योगों की वृद्धि 15 माह के निचले स्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

- आंकड़ों के अनुसार-जनवरी में सुस्त पड़कर 3.6% पर आ गई

आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि जनवरी में सुस्त पड़कर 3.6 प्रतिशत पर आ गई। यह इसका 15 माह का निचला स्तर है। बृहस्पतिवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात और बिजली जैसे क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन के कारण वृद्धि धीमी हुई।

गौरतलब है कि आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत्पादन दिसंबर, 2023 में 4.9 प्रतिशत बढ़ा था। एक साल पहले जनवरी, 2023 में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि की रफ्तार 9.7 प्रतिशत थी। इन आठ क्षेत्रों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली शामिल हैं। जनवरी, 2024 से कम वृद्धि दर अक्टूबर, 2022 में 0.9 प्रतिशत थी। चालू वित्त वर्ष के पहले 10 माह अप्रैल-जनवरी के दौरान बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत रही, जो इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में 8.3 प्रतिशत थी। जनवरी, 2024 में रिफाइनरी उत्पादों और उर्वरक का उत्पादन घट गया है।

समीक्षाधीन महीने में कोयला, इस्पात और बिजली के उत्पादन में वृद्धि की गति धीमी हो गई। हालांकि, इस दौरान कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस और सीमेंट के उत्पादन में सालाना आधार पर सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में आठ प्रमुख क्षेत्रों का योगदान 40.27 प्रतिशत है।

राष्ट्रीय

400 पार का नारा जनता ने दिया, हमारी गारंटी पर देश को विश्वास: नरेंद्र मोदी

मध्य प्रदेश के लिए प्रधानमंत्री ने 17,551 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

भोपाल, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भाजपा भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के साथ आगामी लोकसभा चुनाव में उतर रही है तथा चारों ओर एक ही बात सुनाई दे रही है कि भाजपा के नेतृत्व वाला राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) इस बार 400 सीट का आंकड़ा पार कर जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मोदी की गारंटी पर देश को भरोसा है। उन्होंने कहा कि 400 पार का नारा हमने नहीं, जनता ने दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों के उनके कार्यकाल में अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत की साख कई गुना बढ़ी है, जिससे देश में निवेश आकर्षित करने में मदद मिली है और दुनिया भर के देश भारत के साथ अच्छे संबंध बनाने के इच्छुक हैं।

मोदी ने भाजपा शासित मध्य प्रदेश में 17,551 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन करने के बाद 'विकसित भारत, विकसित मध्य प्रदेश' कार्यक्रम को वर्चुअल तौर पर संबोधित किया।

प्रधानमंत्री बिहार, झारखंड और बंगाल में करोड़ों रुपये की परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार और शनिवार को झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे और करोड़ों रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बृहस्पतिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ के मुताबिक प्रधानमंत्री एक मार्च को लगभग 11 बजे झारखंड के सिंदरी में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे, जहां वह राज्य में 35,700 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। वह करीब तीन बजे पश्चिम बंगाल के हुगली में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में 7,200 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। अगले दिन शनिवार को प्रधानमंत्री लगभग 10:30 बजे पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के कृष्णानगर पहुंचेंगे, जहां वे 15,000 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

राष्ट्रपति ने केरल लोकायुक्त विधेयक को मंजूरी दी

तिरुवनंतपुरम। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्य विधानसभा द्वारा पारित केरल लोकायुक्त विधेयक को मंजूरी दे दी है लेकिन उन्होंने तीन विश्वविद्यालय कानून विधेयकों पर अपनी स्वीकृति अभी नहीं दी है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने राष्ट्रपति को ये विधेयक उनकी स्वीकृति के लिए भेजे थे। राजभवन ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति ने केरल विश्वविद्यालय कानून (संशोधन संख्या 2) विधेयक 2022 पर अभी अपनी स्वीकृति नहीं दी है। बयान के अनुसार इसके अलावा विश्वविद्यालय कानून संशोधन विधेयक, 2022 और विश्वविद्यालय कानून संशोधन विधेयक, 2021 को भी राष्ट्रपति की मंजूरी नहीं मिली है। राष्ट्रपति को भेजे गए सात विधेयकों में से केवल एक विधेयक केरल लोकायुक्त संशोधन विधेयक, 2022 को सहमति दी गई है।

भारतीय सेना और जापानी सेना के जवानों ने किया अभ्यास...

बीकानेर : महाजन फील्ड फायरिंग रेंज (एमएफएफआर) में संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्जियन' के पांचवें संस्करण के दौरान भारतीय सेना और जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स के जवान। ● एजेंसी

एक नजर

भाजपा में शामिल हुए बीआरएस सांसद रामुलु

नई दिल्ली। तेलंगाना से भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के सांसद व दलित नेता पी रामुलु बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। वह लोकसभा में नागरकुरनूल (आरक्षित) संसदीय सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर, भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य के लक्ष्मण, राष्ट्रीय महासचिव व तेलंगाना के प्रभारी तरुण चुघ और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डी के अरुणा की मौजूदगी में रामुलु ने भाजपा की सदस्यता ली।

फड़णवीस को धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई पुलिस ने गुरुवार को कथित तौर पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस को जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान योगेश सावंत के तौर पर हुयी है और इसने कथित तौर पर अपने सोशल मीडिया पेज पर एक विवादास्पद वीडियो साझा किया था, जिसमें उसने श्री फड़नवीस को जान से मारने की धमकी दी थी। बाद में सावंत को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

कोर्ट ने शाहरुख पठान की जमानत याचिका पर पुलिस से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने शाहरुख पठान की जमानत याचिका पर बृहस्पतिवार को शहर पुलिस से जवाब मांगा। उत्तर-पूर्वी दिल्ली में 2020 में हुए दंगों के दौरान पठान पर एक पुलिसकर्मी पर खुलेआम बंदूक तानने का आरोप है। न्यायमूर्ति ज्योति सिंह ने पठान की जमानत याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया और उन्हें जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया। उच्च न्यायालय ने पठान के जेल में उसके आचरण का विवरण देने का भी आदेश दिया। मामले की अगली सुनवाई 16 अप्रैल को होगी।

अदालत ने कहा-नोटिस जारी किया जाता है। लोक अभियोजक ने नोटिस स्वीकार कर लिया है और स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय मांगा है।'' पठान के वकील ने सुनवाई के दौरान कहा कि उस पर हत्या के प्रयास का आरोप लगाया गया है, जिसके लिए अधिकतम सजा 10 साल है। उन्होंने इस आधार पर जमानत मांगी कि पठान पिछले चार साल से हिरासत में हैं। अभियोजक ने अदालत से आग्रह किया कि वह आरोपी के आचरण पर जेल से भी रिपोर्ट मांगे।

दिल्ली में वर्ष 2020 में हुए दंगों का मामला

पठान ने निचली अदालत के पिछले साल 14 दिसंबर के उस आदेश को चुनौती दी है जिसमें उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। पठान के वकील ने कहा कि उसने इस आधार पर राहत मांगी थी कि वह मार्च 2020 से हिरासत में हैं और लगभग 90 गवाहों से पूछताछ की जानी बाकी है। जाफराबाद में 24 फरवरी, 2020 को सांप्रदायिक दंगों के दौरान पठान पर दिल्ली पुलिस के एक हेड कांस्टेबल पर पिस्तौल तानने और गोलीबारी करने का आरोप है। पठान को तीन मार्च, 2020 को उत्तर प्रदेश के शामली जिले से गिरफ्तार किया गया था और वर्तमान में वह यहां एक जेल में बंद है। उत्तर पूर्वी दिल्ली में 24 फरवरी, 2020 को नये नागरिकता कानून का समर्थन और इसका विरोध करने वालों के बीच सांप्रदायिक झड़पें हुईं थीं। इन झड़पों में 53 लोगों की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हो गए थे।

मणिपुर में शांति बनाए रखने के लिए असम राइफल्स की मांगी मदद

इंफाल, एजेंसी

- सरकार ने हिंसा प्रभावित छह जिलों के लिए बनाई रणनीति

मणिपुर सरकार ने राज्य के हिंसा प्रभावित छह जिलों में शांति कायम रखने और जनता का विश्वास बहाल करने के लिए असम राइफल्स से मदद मांगी है।

इंफाल पश्चिम के जिला मजिस्ट्रेट ने बृहस्पतिवार को कानून व्यवस्था के उल्लंघन की खबरों, खासतौर पर भीड़ हिंसा की घटनाओं का उल्लेख किया। आदेश में कहा गया, हालात जिला प्रशासन और पुलिस के नियंत्रण से बाहर हो गए हैं। इसमें कहा गया है कि जिले के विभिन्न हिस्सों में 29 फरवरी से पांच मार्च तक असम राइफल्स की सेवाएं मांगी गई हैं। इससे पहले बुधवार रात को इंफाल पश्चिम में हजारों महिलाओं ने मशाल जुलूस निकालकर केंद्र सरकार और कुकी उग्रवादी समूहों के बीच अभियानों का निलंबन (एसओओ) समझौते को समाप्त करने की मांग की। करीब 200 हथियारबंद लोगों ने 27 फरवरी को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एम अमित सिंह के आवास में गोली चलाई और तोड़फोड़ की थी।

राजस्थान में लव जेहाद के मामले में दो लड़कियों सहित तीन लोग गिरफ्तार

अलवर। राजस्थान में अलवर शहर के कोतवाली थाना अंतर्गत एक मोहल्ले में किराए पर रहने वाली हिंदू लड़कियों से दोस्ती कर 'लव जेहाद' कराने के मामले में पुलिस ने दो लडकियों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा ने बताया कि गत 27 फरवरी को अलवर में कॉलेज में पढने वाली दो लड़कियों ने थाना कोतवाली में एक शिकायत दी कि उनकी दो रूममेट काजल उर्फ बबीता और सकीना मेव है जो धर्म परिवर्तन करने की बात कहती हैं और जबरन वसीम नामक युवक से दोस्ती करने की बात कहती है। शिकायत के बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

रोहिंग्या शरणार्थियों की रिहाई संबंधी याचिका पर कोर्ट करेगी सुनवाई

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने देश भर की जेलों और हिरासत केंद्रों में 'अवैध और मनमाने ढंग से' हिरासत में रखे गये रोहिंग्या शरणार्थियों को रिहा करने के लिए सरकार को निर्देश देने संबंधी याचिका की मार्च में सुनवाई करने पर बृहस्पतिवार को सहमति जता दी। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ वकील प्रशांत भूषण द्वारा मामले का विशेष उल्लेख किये जाने के बाद याचिका को सूचीबद्ध करने पर सहमत हुई। भूषण ने दलील दी थी कि इस मामले को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं किया गया है। भूषण ने कहा कि केंद्र को नोटिस जारी करने के बावजूद, भारत सरकार ने आज तक अपना जवाब दाखिल नहीं किया है।

असम : विपक्ष ने राष्ट्रपति से सीएए रद करने का किया आग्रह

गुवाहाटी, एजेंसी

असम में विपक्षी दलों ने संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) को रद करने के लिए बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से हस्तक्षेप करने की मांग की और कहा कि अगर उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो वे राज्य भर में 'लोकतांत्रिक जन आंदोलन' करेंगे। सोलह दलों वाले संयुक्त विपक्षी मंच असम (यूओएफए) ने मुर्मू को राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपा।

यूओएफए ने कहा-यह अधिनियम न केवल असंवैधानिक है बल्कि यह इतिहास, संस्कृति, सामाजिक ताने-बाने, अर्थव्यवस्था और असमिया लोगों की पहचान को खतरे में डालकर 1985 के ऐतिहासिक असम समझौते को भी रद करने वाला है। यूओएफए ने राष्ट्रपति से मामले में हस्तक्षेप करने और केंद्र को असम में नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 को लागू करने के अपने फैसले से बचने व इस 'असंवैधानिक और राष्ट्र-विरोधी' अधिनियम को रद्द करने का निर्देश देने का आग्रह किया। ज्ञापन में कहा गया, ''हम आपको सूचित करते हैं कि अगर भारत सरकार इन मांगों पर ध्यान नहीं देती है तो हम विपक्षी राजनीतिक दलों और असम के लोगों के पास सरकार को मजबूर करने के लिए लोकतांत्रिक जन आंदोलन के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा।

हस्तक्षेप की मांग

- सोलह दलों वाले संयुक्त विपक्षी मंच यूओएफए ने लागू करने पर आंदोलन की दी चेतावनी

सीएए के खिलाफ अब प्रदर्शन का कोई मतलब नहीं आंदोलनकारी उच्चतम न्यायालय जाएं: हिमंत

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि इस समय नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ किसी प्रदर्शन की कोई प्रासंगिकता नहीं है और कानून के खिलाफ लोग उच्चतम न्यायालय का रुख कर सकते हैं। शर्मा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि संसद, जिसने कानून पारित किया था, 'सर्वोच्च नहीं' है क्योंकि शीर्ष अदालत इसके ऊपर है और वह किसी भी कानून को रद कर सकती है जैसा उसने चुनावी बांड के मामले में किया। उन्होंने कहा कि सीएए के खिलाफ प्रदर्शन की कोई प्रासंगिकता नहीं है क्योंकि आंदोलन संसद द्वारा पारित किसी कानून के संबंध में कारगर नहीं हो सकते। बदलाव केवल उच्चतम न्यायालय में हो सकता है जैसा कि उसने भाजपा द्वारा लागू चुनावी बांड के मामले में किया।

पहलवानों का राष्ट्रीय शिविर ट्रायल के बाद : डब्ल्यूएफआई

15 महीने बाद शिविर की तैयारी कर रहा है महासंघ, किसान आंदोलन के कारण दिल्ली में हो सकता है आयोजन

नई दिल्ली, एजेंसी

- इंदिरा गांधी स्टेडियम में 10-11 मार्च के ट्रायल के बाद शिविर

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) 15 महीने बाद सीनियर राष्ट्रीय शिविर की तैयारी कर रहा है और किसान आंदोलन से शिविर पटियाला की बजाय दिल्ली में आयोजित हो सकता है। डब्ल्यूएफआई के राष्ट्रीय शिविर जनवरी 2023 के बाद से बंद है जब देश के तीन शीर्ष पहलवानों ने तत्कालीन अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर प्रदर्शन किया था।

इंदिरा गांधी स्टेडियम में 10 और 11 मार्च को होने वाले ट्रायल के तुरंत बाद राष्ट्रीय शिविर शुरू होगा। डब्ल्यूएफआई के निलंबन के बाद कुश्ती का काम देख रही तदर्थ समिति ने जयपुर में अपनी राष्ट्रीय चैंपियनशिप कराने के बाद रोहतक (पुरुष) और पटियाला (महिला) में अभ्यास शिविर शुरू किए। युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग द्वारा निलंबन वापिस लेने के बाद डब्ल्यूएफआई ने बिशकेक में 11 से 16 अप्रैल तक होने वाली एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप और 19 से 21 अप्रैल तक उपमहाद्वीपीय ओलंपिक क्वालीफायर के लिए राष्ट्रीय टीम चुनने को ट्रायल का ऐलान किया। डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि ट्रायल के बाद हर वर्ग के शीर्ष 4 पहलवानों को राष्ट्रीय शिविर में बुलाया जाएगा। समझा जाता है कि सोनीपत के साइ केंद्र में पुरुष और दिल्ली के आईजी स्टेडियम में महिला वर्ग के शिविर लगेंगे। सूत्र के अनुसार पंजाब में गतिविधियों पर प्रतिबंध से हर किसी के लिए पंजाब पहुंचना आसान नहीं होगा। सरकार से महिलाओं के शिविर के लिए आईजी स्टेडियम देने का अनुरोध किया है।

ट्रायल में उतरने से बजरंग का इंकार, अदालत की ली शरण

नई दिल्ली। आगामी राष्ट्रीय ट्रायल में भाग लेने के भारतीय कुश्ती महासंघ के न्योते को ठुकराते हुए पहलवान बजरंग पूनिया ने दिल्ली हाईकोर्ट में आपात संयुक्त याचिका दायर करके 10-11 मार्च को आयोजित चयन ट्रायल पर रोक की मांग की है। बजरंग, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और उनके पति सत्यव्रत कादियान ने अदालत की शरण ली है। मामले की सुनवाई शुक्रवार को होगी। बजरंग ने याचिका दायर करने की पुष्टि नहीं की लेकिन भारतीय कुश्ती पर सरकार की चुप्पी पर सवाल दागे। दो महीने से रूस में अभ्यास कर रहे बजरंग ने कहा कि अगर ट्रायल संजय सिंह की अगुवाई वाली डब्ल्यूएफआई करा रही है तो वह इसमें हिस्सा नहीं लेंगे। उन्होंने कहा अगर मुझे ट्रायल में भाग नहीं लेना होता तो मैं अभ्यास पर 30 लाख खर्च नहीं करता लेकिन निलंबित डब्ल्यूएफआई ट्रायल कैसे करा रहा है।

पूर्व सीईओ नोर्मन ने विवादास्पद हालात में पद से दिया था त्यागपत्र

हॉकी इंडिया प्रमुख टिर्की ने कहा- एलेना ने सीईओ के रूप में शानदार काम किया

राउरकेला, एजेंसी

एलेना नोर्मन भले ही विवादास्पद हालात में पद छोड़कर गई हों लेकिन हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने पूर्व सीईओ की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह खेल के विकास में इस ऑस्ट्रेलियाई अधिकारी के योगदान की सराहना करते हैं।

टिर्की ने हालांकि हॉकी इंडिया में गुटबाजी के नोर्मन के दावे को खारिज कर दिया। टिर्की ने कहा कि पद संभालने के बाद हमने अच्छा काम किया है और मैं इसकी सराहना करता हूं। हमने दो साल में टीमों का प्रदर्शन देखा है। हमारी सीईओ ने भारतीय हॉकी के लिए शानदार काम किया है। हम उनके प्रयासों और योगदान की सराहना करते हैं। टिर्की और सचिव भोलानाथ सिंह ने इससे एक दिन पहले संयुक्त बयान जारी कर नोर्मन के दावे को खारिज किया था।

नोर्मन ने मंगलवार को इस्तीफा दिया था और आरोप लगाया कि संघ में गुटबाजी है। एक में दिलीप टिर्की और मैं तथा दूसरे में भोलानाथ सिंह, (कार्यकारी निदेशक) कमांडर आरके श्रीवास्तव और (कोषाध्यक्ष) शेखर जे मनोहरन हैं। नोर्मन का इस्तीफा भारतीय महिला हॉकी टीम की कोच यानेक शॉपमैन के पद छोड़ने के ठीक बाद आया है। उन्होंने भी काम की मुश्किल परिस्थितियों की शिकायत की थी। नीदरलैंड की कोच ने हॉकी इंडिया पर महिला हॉकी के साथ सौतेला व्यवहार करने का भी आरोप लगाया था।

खेल डायरी

यूवेंटस के मिडफील्डर पॉल पोग्बा डोपिंग के लिए प्रतिबंधित, खेल पंचाट में करेंगे अपील

रोम, एजेंसी। इटली की डोपिंग रोधी अदालत ने यूवेंट्स के मिडफील्डर पॉल पोग्बा पर टेस्टोस्टेरॉन का पॉजिटिव पाए जाने के बाद गुरुवार को 4 साल के लिए प्रतिबंध लगाया। पोग्बा ने कहा कि वह स्विट्जरलैंड स्थित खेल पंचाट में अपील करेंगे, लेकिन पोग्बा ने पॉजिटिव आने के लिए कोई कारण नहीं बताया। खेल पंचाट के फैसले में एक साल लग सकता है। विश्व कप विजेता फुटबॉलर पोग्बा के सितंबर में पॉजिटिव पाए जाने के बाद इस अधिकतम प्रतिबंध की घोषणा की गई। पोग्बा ने कहा कि उनका मानना है कि यह फैसला गलत है। मैं इस फैसले से दुखी हूं क्योंकि मैंने अपने पेशेवर खेल करियर में जो कुछ भी हासिल किया, वो सब मुझसे छीन लिया गया है। उन्होंने कहा कि मैंने कभी भी जानबूझकर कोई सप्लीमेंट नहीं लिया है, जिससे डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन हुआ हो। 20 अगस्त को उडिनेसे में युवेंटस के मैच के बाद उनकी जांच हुई थी। वह सीरी ए के इस मैच में नहीं खेले थे। पोग्बा ने इटली की डोपिंग रोधी एजेंसी से कोई समझौता नहीं करने का फैसला किया जिसके बाद मामला डोपिंग रोधी अदालत में गया। पोग्बा की सजा को सार्वजनिक नहीं किया गया।

प्रज्ञानानंदा ने की चूक प्राग में दूसरे दौर में हारे

प्राग, एजेंसी। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में ईरान के परहाम मघसूडलू से पराजित होना पड़ा। साथ ही क्लासिकल शतरंज में उनका 47 मैचों का अपराजेय अभियान खत्म हो गया। इस खिलाड़ी ने लाइव रेटिंग में शीर्ष स्थान भी गंवा दिया जो विश्वनाथन आनंद ने फिर हासिल कर लिया है। डी गुकेश ने चेक गणराज्य के एंगुयेन थाई दाइ वान को हराया। टूर्नामेंट के सात दौर बाकी हैं जबकि परहाम दो अंक लेकर शीर्ष पर हैं। गुकेश और उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव उनसे आधा अंक पीछे हैं। उजबेक खिलाड़ी ने भारत के विदित गुजराती से ड्रा खेला। प्रज्ञानानंदा, गुजराती, रोमानिया के रिचर्ड रैपो और चेक गणराज्य के डेविड नवारा चौथे स्थान पर हैं।

अश्लील इशारे पर रोनाल्डो 1 मैच के लिए निलंबित

रियाद, एजेंसी। सउदी प्रो लीग फुटबॉल में अल नासर के लिए खेलते हुए अश्लील इशारे करने की वजह से पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो एक मैच के लिए निलंबित कर दिए गए हैं। अल नासर ने स्थानीय प्रतिद्वंद्वी अल शबाब को रविवार को 3-2 से हराया, जिसके बाद रोनाल्डो ने विरोधी टीम के समर्थकों को देखकर अभद्र इशारे किए। दर्शक उनके चिर प्रतिद्वंद्वी लियोनेल मेस्सी के नाम से 'मेस्सी मेस्सी' के नारे लगा रहे थे। सउदी अरब फुटबॉल महासंघ की अनुशासन और नैतिकता समिति ने सोशल मीडिया पर गुरुवार को निलंबन की घोषणा की। अल नासर को अगले मैच में अल हजम से खेलना है। रीयाल मैड्रिड और मैनचेस्टर युनाइटेड के पूर्व स्टार रोनाल्डो को 5 हजार डॉलर अल शबाब को और आधी राशि महासंघ को जुर्माने के तौर पर देनी होगी।

खिलाड़ियों को डिजिटल सर्टिफिकेट जारी होंगे: खेल मंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी। खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को घोषणा की कि सरकार देश भर में रजिस्टर्ड खिलाड़ियों को डिजिटल सर्टिफिकेट देगी। इससे खिलाड़ियों के प्रदर्शन और प्रतिभागिता को लेकर पारदर्शिता बनी रहेगी। डिजिटल सर्टिफिकेट में खिलाड़ियों की प्रतिस्पर्धाओं में भागीदारी की तारीफ रहेगी और यह उनकी उपलब्धियों का सबूत होगा। ठाकुर ने एक्स पर लिखा, हमारे खेल ढांचे की धुरी खिलाड़ी हैं और इसे ध्यान में रखकर खेल मंत्रालय ने उन्हें डिजिटल सर्टिफिकेट देने का फैसला किया है। खेलमंत्री ने खिलाड़ियों और राष्ट्रीय खेल महासंघों के लिए चीजें आसान करने की योजना का ऐलान पिछले साल 29 अगस्त को किया था। उस समय एनएसएफ पोर्टल भी शुरू हुआ था। ठाकुर ने कहा कि खिलाड़ी सर्वोपरि नीति के अनुरूप राष्ट्रीय खेल महासंघों को डिजिलॉकर के जरिए खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट देने के लिए कहा गया है। यह फैसला एनएसएफ के खेल प्रशासन में पारदर्शिता और कुशलता को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों के दस्तावेजों की सुरक्षा, पहुंच और सत्यता सुनिश्चित करने को लिया गया है।

राहुल पांचवें टेस्ट से बाहर, बुमराह की वापसी

बीसीसीआई ने कहा- चोट के कारण धर्मशाला के टेस्ट में नहीं खेलेंगे राहुल, टीम में भागीदारी फिटनेस पर थी निर्भर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को कहा कि केएल राहुल चोट के कारण धर्मशाला में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट में नहीं खेलेंगे जबकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टीम में वापसी करेंगे।

राहुल के दाएं पैर की जांघ में सूजन है और वह विशेषज्ञ की राय लेने लंदन गए हैं। यह विकेटकीपर बल्लेबाज जनवरी में हैदराबाद में श्रृंखला के पहले मैच के बाद से ही उपलब्ध नहीं है और बीसीसीआई के अनुसार वह राजकोट में तीसरे टेस्ट से पहले 90 प्रतिशत फिट थे। बीसीसीआई ने कहा कि राहुल की आईडीएफसी फर्स्ट बैंक श्रृंखला के अंतिम टेस्ट में भागीदारी फिटनेस पर निर्भर थी लेकिन वह धर्मशाला में पांचवें और अंतिम टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी चोट पर नजर रखे है और लंदन में विशेषज्ञों से सलाह लेने की कोशिश कर रही है। टीम की कार्यभार प्रबंधन नीति के तहत रांची में चौथे टेस्ट के लिए टीम से रिलीज बुमराह 7 मार्च से धर्मशाला में शुरू होने वाले अंतिम टेस्ट के लिए टीम से जुड़ेंगे। भारत ने चौथे टेस्ट में जीत के बाद श्रृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त बनाई है। अंतिम टेस्ट में राहुल की अनुपस्थिति से रजत पाटीदार टीम में रहेंगे, लेकिन अंतिम एकादश में उनका होना निश्चित नहीं है क्योंकि वह 6 पारियों में 63 रन ही बना सके हैं। वाशिंगटन सुंदर को भी टीम से रिलीज किया गया है।

बीसीसीआई ने कहा कि वह दो मार्च से मुंबई के खिलाफ शुरू होने वाले रणजी सेमीफाइनल मैच के लिए अपनी टीम तमिलनाडु में शामिल होंगे और जरूरत पड़ी तो घरेलू मैच पूरा होने के बाद पांचवें टेस्ट के लिए भारतीय टीम में जुड़ जाएंगे। राहुल आईपीएल में लखनऊ सुपर जाइंट्स का नेतृत्व करेंगे और उन्हें आईपीएल से पहले फिट होना होगा। चोट से राहुल पिछले साल भी 4 महीने तक टीम से बाहर थे। आईपीएल में चोटिल होने के बाद राहुल ने पिछले सितंबर में एशिया कप के दौरान वापसी की। पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट दौरे में राहुल भारत के लिए शतक बनाने वाले एकमात्र खिलाड़ी थे। यह श्रृंखला ड्रा थी। बीसीसीआई ने बताया कि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी 26 फरवरी को सर्जरी के बाद अच्छी तरह उबर रहे हैं। वह रिहैबिलिटेशन शुरू करने के लिए बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) जाएंगे।

पांचवें टेस्ट के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।

रोहित और कोहली को भी घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिए : आजाद

नई दिल्ली। भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य कीर्ति आजाद ने क्रिकेटरों के लिए रणजी खेलने के बीसीसीआई के निर्देश का समर्थन करते हुए कहा कि यह अच्छी पहल है और रोहित शर्मा तथा विराट कोहली समेत भारतीय टीम के हर सदस्य पर लागू होनी चाहिए। ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को रणजी नहीं खेलने से केंद्रीय अनुबंध गंवाना पड़ा है। आजाद ने कहा कि यह निर्देश बहुत अच्छी पहल है। हर किसी को रणजी खेलनी चाहिए। पांच दिन का क्रिकेट ही असली क्रिकेट है। घरेलू क्रिकेट खेलना अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि जब भी खिलाड़ी खाली हो तो उन्हे अपने प्रदेश के लिए रणजी खेलना चाहिए। चाहे वह रोहित शर्मा हो या विराट कोहली। प्रदेश ने आपको खिलाड़ी बनने का मौका दिया, जिससे आप देश के लिए खेल सके। उन्होंने कहा कि सिर्फ ईशान और श्रेयस को सजा देना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि सिर्फ दो को सजा देना सही नहीं है। हर किसी को सजा मिलनी चाहिए। सभी को समान नजर से देखा जाना चाहिए। आजाद ने इस पर टिप्पणी से इनकार कर दिया कि क्या ईशान और श्रेयस के लिए रास्ते अब बंद हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि मेरा सवाल यह है कि क्या वे पर्याप्त घरेलू क्रिकेट खेल रहे हैं। वे टी-20 खेल रहे हैं और हर प्रदेश में टी-20 लीग है। जब हम खेलते थे तब सारे सदस्य प्रदेश के लिये खेलते थे और इसमें गर्व महसूस करते थे लेकिन अब ऐसा नहीं है।

अय्यर-ईशान को लेकर इरफान ने उठाए सवाल

नई दिल्ली। पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने रणजी खेलने के आदेश का पालन नहीं करने पर ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को बीसीसीआई का केंद्रीय अनुबंध नहीं देने के फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा है कि हार्दिक पंड्या जैसे खिलाड़ियों के लिए यह मानदंड नहीं था। बीसीसीआई ने ईशान और श्रेयस के केंद्रीय अनुबंध रद कर दिए जबकि 2018 से एक भी टेस्ट नहीं खेले पंड्या को ग्रेड 'ए' का अनुबंध दिया गया। इरफान ने एक्स पर लिखा, अगर हार्दिक जैसे खिलाड़ी लाल गेंद का क्रिकेट नहीं खेलना चाहते तो क्या उन्हें और उनके जैसे दूसरों को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलने पर सफेद गेंद का घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिए। अगर यह सब पर लागू नहीं होता तो भारतीय क्रिकेट को इच्छित नतीजे नहीं मिलेंगे। ईशान पिछले साल दिसंबर में द. अफ्रीका दौरा छोड़ने के बाद झारखंड के लिए रणजी खेलने नहीं आए। उन्होंने आईपीएल की तैयारी शुरू कर दी जिसमें वह मुंबई इंडियंस के लिए खेलेंगे।

आरसीबी के खिलाफ लौटेंगी हरमनप्रीत

बेंगलुरू, एजेंसी

मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच चार्लोट एडवडर्स ने कहा कि कप्तान हरमनप्रीत कौर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ शनिवार को डब्ल्यूपीएल के अगले मैच में उपलब्ध होंगी। फॉर्म में चल रही हरमनप्रीत कौर चोट के कारण बुधवार को यूपी वारियर्स के खिलाफ नहीं खेल सकी थी। मुंबई को सात विकेट से पराजय का सामना करना पड़ा था।

एडवडर्स ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि हरमनप्रीत कौर आज चयन के लिए उपलब्ध नहीं थी लेकिन शनिवार को आरसीबी के खिलाफ वह खेलेगी। मुझे इसका पूरा यकीन है। हरमनप्रीत ने इस डब्ल्यूपीएल में दो मैचों में 101 रन बनाए हैं। मुंबई को अनुभवी तेज गेंदबाज शबनम इस्माइल की कमी भी खली जो चोटिल है। एडवडर्स ने कहा कि उनकी फिटनेस पर नजर रखी जा रही है लेकिन आरसीबी के खिलाफ उनका खेलना काफी मुश्किल है। उन्होंने कहा कि हम उसके लिए इंतजार कर रहे हैं। यह लंबा नहीं होना चाहिए, लेकिन हम कोई जोखिम नहीं लेना चाहते। यूपी वारियर्स की वृंदा दिनेश के कंधे में भी फील्डिंग के दौरान चोट लगी थी और उनका स्कैन कराया गया है जिसकी रिपोर्ट का इंतजार है।

ऑस्ट्रेलिया के पहले दिन 9 विकेट पर 279 रन

वेलिंगटन (न्यूजीलैंड), एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन लगातार विकेट गंवाने के बावजूद कैमरन ग्रीन (नाबाद 103 रन) की शतकीय पारी से स्टंप तक 9 विकेट गंवाकर 279 रन बना लिए। न्यूजीलैंड ने सुबह टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। लंच से 10 मिनट पहले न्यूजीलैंड ने स्टीव स्मिथ (31) का विकेट झटका था, लेकिन लंच के बाद मार्नस लाबुशेन (1), उस्मान ख्वाजा (33) और ट्रेविस हेड (1) आउट हो गए। इससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 4 विकेट पर 89 रन हो गया। मिशेल मार्श (40) और ग्रीन ने पांचवें विकेट के लिए 67 रन की भागीदारी की। मार्श मैट हैनरी का शिकार हुए। ग्रीन ने इसके बाद न्यूजीलैंड की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। उन्होंने अपना दूसरा टेस्ट शतक जमाया जिसमें 16 चौके जड़े थे। न्यूजीलैंड के लिए हैनरी ने 4 तो विलियम ओरोरके और स्कॉट कुगेलेजिन ने दो दो विकेट लिए। रचिन रविंद्र को 1 विकेट मिला। ग्रीन के साथ जोश हेजलवुड क्रीज पर थे जिन्होंने खाता नहीं खोला था।



मई में आ सकती है जॉली एलएलबी 3

मुंबई। अभिनेता अक्षय कुमार-अरशद वारसी की फिल्म जॉली एलएलबी 3 मई 2024 में फ्लोर पर जा सकती है। 2013 में 'जॉली एलएलबी रिलीज हुई थी, जिसमें अरशद वारसी थे। वहीं, दूसरे पार्ट यानी 'जॉली एलएलबी' में अक्षय कुमार ने लीड रोल किया था। अब तीसरे पार्ट में अक्षय और अरशद दोनों नजर आएंगे। इसको सुभाष कपूर निर्देशित कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि जॉली एलएलबी 3 को मई में फ्लोर पर लाया जाएगा। वहीं 2025 में इसे सिनेमाघरों में रिलीज कर दिया जाएगा। जॉली एलएलबी 3 में अक्षय और अरशद दोनों का रोल बराबर का होगा। इससे पहले दोनों 'बच्चन पांडे' में साथ नजर आए थे।

दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह जल्द बनने वाले हैं माता-पिता

बॉलीवुड की स्टार जोड़ी दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं। यह जानकारी खुद अभिनेता दंपति ने दी है। कुछ दिन पहले से ही सोशल मीडिया पर दीपिका पादुकोण के गर्भवती होने की खबरें सामने आ रही थीं। दंपति ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट में यह खबर साझा की है। उन्होंने अपने पोस्ट में तस्वीर साझा की, जिसमें बच्चे के जूते और कपड़े बने हैं और उसमें लिखा है सितंबर 2024। अभिनत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस, श्रेया घोषाल, विक्रांत मैसी और आलिया भट्ट सहित बॉलीवुड के कई अभिनेताओं ने उन्हें बधाई दी। दीपिका-रणवीर की पोस्ट के कमेंट सेक्शन में प्रियंका ने लिखा, 'मुबारक', वहीं आलिया ने कई सारे दिल वाले इमोजी साझा किए। घोषाल ने कहा कि वह जोड़ी के लिए उत्साहित और खुश हैं, वहीं विक्रांत ने लिखा, आप दोनों को बहुत बहुत शुभकामनाएं। दीपिका और रणवीर 2018 में इटली में शादी के बंधन में बंधे थे।

तेरा क्या होगा लवली में इलियाना और रणदीप

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज इन दिनों अपनी मां बनने की जर्नी को एन्जॉय करती हुई नजर आ रही है। फैंस अक्सर उनसे ऑनस्क्रीन वापसी कब करेंगी सवाल कर रहे हैं। इसी बीच उनकी अपकमिंग फिल्म तेरा क्या होगा लवली का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें उनका अलग अंदाज देखने को मिला है। इतना ही नहीं उनके साथ रणदीप हुड्डा भी हैं, जिनकी हाल ही में लिन लैशराम से शादी हुई है। फिल्म का ट्रेलर सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है क्यों इलियाना का हटकर अंदाज और रणदीप हुड्डा का हरियाणवी लुक फैंस का ध्यान खींच रहा है। तेरा क्या होगा लवली का ट्रेलर त्वचा के रंग और दहेज के साथ भारत के स्थाई निर्धारण को दिखाता है। बलविंदर सिंह जांजुआ द्वारा निर्देशित, यह अपकमिंग फिल्म गोरी त्वचा के जुनून और दहेज प्रथा से जुड़ी जटिलताओं के बारे में बातचीत शुरू करने का वादा करती है। मूवी में इलियाना डिक्रूज, रणदीप हुड्डा और करण कुंद्रा अहम किरदार में हैं, जिसका ट्रेलर सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है। इस फिल्म में एक महिला की कहानी दिखाई गई है, जो दूल्हा खोजने के सामाजिक दबाव से जूझ रही है। यह किरदार इलियाना डिक्रूज़ का है, जिसकी यात्रा ने केवल उसके रंग के आधार पर आंके जाने की कठोर वास्तविकताओं का खुलासा किया है। फिल्म 8 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने को तैयार है। निर्देशक बलविंदर सिंह जंजुआ की फिल्म में रणदीप हुडा एक पुलिस अधिकारी का किरदार निभा रहे हैं, जिसे दहेज चुराने वाले चोरों को पकड़ने का काम सौंपा गया है। कहानी में नायक और पुलिस अधिकारी के बीच की लव स्टोरी को दिखाया गया है, जिसमें भी कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

श्रेयस ने बताई गोलमाल 5 की रिलीज डेट



बॉलीवुड की कॉमेडी फिल्मों ने दर्शकों में खास जगह बना रखी है। इनमें से एक गोलमाल की फ्रेंचाइजी भी है। इसी बीच गोलमाल 5 को लेकर अपडेट सामने आई है। एक्टर श्रेयस तलपड़े ने खुलासा किया है कि गोलमाल 5 कब रिलीज होगी। फिल्म की शूटिंग को लेकर भी एक्टर ने जानकारी साझा कर दी है। बॉलीवुड की कई फिल्मों के अगले पार्ट का फैन्स बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस लिस्ट में एक नाम फिल्म 'गोलमाल 5' का भी है। 'गोलमाल' फ्रेंचाइजी सुपरहिट है। मल्टी स्टारर इस फ्रेंचाइजी की दर्शकों के दिल में एक खास जगह हैफ्रेंचाइजी 'गोलमाल 5' को लेकर एक नई अपडेट सामने आई है। एक बार फिर से अजय देवगन अपनी पलटन के साथ लोगों को हंसाते हुए नजर आएंगे। 2020 में रोहित शेट्टी ने बताया था कि वह 'गोलमाल 5' पर काम कर रहे हैं, लेकिन इस बीच अब फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आ गई है। फिल्म में लक्ष्मण का रोल निभाने वाले श्रेयस तलपड़े ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान बताया है कि ये फिल्म कब आ सकती है। श्रेयस ने बताया कि 'गोलमाल 5' की शूटिंग अगले साल शुरू हो सकती है और दीवाली 2025 पर इसे रिलीज भी किया जा सकता है। श्रेयस की मानें तो 'गोलमाल 5' पैंडेमिक के दौरान अनाउंस की गई थी, लेकिन तब हालातों के चलते सारे प्लान को बदलना पड़ा था। एक्टर ने कहा कि उन्हें फिल्म के सेट पर काफी मजा आता है।

प्रभास के चक्कर में रणबीर की एनिमल पार्क अटकी

रणबीर कपूर की 'एनिमल' के बाद अब हर किसी को 'एनिमल पार्क' का इंतजार है। पता चला था कि इसमें विक्की कौशल विलेन होंगे, हालांकि, ये फिल्म अभी नहीं बनने वाली है। संदीप रेड्डी वांगा ने प्रभास की फिल्म के लिए कुछ प्लानिंग कर रखी है। उसे पूरा करने के बाद ही 'एनिमल पार्क' के बारे में सोचेंगे। रणबीर कपूर की 'एनिमल' ने बीते साल 915 करोड़ का कारोबार किया है। थिएटर्स के बाद ओटीटी पर भी फिल्म को शानदार रिस्पॉन्स मिला। फिल्म को लेकर रोजाना नए-नए अपडेट्स आ रहे हैं। मेकर्स ने फिल्म की प्लानिंग कर ली है। हालांकि, इसे शुरू कब किया जाएगा, ये पता नहीं चल पाया है। विक्की कौशल इस पार्ट में विलेन बने हैं, लेकिन इसी बीच खबर आ रही है कि प्रभास के चक्कर में ये फिल्म अटक गई है। संदीप रेड्डी वांगा ने 'एनिमल' को डायरेक्ट किया था। इस फिल्म को जो रिस्पॉन्स मिला। उसके बाद 'एनिमल' के सीक्वल का ऐलान किया गया था। इस वक्त संदीप कई सुपरस्टार्स के साथ फिल्म बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं। इसमें प्रभास और अल्लू अर्जुन का नाम भी है। पहले ऐसी चर्चा थीं कि संदीप पहले रणबीर की एनिमल पार्क की शूटिंग खत्म करेंगे। इसको कंप्लीट करने के बाद उन्हें प्रभास की स्पिरिट पर काम करना था, लेकिन अब डायरेक्टर ने प्लानिंग बदल दी है। एक रिपोर्ट के अनुसार संदीप जल्द ही स्पिरिट की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। इस पिक्चर में प्रभास लीड रोल में हैं। वो फिल्म में कॉप का किरदार निभा रहे हैं, इसकी शूटिंग अक्टूबर से शुरू होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

एक नजर

प्रवासी भारतीयों से जुड़ने के लिए शुरू की लेबर इंडियंस पहल

लंदन। इस साल के आखिर में होने वाले आम चुनाव में विपक्षी लेबर पार्टी अपनी नैया पार लगाने के लिए ब्रिटिश भारतीयों को साधने में जुट गई है। लेबर पार्टी ने प्रवासी भारतीयों से जुड़ने और सत्ता में आने के बाद एक साल में भारत के साथ बातचीत को मजबूत करने के मकसद से नया प्रवासी आउटरीच कार्यक्रम शुरू किया है। लेबर पार्टी के विदेश मामलों के सचिव डेविड लैमी ने लंदन में संसद भवन परिसर में लेबर इंडियंस' पहल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने अपनी हालिया भारत यात्रा का जिक्र किया।

छत्तीसगढ़ के प्रख्यात पुरातत्वविद अरुण कुमार शर्मा का निधन

रायपुर। छत्तीसगढ़ के पुरातत्ववेत्ता पद्मश्री अरुण कुमार शर्मा का गुरुवार को निधन हो गया। 92 साल की उम्र में उन्होंने आखिरी सांस ली। अरुण शर्मा वही शख्स हैं जिनकी मांग पर अयोध्या में राम जन्म भूमि पर खुदाई कराई गई थी। उन्होंने ही खुदाई में मिले अवशेषों के रिसर्च के आधार पर कोर्ट में मंदिर होने के सबूत पेश किए थे। अरुण के बेटे मनीष ने बताया कि रायपुर स्थित आवास पर पिता ने अंतिम सांस ली। बता दें, वह छत्तीसगढ़ सरकार के पुरातत्व सलाहकार भी रहे थे।

चाय वाले के साथ छा गई बिल गेट्स की जुगलबंदी

नई दिल्ली। माइक्रोसॉफ्ट के फाउंडर और समाजसेवी बिल गेट्स बड़े कारोबार के अलावा अपने अनोखे अंदाज के लिए जाने जाते हैं। इस समय वह अपने भारत दौरे के कारण सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में बिल गेट्स का नागपुर के फेमस डॉली चायवाले के साथ एक वीडियो वायरल हुआ है। इंस्टाग्राम हैंडल पर डॉली चाय वाले के साथ वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने भारत की तारीफ की है।

पाकिस्तान में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में आतंकवादी ढेर

इस्लामाबाद। उत्तर पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में छह आतंकियों को मार गिराया। सेना की मीडिया शाखा ने कहा- सुरक्षा बलों ने खुफिया सूचना पर एक अभियान चलाया। आईएसपीआर ने कहा, अभियान के दौरान सैनिकों और आतंकवादियों के बीच भीषण गोलीबारी हुई जिसमें छह आतंकवादी मारे गए, एक सैनिक भी घायल हुआ है।

डब्ल्यूटीओ में भारत ने कहा ई-कॉमर्स पर सीमा शुल्क स्थगन की समीक्षा करने की जरूरत

अबू धाबी, एजेंसी। भारत ने गुरुवार को कहा कि विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के विकासशील और अल्प विकसित सदस्य देशों के लिए ई-कॉमर्स व्यापार पर सीमा शुल्क स्थगन की फिर से समीक्षा करने की जरूरत है। भारत ई-कॉमर्स व्यापार पर सीमा शुल्क स्थगन को आगे जारी रखने के पक्ष में नहीं है, इसका असर विकासशील देशों पर पड़ रहा है।

यह मुद्दा विश्व व्यापार संगठन के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में ई-कॉमर्स सत्र के दौरान उठा। बता दें, मंत्रिस्तरीय सम्मेलन का गुरुवार को अंतिम दिन रहा। भारत ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था का यह उभरता हुआ खंड अल्प विकसित देशों (एलडीसी) सहित विकासशील देशों के लिए आर्थिक वृद्धि की संभावनाएं लाता है। ऐसे में भारत ने इस बात पर जोर दिया है कि डिजिटल औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के लिए ई-कॉमर्स व्यापार पर सीमा शुल्क लगाने सहित सभी नीतिगत विकल्प डब्ल्यूटीओ सदस्यों के पास होने चाहिए। वाणिज्य मंत्रालय ने बयान में कहा, भारत ने बताया कि विकसित और विकासशील देशों के बीच एक बड़ी डिजिटल खाई है। इससे वैश्विक ई-कॉमर्स में विकासशील देशों की भागीदारी बढ़ाना चुनौतीपूर्ण हो गया है।

सर्वाधिक संख्या के साथ मध्य प्रदेश के सिर सजा 'तेंदुआ स्टेट' का ताज

मध्य प्रदेश का तेंदुआ स्टेट का तमगा इस बार भी बरकरार है। देश में तेंदुओं की सर्वाधिक संख्या 3,907 मध्य प्रदेश में है, वर्ष 2018 में 3421 थी। इसके बाद महाराष्ट्र में 1985, कर्नाटक में 1,879 और तमिलनाडु में 1,070 रही। टाइगर रिजर्व या सबसे अधिक तेंदुए की आबादी वाले स्थल आंध्रप्रदेश के श्रीशैलम में नागार्जुन सागर और इसके बाद मध्य प्रदेश में पन्ना और सतपुड़ा हैं। यह तथ्य गुरुवार को नई दिल्ली में भारत में तेंदुओं की स्थिति पर जारी रिपोर्ट में रेखांकित हुआ है। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने इसकी रिपोर्ट जारी की।

3,907

के साथ मध्य प्रदेश देश में तेंदुओं की सर्वाधिक संख्या वाला प्रदेश है, वर्ष 2018 में 3421 थी संख्या

तेंदुओं की आबादी का अनुमान

वहीं वन राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा कि वन्य जीव हमारे जंगल की शान है। उल्लेखनीय है कि पांचवें चक्र में तेंदुओं की आबादी का अनुमान राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण और भारतीय वन्य जीव संस्थान द्वारा, राज्य वन विभागों के सहयोग से किया जा रहा है। चतुर्वर्षीय "बाघों की निगरानी, शिकारियों, शिकार और उनके आवास की निगरानी" अभ्यास के एक भाग के रूप में यह प्रयास किया गया था। इससे बाघ संरक्षण प्रयासों को गति मिली है।

तेंदुओं के वर्गीकरण और संरक्षण चुनौतियां

बाघ रेंज वाले राज्यों और विविध परिदृश्यों को शामिल करते हुए, व्यापक सर्वेक्षण में तेंदुए की बहुतायत का आकलन करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करके मजबूत वैज्ञानिक पद्धतियों का इस्तेमाल किया गया। इस दौरान कैमरा ट्रैपिंग, आवास विश्लेषण और जनसंख्या के संयोजन की एक सावधानीपूर्वक प्रक्रिया के माध्यम से, तेंदुओं के वर्गीकरण और संरक्षण चुनौतियों में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि का पता चला।

भारत में तेंदुओं की कितनी है आबादी

भारत में तेंदुओं की आबादी 13,874 (रेंज : 12,616 – 15,132) व्यक्ति होने का अनुमान है। यह 2018 में 12852 (12,172–13,535) व्यक्तियों के समान क्षेत्र की तुलना में स्थिर आबादी का प्रतिनिधित्व करती है। यह अनुमान तेंदुए के निवास स्थान की 70 प्रतिशत आबादी को दर्शाता है। इसमें हिमालय और देश के अर्धशुष्क हिस्सों का नमूना नहीं लिया गया है, क्योंकि यह बाघों का निवास स्थान नहीं हैं।

सबसे बड़ी वृद्धि दर मध्य भारत

मध्य भारत में तेंदुओं की आबादी की स्थिर या थोड़ी बढ़ती दिखाई देती है। शिवालिक पहाड़ियों और गंगा के मैदानी इलाकों में गिरावट देखी गई। यदि हम उस क्षेत्र को देखें जिसका पूरे भारत में 2018 और 2022 दोनों में नमूना लिया गया था, तो प्रतिवर्ष 1.08 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। शिवालिक पहाड़ियों में, प्रतिवर्ष –3.4 % की गिरावट हो रही है।

पाकिस्तान नेशनल असेंबली का पहला सत्र शुरू, राष्ट्रपति ने दी मंजूरी

संविधान की शक्तियों का हुआ इस्तेमाल, 21 दिनों के भीतर होगा सत्र चुनाव

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान की नवनिर्वाचित संसद ने गुरुवार को अपना पहला सत्र शुरू कर दिया है। कार्यवाहक सरकार के साथ चल रहे मतभेदों के बाद राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अल्वी ने आखिरकार विधानसभा सत्र बुलाया है। दोनों के बीच पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी समर्थित उम्मीदवारों को आरक्षित सीटें आवंटित किए जाने के मुद्दे को लेकर विवाद चल रहा था। पिछली संसद के निवर्तमान अध्यक्ष राजा परवेज अशरफ की अध्यक्षता में उद्घाटन सत्र एक घंटे से अधिक की देरी के बाद शुरू हुआ।

एक्स अकाउंट पर जारी बयान में कहा गया, 'कुछ आपत्तियों के अधीन, राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अल्वी ने इस्लामिक गणराज्य पाकिस्तान के संविधान के अनुच्छेद 54(1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 29 फरवरी को नेशनल असेंबली बुलाई है।' बता दें कि कि राष्ट्रपति ने अनुच्छेद 91 (2) में दी गई समयसीमा के जनादेश और निहितार्थों को ध्यान में रखते हुए और कुछ आरक्षणों के अधीन और 21वें दिन से पहले आरक्षित सीटों के मुद्दे के समाधान की उम्मीद करते हुए अपनी मंजूरी दे दी। गौरतलब है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने मंगलवार को अल्वी द्वारा उठाई गई आपत्तियों को सीरे से खारिज कर दिया था। साथ ही कहा कि पाकिस्तान के संविधान के मुताबिक, नेशनल असेंबली सत्र चुनाव के 21 दिनों के भीतर होना चाहिए। संविधान के अनुच्छेद 91 के तहत, नेशनल असेंबली के पहले सत्र की जरूरी तारीख 29 फरवरी है। इस मीडिया रिपोर्ट में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने मगंलवार को कहा कि संविधान की अवज्ञा करने पर अल्वी के खिलाफ कई कानूनी कार्रवाई की जाएंगी।

नवाज शरीफ सहित कई नवनिर्वाचित सांसदों ने ली शपथ कल होगा प्रधानमंत्री पद के लिए चुनाव

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी द्वारा नेशनल असेंबली का सत्र बुलाए जाने के बाद देश के नवनिर्वाचित सांसदों ने गुरुवार को शपथ ली। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी समर्थित उम्मीदवारों को आरक्षित सीट आवंटित करने के मुद्दे पर कार्यवाहक सरकार के साथ मतभेद के कारण अल्वी के शुरुआती इनकार के बाद नई संसद का पहला सत्र आयोजित किया गया। इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित सांसदों ने चुनाव में धांधली के नारे लगाए। चुनाव में धांधली के आरोपों के बीच नवाज शरीफ, पीएमएल-एन अध्यक्ष शहबाज शरीफ, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के सह-अध्यक्ष आसिफ जरदारी और पीपीपी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी अन्य सांसदों ने शपथ ली। बता दें, चुनाव में पार्टी का अच्छा प्रदर्शन नहीं होने के कारण उन्होंने रिकॉर्ड चौथी बार प्रधानमंत्री बनने का अपना प्रयास छोड़ दिया। नवनिर्वाचित सांसद नेशनल असेंबली के नए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव करेंगे। प्रधानमंत्री पद के लिए चुनाव शनिवार को होने की उम्मीद है और पीएमएल-एन तथा पीपीपी के बीच चुनाव बाद समझौते के तहत नवाज शरीफ के छोटे भाई एवं पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को सदन का नया नेता चुना जाना तय है।

रूस के परमाणु हथियार इस्तेमाल को पूरी तरह तैयार: पुतिन

मॉस्को। रूस-यूक्रेन युद्ध के दो साल पूरे हो चुके हैं। इस बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पश्चिमी देशों पर भड़ास निकाली है। पुतिन ने गुरुवार को राष्ट्र के नाम वार्षिक संबोधन में आरोप लगाया है कि पश्चिमी देश परमाणु संघर्ष के हालात पैदा करने चाहते हैं, जो मानव सभ्यता को नष्ट कर देगा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पुतिन ने कहा कि पश्चिमी देश परमाणु युद्ध का 'वास्तविक' खतरा पैदा कर रहे हैं। रूसी राष्ट्रपति ने चेतावनी दी कि रूस के परमाणु हथियार उपयोग के लिए पूरी तरह तैयार में हैं। पुतिन ने आगाह किया है कि यूक्रेन युद्ध में दखलअंदाजी करने वालों के लिए परिणाम बहुत ही दुखद होंगे...उन्हें (पश्चिम) समझना चाहिए। मैंने उनसे कहा है कि हमारे पास भी ऐसे हथियार हैं जो उनके क्षेत्रों पर लक्ष्यों को नष्ट कर सकते हैं। पुतिन ने कहा कि रूस किसी को भी अपने आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने की इजाजत नहीं देगा।

यूएनएचआरसी: भारत ने कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान को फटकारा

संयुक्त राष्ट्र/ जिनेवा

- जिनेवा में स्थायी सचिव अनुपमा ने कहा- भारत का यह आंतरिक मामला, टिप्पणी करना गलत

भारत ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) में बुधवार को डिबेट के दौरान कश्मीर के मुद्दे को उठाने के लिए पाकिस्तान को फटकार लगाई। साथ ही भारत ने इसे झूठ फैलाने के लिए हताश प्रयास बताया।

परिषद में भारत के स्थायी मिशन में प्रथम सचिव अनुपमा सिंह ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक के दौरान जवाब देने के अधिकार में कहा, 'आज जब हम यूएनएससी सुधारों पर चर्चा करने के लिए मिल रहे हैं, तो पाकिस्तान के एक प्रतिनिधि ने फिर से जम्मू-कश्मीर का बेफिजूल संदर्भ उठा दिया। जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है, भले ही पाकिस्तान का प्रतिनिधि कुछ भी मानता हो।

अनुपमा सिंह ने यूएनएचआरसी के 55वें सत्र में दोनों देशों द्वारा अपने बयानों में कश्मीर का मुद्दा उठाने के बाद भारत ने तुर्किये और पाकिस्तान को जवाब दिया। अनुपमा ने कहा, हमें तुर्किये द्वारा ऐसे मामले पर की गई टिप्पणी को लेकर खेद है जो भारत का आंतरिक मामला है और हम उम्मीद करते हैं कि वह भविष्य में हमारे आंतरिक मामलों पर अवांछित टिप्पणी करने से बचेगा।

भारत के खिलाफ झूठे आरोप लगाना दुर्भाग्यपूर्ण

हाफिज सईद और मसूद अजहर जैसे आतंकी सरगनाओं के बारे में भारत ने कहा, एक ऐसा देश जो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा घोषित आतंकवादियों को पनाह देता है, उसका भारत पर टिप्पणी करना जिसकी लोकतांत्रिक साख दुनिया के लिए एक मिसाल हैं, हर किसी के लिए एक विरोधाभास है। भारत के व्यापक संदर्भों के लिए पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए सिंह ने कहा कि परिषद के मंच का इस्तेमाल एक बार फिर भारत के खिलाफ झूठे आरोप लगाने के लिए किया जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

पति को आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी नहीं ठहराया जा सकता, तीन दशक बाद आरोपी बरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट फैसला सुनाते हुए बोला- पत्नी की आत्महत्या के लिए पति के खिलाफ ठोस सबूत जरूरी

सुप्रीम कोर्ट ने 1993 के एक केस में अपनी पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में दर्ज एक पति की सजा को रद करते हुए व्यक्ति को बरी कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने तीन दशक पहले अपनी पत्नी को सुसाइड के लिए उकसाने के आरोप से एक व्यक्ति को बरी करते हुए कहा है कि शादी के सात साल के भीतर अपनी पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने पर किसी व्यक्ति को दोषी नहीं ठहराया जा सकता, जब तक कि उसके खिलाफ उत्पीड़न या क्रूरता के ठोस सबूत न हों।

भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 113ए उन मामलों में पति और ससुराल वालों द्वारा उकसाने की धारणा स्थापित करती है, जहां शादी के सात साल के भीतर एक महिला की आत्महत्या होती है और वह क्रूरता का शिकार हुई है।

इस मामले में, आदमी की शादी 1992 में हुई थी। अभियोजन पक्ष ने दावा किया कि शादी के तुरंत बाद, आदमी और उसके माता-पिता ने पैसे की मांग करना शुरू कर दिया क्योंकि वह राशन की दुकान शुरू करना चाहता था। रिकॉर्ड के अनुसार, 19 नवंबर 1993 को महिला ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, उसने अपने पति के लगातार उत्पीड़न के कारण आत्महत्या कर ली।शीर्ष अदालत ने कहा कि अदालतों को शादी के सात साल के भीतर किसी महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने के विषय पर कानून के सही सिद्धांतों को लागू करने में बहुत सावधान और सतर्क रहना चाहिए, अन्यथा यह धारणा बन सकती है कि दोषसिद्धि कानूनी नहीं बल्कि नैतिकता है।

पीठ ने कहा, "इस अदालत ने माना है कि शादी के सात साल के भीतर आत्महत्या के तथ्य से, किसी को तब तक उकसाने के नतीजे पर नहीं पहुंचना चाहिए जब तक कि क्रूरता साबित न हो जाए। उत्पीड़न या क्रूरता के किसी ठोस सबूत के अभाव में, किसी आरोपी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता है।

एटमी हथियार केंद्र बंद...

टेक्सास: सैन फ्रांसिस्को अमेरिका में टेक्सास के जंगलों में लगी आग विकराल हो गई है। 5 स्थानों पर लगी इस आग ने 3.7 लाख एकड़ क्षेत्र को चपेट में ले लिया है। इससे अमेरिका का परमाणु हथियार सुविधा संचालन केंद्र खतरे में पड़ गया है। आग के बेकाबू होने के बाद अमेरिका के परमाणु शस्त्रागार को जोड़ने और अलग करने वाली मुख्य सुविधा ने मंगलवार रात टेक्सास में काम करना बंद कर दिया। आग बढ़ती देख छोटे शहरों को खाली करने के आदेश दिए गए हैं। गवर्नर ग्रेग एबॉट ने इसे आपदा घोषित कर दिया है। ● एजेंसी

विकास साझेदारी हमारे संबंधों का प्रमुख स्तंभ

- मॉरीशस में परियोजनाओं के उद्घाटन पर मोदी बोले- 10 वर्षों में संबंधों को अभूतपूर्व दिशा मिली

नई दिल्ली, एजेंसी

मॉरीशस समकक्ष प्रविंद जुगनाथ के साथ वर्चुअली माध्यम से विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मॉरीशस समकक्ष प्रविंद जुगनाथ ने गुरुवार को मॉरीशस के अगालेगा द्वीप पर छह सामुदायिक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इसके साथ ही नई हवाई पट्टी (एयरस्ट्रिप) और सेंट जेम्स जेट्टी का भी संयुक्त रूप से लोकार्पण किया।

पीएम कार्यालय के एक बयान के अनुसार, यह कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित किया गया था। इन कई परियोजनाओं का उद्घाटन दोनों देशों, भारत और मॉरीशस के बीच मजबूत और दशकों पुरानी विकास साझेदारी का प्रमाण है। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, 'पिछले 10 वर्षों में, भारत-मॉरीशस संबंधों को अभूतपूर्व दिशा मिली है। हमने इस रिश्ते में नई ऊंचाइयां हासिल कीं।

हमने वैज्ञानिक और ऐतिहासिक संबंधों को एक नया रूप दिया। विकास साझेदारी हमारे संबंधों का प्रमुख स्तंभ रही है। भारत ने हमेशा मॉरीशस की जरूरतों का सम्मान किया है'। आधिकारिक बयान के अनुसार, ये परियोजनाएं मुख्य भूमि मॉरीशस और अगालेगा के बीच बेहतर कनेक्टिविटी की मांग को पूरा करने में मदद करेंगी। पीएमओ के अनुसार इससे समुद्री सुरक्षा मजबूत होगी और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

दरअसल, कुछ सप्ताह पहले दोनों नेताओं ने मॉरीशस में यूपीआई और रुपे कार्ड सेवाओं के शुभारंभ किया था। इसके बाद अब इन विकास परियोजनाओं का उद्घाटन इस क्षेत्र में बहुत महत्व रखता है।

विज्ञान वैज्ञानिकों ने जताई थी तीन ग्रहों पर जीवन की संभावना, कम हो रही दूसरे ग्रह पर जीवन की उम्मीद

खत्म हो रहा बाहरी सौरमंडल के ग्रह ट्रैपिस्ट-1ई का वातावरण

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : सात ग्रहों का ट्रैपिस्ट एक्सोप्लैनेट (बाहरी ग्रहों) का सौरमंडल खत्म हो जाएगा। कुछ ऐसी ही संभावनाएं खगोल वैज्ञानिक जता रहे हैं। ताजा शोध में पता चला है कि रहने योग्य इस इस सोलर सिस्टम का एक ग्रह ट्रैपिस्ट-1ई का वारावरण नष्ट हो रहा है। इस जानकारी के बाद किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की उम्मीद जाती रही।

ट्रैपिस्ट सात ग्रहों वाला सौर मंडल है। जिसके तीन ग्रहों पर जीवन की संभावना वैज्ञानिकों ने जताई थी। मगर अब जो जानकारी मिली है, उससे पता चलता है कि इस बाहरी सिस्टम में रहने योग्य ग्रहों को उसके लाल बौने तारे से निकलने वाले कठोर विकिरण उसके वायुमंडल से खत्म कर रहा है। जिसमे ट्रैपिस्ट-1ई जीवन के लिए दुर्गम बना सकती है।

वैज्ञानिकों के अनुसार प्रतीत होता है कि इस ग्रह के अपने लाल बौने मेजबान तारे के चारों ओर विद्युत धाराएं उत्पन्न हो रही हैं। इस सोलर सिस्टम के ग्रह लाल बौने तारे की परिक्रमा करते हैं। इस सिस्टम में सभी सात ग्रह पृथ्वी के समान चट्टानी हैं। जिनमें 3 रहने योग्य क्षेत्र में स्थित हैं। यह क्षेत्र न तो बहुत गर्म है और न ही बहुत ठंडा है और इनमें तरल पानी की प्रबल संभावना थी। ट्रैपिस्ट-1ई पृथ्वी से 40 प्रकाश वर्ष की दूरी पर स्थित है। ट्रैपिस्ट-1 ई एक्सोप्लैनेट में वायुमंडल की विस्तृत जानकारी के लिए नासा की जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप की मदद ली गई थी और गहन अध्ययन के बाद वैज्ञानिकों को निराश होना पड़ा है। अमेरिका के सेसिलिया गैराफो, हार्वर्ड और स्मिथसोनियन के वैज्ञानिक इस सौर मंडल का सामूहिक अध्ययन कर रहे हैं।

ट्रैपिस्ट-1 का सौरमंडल।

पृथ्वी के आकार का है ट्रैपिस्ट 1ई, 0.7 गुना है द्रव्यमान

ट्रैपिस्ट-1ई लगभग पृथ्वी के आकार का है। इसका द्रव्यमान हमारे ग्रह के लगभग 0.7 गुना है। यह अपने तारे से चौथे नंबर का ग्रह है, जो पृथ्वी और सूर्य के बीच की दूरी से केवल 0.028 गुना दूरी पर परिक्रमा करता है, और केवल 6.1 पृथ्वी दिनों में एक चक्कर लगाता है। एक्सोप्लैनेट ट्रैपिस्ट-1बी का अपना वातावरण पहले ही खो चुका है। इस सौरमण्डल के सातों ग्रहों के नाम ट्रैपिस्ट-1बी, 1ई, 1सी 2डी आदि रखे गए हैं।

गाजा में राहत सहायता की प्रतीक्षा कर रहे लोगों पर हमला, 70 की मौत

राफा। गुरुवार को गाजा शहर में मानवीय सहायता की प्रतीक्षा कर रहे फिलिस्तीनियों की भीड़ पर इजराइली हमले में दर्जनों लोग मारे गए और घायल हो गए। स्थानीय अस्पताल के अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी।

शिफा अस्पताल के नर्सिंग विभाग के प्रमुख डॉ. जदल्लाह शफाई ने अल जजीरा नेटवर्क को बताया कि लगभग 70 लोग मारे गए और 250 घायल हो गए। उन्होंने सटीक मरने वालों की संख्या नहीं बताया। अल जजीरा ने फुटेज चलाया जिसमें कई शव और घायल लोग शिफा पहुंचते हुए दिखाई दे रहे थे। कमल अदवान अस्पताल में एम्बुलेंस सेवा के प्रमुख फारेस अफाना ने कहा कि घटनास्थल पर पहुंचने वाले चिकित्सकों ने सैकड़ों को जमीन पर पड़ा हुआ पाया। उन्होंने कहा कि मृतकों और घायलों को गधे द्वारा खिंची जाने वाली गाड़ियों पर अस्पतालों में लाया जा रहा था।

एच-1बी वीजा प्रक्रिया में सुधार के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे

वाशिंगटन, एजेंसी

- भारतीय-अमेरिकियों को लेकर बोला-व्हाइट हाउस

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन एच1बी वीजा प्रक्रिया, 'ग्रीन कार्ड' बैकलॉग और देश की कानूनी आव्रजन प्रणाली से संबंधित अन्य मुद्दों में सुधार के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। एच1बी वीजा एक गैर-आप्रवासी वीजा है जो अमेरिकी कंपनियों को विदेशी श्रमिकों को विशेष व्यवसायों में नियोजित करने की अनुमति देता है जिनके लिए सैद्धांतिक या तकनीकी विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन ने बुधवार को कहा, अगर हम एच1बी वीजा प्रक्रिया को देखें, तो हमने उसमें सुधार करने के लिए कार्रवाई की है और वैध स्थायी निवासियों (ग्रीन कार्ड) के लिए प्रक्रिया और बैकलॉग जो अमेरिकी नागरिक बनने के लिए पात्र हैं।

भारत की अध्यक्षता में क्वाड की प्रगति बरकरार रहेगी : व्हाइट हाउस

व्हाइट हाउस ने कहा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन को उम्मीद है कि क्वाड 2024 में भारत की अध्यक्षता में अपने पिछले तीन वर्षों की गति को बरकरार रखेगा। क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) में भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान चार देश शामिल हैं। जीन-पियरे ने कहा, राष्ट्रपति पिछले तीन वर्षों में क्वाड की प्रगति पर बहुत गर्व महसूस करते हैं। क्वाड के सदस्यों ने मार्च 2021 में व्हाइट हाउस में अपना पहला शिखर सम्मेलन आयोजित किया था। उन्होंने कहा- क्वाड की 2024 में वर्षगांठ आ रही है, हम उम्मीद कर रहे हैं अमेरिका के बारे में नहीं, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के बारे में भी बात कर रहे हैं।

ट्रंप एक और राज्य के प्राथमिक चुनाव के लिए अयोग्य घोषित

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बुधवार को कैपिटल हिल हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली। शीर्ष अदालत उनकी दलीलों को सुनने पर सहमत हुआ।

वहीं दूसरी ओर, इसी मामले को लेकर इलिनॉय राज्य में एक स्थानीय अदालत से उन्हें झटका लगा। अदालत ने ट्रंप को राष्ट्रपति चुनाव के लिए होने वाले प्राथमिक मतदान से बाहर करने का आदेश दिया है। इससे पहले मेन और कोलाराडो राज्य भी ट्रंप को राज्य के प्राथमिक मतदान के लिए अयोग्य घोषित कर चुके हैं। इलिनॉय में 19 मार्च को प्राथमिक चुनाव होंगे। कोर्ट ने कहा- ट्रंप ने एक विद्रोह में भाग लिया था। इसलिए उन्हें राज्य के मतपत्र में रहने की अनुमतिनहीं है।